www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



# देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

रायपुर, गुरुवार, 18 अप्रैल 2024 । वर्ष – 66 । अंक –2 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु   प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



भाजपा समझ गई है कि वह देश की सत्ता में अब नहीं आएगी पृष्ठ 2

■ कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने वालों से कुछ उम्मीदें
■ कर्नाटक में कांग्रेस दे रही भाजपा-जद (एस) को कड़ी टक्कर पृष्ठ 6

■ संयुक्त अरब अमीरात में 75 वर्षों में सबसे अधिक बारिश हुई
■ बिना लड़े ही मैदान से हटे गुलाम नबी आजाद पृष्ठ 7

तीरंदाज शीतल देवी ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता पृष्ठ 8




# पहले चरण की 102 सीटों पर थमा प्रचार

## 21 राज्यों की 102 सीटों पर 19 को मतदान, चुनाव में 1625 उम्मीदवार आजमा रहे किस्मत

■ लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज शाम प्रचार थम गया। पहले चरण की 21 राज्यों के 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसके साथ ही कुल 1625 उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटिका में बंद हो जाएगी। 1 जून को सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद 4 जून को एक साथ सभी सीटों की मतगणना कराई जाएगी। इन सीटों में छत्तीसगढ़ की बस्तर लोस की सीट भी शामिल है। नक्सली क्षेत्र होने के चलते आयोग ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए हैं ताकि शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन कार्य संपादित कराया जाये।

उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को 102 सीटों के लिए मतदान कराया जाएगा, इसमें उत्तर प्रदेश की 8, बिहार की 4, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की 3, मेघालय की 2, राजस्थान की 12, मध्य प्रदेश की 6, उत्तराखंड की 5, असम की 4, मणिपुर की 2,अरुणाचल प्रदेश की 2, महाराष्ट्र की 5, छत्तीसगढ के बस्तर , मिजोरम की 1, नागालैंड की 1, सिक्किम की 1, त्रिपुरा की 1, अंडमान निकोबार की 1, जम्मू-कश्मीर की 1, लक्षदीप और पुडुचेरी की 1-1 सीट शामिल हैं। वहीं उत्तर प्रदेश में जिन 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, इनमें सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, कैराना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और नगीना शामिल हैं।




**हेलीकॉप्टर व एयर एंबुलेंस के रहेंगे इंतजाम**

सात चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

**आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम मैदान में**

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार बुधवार शाम को समाप्त हो गया। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल उन नेताओं में शामिल हैं जो 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव में अपनी चुनावी किस्मत आजमाएंगे। पहले चरण में ही महाराष्ट्र के नागपुर सीट पर भी मतदान होना है। केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। त्रिपुरा की दो लोकसभा सीटों में से पश्चिम त्रिपुरा की जिस सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच हाईवोल्टेज टक्कर देखने को मिलेगी।

### भारत निर्वाचन आयोग ने बस्तर के लिए मतदान का समय किया निर्धारित

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट,दंतेवाड़ा,बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रात: 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

### बस्तर के अति संवेदनशील केन्द्रों में हेलीकाप्टर से रवाना हुआ दल



लोकसभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर का मतदान 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 3 बजे तक होना है। इसके तहत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर सभी तैयारियां पूर्ण ही जा चुकी है। जिले में पर्याप्त मात्रा में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है, ताकि मतदान प्रक्रिया शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सके। जिले के अत्यंत सुदूर एवं संवेदनशील चिन्हांकित 03 मतदान केंद्र नीलावाया-267, बुरगुम- 268 तथा पोटाली-269 के मतदान दल हेलीकॉप्टर से हुए रवाना हुए। इसके पूर्व आज प्रात: 5:30 बजे स्ट्रांग रूम डाइट परिसर में मतदान दल के कर्मियों को ईवीएम मशीन उपलब्ध कराया गया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने इस मौके पर मतदान दलों का मनोबल बढ़ाते हुए एवं सफल निर्वाचन करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मतदान दल के कर्मी अच्छे और शांत मन से निर्वाचन कराये। इसके साथ ही उन्होंने कहां कि निर्वाचन संबंधी किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो जिला प्रशासन को अवगत करा सकते हैं। ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

# नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचार के चैम्पियन : राहुल गांधी

## भाजपा 150 सीटों पर सिमट जायेगी

**गाजियाबाद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक बीजेपी के सफाए का दावा करने के साथ ही दोनों ने कहा कि बीजेपी इस चुनाव में 400 पार नहीं, बल्कि 400 हार होने जा रही है।

गाजियाबाद में आज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण का चुनाव होने जा रहा है। इस बार बीजेपी को गाजियाबाद से गाजीपुर तक इंडिया गठबंधन सफाया करने जा रहा है। बीजेपी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गया है। लूट और झूठ बीजेपी का नारा बन गया है। अब देश की जनता आने वाले चुनाव में बदलाव चाहती है।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा,'पीएम जितनी भी सफाई दें, वो भ्रष्टाचार के चैम्पियन हैं। बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ बीजेपी और आरएसएस मिलकर लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश रही है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस बचाने की कोशिश कर रही है।

■ **भ्रष्टाचार की गोदाम बन गई भाजपा : अखिलेश**

**बेरोजगारी, महंगाई बड़े मुद्दे**

राहुल ने बताया कि इस समय देश के चुनाव में 3 बड़े मुद्दे हैं। इसमें बेरोजगारी, महंगाई और भागेदारी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'इलेक्टोरल बॉन्ड से बीजेपी का बैंड बज गया है। ये वसूली देश और पूरी दुनिया जान गई है, जिन लोगों ने ये चंदा वसूली की थी। जनता उनका सफाया करेगी।

**चंदा देने की तारीखें भी छिपाई**

राहुल गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर मोदी को घेरते हुए कहा कि अगर आप ट्रांसपेरेंसी लाना चाहते हैं तो जिन्होंने भाजपा को हजारों करोड़ दिए, उनका नाम आपने क्यों छुपाया। चंदा देने की तारीखें भी छिपाई।

**सार संक्षेप**

### पूर्वी दिल्ली में डबल मर्डर से सनसनी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में बुधवार सुबह 30 साल की एक स्कूल टीचर और उसके 17 वर्षीय भाई की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान शकरपुर निवासी कमलेश होलकर (30) और उनके छोटे भाई उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी राम प्रताप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को सुबह 10-11 बजे कॉल मिली कि शकरपुर की गली नंबर तीन में कुछ झगड़ा हुआ है। एक टीम को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि ये डबल मर्डर का मामला है। कमलेश और उसका भाई मृत पाए गए।।

### गुजरात में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में खेडा जिले के नडियाद ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस-वे पर बिलोदरा गांव के निकट एक बेकाबू कार आज अपराह्न आगे जा रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में कार सवार आठ लोगों की मौके पर मौत हो गई, अन्य दो लोगों को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अभी नहीं हुई है। कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर आ रही थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अमिताभ, एआर रहमान होंगे मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को 24 अप्रैल को एक समारोह में 'लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा, जबकि संगीत सम्राट ए.आर. रहमान को अगले सप्ताह 'मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार प्रख्यात मंगेशकर परिवार द्वारा पोषित मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान, पुणे द्वारा दिया जाता है और यह पुरस्कार बच्चन को उनकी 82 वीं पुण्यतिथि पर संगीतमय श्रद्धांजलि के साथ दिया जाएगा।

# अयोध्या में सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मनाई पहली रामनवमी

**अयोध्या,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। इसीलिए यह रामनवमी खास और ऐतिहासिक है। आज रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणों से सूर्याभिषेक हुआ। इस मौके पर विशेष पूजा अर्चना की गई। रामनवमी के असवर पर भगवान रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया।



राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा, रामलला को छप्पन भोग लगाया गया। आज रामनवमी का मेला है। भक्त प्रार्थना कर रहे हैं और आज सब कुछ विशेष है। उन्होंने बताया कि सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया। इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। बुधवार सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं।

*असम में बोले प्रधानमंत्री मोदी*

# आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही

**गुवाहाटी,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए असम के नलबाड़ी पहुंचे। यहां रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए लोग कहते हैं- 4 जून, 400 पार! फिर एक बार मोदी सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा, आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है और नॉर्थ ईस्ट तो खुद ही मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस नार्थ ईस्ट को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उसे भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया। कांग्रेस ने अलगाववाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया। मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वो मोदी ने 10 साल में कर दिखाया। क्योंकि मेरा लिए आपका सपना ही मेरा संकल्प है।



■ **जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, हमने 10 साल में किया**

पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था।2019 में मोदी जब आया एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। 'मोदी की गारंटी' यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।'

**पंजे में फंसा कर रखा था**

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सियासी फायदे के लिए इन क्षेत्रों को अपने पंजे में फंसा कर रखा था।

# चुनाव आयोग ने एक्स से हटवाई सियासी नेताओं की पोस्ट

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को कुछ चुनिंदा पोस्ट हटाने का निर्देश दिया है। यह पोस्ट वाईएसआर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, एन चंद्रबाबू नायडु और बिहार के उम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हैं। आयोग ने इन पोस्ट को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए यह आदेश दिया है। एक्स ने मंगलवार को बयान जारी आयोग के इस आदेश के बारे में जानकारी दी। आयोग ने इन पोस्ट को हटाने का आदेश 2 और 3 अप्रैल को जारी किया था और इस बारे में 10 अप्रैल को दोबारा ईमेल भेजा गया। आयोग ने कहा है कि एक्स यदि इन पोस्ट को हटाने में विफल रहता है तो यह स्वैच्छिक नैतिक कोड का उल्लंघन होगा। एक्स ने बयान में कहा, चुनाव आयोग ने निर्वाचित नेताओं, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से साझा किए गए राजनीतिक बयानों को हटाने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग ने इन पोस्ट को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाया है। एक्स ने कहा, इस आदेश का पालन करते हुए हमने चुनाव अवधि तक इन पोस्ट को स्थगित रखने का फैसला लिया है। हालांकि हम इस तरह के कदमों को लेकर चिंतित हैं और मानते हैं कि अभिव्यक्ति की आजादी को इन पोस्ट और राजनीतिक बयानों पर सामान्य रूप से लागू होना चाहिए।




**आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए आदेश दिया**

**कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग पर उठाए सवाल,**

कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स से कुछ पोस्ट हटाए जाने संबंधी निर्वाचन आयोग के आदेश को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि सरकार के 'काले कारनामे' के बारे में बताने वालों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पार्टी की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने यह सवाल भी किया कि आखिर निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के बारे में बात करना क्यों आपत्तिजनक लगा।

# पंजाब में किसान आंदोलन जारी, ट्रैक पर बैठे

**चंडीगढ़,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में किसानों का आंदोलन जारी है। किसान बुधवार को पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर बैठ गए, जिससे कम से कम 35 ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई। किसानों ने 13 फरवरी से केंद्र द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर शंभू के पास अंतरराज्यीय सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर रखा है। प्रदर्शनकारी बुधवार को जब रेलवे ट्रैक को ब्लॉक करने के लिए आगे बढ़ रहे थे, पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे उनके बीच झड़प हो गई। बैरिकेडिंग तोड़कर वे ट्रैक पर बैठ गए। ये लोग गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। एक दिन पहले, गिरफ्तार नवदीप जलबेरा के पिता जय सिंह ने लोगों से गैरकानूनी रूप से हिरासत में लिए गए निर्दोष किसान युवाओं को रिहा करने और सरकार पर दबाव बनाने के लिए रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया था। शंभू राष्ट्रीय राजधानी से हरियाणा होते हुए पंजाब का प्रवेश द्वार है।



■ **35 ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई**
■ **13 फरवरी से कर रहे हैं आंदोलन**

**आंकलन**

**संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का अनुमान**

# भारत की आबादी 144 करोड़ हुई

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या 144 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें 0-14 आयु वर्ग के लोगों की आबादी 24 फीसदी है। 2011 में हुई पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या 121 करोड़ थी।**

*रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत में प्रसव के दौरान होने वाली महिलाओं की मौतों में गिरावट हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की जनसंख्या में 0-14 आयु वर्ग वाले 24 फीसदी, जबकि 10-19 आयु वर्ग वाले 17 प्रतिशत है। वहीं, 10-24 आयु वर्ग वालों की संख्या 26 फीसदी है। भारत की जनसंख्या में 10-64 आयु वर्ग वाले 68 प्रतिशत, जबकि 65 और उससे अधिक उम्र वाले सात प्रतिशत लोग शामिल हैं। पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 और महिलाओं की 74 वर्ष है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 साल में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में जो प्रगति हुई है, उसमें दुनियाभर के सबसे पिछड़े समुदायों को ज्यादातर नजरअंदाज ही किया गया है।*

***मातृ मृत्यु में गिरावट आई***

*भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ के रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि भारत के 640 जिलों में हाल ही में की गई रिसर्च से पता चला है कि लगभग एक तिहाई जिलों ने मातृ मृत्यु दर को कम करने का सतत विकास लक्ष्य हासिल किया है। इनमें प्रति 100,000 जीवित जन्म पर प्रजनन के दौरान महिलाओं की मृत्यु दर 70 से कम है, लेकिन 114 जिलों में अभी भी यह अनुपात 210 या उससे कुछ ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया, दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों, शरणार्थियों, जतीय अल्पसंख्यकों, समलैंगिग समुदाय के लोगों, एचआईवी से पीड़ित और वंचित जातियों को सबसे ज्यादा यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है।*

■ **इनमें 0-14 आयु वर्ग की संख्या 24 फीसदी**
■ **2011 में भारत की जनसंख्या 121 करोड़ थी**

# देश

**उवाच**

“ भाजपा ने केवल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के अपने मिशन से देश की लोकतांत्रिक संस्कृति को नष्ट कर दिया है। राजीव गांधी के समय में भाजपा के दो सांसद थे लेकिन कांग्रेस ने कभी भी भाजपा मुक्त भारत का नारा नहीं लगाया।

–सचिन पायलट, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 25.0 |
| मुंबई | 33.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 38.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# भाजपा समझ गई है कि वह देश की सत्ता में अब नहीं आएगी : शिवकुमार

## कर्नाटक में भाजपा के 14 सिटिंग सांसदों को टिकट न देने पर साधा निशाना

**बेंगलुरु,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में कहा कि कर्नाटक में भाजपा के 14 सिटिंग सांसदों को टिकट नहीं दिया गया। आखिर भाजपा ने उन्हें टिकट देने से क्यों इनकार किया। अगर उन्हें पूरा विश्वास था कि वो जीतेंगे, तो पार्टी को उन्हें चुनावी मैदान में उतारना चाहिए था। इस तरह से एनडीए ने अपने 100 सांसदों को टिकट देने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समझ गई है कि वह देश की सत्ता में नहीं आएगी। शिवकुमार ने कहा कि जनता हमारे सिद्धांतों, ईमानदारी से वाकिफ है और महंगाई व बेरोजगारी के बारे में भी जानती है। कर्नाटक और तेलंगाना अपनी गारंटी लागू करने में सफल रहे, इसके बाद अब इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तौर पर पेश किया जा रहा है।

**हार के डर से भाजपा ने आंध्र प्रदेश में किया गठबंधन**

शिवकुमार ने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा ने आंध्र प्रदेश में पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू और कर्नाटक में जेडीएस के साथ गठबंधन किया है। गारंटी बंद करने के भाजपा के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा था कि एनडीए के सत्ता में आने के बाद गारंटी जारी नहीं रखी जाएंगी। मैं बीजेपी नेताओं, पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा, विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर अशोक और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी से कह रहा हूं कि वे गारंटी के साथ कुछ नहीं कर पाएंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि राज्य की जनता आपको ऐसा नहीं करने देगी। शिवकुमार ने 20 से अधिक सीटें जीतने का किया दावा। केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे के इस बयान पर कि राहुल गांधी के दौरे से भाजा की संभावनाएं बढ़ेंगी, डिप्टी सीएम ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में क्या हुआ। उडुपी चिकमंगलूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जिसका वह प्रतिनिधित्व करती हैं, में क्या हुआ। कांग्रेस पार्टी ने चिकमंगलूर जिले की सभी छह सीटों पर जीत हासिल की। उन्होंने वह लोकसभा सीट क्यों खाली की जिसका वह वर्तमान में प्रतिनिधित्व करती हैं। लोगों ने उन्हें वापस जाने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं वायनाड गया था और वहां के लोगों द्वारा दिए गए समर्थन को देखने के बाद, यह निश्चित है कि यूडीएफ केरल राज्य में जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



■ एनडीए ने इस तरह से अपने सौ सांसदों को टिकट देने से कर दिया इनकार : डीके शिवकुमार

### किसी से नहीं डरते राहुल गांधी

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में कहा कि राहुल गांधी बहादुर इंसान हैं, वो किसी से नहीं डरते। संवाददाताओं से बात करते हुए डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मैं भी गुरुवार को वायनाड पहुंचकर चुनाव प्रचार में हिस्सा लूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि राहुल गांधी की मेहनत रंग लाएगी। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लगातार भाजपा पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वो ईवीएम में फेरबदल कर नतीजों को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं, तो डिप्टी सीएम ने कहा कि राहुल गांधी के पास इस बारे में ज्यादा जानकारी है। वो इस पर आपको अच्छी जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार नहीं बनाएगी, बल्कि अगर कोई केंद्र में सरकार बनाएगा, तो वो इंडिया गठबंधन है।

## लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में 421 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती

**मुंबई,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों ने लोकसभा चुनाव से पहले कुल 421.41 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रमुख सचिव एस चोकालिंगम ने बताया कि यह रकम नकदी, शराब, ड्रग्स, मुफ्त वस्तुएं, कीमती धातुएं और अन्य वस्तुओं के रूप में जब्ती हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर भरारी टीमें, स्टेटिक सर्वे टीम (एसएसटी), वीडियो सर्वे टीम (वीएसटी) और वीडियो निरीक्षण दल (वीवीवी) राज्य और जिला स्तर पर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि टीमों ने 1 मार्च से 11 अप्रैल के बीच 39.10 करोड़ रुपए नकद, 27.18 करोड़ रुपए मूल्य की 33,56,323 लीटर शराब जब्त की है। इसके साथ ही 212.82 करोड़ रुपए कीमत के 11,42,498 ग्राम अमला जब्त किए हैं।

इसके अलावा 63.82 करोड़ रुपए मूल्य की 290.61 किलोग्राम कीमती धातुओं के साथ ड्रग्स जैसे प्रतिबंधित पदार्थ भी जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि 47 लाख रुपए मूल्य की 51,272 मुफ्त वस्तुएं और 78.02 करोड़ रुपए मूल्य की अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं, जिनकी कुल कीमत 421.41 करोड़ रुपए है।

## देश को कमजोर करने के लिए रची जा रही गहरी साजिश : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।



■ देश के परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी वादे पर उठाए सवाल

**भगवान राम का विरोध करने वालों का हुआ पतन**

भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है, ऐसा ही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन में सहयोगी दोनों पार्टियां भगवान राम या रामनवमी के त्योहार का महत्व नहीं समझती हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने रामनवमी के उत्सव में बाधाएं पैदा की हैं। हम सभी जानते हैं कि जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे देश में पतन का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस और माकपा के साथ यही हुआ है।

**सार संक्षेप**

### पुंछ में तलाशी के दौरान दो आईईडी बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी घटना को टालते हुए बुधवार को पुंछ जिले में दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की एक संयुक्त टीम ने पुंछ जिले के मेंढर में एक आतंकवादी ठिकाने का पता लगाया और एक गुफा के अंदर छिपाए गए 3 किलोग्राम वजन के दो आईईडी बरामद किए।

### बच्चे को बेचने के मामले में मां सहित तीन गिरफ्तार

**कोल्हापुर।** गोवा में एक महिला को अपनी एक साल की पुत्री को एक लाख रुपये में एक दम्पति को बेचने के आरोप में दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया है। लक्ष्मीपुरी पुलिस के मुताबिक महिला की पहचान पूनम दिलीप ढेंगे के रूप में हुई है, जो अपने पति दिलीप विलास ढेंगे से अलग होने के बाद पिछले एक साल से इस जिले की हटकनंगले तहसील के पट्टनकोडोली में अपनी मां के साथ रह रही है। आरोपी महिला के पति दिलीप को जब पता चला कि उसकी पुत्री को बिना बताए गोद दे दिया गया है तो उसने पुलिस को सूचना दी। पत्नी पूनम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पूनम ने कबूल किया कि उसने अपने दोस्त और एक मध्यस्थ की मदद से अपनी पुत्री को गोवा में एक दम्पति को एक लाख में बेचा है।

### छिंदवाड़ा में शाह ने राम मंदिर के दर्शन किए

**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में रामनवमी के अवसर पर श्रीराम मंदिर में दर्शन किए। शाह ने देर शाम यहां रोड शो करने के बाद रात्रि विश्राम किया था। शाह ने श्रीराम मंदिर के दर्शन संबंधी छायाचित्र सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, रामनवमी के पावन पर्व पर आज छिंदवाड़ा के श्रीराम मंदिर में प्रभु के दर्शन व पूजा अर्चना कर देश की निरंतर प्रगति और देशवासियों के कल्याण की कामना की। जय श्रीराम। शाह ने छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने की अवधि के एक दिन पहले मंगलवार देर शाम यहां रोड शो किया था।

### सैयद वकार रजा मुर्शिदाबाद रेंज के नए डीआईजी बने

**कोलकाता।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी सैयद वकार रजा को पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद रेंज का पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नियुक्त किया है। रजा की नियुक्ति ऐसे समय की गई है, जब ईसीआई ने सोमवार को मुकेश को हटा दिया और चुनाव क्षेत्र में पद संभालने के लिए पैनल से तीन के नाम मांगे, जो अपनी भौगोलिक स्थिति के लिए बहुत संवेदनशील है।

## श्रीनगर नाव हादसे में लापता तीन लोगों की तलाश जारी

**श्रीनगर,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नाव पलटने के बाद दो बच्चों समेत तीन लापता लोगों का पता लगाने के लिए चलाया गया बचाव अभियान बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे एक नाव पलट गई, जिनमें दो स्कूल जाने वाले जुड़वां भाई ताहिर फैयाज और मुदासिर फैयाज और उनकी 40 वर्षीय मां फिरदौसा फैयाज छह लोगों की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति और दो नाबालिग (जिनमें से एक उसका पुत्र है) अभी भी लापता हैं। तलाशी अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा और तीनों लोगों का पता लगाने के लिए विभिन्न एजेंसियों की कई टीमें तलाश अभियान में जुटीं। एसडीआरएफ के कमांडेंट अतुल शर्मा ने बताया, बचाव अभियान अभी जारी है। एसडीआरएफ की चार टीमें रात भर तलाश अभियान में जुटी हुई थी। सेना के विशिष्ट मरीन कमांडो भी तलाशी अभियान का हिस्सा हैं। नाव त्रासदी को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने गंदरबल बटवाड़ा फुटब्रिज के निर्माण में देरी के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार पर हमला बोला। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने मंगलवार शाम को कहा था कि पुल पर काम चल रहा है और 30 जून तक पूरा हो जाएगा। कश्मीर के मंडलायुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने सड़क एवं इमारत बनाने वाले विभाग को पुल का निर्माण पूरा करने की समय सीमा का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।



■ नाव त्रासदी को लेकर सियासत भी हुई शुरू

## बिहार में पहले चरण की चार लोकसभा सीटों के लिए प्रचार थमा, मतदान कल

**पटना,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन चार सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां बुधवार की शाम चुनाव प्रचार थम गया। पहले चरण में औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में मतदान होना है। बुधवार शाम चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अब पार्टी और प्रत्याशियों की नजर मतदान केंद्रों और मतदाताओं पर टिकी है। पहले चरण की चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशियों की साख दांव पर लगी है। इस चुनाव में एनडीए पांच दल भाजपा, जदयू, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। वहीं, महागठबंधन राजद, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और वामपंथी दलों के साथ चुनावी रण में है। पहले चरण की जिन चार सीटों पर चुनाव होना है, उनमें मुख्य मुकाबला दोनों गठबंधनों के बीच लग रहा है। नवादा में निर्दलीय प्रत्याशी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाने में जुटे हैं। इन सभी चार सीटों पर महागठबंधन की ओर से राजद के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं तो एनडीए की ओर से औरंगाबाद और नवादा में भाजपा के प्रत्याशी चुनावी समर में ताल ठोंक रहे हैं तो गया में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और जमुई से लोजपा (रामविलास) भाग्य आजमा रही है। गया क्षेत्र से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का मुकाबला बिहार के मंत्री रहे कुमार सर्वजीत से है तो जमुई में भी एनडीए की ओर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अरुण भारती और महागठबंधन की राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास आमने-सामने हैं।

अरुण भारती पार्टी प्रमुख चिराग पासवान के बहनोई हैं। औरंगाबाद क्षेत्र में भाजपा के टिकट पर सुशील कुमार सिंह एक बार फिर से चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। इनका सीधा मुकाबला राजद के अभय कुशवाहा से माना जा रहा है। नवादा क्षेत्र में भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार आमने-सामने हैं।



■ औरंगाबाद, नवादा, गया व जमुई में होना है मतदान

■ 38 प्रत्याशियों की साख दांव पर लगी

## कूचबिहार लोस क्षेत्र में डेरा डालेंगे बंगाल के राज्यपाल

**कोलकाता,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंदा बोस 19 अप्रैल को उत्तर बंगाल के कूच बिहार लोकसभा क्षेत्र में डेरा डालेंगे, जिस दिन इस क्षेत्र में पहले चरण का मतदान होगा। कूचबिहार के अलावा, उत्तरी बंगाल के दो अन्य निर्वाचन क्षेत्रों, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी में भी उसी दिन मतदान हो रहा है। सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल ने पिछले चुनाव संबंधी हिंसा के रिकॉर्ड पर विचार करने के बाद यह फैसला किया। राजभवन के सूत्रों ने कहा कि कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल गुरुवार सुबह कोलकाता से कूच बिहार के लिए रवाना होंगे और चुनाव खत्म होने के बाद शुक्रवार शाम को निर्वाचन क्षेत्र से लौटेंगे। राज्यपाल ने कहा, 16 मार्च को, जिस दिन चुनाव आयोग ने मतदान कार्यक्रम की घोषणा की, राज्यपाल ने कहा कि वह पहले चरण से ही मैदान में रहेंगे। मैं सुबह 6 बजे सड़कों पर उतरूंगा। मैं लोगों के लिए उपलब्ध रहूंगा। पिछले साल पंचायत चुनावों में हुई हिंसा की अब अनुमति नहीं दी जाएगी। पिछले महीने कोलकाता में गवर्नर हाउस में एक नया पोर्टल भी लॉन्च किया गया, जिसके माध्यम से राज्यपाल राज्य के आम मतदाताओं से सीधे बातचीत कर सकते हैं।



## पाखंडियों को भगवान राम देंगे दंड : रामगोपाल

**इटावा,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि देश भर में अपने झूठ से पाखंड फैलाने वाले लोगों को भगवान श्री राम हर हाल में दंड देंगे। प्रो. यादव ने अपने सैफई स्थित आवास पर बातचीत में कहा, 'सारा देश यह है बात भली भांति जानता है कि पाखंड देश भर में कौन फैला रहा है और वास्तव में पाखंडी कौन है, यह बताने की कतई जरूरत नहीं है। बचपन से पढ़ाया जाता था कि झूठ बोलना पाप है, अब भाजपा वाले सिखा रहे है कि झूठ बोलना धर्म है।' खुद को सात्विक बताते हुये प्रो यादव ने कहा कि उन्होंने कभी भी किसी की दिखावे के लिए पूजा नहीं की है और ना ही वे पूजा के नाम पर कोई दिखावा करते है। वो भगवान का नाम लेते है लेकिन पाखंडी नहीं है। पाखंडी लोग ये सब करते हैं, ऐसे लोगो को भगवान श्री राम दंड देंगे। उन्होंने कहा कि रामनवमी हमेशा बड़े हर्षो उल्लास से मनाई जाती रही है। राम नवमी को कुछ लोगो ने पेटेंट कर लिया है। रामनवमी किसी की बपौती नही है। इस देश मे एक राममंदिर नही सैकड़ो हज़ारो राम मंदिर है। अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम अधूरा छोड़ा गया है। सारे शंकराचार्य इसके खिलाफ थे। ये ठीक नही है। ये इनके लिए घातक होगा। यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में सभी 80 की 80 सीटें जीतने जा रही है । भाजपा यहां आसपास कही जीतते हुए नही दिख रही। इधर एक भी सीट भी जीतती नही दिख रही। भाजपा फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और एटा सबमें हार रही है।

मैनपुरी में बदलाव के भाजपा के दावे को खोखला बताते हुये उन्होने कहा कि उपमुख्यमंत्री तो पहले भी कमल खिला रहे थे मगर तब भी डिपंल यादव करीब तीन लाख वोटों से जीती थी। इस संसदीय चुनाव में डिपंल करीब चार लाख वोटो से जीतेंगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर हमला करते हुए उन्होने कहा कि आने वाले समय में हम उनको ऐसा कर देंगे कि वह साइकिल में पंचर जोड़ने का काम करेंगे। उनको कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है। मुख्यमंत्री अपने पास उनको नहीं बैठने देते, इसलिए चर्चा में बने रहने के लिए वह ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। जब भी केशव मौर्य चुनाव लड़ेंगे तो हम उनको जीतने नहीं देंगे।



'सारा देश यह है बात भली भांति जानता है कि पाखंड देश भर में कौन फैला रहा है और वास्तव में पाखंडी कौन है, यह बताने की कतई जरूरत नहीं है:- रामगोपाल यादव

## ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया



**रांची,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज जमीन घोटाला मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अंतु तिर्की समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया हैं। ईडी ने तिर्की के अलावा प्रियरंजन सहाय, रियल एस्टेट कारोबारी विपिन सिंह एवं इरशाद को गिरफ्तार किया है। इनके ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की गई व इसके बाद उन्हें देर रात रांची स्थित ईडी कार्यालय लाया गया और बाद में गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनवरी में गिरफ्तार किया था। ईडी सोरेन के खिलाफ रांची में 8.86 एकड़ जमीन हासिल करने से जुड़े मामले की जांच कर रही है।

## तमिलनाडु में विकास लाने में द्रमुक व भाजपा विफल : पलानीस्वामी

### जनता पर बोझ डालने का लगाया आरोप

**चेन्नई,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। एआईएडीएमके के महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के.पलानीस्वामी ने बुधवार को डीएमके और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों दल जनता से किए वादे को पूरा करने में विफल साबित हुई है। सलेम के नेदुंचलाई नगर में अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दोनों ही पार्टियों की आलोचना की और लोगों पर बोझ डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने प्रदेश की जनता से एक या दो नहीं, बल्कि 520 वादे किए थे, लेकिन पार्टी प्रदेश की जनता से एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने आरोप लगाया कि एमके स्टालिन तमिलनाडु की जनता से चुनाव प्रचार के दौरान स्पष्ट रूप से झूठ बोल रहे हैं। सीएम स्टालिन का दावा कि उन्होंने 98 फीसद वादे को पूरा कर दिया है, वह पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने कहा कि जनता चिंतित है कि मौजूदा सरकार की अगुवाई में तमिलनाडु ड्रग हब बन चुका है।

ड्रग माफियाओं पर मौजूदा सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि नदियों के बंटवारे से आवश्यक वस्तुओं की कीमत में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा, इससे नौकरियों के अवसर में भी कटौती, बिजली दरों में बढ़ोतरी और संपत्ति की कीमत में तेजी देखने को मिल सकती है।



**चुनौती**

*मध्य प्रदेश में पहले चरण के मतदान को लेकर राजनीतिक गर्मी बढ़ी*


# छिंदवाड़ा में कांटे की टक्कर, मंडला व सीधी में भाजपा को चुनौती

**भोपाल,17 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में पहले चरण में छह सीटों पर 19 अप्रैल शुक्रवार को मतदान होगा। इसमें छिंदवाड़ा के साथ ही बालाघाट, जबलपुर, सीधी, मंडला और शहडोल सीट शामिल हैं। इन सीटों पर बुधवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगाया।**

भाजपा मोदी के चेहरे के साथ ही राममंदिर, हिंदुत्व और केंद्र की तमाम हितग्राही योजनाओं को लेकर मैदान में है। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी अपनी छवि के साथ ही आदिवासी वोटरों के भरोसे है। इसमें सबसे रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा सीट पर है। छिंदवाड़ा में मुकाबला बराबर का है। यहां पर आदिवासी वोटर हार जीत तय करेंगे। संसदीय सीट पर 37 प्रतिशत आबादी आदिवासी वर्ग की है। यही वजह है कि भाजपा ने अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह को भाजपा में शामिल कराया। वहीं, सबसे बड़ा मुद्दा क्षेत्र की जनता का नकुलनाथ को पसंद नहीं करना है। हालांकि, लोग कमलनाथ को अभी भी मानते हैं कि उन्होंने जिले में विकास कार्य कराए हैं। यही वजह है कि अब कमलनाथ ने चुनाव में मोर्चा संभाल लिया है।

वहीं, भाजपा मोदी को आगे रख कर चुनाव लड़ रही है। मंडला में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के सामने चुनौती है। दरअसल उनका जनता में विरोध है। कुलस्ते निवास सीट से विधानसभा चुनाव भी हार गए थे। हालांकि, भाजपा मुफ्त राशन, पीएम आवास, लाडली बहना योजना और मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने विधायक ओमकार सिंह मरकाम को टिकट दिया है। कांग्रेस को आदिवासी वोटों पर भरोसा है। इस सीट पर आठ में पांच विधासभा सीटें कांग्रेस के पास है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी चुनाव लड़ रही है। ऐसे में आदिवासी वोट बंटने से कांग्रेस को नुकसान होता दिख रहा है। सीधी सीट पर मुकाबला फंस गया है। यहां पर निर्दलीय प्रत्याशी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी भाजपा को नुकसान पहुंचा रहे है। इस लोकसभा सीट की आठ में से सिर्फ एक सीट चुरहट की कांग्रेस के पास है। भाजपा ने सामान्य वर्ग से आने वाले डॉ. राजेंद्र मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले पूर्व विधायक कमलेश्वर पटेल पर दांव लगाया है। भाजपा से बागी पूर्व सांसद अजय प्रताप सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। बालाघाट संसदीय सीट पर भाजपा ने सांसद ढाल सिंह बिसेन का टिकट काट कर भारती पारधी को प्रत्याशी बनाया है।

वहीं, कांग्रेस ने सामान्य वर्ग से आने वाले सम्राट सरस्वार पर दांव लगाया है। यहां पर सामान्य वर्ग का वोट प्रतिशत बहुत कम है। हालांकि, लड़ाई पवार वर्सेस लोधी की है। बालाघाट से विधायक अनुभा मुंजारे लोधी समाज से आती हैं।



■ पहले चरण में छह सीटों पर मतदान कल




# टिकट की दौड़ में भाभी ने देवर को पीछे छोड़ा, कांग्रेस ने धनबाद में विधायक की पत्नी को बनाया उम्मीदवार

**कांग्रेस ने धनबाद सीट पर नए चेहरे को मैदान में उतारा है, जिनका अब तक सीधे तौर पर सक्रिय राजनीति से ताल्लुक नहीं रहा**

**धनबाद,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने झारखंड की धनबाद सीट पर ऐसे चेहरे को मैदान में उतारा है, जिनका अब तक सीधे तौर पर सक्रिय राजनीति से ताल्लुक नहीं रहा। नाम है- अनुपमा सिंह। उनकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि उनके पति जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह बोकारो जिले की बेरमो सीट से कांग्रेस के विधायक हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस सीट पर टिकट की दौड़ में कई दिग्गजों के अलावा अनुपमा के देवर और युवा कांग्रेस के नेता कुमार गौरव भी शामिल थे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने कुमार गौरव का नाम उम्मीदवारी के लिए आगे बढ़ाया था। लेकिन, अनुपमा के विधायक पति की लॉबिंग सबसे मजबूत साबित हुई। अनुपमा सिंह की सियासत में निजी पहचान भले न रही हो, लेकिन उनका ताल्लुक कोयलांचल के चर्चित सियासी घराने से है। उनके दिवंगत ससुर राजेंद्र सिंह बेरमो सीट से छह बार विधायक रहे थे। वह दशकों तक कांग्रेस के अनुषंगी श्रमिक संगठन इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री रहे और इस वजह से अखिल भारतीय स्तर पर उनकी पहचान ट्रेड यूनियन लीडर के तौर पर रही।



**अनुपमा सिंह की सबसे बड़ी पहचान यह है कि उनके पति जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह बोकारो जिले की बेरमो सीट से कांग्रेस के विधायक हैं**

मई, 2000 में उनके निधन के बाद उनके पुत्र जयमंगल सिंह और कुमार गौरव ने उनकी सियासी विरासत संभाली। हालांकि, राजेंद्र सिंह ने जीवित रहते दोनों पुत्रों की राजनीति में एंट्री करा दी थी। उनके निधन के बाद बेरमो सीट पर हुए उपचुनाव में उनके बड़े पुत्र जयमंगल सिंह विधायक चुने गए। राजेंद्र सिंह के छोटे पुत्र कुमार गौरव झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं और फिलहाल राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष हैं।

राजनीतिक रसूख और पैसे को लेकर इस परिवार की चर्चा पूरे झारखंड में होती रही है। यह पहली बार है, जब परिवार की बहू की राजनीति में सीधे सांसद कैंडिडेट के तौर पर एंट्री हुई है। फिलहाल उनका सोशल मीडिया पर कोई ऑफिशियल अकाउंट तक नहीं है। अनुपमा सिंह के पिता डॉक्टर हैं और बिहार के एक जिले में सिविल सर्जन के तौर पर पोस्टेड हैं। बताया गया है कि उन्होंने पटना वीमेंस कॉलेज से राजनीति विज्ञान में ग्रेजुएशन की डिग्री ली है। अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने के फैसले ने हर किसी को चौंका दिया है। इसके पहले वर्ष 2019 में भी कांग्रेस ने धनबाद सीट पर पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को अचानक मैदान में उतार दिया था। हालांकि, उन्हें जबरदस्त शिकस्त खानी पड़ी थी। बहरहाल, अनुपमा की उम्मीदवारी घोषित होने के बाद उनके पति विधायक जयमंगल सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है। जयमंगल ने अपनी पत्नी की उम्मीदवारी को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए सोशल मीडिया पर कई पोस्ट किए हैं। इस सीट पर अनुपमा का मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो से होगा।

# 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज लंदन से सीधे यूपी के रणक्षेत्र में कूदे

**कौशांबी (उत्तर प्रदेश),** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कैराना की इकरा हसन के बाद पुष्पेंद्र सरोज दूसरे सपा उम्मीदवार हैं, जो सीधे लंदन से यूपी की सियासी रणभूमि में उतरे हैं। लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी का यह युवा स्नातक अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा से पहले ही प्रचार करना और समाज भर के लोगों से जुड़ना शुरू कर दिया है।

2019 के चुनाव के दौरान अपने पिता इंद्रजीत सरोज की हार का बदला लेने का प्रयास करने के लिए यहां आया है। ठीक 25 साल पूरे होने पर पुष्पेंद्र सरोज कौशांबी संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक मैदान में उतरे हैं। वह पांच बार के विधायक और यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे हैं। लेखांकन और प्रबंधन में बीएससी करने के लिए लंदन जाने से पहले देहरादून के वेल्हम बॉयज़ स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले पुष्पेंद्र कहते हैं, 'आज युवाओं और आम लोगों के सामने सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और मुद्रास्फीति और



- **2019 के चुनाव में हारे इंद्रजीत सरोज के बेटे हैं पुष्पेंद्र सरोज**
- **घोषणा से पहले ही प्रचार करना व समाज भर के लोगों से जुड़ना शुरू कर दिया**

युवाओं की भागीदारी है। इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने के लिए राजनीति जरूरी है। मैं निर्वाचित होने पर इन मुद्दों को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।' पुष्पेंद्र देश की सेवा के लिए राजनीतिक क्षेत्र में आने वाले युवाओं के बड़े पैरोकार हैं।

उन्होंने कहा, 'जब तक युवा राजनीति में नहीं आएंगे, वे बदलाव लाने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? उन्हें अपने स्वयं के मुद्दों का समाधान करना चाहिए और जल आपूर्ति, स्वच्छता, बिजली और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे क्षेत्रों पर फोकस करना चाहिए। मैं समाज के सभी वर्गों के लिए समावेशिता और न्याय में दृढ़ विश्वास रखता हूं, जैसा कि मेरे पिता ने मुझे सिखाया है, जिन्होंने मेरी राजनीतिक विचारधारा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'

पुष्पेंद्र का कहना है कि राजनीति उनके लिए कोई पेशा नहीं, बल्कि लोगों की सेवा है। एसपी नेताओं का कहना है कि पुष्पेंद्र की उम्मीदवारी इस बात का एक और संकेत है कि पार्टी उन युवा नेताओं को तरजीह दे रही है, जो युवाओं की आकांक्षाओं और समस्याओं के साथ बेहतर तालमेल रखते हैं।

**हरीश रावत ने भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप, कहा**

# 2017 और 2022 में चुनाव परिणामों को भाजपा ने किया था हाईजैक

**हरिद्वार,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को 5 लोकसभा सीटों पर मतदान होने हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी पार्टियों के बड़े नेताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने हर की पौड़ी पर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। हरीश रावत ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड की हमेशा सेवा की है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चुनाव परिणामों को हाईजैक कर लिया। इसके बाद भी हमने उत्तराखंड की सेवा करते हुए एक बेहतर विपक्ष की भूमिका



निभाते हुए 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा। इस चुनाव में भी भाजपा ने चुनाव परिणामों को हाईजैक कर लिया। इस घटना से उन्हें गहरा आघात पहुंचा। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी धन और शराब के बल पर इस चुनाव को हाईजैक न कर ले, इसलिए जनता से अपील है कि वो किसी के बहकावे में ना आएं।

### रावत ने किया उत्तराखंड की पांचों सीट पर जीत का दावा

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने दावा किया कि दस साल के लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस हरिद्वार सहित प्रदेश की पांचों सीट जीत रही है। श्री रावत ने कहा कि उत्तराखंड में परिवर्तन की लहर है। प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। श्री रावत ने यहां प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि चुनाव में लोग कांग्रेस का स्वागत कर रहे हैं। बैठकों के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। कांग्रेस के प्रति भरोसा जता रहे हैं। उन्हें जनता पर पूरा भरोसा है। जनता से मिल रहे समर्थन और आशीर्वाद से हरिद्वार सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे।

# कभी विरोधी, अब अपने बनकर मांग रहे वोट

**बसपा, सपा, कांग्रेस में रहे कई दिग्गज भाजपा में हुए थे शामिल**

**नोएडा,** 17 अप्रैल देशबन्धु। गौतमबुद्ध नगर में इस बार मुकाबला दिलचस्प है। पिछले दो चुनावों से लगातार जीत दर्ज कर रहे महेश शर्मा जहां तीसरी बार रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे है। वहीं सपा से डॉक्टर महेंद्र नागर भी कोई कमी नहीं कर रहे। बसपा से सुरेंद्र सोलंकी भी दावा कर रहे है कि मायावती के गृह जनपद में हाथी तेज गति से दो लड़ेगा। यही वजह है कि पहले फेज के चुनाव के बाद तीनों ही पार्टी अपनी पूरी ताकत गौतमबुद्ध नगर में झोंकने जा रहे है। मजेदार बात ये है कि जो लोग कभी विरोध में एक दूसरे लिए प्रचार करते थे। वहीं नेता पाला बदलने के बाद न सिर्फ एक साथ घूम रहे है बल्कि जीत दिलाने को जोर भी लगा रहे है।

### ऐसे नेता जो कभी थे प्रत्याशी अब अपनों के साथ संभाल रहे प्रचार की बागडोर

2008 में खुर्जा से अलग होकर गौतमबुद्ध नगर सीट बनी। 2009 में के चुनाव में बसपा से सुरेंद्र नागर को यहां टिकट मिला और उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को बड़े अंतर से हराया। 2014 लोकसभा चुनाव से पहले वे सपा में शामिल हो गए और उन्हे राज्य सभा सांसद बना दिया। 2019 में उन्होंने सपा का दमान छोड़ा और भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दोबारा ये राज्य सभा सांसद बना दिया। वह अब राजस्थान, हरियाणा, यूपी के अलग-अलग जिला में भाजपा के लिए वोट मांग रहे है। इसी तरह साल 2009 और 2014 लोकसभा चुनाव में सपा के टिकट पर



लड़ने वाले नरेंद्र भाटी भी साल 2022 में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने भी 2009 और 2014 में डॉक्टर महेश शर्मा के खिलाफ चुनाव लड़ा था। लेकिन अब वे भी भाजपा के लिए वोट मांग रहे है। ये सिलसिला यहां नहीं रुका इसके अलावा सपा, बसपा, कांग्रेस छोड़कर आए लोगों की लंबी लिस्ट है। इसमें पूर्व विधायक सत्यवीर सिंह गुर्जर, वेदराम भाटी, रविकांत मिश्रा, पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉक्टर वीएस चौहान तक के नाम भी शामिल है। ये सभी नेता अब भाजपा के लिए प्रचार कर रहे है। इसके अलावा फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा भी सपा में शामिल थे। लेकिन अब वो भाजपा में शामिल है और लोगों से वोट देने की अपील कर रहे है। वहीं मायावती के करीबी माने जाने वाले बसपा नेता गजराज नागर, अच्छेजा से राम शरण नागर, संजीव त्यागी अब सपा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर के लिए प्रचार कर रहे है।

### तीनो प्रमुख पार्टी के दिग्गजों ने गौतमबुद्ध नगर में झोंकी ताकत

गौतमबुद्ध नगर में भाजपा, कांग्रेस सपा गठबंधन और बसपा तीनों प्रत्याशियों ने प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। सुबह से लेकर रात तक बिरादरी के बीच उठना बैठना हो रहा है। इन्ही वोटरों को साधने के लिए आज सिकंदराबाद से योगी आदित्यनाथ चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद एक दिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी यहां चुनावी सभा को संबोधित करते नजर आएंगे।

### एक नजर में गौतमबुद्ध नगर में मतदाता

कुल मतदाता 2675148
पुरुष मतदाता 1450795
महिला मतदाता 1224234
ट्रांस जेंडर 119

# ट्रांसजेंडर्स में भी मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह

**ठाणे,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकतंत्र के महापर्व के आगाज होने में अब कुछ घंटे शेष रह गए हैं। चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाराष्ट्र के ठाणे में इस बार महिला और पुरुष के अलावा ट्रांसजेंडर भी बड़ी संख्या में मतदान करने जा रहे हैं। पहले ट्रांसजेंडर्स को मतदान करने की इजाजत नहीं थी, लेकिन साल 2019 के चुनाव में इस परिपाटी में बड़ा परिवर्तन करते हुए ट्रांसजेंडर्स के लिए भी मतदान की राह प्रशस्त की गई। इसके बाद देखा गया कि बड़ी संख्या में 2019 के आम चुनाव में ट्रांसजेंडर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सामने आए आंकड़ों के मुताबिक, शुरू में 918 मतदाता पंजीकृत थे। पांच साल बाद 2019 में यह संख्या दोगुनी होकर 2,086



**महिला और पुरुष के अलावा ट्रांसजेंडर भी बड़ी संख्या में मतदान करने जा रहे**

हो गई। 4 अप्रैल 2023 तक राज्य के कुल मतदाताओं में 5 हजार 617 थर्ड जेंडर वोटर हैं। इस बार ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा ठाणे जिले में दर्ज की गई है। ठाणे जिले में 1 हजार 288 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। मुंबई उपनगर में 812 और पुणे में 726 मतदाताओं का पंजीकरण हो चुका है। इस साल 2024 में अलग अलग जिले में 45 से अधिक थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। 2014 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ट्रांसजेंडर्स को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने का मौका मिला था, जिसके बाद मतदान को लेकर उनमें काफी जोश दिखाई दे रहा है। ठाणे में 20 मई को मतदान होंगे, जिसे आमतौर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ बताया जाता है।

# लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कई उम्मीदवार अपने राजनीतिक विरासत को बचाने की करेंगे कोशिश

**लखनऊ,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को पहले चरण के मतदान में कुछ उम्मीदवार अपने परिवारों की राजनीतिक विरासत को बचाने की कोशिश करेंगे। इन उम्मीदवारों के परिवार दशकों से राजनीति में सक्रिय हैं, लेकिन हाल के वर्षों में उनकी राजनीतिक किस्मत कुछ हद तक डूब गई है।

### पूर्व दिग्गज जीतेंद्र प्रसाद के बेटे हैं जितिन प्रसाद

इन चुनावों में इन परिवारों की युवा पीढ़ी अपने परिवार की प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करने के लिए एकजुट होकर प्रयास कर रही है। ब्रिगेड का नेतृत्व यूपी के मंत्री जितिन प्रसाद कर रहे हैं, जो प्रतिष्ठित पीलीभीत सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जितिन प्रसाद कांग्रेस के पूर्व दिग्गज जीतेंद्र प्रसाद के बेटे हैं और उन्हें उस सीट को बरकरार रखने का काम दिया



- **युवा पीढ़ी अपने परिवार की प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करने के लिए जुटी**

गया है जिसे गांधी परिवार - मेनका और वरुण गांधी का गढ़ माना जाता है। वरुण को टिकट नहीं दिया गया है और जितिन प्रसाद अब मोदी लहर पर सवार हैं। 2009 में, प्रसाद ने धौरहरा से चुनाव लड़ा और जीता। हालांकि, वह उसी निर्वाचन क्षेत्र से 2014 और 2019 का चुनाव वो हार गए। प्रसाद 2021 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाया गया और योगी कैबिनेट में फिलहाल मंत्री हैं। दूसरी उम्मीदवार इकरा हसन हैं जो समाजवादी टिकट पर कैराना सीट से चुनाव लड़ रही हैं। उनके दादा अख्तर हसन, पिता मुनव्वर हसन और मां तबस्सुम हसन कई बार इस सीट से जीत चुके हैं। उनके भाई नाहिद हसन कैराना विधानसभा सीट से दूसरी बार सपा विधायक हैं, लेकिन हाल ही में जमानत मिलने तक उन्होंने पिछले कुछ साल जेल में बिताए। इकरा हसन 2022 में चुनावी मैदान में उतरीं जब उन्होंने जेल में बंद अपने भाई नाहिद हसन के लिए प्रचार किया और सीट पर उनकी जीत सुनिश्चित की। इस बार वह चुनावी मैदान में हैं और उनका मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार प्रदीप चौधरी से है।

कैराना लोकसभा सीट से मौजूदा बीजेपी सांसद प्रदीप चौधरी को राष्ट्रीय लोक दल भी समर्थन दे रहा है जो अब एनडीए का हिस्सा है।

# ऐप के जरिए ढूंढ सकते हैं वोटर लिस्ट में अपना नाम और मतदान केंद्र

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। देशभर में 102 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान होना है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए इस बार कई विशेष ऐप तैयार किए हैं। चुनाव आयोग के इन ऐप के जरिए मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढा जा सकता है। वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए किस मतदाता को किस मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालना है। उसका बूथ कौन सा है, इसकी डिटेल भी ऐप पर मिल सकती है। चुनाव आयोग इसी तरह के दो दर्जन से अधिक ऐप्स का इस्तेमाल चुनाव में कर रहा है। इनकी पूरी जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट




पर उपलब्ध है। चुनाव आयोग का कहना है कि उनके दूसरे एप के जरिए रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और वॉयलेशन की रिपोर्ट भी की जा सकती है। जिसके 100 मिनट के अंदर रिस्पांस टीम मौके पर पहुंच जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। पहले चरण के मतदान में 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

लोकसभा चुनाव में इस बार चुनाव आयोग 27 ऐप्स व आईटी सिस्टम के जरिए लोगों की मदद करेगा। इनके जरिए जहां एक ओर सर्विलांस में मदद मिलेगी तो वहीं दूसरी ओर मतदाता अपने प्रत्याशियों की जानकारी ले सकेंगे। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को भी ऐप के जरिए अपना एफिडेविट और केवाईसी पूरी करने की सुविधा दी गई है। सुविधा पोर्टल के जरिए नॉमिनेशन और एफिडेविट जमा किया जा सकता है। इसके साथ इस ऐप के जरिए प्रत्याशी अपनी रैली और मीटिंग्स की परमिशन भी ले सकते हैं। इसी क्रम में चुनाव आयोग 'मिथ वर्सेस रियलिटी' की जानकारी भी साझा कर रहा है।

# झारखंड में पांच सीटों से संसद पहुंचेंगे 'फर्स्ट टाइमर' चेहरे, 10 सांसदों और 10 विधायकों की दांव पर किस्मत

**रांची,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में इस बार लोकसभा का चुनाव पिछले चुनावों से कई मायनों में अलग है। यह पहली बार है, जब राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर 20 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की किस्मत दांव पर लगी है। इनमें नौ लोकसभा सांसद, एक राज्यसभा सांसद और 10 विधायक शामिल हैं। मौजूदा लोकसभा सांसदों में निशिकांत दुबे गोड्डा सीट से लगातार चौथी बार संसद पहुंचने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि पलामू से बीडी राम, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो और राजमहल से विजय हांसदा के सामने हैट्रिक लगाने का मौका है। कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, खूंटी से अर्जुन मुंडा, गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी और सिंहभूम से गीता कोड़ा लगातार दूसरी बार संसद पहुंचने के लिए मैदान में हैं। राज्यसभा के सांसद समीर उरांव इस बार लोहरदगा से लोकसभा पहुंचने की दावेदारी कर रहे हैं। राज्य के नौ विधायकों को बड़ी पार्टियों ने इस बार लोकसभा की जंग में उतारा है। इनमें हजारीबाग सीट पर भाजपा के




मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जयप्रकाश भाई पटेल, गोड्डा सीट पर कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह, धनबाद में भाजपा के ढुल्लू महतो, सिंहभूम में झामुमो की जोबा मांझी, गिरिडीह में झामुमो के मथुरा महतो, कोडरमा में सीपीआई एमएल के विनोद सिंह, दुमका में भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन शामिल हैं। इनके अलावा झामुमो के एक विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल सीट से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान कर चुके हैं। 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने वाले पांच 'योद्धाओं% को इस बार चुनावी पिच पर बैटिंग का मौका नहीं मिल पाया है। इनमें पिछले चुनाव में राज्य में सबसे ज्यादा मतों से जीत दर्ज करने वाले धनबाद के सांसद पीएन सिंह भी शामिल हैं। इनके अलावा जिन सांसदों को इस बार चुनाव मैदान से बाहर होना पड़ा है, उनमें हजारीबाग से जयंत सिन्हा, चतरा से सुनील सिंह, दुमका से सुनील सोरेन और लोहरदगा से सुदर्शन भगत शामिल हैं।

- **राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर 20 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की किस्मत दांव पर लगी**

राज्य में बड़ी पार्टियों ने इस बार सबसे ज्यादा संख्या में महिला उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने सिंहभूम से गीता कोड़ा, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और दुमका से सीता सोरेन को उतारा है तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, पलामू से ममता भुइयां, धनबाद से अनुपमा सिंह और सिंहभूम से जोबा मांझी को टिकट दिया है। इस तरह 14 लोकसभा सीटों पर बड़ी पार्टियों ने कुल सात महिला प्रत्याशी उतारे हैं। यह बात भी तय मानी जा रही है कि राज्य की पांच सीटों से इस बार संसद में %फर्स्ट टाइमर' चेहरा पहुंचेगा। धनबाद में भाजपा के ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बीच मुकाबला माना जा रहा है। दोनों में से किसी की जीत हो, संसद के लिए 'फर्स्ट टाइमर' होंगे। चतरा में भाजपा के कालीचरण सिंह और कांग्रेस के केएन त्रिपाठी के बीच मुख्य संघर्ष माना जा रहा है। दोनों में से किसी ने पहले संसद की दहलीज पर बतौर सांसद कदम नहीं रखा है।

इसी तरह हजारीबाग में भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जेपी पटेल, लोहरदगा में भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के सुखदेव भगत, दुमका में भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन में चाहे जिसकी भी जीत हो, वे पहली बार लोकसभा पहुंचेंगे। इस बार बड़ी पार्टियों ने चार पूर्व विधायकों पर भी दांव लगाया है। इनमें राजमहल सीट पर भाजपा की ओर से ताला मरांडी, लोहरदगा में कांग्रेस की ओर से सुखदेव भगत, चतरा में कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और खूंटी में इसी पार्टी के कालीचरण मुंडा शामिल हैं।

# नवीन दो विधानसभा सीटों से लड़ेंगे चुनाव



**भुवनेश्वर,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पारंपरिक हिंजिली विधानसभा सीट के अलावा कांटाबांजी सीट से चुनाव लड़ने की बुधवार को घोषणा की। श्री पटनायक ने 11 विधानसभा सीटों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जबकि पहले घोषित दो विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों को बदल दिया। नवीनतम सूची के साथ सत्तारूढ़ बीजद ने अब तक पांच चरणों में होने वाले मतदान के लिए 126 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है और बाकी 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम अभी तय नहीं किए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले 2019 के विधानसभा चुनाव में श्री पटनायक ने हिंजली और बीजेपुर दोनों विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी। उन्होंने अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र हिंजली सीट को बरकरार रखा और बीजेपुर विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। राजनीतिक पंडितों का सुझाव है कि मुख्यमंत्री का अपनी गृह विधानसभा सीट के अलावा पश्चिमी ओडिशा के एक सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय विपक्षी भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देना है, जिसका पश्चिमी ओडिशा में मजबूत आधार है। कांटाबांजी विधानसभा सीट वर्तमान में कांग्रेस उम्मीदवार संतोष सिंह सलूजा के पास है जिन्होंने 2019 के विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बीजद उम्मीदवार को हराया था।

देशबन्धु

रायपुर, गुरूवार 18 अप्रैल 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## इलेक्टोरल बॉन्ड्स बना मुख्य चुनावी मुद्दा

ऐसे वक्त में जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये मतदान प्रारम्भ होने में कुछ ही घंटे रह गये हैं और इस चरण के अंतर्गत जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, वहां प्रचार भी थम गया है, इलेक्टोरल बॉन्ड्स प्रमुख चुनावी मुद्दा बनकर उभरता नज़र आ रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी के लिये निश्चित ही चिंता की बात होगी क्योंकि इस पर विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस द्वारा जैसा हमला उस पर हो रहा है वह इसलिये अधिक चिंतनीय है क्योंकि ये आक्रमण सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हो रहे हैं। उन्हें इस भ्रष्टाचार का सूत्रधार बतलाया जा रहा है। चूंकि भाजपा का सारा प्रचार नरेंद्र मोदी पर ही टिका है, अगर यह मुद्दा मतदाताओं के जेहन में बैठ गया तो भाजपा का अपने दम पर 370 तथा सहयोगी दलों के साथ मिलकर बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन के 400 पार के नारे की धज्जियां उड़ जायेंगी। शायद यही कारण है कि मोदी बार-बार इस योजना (इलेक्टोरल बॉन्ड्स) को सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष जान गया है कि उसके हाथ एक ऐसा अस्त्र लग गया है जिसके बल पर भाजपा को इस चुनाव में धूल चटाई जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बैकफुट पर आती दिख रही है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस को परिवारवाद के अलावा मोदी व भाजपा जिस मामले को लेकर सर्वाधिक कोसती थी, वह गांधी कुटुम्ब तथा उसका कथित भ्रष्टाचार ही रहा है। बाजी उस वक्त पलट गई जब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र की भाजपा सरकार की इस योजना को ही भ्रष्टाचार का तरीका ठहरा कर उसे बेनकाब कर दिया।

यही कारण है कि देश के कई अखबारों व चैनलों को नरेंद्र मोदी इन दिनों साक्षात्कार दे रहे हैं जिसका प्रमुख मुद्दा इलेक्टोरल बॉन्ड्स ही है। ऐसा नहीं कि वे केवल इसी पर बात कर रहे हों पर उनके हाल के दिये ज्यादातर इंटरव्यू में जिस प्रमुखता से वे इस पर बातें कर रहे हैं उससे साफ है कि उन्हें इस मामले को लेकर कुछ ज्यादा ही सफाई देनी पड़ रही है। जैसा कि कहा जाता है कि उनके ज्यादातर साक्षात्कार उन्हीं की प्रचार टीम द्वारा तैयार होते हैं, स्वाभाविकत: उनमें यह मुद्दा बहुत ही खास स्थान पा रहा है। ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि साक्षात्कारों की प्रश्नावली मोदी के कार्यालय या उनकी नज़रों से गुजरती ही है। जिनमें उनकी सहमति हो वे ही सवाल इसमें रखे जाते हैं। अब तमाम साक्षात्कारों में इलेक्टोरल बॉन्ड्स के बारे में श्री मोदी जो कह रहे हैं उनमें यह बात ज़रूर होती है कि 'जो लोग आज इसे लेकर उत्साहित हैं वे आगे जकर पछताएंगे।' वे यह भी कह रहे हैं कि 'पहली बार चुनावी चंदे का ट्रेल पता चल रहा है वरना पूर्ववर्ती सरकारों के समय तो पता भी नहीं चलता था कि किसी भी पार्टी को कहां से चंदा मिल रहा है।' हालांकि वे यह नहीं बता रहे हैं; और कोई पूरक प्रश्न पूछ भी नहीं रहा है कि अगर वे पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट को इस योजना के बाबत सारी जानकारी देने से क्यों आनाकानी कर रहा था। खासकर, सरकार के इशारे पर किसलिये कारोबारियों के संगठन अदालत के सामने इस गुहार के साथ पहुंचे थे कि चंदा देने वालों के नाम उजागर न किये जायें। प्रधानमंत्री मोदी तो चुनावी बॉन्ड्स के बारे में जो कह रहे हैं, वह अपनी जगह पर है परन्तु खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय अब इस योजना को संशोधित स्वरूप में लाने की योजना बना रहा है- बावजूद इसके कि देश आम चुनाव की दहलीज पर खड़ा है और मोदी सरकार केवल कार्यवाहक है। जिस सरकार व प्रधानमंत्री को शीर्ष कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित कर दी गई योजना पर शर्मिंदा होना चाहिये था, वे न केवल इसका शिद्दत से बचाव कर रहे हैं बल्कि इसका दूसरा संस्करण लाने की भी तैयारी कर रहे हैं, वह भी चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद। इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर मोदी की हठधर्मिता इस कदर है कि वे कोर्ट की अवमानना की परवाह किये बिना ही इसके पक्ष में बोल रहे हैं, मीडिया में अपना पक्ष रख रहे हैं और उसे फिर से पेश करने की तैयारी भी कर रहे हैं।

दूसरी तरफ विपक्ष ने भी जान लिया है कि यह मोदी की कमजोर नब्ज़ है जो उसके हाथ लग गई है। सो वह पूरी ताकत से उसे दबा रही है। दरअसल इसके कई आयाम एक साथ उजागर हो गये। इसमें बताया गया कि भाजपा के लिये चंदा बटोरने के लिये केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग केंद्र सरकार द्वारा किया गया। जैसे-जैसे इस घोटाले की परतें खुलती गयीं यह साफ होता चला गया कि देश के समक्ष आज जो महंगाई, बेरोजगारी आदि की समस्याएं हैं उन सभी की जड़ें भी इस घोटाले से जुड़ी हुई हैं। इसी प्रकार कोरोना काल में लोगों को लगाये गये टीके का सम्बन्ध भी इसके साथ जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा भी दर्जनों ऐसे मामले सामने आये हैं जो बतलाते हैं कि इसके बल पर भाजपा सरकार ने ठेके बांटे हैं या डरा-धमकाकर कारोबारियों से चंदा लिया है। कई ऐसी कम्पनियों के नाम भी सामने आये हैं जिन्होंने अपने लाभ से कई गुना ज्यादा चंदा भाजपा को दिया गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इसे हफ्ता वसूली जैसा बताया है, जिससे साफ है कि इन चुनावों में इलेक्टोरल बॉन्ड अब बड़ा मुद्दा बन गए हैं।

# कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने वालों से कुछ उम्मीदें

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश में सबसे कठिन माने जाने वाली परीक्षा यूपीएससी के नतीजे मंगलवार शाम को घोषित हुए। पिछले कुछ सालों से शीर्ष स्थान लड़कियों को मिल रहा था, इस बार लड़कों को प्रथम और द्वितीय आने का मौका मिला है। संघ लोक सेवा आयोग ने 28 सौ से अधिक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया था, जिनमें से 1016 लोगों को सफलता मिली है। मतलब यह कि 50 प्रतिशत से अधिक लोगों को नाकामी हाथ लगी है। और अगर यूपीएससी की प्रिलिम्स और मेन्स परीक्षा के अभ्यर्थियों की बात करें तो करीब 13 लाख लोगों ने ये परीक्षाएं दी थीं। 13 लाख में केवल 28 सौ साक्षात्कार के स्तर तक पहुंचे और वहां से एक हजार 16 लोग सफल होकर निकले। हालांकि नतीजे आने के बाद से शीर्ष 50 स्थान पर आने वालों की ही ज्यादा चर्चा मीडिया में है। बाकी साढ़े नौ सौ लोगों की सफलता की कहानी या तो उनके परिजन सुनाएंगे या उन्हें कोचिंग देने वाले संस्थान।

यूपीएससी में सफल होने वालों के संघर्ष की कहानियां भी अब बाहर आनी शुरु हो चुकी हैं। ऐसा होना भी चाहिए क्योंकि इनसे उस राह पर आगे बढ़ने वालों को प्रेरणा मिलती है कि जब वो ऐसा कर सकते हैं तो हम भी कर सकते हैं। हाल ही में एक फिल्म आई थी बारहवीं फेल, जो सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में ऐसी ही सफलता की कहानी है, जिसमें गांव की स्कूल से पढ़ा एक लड़का, बार-बार की असफलता और आर्थिक परेशानियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से आखिरकार यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ही लेता है और साक्षात्कार में बैठे लोगों को यह बखूबी समझा देता है कि हिंदी या अंग्रेजी केवल माध्यम हैं, असल बात तो लोगों की समस्याओं और जज्बात को समझने की है। फिल्म में एक और किरदार है, जिसने साक्षात्कार पर पहुंचने के अपने सारे मौके ले लिए, लेकिन किसी तरह सफल नहीं हुआ, तो फिर अपने अनुभव से दूसरों को प्रशिक्षण देने लगा। यह किरदार रि स्टार्ट यानी फिर से शुरु करना चाहिए, जैसे गीत से प्रेरणा देता नजर आया है।

फिल्म में यह सब देखने-सुनने में अच्छा ही लगता है, क्योंकि बात दो-ढाई घंटे की होती है, हम किरदारों से खुद को जोड़ लेते हैं और उनके साथ भावनाओं में डूबने-उतरने लगते हैं। मगर हकीकत कितनी अलग होती है, इसका एक उदाहरण ट्विटर पर देखने मिला, जिसमें एक असफल अभ्यर्थी ने आंकड़े दिए कि 12 प्रयास, 7 बार मेन्स और 5 बार साक्षात्कार, फिर भी असफलता हाथ लगी, शायद जिंदगी का दूसरा नाम ही संघर्ष है। यह केवल एक असफलता और निराशा का उदाहरण नहीं है, बल्कि यहां वो मलाल भी नजर आ रहा है जिसमें जीवन के सुनहरे बरस व्यर्थ हो गए। इस देश में लाखों लोग हर साल इसी तरह के मलाल से गुजरते हैं। उन्हें रि स्टार्ट जैसे गीतों से सांत्वना देने की जगह यह समझाने की जरूरत है कि अपनी बुद्धि और प्रतिभा का इस्तेमाल वो इससे बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

यूपीएससी की सफल लोगों की कहानियों को भुनाते हुए कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग संस्थान खुल चुके हैं, जहां दड़बों में ठुंसी हुई मुर्गियों की तरह

**यूपीएससी की सफल लोगों की कहानियों को भुनाते हुए कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग संस्थान खुल चुके हैं, जहां दड़बों में ठुंसी हुई मुर्गियों की तरह छात्रों को भरा जाता है। लाखों की फीस उनके अभिभावक देते हैं, और बहुतों को ये उम्मीद रहती है कि बच्चा सफल हो जाए तो सरकारी रौब का स्वाद चखने मिले। हालांकि इस स्वाद की कल्पना और हकीकत में काफी फर्क है।**

छात्रों को भरा जाता है। लाखों की फीस उनके अभिभावक देते हैं, और बहुतों को ये उम्मीद रहती है कि बच्चा सफल हो जाए तो सरकारी रौब का स्वाद चखने मिले। हालांकि इस स्वाद की कल्पना और हकीकत में काफी फर्क है। कड़ी मेहनत और बुद्धिमत्ता से सरकार में बड़े अधिकारी बनने वालों को सत्ता के दबाव का सामना करना पड़ता है। बहुत कम अधिकारी ऐसे होते हैं जो सत्ता पर बैठे लोगों की जी हुजूरी करने से इंकार करने की हिम्मत दिखाते हैं और वही फैसले लेते हैं जो जनता या देश के हित में हों। और ऐसे अधिकारियों को अक्सर सत्ता का कोपभाजन बनना पड़ता है। कभी उन्हें तबादलों की मार झेलनी पड़ती है, कभी सरेआम अपमान सहन करना पड़ता है। अब तो सत्ता के साथ-साथ पूंजी का दबाव भी मिल गया है, जिसमें अधिकारियों के लिए रीढ़ को सीधा रखना कठिन हो चला है। सत्ता के अनुचित दबाव में आने से इंकार करने वाले लोग या तो प्रताड़नाओं को सहते हुए अपनी सेवानिवृत्ति का इंतजार करते हैं या फिर समय से पहले सेवानिवृत्ति ले कर निजी संस्थानों में अपनी सेवाओं का लाभ देने लगते हैं। आजकल सेवानिवृत्ति के फौरन बाद राजनीति में आने और फिर ऊंचे पदों या आयोगों की अध्यक्षता करने का मौका भी मिलने लगा है। इसके दोहरे लाभ मिलते हैं, एक तो अधिकारी वाला रौब-दाब बना रहता है और दूसरा अपने कार्यकाल के दौरान सत्ता के हित में लिए गए फैसलों की न समीक्षा होती है, न किसी कार्रवाई का डर रहता है। आम बोलचाल की भाषा में ऐसे लोगों को व्यावहारिक बुद्धि वाला कहा जाता है, जो लहर के विपरीत न जाकर धारा के साथ बहना मंजूर कर लेते हैं। लेकिन फिर यहां एक जरूरी सवाल उठता है कि क्या यूपीएससी की कठिन परीक्षा सत्ता की चाकरी करने के लिए उत्तीर्ण की गई या इसमें कहीं देश और जनसेवा का भाव भी था। अब जो नए अधिकारी तैयार हो रहे हैं, उनकी सफलता की कहानियां आखिर कितने दिन तक सुनाई जाएंगी, क्या उसके बाद वो भी सत्ता की सुविधा वाले सांचे में ढाल दिए जाएंगे। ये सवाल हाल की एक घटना से और भी प्रासंगिक हो जाता है।

आयरलैंड के एक अखबार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भारत के चुनावों के संदर्भ में आलोचनात्मक टिप्पणी की। जिस पर आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ने अखबार को अपनी प्रतिक्रिया भेजी और उसमें न केवल भारतीय प्रधानमंत्री का बचाव करते हुए उनकी सरकार के कामकाज की तारीफ की, बल्कि इसके साथ ही कांग्रेस या गांधी परिवार का नाम लिखे बिना उसकी आलोचना की। अखिलेश मिश्रा ने लिखा कि भारत में एक ही वंशवादी परिवार के 55 साल के शासन, जिनमें शुरुआती 30 वर्ष महत्वपूर्ण हैं, के दौरान भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें जमा चुके पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ लड़ाई श्री मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के पीछे एक प्रमुख वजह है। इस जवाब में अखिलेश मिश्रा ने अपनी पक्षधरता साफ जाहिर कर दी है कि वे केवल भारत सरकार का बचाव नहीं कर रहे, बल्कि भाजपा का बचाव कर रहे हैं, क्योंकि आयरिश अखबार में भाजपा के शासनकाल में लिए जा रहे फैसलों और हालिया घटनाओं पर टिप्पणी की गई थी। 1989 बैच के आईएफएस अधिकारी अखिलेश मिश्रा के इस रवैये को कांग्रेस ने अपमानजनक और गैरपेशेवराना करार दिया है और उन पर कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेस की शिकायत का किस तरह से संज्ञान लिया जाता है, यह अलग मसला है। लेकिन यहां सवाल वही है कि संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने, फिर प्रशिक्षण लेने के बाद जब अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में उतरते हैं, तो उनकी प्रतिबद्धताएं किसके लिए रहती हैं और उनकी प्राथमिकताएं क्या रहती हैं। अगर वे आम जनता की भलाई को सर्वोपरि रखते हुए फैसले नहीं लेते और सत्ता प्रतिष्ठान के चाकर की तरह काम करना स्वीकार करते हैं, तो फिर हर साल 20-30 लोगों के यूपीएससी में सफल होने और संघर्ष से आगे बढ़ने की जो कहानियां सुनाई जाती हैं, उनका क्या औचित्य रह जाता है।

मध्यप्रदेश में एक आईएएस अधिकारी हुआ करते थे सुदीप बनर्जी, जिन्होंने साक्षरता, कला संस्कृति इन सबके लिए कई अनूठे काम किए। बस्तर के आदिवासियों के हितों को प्राथमिकता देने के लिए सरकार से भिड़ने में झिझक नहीं दिखाई। भोपाल गैस दुर्घटना के वक्त मोर्चे पर डटकर पीड़ितों की मदद की। किसी भी उद्योगपति या मंत्री के आगे दबाव में नहीं आए। सुदीप बनर्जी की संवेदनशीलता और ईमानदारी की मिसालें कई मौकों पर दी जाती रही हैं। उनकी तरह कई और आईएएस, आईपीएस या आईएफएस अधिकारी हुए हैं, जिन्होंने पूरी ईमानदारी से अपना काम किया। लेकिन क्या वे लोग अब समाज के और यूपीएससी में अभी सफल होने वालों के आदर्श हैं, यह विचारणीय है। आखिर में कवि चंद्रकांत देवताले की कविता खुद पर निगरानी का वक्त की चंद पंक्तियां पेश हैं-

हाँफ रही कविता
कितना कर सकती है छातीकुट्टा
कह रही बार-बार निगरानी रखो
जैसी दुश्मन पर, वैसी ही खुद पर
चुटकी भर अमरता-खातिर
विश्वासघात न हो जाए।
अपनी भाषा, धरती और लोगों के साथ।

यूपीएससी में सफल होने वाले तमाम लोगों को शुभकामनाएं इस उम्मीद के साथ कि वे अपनी भाषा, धरती और लोगों के विश्वास को बनाए रखेंगे।

# कर्नाटक में कांग्रेस दे रही भाजपा-जद ( एस ) को कड़ी टक्कर

■ कल्याणी शंकर

कर्नाटक में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं जिसके लिए 26 अप्रैल और 7 मई को सभी 28 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होंगे। कांग्रेस पार्टी और भाजपा-जद(एस) गठबंधन मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए कई बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा का समर्थन प्राप्त है, जो लिंगायत समुदाय के बीच प्रभावशाली हैं जो राज्य में एक महत्वपूर्ण वोट बैंक हैं। यह चुनाव कर्नाटक के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसके इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण हैं।

कर्नाटक अतीत में कांग्रेस का गढ़ रहा है। इसने आपातकाल के बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का समर्थन किया, जो इसके राजनीतिक महत्व का एक प्रमाण है। यह ऐतिहासिक महत्व इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की जीत से स्पष्ट है, दोनों ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के लिए सीटें जीतीं।

**कांग्रेस सरकार ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे।**

ये चुनाव सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है बल्कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच एक बड़ी लड़ाई है। वे कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा के दोबारा प्रवेश का प्रतीक हैं। चुनाव नीतिगत प्राथमिकताओं और शासन शैली को बदल सकता है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और समाज के विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव पड़ सकता है। परिणामों का लोगों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जिससे शासन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी और समझ महत्वपूर्ण हो जायेगी।

भाजपा दक्षिण में अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को मजबूत करने, राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति बढ़ाने और दक्षिण भारत में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करने के लिए आगामी कर्नाटक चुनावों में विजयी होना चाहती है। इसके विपरीत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राज्य में अपनी सरकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, जद(एस) अत्यधिक प्रतिस्पर्धी राजनीतिक माहौल में जीवित रहने का प्रयास कर रहा है। संक्षेप में, जद (एस) राज्य में एक राजनीतिक दल के रूप में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने का प्रयास कर रहा है।

कर्नाटक में भाजपा का प्रचार अभियान पीएम मोदी की उपलब्धियों और कांग्रेस की विफलताओं पर केंद्रित है। यह दो प्रभावशाली समुदायों, लिंगायत और वोक्कालिगा को लक्षित करता है, जो इसकी चुनावी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य में एक प्रमुख समुदाय होने के नाते लिंगायत पारंपरिक रूप से भाजपा का समर्थन करते रहे हैं।

इसके विपरीत, एक अन्य प्रभावशाली समुदाय वोक्कालिगा, जद (एस) का मजबूत जनाधाररहा है। भाजपा की चुनावी सफलता के लिए इन समुदायों पर जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है।

भाजपा को कुछ स्थानीय संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। 2014 के बाद पहली बार पार्टी में खुली बगावत हुई है। इसकी वजह भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन है, जिसे अभी तक अच्छा समर्थन नहीं मिला है। कांग्रेस के भी अपने बागी उम्मीदवार हैं। कांग्रेस कर्नाटक में एससी, एसटी और मुसलमानों पर भरोसा रख रही है।

कांग्रेस सरकार ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे।

एडिना, न्यूज 18 और इंडिया टुडे ग्रुप के तीन चुनाव पूर्व सर्वेक्षण कर्नाटक के आगामी चुनावों के लिए परस्पर विरोधी परिणामों की भविष्यवाणी करते हैं। एडिना का अनुमान है कि कांग्रेस 17 सीटें जीतेगी, और भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन को 11 सीटें मिलेंगी। न्यूज 18 का अनुमान है कि एनडीए 25 सीटें जीतेगी, कांग्रेस केवल 3 इंडिया टुडे ग्रुप का अनुमान है कि एनडीए 53फीसदी वोट शेयर के साथ 24 सीटें जीतेगी। इंडिया गठबंधन को 42फीसदी वोट शेयर के साथ केवल चार सीटें मिलने की उम्मीद है। ये सर्वेक्षण वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का एक स्नैपशॉट प्रदान करते हैं। वे पाठकों को चुनाव के संभावित परिणामों का अनुमान लगाने में मदद कर सकते हैं।

2019 के चुनावों से एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है जब कांग्रेस और जद (एस) सहयोगी थे। भाजपा का लक्ष्य पुराने मैसूर में वोक्कालिगा वोटों को सुरक्षित करना और चुनाव को अपने पक्ष में झुकाना है। पुराने मैसूर क्षेत्र का एक प्रमुख समुदाय वोक्कालिगा पारंपरिक रूप से जद (एस) का समर्थन करता रहा है। इस समुदाय पर जीत हासिल करने की भाजपा की रणनीति में जाति-आधारित पहुंच, विकास के वायदे और जद (एस) सरकार की विफलताओं को उजागर करना शामिल है। सफल होने पर, यह रणनीति चुनाव परिणाम और राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

भाजपा ने अपने उम्मीदवारों में एक शीर्ष हृदय रोग विशेषज्ञ, मैसूरु शाही परिवार के सदस्य और एक पूर्व मुख्यमंत्री को मैदान में उतारा है। इसने कुछ नये चेहरों को भी मैदान में उतारा है। कांग्रेस में कई मंत्रियों के रिश्तेदार हैं और ये उम्मीदवार नतीजों पर असर डाल सकते हैं। इसने ताकतवर राजनेताओं के परिवार के सदस्यों को मैदान में उतारकर जोखिम उठाया है।

2008 में जब से भाजपा ने अपनी पहली सरकार बनायी, तब से 'गिराने का खेल' जारी है। पैसा और पद अक्सर विधायकों को वफादारी बदलने के लिए लुभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में जटिलता की एक और परत जुड़ जाती है। वोट पाने के लिए दोनों पार्टियां पैसा और उपहार खर्च करने को तैयार हैं। दोनों गठबंधनों की पार्टियों के पास पैसा है और मतदाताओं को लुभाने के लिए सभी को भारी रकम चुकानी पड़ रही है। कई उम्मीदवारों को पार्टी लेबल की चिंता नहीं है। उनकी चिंता सत्ता हासिल करने की है। देखना होगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कर्नाटक के मतदाता किस तरह अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं।

## पावन प्रसंग

### मन की शांति

हमें पग पग पर सुख और दुख की अनुभूति होती रहती है और हम ऐसा समझते हैं कि यदि अमुक-अमुक वस्तुएं हमें मिल जाए, तो हम बहुत ही संतुष्ट हो जाएंगे, परंतु जैसे ही वह वस्तु हमें मिल जाती है, हम उसके सुख का अनुभव न कर उसकी रक्षा की चिंता करने में दुखी होने लगते हैं। यह डर बना रहता है कि कहीं वह चीज खो न जाए। इस प्रकार एक न एक भय आजीवन बना रहता है और साथ ही साथ एक न एक लोभ भी लगा ही रहता है। हम स्वार्थों की पूर्ति के लिए किसी न किसी के आगे हाथ पसारा करते हैं। अपनी लोलुपता का प्रदर्शन करते हैं और जब कोई हमारी ओर पूरा-पूरा ध्यान नहीं देता, तो हमें ऐसा लगता है कि हमारी अवहेलना हो रही है, हमारी मानहानि हो रही है। हमें प्रशंसा की भूख रहती है। हमारे अंदर लोभ और मोह व्याप्त रहते हैं। फल यह होता है कि जो शक्ति हमारे उद्धार के लिए मिली है, उसका दुरुपयोग होता है और हम दिन-रात इस शक्ति का अपव्यय कर अंत में देखते हैं, तो हाथ कुछ नहीं आता। जैसे-जैसे हम वृद्धावस्था के निकट पहुंचते हैं, तो हमारे दोषों का बोझ बढ़ता जाता है और फल यह होता है कि हम अत्यन्त मानसिक उद्वेग का अनुभव करने लगते हैं।

शक्ति के अपव्यय से बचने का उपाय होना आवश्यक है। पहले तो हम यह समझें कि संसार की क्षुद्र बातों से ऊपर उठे बिना हमारा कल्याण नहीं हो सकता। मानसिक कल्याण और बोध तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारे अंदर से विरक्ति की भावनाएं उठें। हम ऊपरी रूप से साधु-फकीर का वेश बनाए रह सकते हैं परंतु भीतर से मन का सहयोग विरक्ति की ओर न हो तो हमें बार-बार लोभ और मोह के झकोरों से अस्त-व्यस्त होना पड़ेगा और तब हम देखेंगे कि हमारे लिए सुख-शांति नाम की कोई चीज नहीं रही। अत: भोगों से उपराम प्राप्त करने के लिए अंदर का मन साध लेना परमावश्यक है। ऐसा कर लेने से बाकी का काम आसान हो जाएगा।

हमें संसार के कामों में लगे रहना चाहिए। हमारे जिम्मे जो भी काम आ जाए, उन्हें सहर्ष करना चाहिए। यदि सभी लोग काम छोड़ना प्रारंभ कर दें, तो फिर कैसे होगा? अत: हमें प्रवाह प्राप्त जो काम हैं, उन्हें तो करना ही है और जब उन कामों को करें तो ठीक से करें, परंतु मन की चिंतनधारा को सबल अंतर्मुखी करते जाए। ऐसा करते हुए हम बहुत कुछ आत्मकल्याण कर सकेंगे। काम करते हमारे अंदर दोष भी प्रकट होंगे, तो हमें उनको सामने आने देना चाहिए तभी दोष दूर हो सकेंगे। अपनी शक्ति का सदुपयोग हो, इसके लिए तटस्थ भाव सांसारिक कर्मों के करने की चेष्टा करें। ऐसा यदि हम करें, तो कर्म का बोझ हम पर नहीं पड़ेगा और हम संसार के होकर उसमें फंसने से बच जाएंगे। विनोबाजी कहते थे- 'समुद्र के किनारे खड़े रहकर ही हम समुद्र की लहरों का दृश्य देख सकते हैं जो व्यक्ति उन लहरों में डूब रहा है, वह उस दृश्य को किस भांति देख सकेगा? उसी भांति हमें भी अभ्यास और विरक्ति के द्वारा धीरे-धीरे मन को शांत करने का प्रयत्न करना चाहिए। फलस्वरूप हम अपनी शक्ति का क्षय रोक सकेंगे। इसलिए अनुभवी संतों ने इस बात पर बार-बार जोर दिया है कि इस संसार को नश्वर समझो, अपने शरीर को नश्वर समझो,अपनी मृत्यु को सदा सामने रखो, तब तुम निश्चिंत भाव से काम कर सकोगे और संसार में फंसने से बच जाओगे।

हम जो प्रवाह प्राप्त कर्म पाएं, उसमें अपना संतोष मानें और उसको ठीक-ठीक करने का अभाव करें, उसे करते हुए अपने अंदर चिंतन करते रहें और इस बात का ध्यान रखें कि हमारे चिंतन में आध्यात्मिकता की ही बातें बार-बार आएं यों तो मन बहुत ही चंचल है, यह हमें वहां से यहां उठाता , बिठाता और फेंकता है। अत: धीरे-धीरे ही इसको वश में किया जा सकता है। अस्तु, हमें सतत इस ओर प्रवृत्त रहने की चेष्टा करनी चाहिए। यदि कोई चीज हमारे मन के अनुकूल न हो, तो हमें उस समय क्रोध अथवा क्षोभ दिखाने की आवश्यकता नहीं।

दैनिक जीवन में सभी प्रकार की आशा-निराशा और सुख-दुख का अनुभव करना पड़ता है। कोई भी इससे बचा नहीं रह सकता है। इसलिए

## आपके पत्र

### भेदभाव और सुविधाओं की कमी से प्रभावित बालिका शिक्षा

आज जब हम स्वतंत्र हैं, सभी को शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है इसके बावजूद कई ऐसे गांव, बस्ती और कस्बे हैं जहां भेदभाव तो कहीं बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण इस अधिकार का हनन हो रहा है। जिसका सबसे पहले नकारात्मक प्रभाव किशोरियों की शिक्षा पर पड़ता है।

हाल ही में राजस्थान के शिक्षा मंत्री ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूलों के विकास से संबंधित कई अहम निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में लागू होने वाले नवाचारों और नई तकनीकों पर आधारित गतिविधियों से राज्य के ग्रामीण विद्यालयों को जोड़ने में प्राथमिकता पर ज़ोर दिया है ताकि नई तकनीक पर आधारित कार्यक्रमों से गांव के विद्यार्थी भी लाभांवित हो सकें। दरअसल आज भी राजस्थान के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां शिक्षा का प्रतिशत अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम है। हालांकि राज्य सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता की औसत दर 61.4 प्रतिशत दर्शाया गया है। जिसमें सबसे अधिक गंगानगर के ग्रामीण क्षेत्रों में 66.2 प्रतिशत और सबसे कम प्रतापगढ़ में 53.2 प्रतिशत बताया गया है. जिन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रतिशत कम है उसके पीछे कई कारण बताये जाते हैं जिसमें सबसे प्रमुख गांव से स्कूल की दूरी है जिससे सबसे अधिक किशोरियों की शिक्षा प्रभावित होती है। इस संबंध में कक्षा 9वीं की छात्रा जाह्नवी बताती है कि गांव के बच्चे और किशोरियां प्रतिदिन पैदल स्कूल जाते हैं लेकिन वहां सुविधाएं नाममात्र की हैं। क्लास रूम तो बने हुए हैं लेकिन विद्यार्थियों के लिए न तो शौचालय की सुविधा उपलब्ध है और न ही पीने के साफ़ पानी की व्यवस्था है. जो पानी उपलब्ध है वह इतना खारा है कि बच्चे उसे पीना नहीं चाहते हैं।

गांव से कम से कम 20 छात्राएं नियमित रूप से स्कूल जाती हैं. लेकिन माहवारी के समय उन्हें सुविधाओं की कमी के कारण घर पर ही रुकना पड़ता है जिससे उनकी क्लास छूट जाती है और वह सिलेबस में पीछे रह जाती हैं ।जाह्नवी बताती है कि -स्कूल में केवल सुविधाओं की ही कमी नहीं है, बल्कि हमारे साथ जातिगत भेदभाव भी किया जाता है। रसूलपुरा में उच्च जातियों की संख्या अधिक है और स्कूल में भी इसी जाति से संबद्ध शिक्षकों और विद्यार्थियों की बहुलता है, ऐसे में वह हमें पढ़ाने में बहुत अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाते है।

जब स्कूल में उच्च जातियों के छात्र-छात्राएं हमारे साथ जातिगत भेदभाव करते हैं और जब हम इसकी शिकायत शिक्षकों से करते हैं तो वह इस पर ध्यान नहीं देते हैं। जब अभिभावक स्कूल आकर इसकी शिकायत करते हैं तो उस समय शिक्षक कुछ नहीं बोलते हैं, लेकिन उनके जाने के बाद हमें डांटा जाता है कि स्कूल की बात घर पर मत बताया करो। अभिभावक हमारी सुरक्षा के प्रति बहुत चिंतित रहते हैं. यही कारण है कि अब इस गांव की लड़कियों को अकेले स्कूल जाने आने नहीं दिया जाता है।

हमें कक्षा में बोलने भी नहीं देते हैं। इसके लिए ज़रूरी है कि स्कूलों में किशोरियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को अधिक से अधिक बढ़ाया जाए साथ ही स्कूल का ऐसा वातावरण तैयार किया जाए जहां वह आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकें। दरअसल शिक्षा हमें जातिगत भेदभाव से दूर करती है, लेकिन सच तो यह है कि हाशिए पर खड़े समुदाय और अति पिछड़े समाज के बच्चों को आज भी इसे पाने के लिए संघर्ष करनी पड़ रहा है। उन्हें कई प्रकार के भेदभावों से गुज़रना पड़ रहा है। उनके हौसले को बढ़ाने की जगह मनोबल को तोड़ने का काम किया जा रहा है।

**यशोदा गुर्जर, अजमेर राजस्थान**

## जापान में भालुओं को मारने की मिली अनुमति

**टोक्यो।** जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा।

# देश विदेश

# संयुक्त अरब अमीरात में 75 वर्षों में सबसे अधिक बारिश हुई



**काहिरा,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डों में से एक दुबई एयरपोर्ट ने बुधवार को यात्रियों को जबतक बेहद जरूरी न हो वहां न जाने की सलाह दी है। दुबई में पिछले कई दशकों की रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद पूरे शहर में पानी भर गया है। हवाई अड्डे ने कहा कि उड़ानों में देरी हो रही है और उनका मार्ग बदला जा रहा है। हवाईअड्डा संचालक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में परिचालन को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर दिख रहे फुटेज में हवाईअड्डे के रनवे पर पानी भरा हुआ है और विमान पानी से होकर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। दुबई की प्रमुख विमान सेवा कंपनी एमिरेट्स ने कहा कि उसने खराब मौसम और सड़क की स्थिति के कारण होने वाली परिचालन चुनौतियों की वजह से आधी रात तक प्रस्थान करने वाले यात्रियों के लिए दुबई हवाई अड्डे पर चेक-इन निलंबित कर दिया है। स्थानीय अखबार द नेशनल ने बताया कि दुबई हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली कम से कम 20 उड़ानें मंगलवार को रद्द कर दी गईं, जिससे भारत, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन तथा अन्य गंतव्यों को जाने वाले यात्री प्रभावित हुए।

■ **राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने इसे पिछले 75 साल की सबसे भारी वर्षा बताया**

इसमें कहा गया है कि हवाईअड्डे की ओर जाने वाली सड़कें अवरुद्ध और बाढ़ग्रस्त हैं। दुबई सरकार ने कहा कि उसने अपने सभी कर्मचारियों के लिए रिमोट वर्किंग को बुधवार तक बढ़ा दिया है, और निजी क्षेत्र के संस्थानों से भी ऐसा करने का आग्रह किया है। सात अमीरातों के खाड़ी संघ संयुक्त अरब अमीरात में मंगलवार को भारी बारिश हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने इसे पिछले 75 साल की सबसे भारी वर्षा बताया। पुलिस ने बताया कि रस अल खैमा अमीरात में बाढ़ में कार बह जाने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह संयुक्त अरब अमीरात का नागरिक था और उसकी उम्र 70 वर्ष के आसपास थी। पड़ोसी ओमान में मूसलाधार बारिश की चपेट में आने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई।

## इजरायल ने दक्षिणी गाजा के राफा में किया हमला, सात लोगों की मौत

**तेल अवीव,** 17 अप्रैल (एजेंसिया)। इजरायल वायु सेना ने दक्षिणी गाजा के राफा में एक इमारत पर हमला किया। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई। इजरायली मीडिया के मुताबिक, हमला बुधवार सुबह हुआ। अमेरिका और इजरायल के अन्य सहयोगियों ने इजरायल से राफा पर हमला नहीं करने को कहा था क्योंकि इस क्षेत्र में लगभग 13 लाख लोगों की आबादी है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को सूचित किया था कि राफा पर इजरायली हमलों को रोका जाना चाहिए। मिस्र को चिंता है कि राफा पर हमले से मिस्र के सिनाई क्षेत्र में शरणार्थियों का पलायन हो जाएगा, जो राफा के साथ सीमा साझा करता है। पिछले साल 7 अक्टूबर के हमास के हमले के बाद 27 अक्टूबर 2023 को गाजा में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के जमीनी आक्रमण के बाद से 33 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए। मोसाद और शिन बेट सहित इजरायली खुफिया एजेंसियों ने इजरायली युद्ध कैबिनेट को राफा क्षेत्र में अधिकांश बंधकों की मौजूदगी की जानकारी दी है और हमास के आतंकवादी उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।



## सुडोकू 6528

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 3 | | 9 | 8 | 1 | | |
| | | 2 | | 5 | 3 | 8 | | 7 |
| 5 | | 8 | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | | | | 9 | | 5 | |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| | 1 | | 4 | | | | | 2 |
| | 7 | | | | 2 | 5 | | 4 |
| 2 | | 9 | 5 | 4 | | 7 | | |
| | | 6 | 9 | 3 | | 2 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 18 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 10

### राशिफल

मेष - आज संभलकर कदम रखने की जरूरत है। आसपास रहने वाले लोगों से विवाद हो सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप चिंता का अनुभव करेंगे। अनिद्रा के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभ - भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आपको होगा। आपके काम दिन में पूरे हो जाएंगे। भाई-बहनों से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

मिथुन - आज आप किसी बात को लेकर नेगेटिव विचार मन में ना रखें। असंतोष की भावना रह सकती है। पारिवारिक वातावरण में मेलजोल नहीं रहेगा। शारीरिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा। दोपहर के बाद कोई काम नहीं बनने से आप चिढ़चिढ़े रहेंगे।

सिंह - आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। वाणी पर संयम रखें। नौकरी या व्यापार में उलझन दूर करने के लिए बड़ों की मदद लग सकती है।

कन्या - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। फिर भी शारीरिक और मानसिक रूप से सुख- शांति रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। दोपहर के बाद आप के मन की स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी।

तुला - आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

वृश्चिक - आप के लिए आज भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक प्रवास होने की संभावना है। धन लाभ की भी संभावना है।

धनु - आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है। आर्थिक रूप से तंगी का अनुभव करेंगे।

मकर - आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। सुबह मन खुश रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। अधिक खर्च होने से धन की तंगी रहेगी। सरकारी कामों में विघ्न आएंगे।

कुंभ - आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी। आनंद-प्रमोद के साथ वाहन सुख प्राप्त होगा। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ मिलेगा।

मीन - आज आप किसी व्यक्ति या वस्तु के आकर्षण में रहेंगे। किसी भी व्यक्ति के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद ना करें। नए काम की शुरुआत को आज टालें। दोपहर के बाद स्थिति में आकस्मिक सुधार दिखेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1612- मुगल बादशाह शाहजहां ने मुमताज से निकाह किया।
1621- सिक्खों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर का जन्म।
1859- वर्ष 1857 विद्रोह के नेता तात्यां तोपे को फांसी दी गयी।
1902- अपराधियों की पहचान के लिए डेनमार्क ने सबसे पहले फिंगरप्रिंट दर्ज करने शुरू किए।
1906- सैन फ्रांसिस्को में भूकंप और आग से लगभग 4000 लोगों की मौत।
1917- महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया।
1924- रिचर्ड साइमन और लिंकन शूस्टर द्वारा दुनिया की पहली क्रॉसवर्ड पजल बुक छापी गई।
1930 - सूर्य सेन उर्फ मास्टर दा और इंडियन रिपब्लिकन आर्मी के 62 लोगों ने चटगांव शस्त्रागार पर धावा बोला।
1948 - नीदरलैंड के हेग में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का गठन हुआ।
1950 - विनोबा भावे ने आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के पचमपल्ली गाँव से भूदान आंदोलन की शुरुआत की।
1955- महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का निधन हुआ।
1971- सम्राट अशोक नामक देश का पहला जंबो जेट विमान 747 मुंबई में उतरा।
1978- प्रख्यात लेखक खुशवंत सिंह के पिता शोभा सिंह का निधन।
1980 - जिंबाब्वे ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने की घोषणा की।
1991- केरल भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित हुआ।
1992- रंगभेद के कारण प्रतिबंधित दक्षिण अफ्रीका ने 1970 के बाद पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला।
1994- वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रायन लारा ने इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 375 रन बनाकर सर गारफील्ड सोबर्स का रिकार्ड तोड़ा।

# बिना लड़े ही मैदान से हटे गुलाम नबी आजाद

**जम्मू,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगें। अभी तक उनकी उम्मीदवारी को लेकर उनकी पार्टी के कार्यकर्ता बेहद खुश थे। पर अब उनकी खुशी काफूर हो गई है। आजाद के करीबी सूत्रों के बकौल, वे विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं और पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री के उम्मीदवार के तौर पर पेश करना चाहेगी। गुलाम नबी आजाद से ऐलान किया है कि वो लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अनंतनाग-राजौरी सीट से उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने उन्हें उम्मीदवार घोषित किया था। उनकी पार्टी से एडवोकेट मोहम्मद सलीम परे अब इस सीट से चुनाव लड़ेंगे। गुलाम नबी आजाद को 2014 में कठुआ-उधमपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के डा जितेंद्र सिंह ने हराया था। इसी सीट से पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती भी चुनावी मैदान में हैं।

■ **आजाद जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं**

पार्टी के प्रोविंशियल प्रेसिडेंट अमीन भट्टा ने बताया कि आज गुलाम नबी आजाद की पार्टी नेताओं से एक दो घंटे बैठक चली। इस बैठक में फैसला लिया गया कि सलीम परे अनंतनाग-राजौरी सीट से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। गुलाम नबी आजाद ने ये फैसला क्यों लिया, इस पर पार्टी नेता ने कहा कि इसके पीछे कुछ वजह हैं।



सभी ने सहमति से सलीम परे को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया।

जम्मू कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों में अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र से गुलाम नबी आजाद के चुनाव लड़ने की तैयारी थी। यह घोषणा डीपीएपी के कोषाध्यक्ष ताज मोहिउद्दीन ने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की थी। लेकिन बुधवार को अचानक उनके चुनाव मैदान में उतरने की खबर से सब हैरान रह गए। उनके द्वारा मैदान में न उतरने की घोषणा पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि गुलाम नबी आजाद हार के डर से चुनाव नहीं लड़ रहे, इस सवाल के जवाब में अमीन भट्ट ने कहा कि ये उमर साहब की बौखलाहट है। आजाद साहब ने महाराष्ट्र में दो बार इलेक्शन जीता है। वो थोड़ी डरेंगे।

आजाद, जो जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं, ने मतदाताओं की प्रतिक्रियाएं जानने के लिए पहले कई सार्वजनिक बैठकें की थीं। उन्होंने कहा था कि बहुत से लोग मुझसे चुनाव लड़ने के लिए कहते रहे हैं। मेरी संसद में रहने की मांग है। लेकिन ऐसी आवाजें भी हैं जो चाहती हैं कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ूं। जानकारी के लिए अभी तक राज्य से मात्र एक बार विधानसभा का चुनाव जीत पाने वाले गुलाम नबी आजाद कई सालों तक राज्यसभा का सदस्य रहे हैं। अपने 47 साल के राजनीतिक कैरियर में उन्होंने राज्य में मात्र तीन बार ही किस्मत आजमाई थी। हालांकि 1977 में पहली बार जमानत जब्त करवाने वाले गुलाम नबी आजाद ने 30 सालों के बाद वोट पाने का रिकार्ड तो बनाया था लेकिन अब सवाल पैदा हो गया था कि कि क्या वे अब कश्मीर से लोकसभा चुनाव में अगर किस्मत आजमाते हैं तो वे जीत सकेंगें या नहीं क्योंकि एक बार 2014 में वे लोकसभा का चुनाव हार चुके हैं।

**लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अनंतनाग-राजौरी सीट से उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने उन्हें उम्मीदवार घोषित किया था। उनकी पार्टी से एडवोकेट मोहम्मद सलीम परे अब इस सीट से चुनाव लड़ेंगे : गुलाम नबी आजाद**

# ईरान क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ाना चाहता : विदेश मंत्री

**तेहरान,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुलहियन का कहना है कि देश क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है। ईरानी विदेश मंत्रालय से जारी बयान के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्री ने मंगलवार को इंडोनेशिया के विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बयान दिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में लेटेस्ट घटनाओं पर चर्चा की, जिसमें इजरायल पर ईरान के बड़े पैमाने पर जवाबी हमले और गाजा पट्टी की स्थिति के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंध भी शामिल थे। विदेश मंत्री अमीर-अब्दुलहियन ने कहा कि ईरान हमेशा क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा। इजरायल क्षेत्र में तनाव और युद्ध का मूल कारण है। विदेश मंत्री ने एक अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के दूतावास के कांसुलर सेक्शन पर इजरायल के कथित हमले की इंडोनेशिया की निंदा की सराहना की और



इजरायली हमले को आक्रामकता का कार्य बताया। विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि इजरायल के खिलाफ ईरान का ड्रोन और मिसाइल हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में था। इंडोनेशियाई विदेश मंत्री ने अपनी ओर से फिलिस्तीनी मुद्दे पर द्विपक्षीय सहयोग जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि गाजा संकट को नहीं भूलना चाहिए और फिलिस्तीनी मुद्दे को जीवित रखना चाहिए।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**बस्तर के अति संवेदनशील केन्द्रों में...**

मतदान दल के लिए कैंप में रुकने सहित मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा आप सभी लोगों ने पूरे मन से मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

इसके साथ ही कलेक्टर ने पूर्व में विधानसभा निर्वाचन और मतदान दल के कर्मियों के रूप निर्वाचन कार्य कर चुके सदस्यों के बारे में जानना चाहा। इसके अलावा वहीं मतदान दलों में पूरे उत्साह और मनोबल देखने को भी मिला। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर हिमाचल साहू,उप जिला निवार्चन अधिकारी अभिषेक तिवारी सहित इलेक्शन सुपरवाइजर अजय नायक एव अन्य निर्वाचन से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।

**संकट** *अपने बेटों की कस्टडी और अपने बेटों के नाम पर कुछ संपत्तियों को लेकर विवाद*

# मैं अपने बेटों के बिना कभी भारत नहीं लौटूंगी : फरजाना

**इस्लामाबाद, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय नागरिक फरजाना बेगम इस समय पाकिस्तान में अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए लड़ रही हैं। फरजाना ने यह कहते हुए अपने मूल देश (भारत) लौटने से इनकार कर दिया है कि पाकिस्तान में उनके बच्चों की जान को खतरा है। मुंबई निवासी फरजाना बेगम ने साल 2015 में अबू धाबी में पाकिस्तानी नागरिक मिर्जा मुबीन इलाही से शादी की थी। बाद में, दंपति 2018 में पाकिस्तान आए। उनके सात और छह साल के दो बेटे हैं।**

फरजाना बेगम का मामला तब सुर्खियों में आया जब उसने कथित तौर पर अपने बेटों की कस्टडी और अपने बेटों के नाम पर कुछ संपत्तियों के विवाद को लेकर अपने पति को प्रताड़ित किया। फरजाना ने अपने पति के इस दावे को खारिज कर दिया कि उसने उसे तलाक दे दिया है। फरजाना ने कहा कि अगर उसने मुझे तलाक दिया है, तो इसका प्रमाण पत्र होना चाहिए। फरजाना ने कहा कि पाकिस्तान में संपत्ति विवाद को लेकर मेरी और मेरे बच्चों की जान खतरे में है। मैं लाहौर के रहमान गार्डन में अपने घर तक ही सीमित हूं और मेरे बच्चे भूख से परेशान हैं। फरजाना ने अपने बेटों के बिना अपने मूल देश जाने से इनकार करते हुए पाकिस्तान सरकार से मामला सुलझने तक सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, लाहौर में कुछ संपत्तियां हैं जो मेरे बेटों के नाम



पर हैं। मेरे और मेरे बच्चों के पासपोर्ट मेरे पति के कब्जे में हैं। फरजाना बेगम, मिर्जा मुबीन इलाही की दूसरी पत्नी हैं। इलाही के पहले से ही एक पाकिस्तानी पत्नी और बच्चे हैं। फरजाना का आरोप है कि वे उसे भारत लौटने और संपत्तियों पर नियंत्रण छीनने के लिए धमकाने और डराने की साजिश रच रहे हैं। फरजाना के वकील मोहसिन अब्बास ने कहा कि मुबीन इलाही झूठी अफवाह फैला रहे हैं कि फरजाना का वीजा समाप्त हो गया है, जबकि उसका पासपोर्ट उसके पास है। फरजाना ने कहा कि मैं अपने बेटों के बिना कभी भारत नहीं लौटूंगी। जहां फरजाना अपने रुख के बारे में मुखर रही हैं, वहीं इलाही शांत हैं और उन्होंने इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। फरजाना ने कहा कि मुझे पता है कि इलाही यह सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया में देरी कर रहे हैं कि मेरा वीजा समाप्त हो जाए और मुझे पाकिस्तान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़े। लेकिन मैं अपने बेटों के बिना नहीं जाऊंगी।

**पाकिस्तान में संपत्ति विवाद को लेकर मेरी और मेरे बच्चों की जान खतरे में है। मैं लाहौर के रहमान गार्डन में अपने घर तक ही सीमित हूं और मेरे बच्चे भूख से परेशान हैं : फरजाना**

## वर्ग पहेली 6528

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | ■ | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाये
१३. निंदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़तापूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. दोष या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य, सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या, कुआंरी कन्या, दुर्गा,
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरुआत
२०. जड़ी-बूटियों या खनिजों आदि से रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो, अधो

### वर्ग पहेली-6527

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | र | २ तं | त्र | ३ ता | ■ | ४ अ | न | ५ दे | खा |
| द | ■ | ज्ञि | ■ | ६ र | खा | व | ■ | वा | ■ |
| ७ या | चि | का | ■ | का | ■ | ८ सा | म | रि | ९ क |
| त्री | ■ | ■ | ■ | १० य | ज | न | ■ | ■ | ष्ट |
| ■ | ११ भ | द्र | १२ ज | न | ■ | ■ | १३ ति | न | का |
| ■ | ज | ■ | त | ■ | १४ मु | श्कि | ल | ■ | र |
| १५ सु | न | १६ सा | न | ■ | नी | ■ | १७ क | १८ न | क |
| रा | ■ | थ | ■ | १९ म | म | २० ता | ■ | जी | ■ |
| २१ सु | र | सा | ■ | न्म | ■ | २२ न | का | र | २३ ना |
| र | ■ | २४ थ | र | थ | रा | ना | ■ | ■ | द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### पाक: बारिश से होने वाली दुर्घटनाओं में 71 की मौत, 67 घायल

**इस्लामाबाद,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश और बिजली गिरने से चार दिनों में 71 लोगों की मौत हो गई और 67 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के एक अधिकारी ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जहां छत गिरने और बिजली गिरने सहित विभिन्न घटनाओं में 32 लोगों की जान चली गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा में मृतकों में 15 बच्चे और पांच महिलाएं हैं, जबकि 41 अन्य घायल हुए हैं और 1,370 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि पूर्वी पंजाब में 23 लोगों की जान चली गई और सात घायल हो गए, दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान में आठ लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। इस अवधि के दौरान पाकिस्तान नियंत्रित कश्मीर में भारी बारिश के कारण कम से कम आठ लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए और 47 घर नष्ट हो गए।

# खेल जगत

## केकेआर के समर्थन में आगे आए शाहरुख खान

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की राजस्थान रॉयल्स से निराशाजनक हार के बावजूद, फ्रेंचाइजी के सह-मालिक शाहरुख खान अपनी टीम के समर्थन में आए और कहा कि यह भगवान की योजना लगती है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में केकेआर सदस्यों और कोच गौतम गंभीर को संबोधित करते हुए, स्टार बॉलीवुड अभिनेता को यह कहते हुए देखा जा सकता है, हम हार के लायक नहीं थे; यह भगवान की योजना लगती है। बाद में उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है और अब टीम के सभी सदस्यों को अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अभिनेता ने अपने भाषण में कहा कि मुख्य बात हम सभी में ऊर्जा है। मुझे लगता है कि हमारे पास मैदान पर बहुत अच्छी ऊर्जा है।



# पटरी पर लौटना चाहेगी मुंबई

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लगातार तीन हार से आगाज करने के बाद अगले लगातार

■ पंजाब के रबाड़ा, अर्शदीप, करेन व हर्षल लेंगे मुंबई के शीर्ष क्रम का इम्तिहान

■ पंजाब के बल्लेबाजों के सामने चतुर बुमराह से पार पाने की चुनौती

दो मैच जीत रोहित शर्मा के अविजित शतक के बावजूद अपने घर में मौजूदा चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) से पिछले मैच में 20 रन से हार राह भटकी मुंबई इंडियंस के सामने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के अहम क्रिकेट मैच मेरु पंजाब किंग्स को उसके घर मुल्लानपुर (मोहाली) के मैदान पर बृहस्पतिवार को हरा जीत की राह पर वापस लौटने की चुनौती है। पंजाब किंग्स ने भी मुंबई की तरह मौजूदा अब तक शुरू के अपने छह मैचों में मात्र दो ही मैच जीते हैं। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच हुए पिछले पांच मैचों में से तीन पंजाब किंग्स ने जीते। वहीं पिछले सीजन में पंजाब के खिलाफ अपने रिटर्न मैच सहित मुंबई इंडियंस ने दो मैच जीते हैं। सूर्य कुमार यादव और इशान किशन के तूफानी अर्द्धशतकों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को उसके घर मोहाली में पिछले सीजन में रिटर्न मैच में 214 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंदों के बाकी रहते छह विकेट से हराया था। सूर्य कुमार और इशान के सहारे मुंबई इंडियंस एक बार फिर पंजाब किंग्स को उसके घर में हरा जीत की राह पर लौटने की पुरजोर कोशिश करेगी।



मुंबई की ताकत उसके लिए पिछले मौजूदा सीजन में उसके लिए अब तक इकलौता शतक जड़ने वाले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, एक -एक अर्द्धशतक जड़ने वाले फिट होकर वापसी करने वाले 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव, इशान किशन और तिलक वर्मा के साथ कप्तान हार्दिक पांडया ,टिम डेविड और रोमारियो शैफर्ड जैसे विस्फोटक बल्लेबाज और मौजूदा सीजन मे रफ्तार के साथ धार दिखां दस विकेट चटका विकेट लेने में दूसरे स्थान पर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नई गेंद से उनके जोड़ीदार दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज जेराल्ड कोइत्जी (9 विकेट) हैं। रोहित शर्मा से मौजूदा सीजन में कप्तानी की कमान संभालने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पांडया अपनी ढीली बल्लेबाजी और गेंदबाजी के साथ दिशाहीन कप्तानी के चलते सुनील गावसकर सहित पूर्व दिग्गजों की आलोचना झेल रहे हैं। अब छह मैचों में एक अर्द्धशतक तक को तरस गए हार्दिक पांडया मात्र तीन विकेट ही चटका पाए हैं।

रबाडा के साथ नई गेंद से उनका साथ निभाने वाले बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह और सैम करेन जैसे पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजों ने यदि पारी के शुरू में मुंबई के कप्तान रोहित, इशान, तिलक और सूर्य कुमार को सस्ते में पैवेलियन लौटा दिया तो फिर वह जरूर बड़े स्कोर को तरस सकती है। पंजाब के रबाडा, अर्शदीप, करेन और हर्षल पटेल बेशक मुंबई के शीर्ष क्रम का इम्तिहान ले सकते हैं।

### पावरप्ले में दिखेगा तेज गेंदबाजों का दम

पिछले कुछ सीजनों से स्कोरिंग रेट में उछाल आया है, इसमें इम्पैक्ट नियम का खासा अहम रोल रहा है जिससे बल्लेबाजों को और खुलकर खेलने का मौक़ा मिला है। मुल्लांपुर में हालांकि तेज गेंदबाजों को नई गेंद से मूवमेंट मिला है और पहले छह ओवरों में यहां पर पूरी लीग की औसत से 2 रन प्रति ओवर कम बने हैं। यह देखना अहम होगा कि इस प्रभाव से पावरप्ले में रन बनाने वाले जॉनी बेयरस्टो, रोहित शर्मा और इशान किशन जैसे बल्लेबाज़ कैसा खेलते हैं। खासकर पंजाब के गेंदबाजों के सामने मेहमान टीम के बल्लेबाज जो दोबारा से घरेलू परिस्थिति का लाभ उठाना चाहेंगे।

## तीरंदाज शीतल देवी ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। पैरा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शीतल देवी ने सक्षम तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने तीरंदाजी कौशल को निखारा।



**पैरा एशियाई खेल**

वह डीडीए यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महिलाओं के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग मीट में बिना हाथ वाली तीरंदाज के रूप में फिर से प्रतिस्पर्धा में थीं। इस साल अगस्त में पेरिस पैरालम्पिक में पदक की प्रबल दावेदार शीतल सब-जूनियर लड़कियों के वर्ग में अंतिम शूट-ऑफ में हरियाणा की एकता रानी से पीछे रहीं। जम्मू की किशोरी 138-140 से हार गई, लेकिन उन्होंने विश्व युवा चैंपियन एकता को जबरदस्त झटका दे दिया। एकता को जहां 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि मिली, वहीं शीतल को 40,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। जम्मू की लड़की शीतल ने कहा कि यह परिणाम मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में और मदद करेगा। ओलंपिक से पहले एक्सपोज़र की बहुत ज़रूरत है। अभिलाषा ने कहा कि हमें एक्सपोजर के लिए विदेश जाना पड़ता है लेकिन हमें वही अनुभव यहां भी मिल रहा है। इस तरह के घरेलू स्तर के टूर्नामेंट इस उद्देश्य में मदद कर रहे हैं। इससे शीतल की ओलंपिक तैयारी में मदद मिल रही है। एकता के लिए, यह निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण अनुभव था। आयरलैंड में तीरंदाजी युवा विश्व चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक विजेता, एकता ने कहा कि मैं पहले शीतल के साथ मुकाबला कर चुकी हूं, इसलिए मुझे उसके खिलाफ मैच का अनुभव था। पिछले दिसंबर में हमारा सामना पटियाला में भी हुआ था। उसके खिलाफ खेलना अच्छा लगता है क्योंकि वह एक बिना हाथ वाली तीरंदाज है और इससे काफी प्रेरणा भी मिलती है। खेलो इंडिया रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर रिकर्व और कंपाउंड में आयोजित किया गया था।

> परिणाम मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में और मदद करेगा : शीतल देवी

## श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के लिए लगा ज़ुर्माना

**कोलकाता,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए दंडित किया गया है। ईडन गार्डन्स में हुए मैच में, केकेआर को 223/6 का विशाल स्कोर बनाने के बावजूद आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स ने 224 रनों का पीछा करते हुए जोस बटलर के नाबाद शतक (60 गेंद पर 107) की बदौलत आईपीएल में सबसे सफल रन-चेज़ के रिकॉर्ड की बराबरी की। इंडियन प्रीमियर लीग के बयान में कहा गया है, चूंकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था, इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हार के बाद, केकेआर छह मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, जबकि आरआर ने सात मैचों में अपनी छठी जीत के बाद शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।



12 लाख का जुर्माना लगाया गया

## टी20 विश्व कप में खेल सकते हैं सुनील नारायण, शतक के बाद दिए संकेत

**कोलकाता,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। क्या घर पर होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए सुनील नारायण संन्यास से वापसी करेंगे? कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ़ शतक लगाने के बाद नारायण ने कम से कम यही संकेत दिए हैं। मैच के बाद नारायण ने कहा कि अभी तो फ़िलहाल मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया हुआ है, लेकिन देखते हैं कि भविष्य में क्या होगा। नारायण ने पिछले साल नवंबर में संन्यास लिया था और कहा था कि वह घर पर बैठकर ही टी20 विश्व कप का आनंद लेंगे। मैच के बाद वेस्टइंडीज़ के टी20 कप्तान और इस मैच में नारायण के विपक्षी खिलाड़ी रोवमन पॉवेल ने भी स्वीकार किया कि वह लगातार नारायण के फ़ैसले को बदलवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 महीनों से मैं लगातार नारायण के कानों में फुसफुसा रहा हूं कि वह संन्यास से वापसी कर लें। हालांकि वह किसी की नहीं सुनते। मैंने इस बारे में कीरोन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो और निकोलस पूरन से भी बात की है। उम्मीद है कि जब तक टीम का चयन होगा, तब तक नारायण और सब लोग मिलकर इस बारे में कोई फ़ैसला ले लेंगे। जीत के बाद पॉवेल ने कहा कि टीम का मनोबल बहुत ऊंचा है। जब मैं खेल भी नहीं रहा होता हूं, तब भी टीम प्रबंधन के लोग मुझसे एक स्पष्ट वार्तालाप रखते हैं। मैंने उनसे कहा है कि मैं वेस्टइंडीज़ के लिए चार या पांच नंबर पर बल्लेबाज़ी करता हूं, इसलिए मुझे ऊपर भी भेजा जा सकता है।



> जब मैं खेल भी नहीं रहा होता हूं तब भी टीम प्रबंधन के लोग मुझसे एक स्पष्ट वार्तालाप रखते हैं : सुनील नारायण

## टी20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन कोच होंगे मुश्ताक अहमद

**ढाका,** 17 अप्रैल (एजेंसियां) पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद आने वाले टी20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाज़ी कोच होंगे।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की कि मुश्ताक़ अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलालाफ़ होने वाली टी20 सीरीज़ से पहले ढाका में लगने वाले कैंप में पहुंचेंगे। मुश्ताक़ ने कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम का स्पिन गेंदबाज़ी कोच चुना जाना सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका का इंतज़ार कर रहा हूं और खिलाड़ियों को अपना सारा अनुभव बांटना चाहता हूं क्योंकि वह सीखने लायक हैं और मुझे हमेशा लगता है कि यह टीम बहुत ख़तरनाक टीम है। वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनमें क्षमता और कौशल है।

## सार संक्षेप

### राफेल नडाल ने बार्सिलोना में विजयी वापसी की

**बार्सिलोना।** पूर्व नंबर एक स्पेन के राफेल नडाल ने बार्सिलोना ओपन में विजयी वापसी की, जहां 12 बार के चैंपियन ने इतालवी फ्लेवियो कोबोली को 6-2, 6-3 से हराया। एटीपी टूर के हवाले से नडाल ने अपनी वापसी के बारे में कहा कि हर बार यह अधिक कठिन होता है और खासकर जब आप अधिक उम्र में होते हैं, तो यह चीजों को और भी कठिन बना देता है। मैं कठिन क्षणों से गुजर रहा हूं लेकिन साथ ही, जब मैं कुछ दिनों के लिए टूर पर रह पाता हूं और लोगों के साथ अभ्यास कर पाता हूं और फिर थोड़ी प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो जाता हूं, तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। फिर भी आगे बढ़ना काफी सुखद है। मैं बिना किसी संदेह के जीत के साथ शुरुआत करके खुश हूं। 37 वर्षीय खिलाड़ी 2022 में अपनी 14वीं रौलां गैरो ट्रॉफी जीतने के बाद अपना पहला क्ले-कोर्ट मैच खेल रहे थे। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार की जीत सतह पर उनकी 475वीं जीत थी।

### मनी राम 9-अंडर 63 के साथ गुड़गांव ओपन के पहले दौर में सबसे आगे

**नूंह (हरियाणा)।** करनाल के मनी राम ने यहां क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में गुड़गांव ओपन के पहले दौर में नौ अंडर 63 के स्कोर के साथ अपना दबदबा बनाया और दो शॉट से बढ़त बना ली। बेंगलुरु के सी मुनियप्पा सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर हैं, जबकि तेज हवा वाले दिन में सूरज और बादल लुकाछिपी खेल रहे थे। बेंगलुरू के एक अन्य गोल्फर एम धर्मा और चंडीगढ़ के राजीव कुमार जातिवाल एक शॉट पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। मनीराम ने कहा कि मैं इससे बेहतर ओपनिंग राउंड की उम्मीद नहीं कर सकता था। यह मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस सीजन में मेरी अच्छी हिटिंग फॉर्म के कारण मेरा आत्मविश्वास आसमान पर है। पटिंग थोड़ी ऊपर-नीचे हुई है, लेकिन छठे होल पर मेरी तीसरी बर्डी के बाद मुझे लगा कि मैं आज वास्तव में नीचे जा सकता हूं, फिर बाकी दिन मेरी योजना के अनुसार चला और इससे मुझे 63 तक पहुंचने में मदद मिली।

## एम्बाप्पे के गोल से पीएसजी चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

**बार्सिलोना,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। किलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन ने एस्टाडी ओलम्पिक लुलिस में एफसी बार्सिलोना पर 4-1 से दूसरे चरण की रोमांचक जीत (कुल मिलाकर 6-4) के बाद यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी घरेलू हार और दो गोल से पिछड़ने के बाद उबर गया क्योंकि एम्बाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया और 4-1 से दूसरे चरण की जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पेरिसियों ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत करते हुए मैच का पहला गोल खा लिया, जब रफिन्हा ने 12वें मिनट में गोल करके स्कोर 1-0 और कुल स्कोर 4-2 कर दिया। रोनाल्ड अराउजो ने लुइस एनरिक और उनकी टीम को पहले हाफ के बीच में जीवनदान दिया। अराउजो को सीधे लाल कार्ड मिला, जिससे बार्सिलोना को मैच के अधिकांश समय में दस खिलाड़ियों के साथ रहना पड़ा। लीग 1 की रिपोर्ट के अनुसार, पीएसजी ने स्थिति का फायदा उठाया और 40वें मिनट में ओस्मान डेम्बेले ने गोल करके मैच को 1-1 से बराबर कर दिया, जिससे कुल स्कोर 4-3 हो गया। दूसरे हाफ में, पीएसजी ने एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने का फायदा उठाते हुए मुकाबले को पलट दिया। वितिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके कुल स्कोर 4-4 कर दिया और लीग 1 टीम ने मैच में 2-1 की बढ़त बना ली। डेम्बेले ने फिर से अपनी पूर्व टीम को परेशान किया क्योंकि 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिसियों के लिए पेनल्टी किक जीती। एम्बाप्पे ने 64वें मिनट में मौके को भुनाकर पीएसजी को मुकाबले में 3-1 की बढ़त और कुल स्कोर पर 5-4 की बढ़त दिला दी।



## एलेजांद्रो सांचेज लोपेज को आई-लीग 2023-24 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियांस) गोकुलम केरल एफसी के एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज ने 22 मैचों में 19 गोल के साथ लीग के शीर्ष स्कोरर के रूप में समाप्त होने के बाद सर्वोच्च स्कोरर और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। हालांकि उनका क्लब, गोकुलम केरल एफसी आई-लीग तालिका में तीसरे स्थान पर रहा, लेकिन स्पैनियार्ड एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज लीग में शीर्ष स्कोरर रहे। आई-लीग का एक और सीज़न समाप्त हो गया है, जिसमें मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपना पहला राष्ट्रीय लीग खिताब जीता है, और इस प्रक्रिया में, इंडियन सुपर लीग में पदोन्नति हासिल की है। जबकि ब्लैक एंड व्हाइट ब्रिगेड का सीज़न समग्र रूप से बहुत अच्छा रहा, कई खिलाड़ियों और टीमों ने खेल के विभिन्न क्षेत्रों में चमक बिखेरी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आई-लीग 2023-24 सीजन में पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा की है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के पदम छेत्री ने कोलकाता की ओर से कुछ शानदार प्रदर्शन किए, जिससे उन्हें सीजन के दौरान विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण अंक अर्जित करने में मदद मिली। उन्हें सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार का विजेता नामित किया गया। इस बीच, उनके साथी मिराजलोल कासिमोव ने मोहम्मडन के हमलों को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्हें सीज़न का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर नामित किया गया। रियल कश्मीर ने अपने 24 मैचों में केवल 19 गोल खाए और उनके कप्तान मुहम्मद हम्माद ने उनके लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम्माद को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए जरनैल सिंह पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। उन्नीस वर्षीय विंगर जिमर निकुम को सीजन के सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है, जिन्होंने इंटर काशी के चौथे स्थान के लिए चार गोल किए । 15 जीत, सात ड्रॉ और केवल दो हार के साथ, मोहम्मडन स्पोर्टिंग के मुख्य कोच एंड्री चेर्निशोव ने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ कोच के लिए सैयद अब्दुल रहीम पुरस्कार अर्जित किया।



केरल एफसी के एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज

## टीम पेरिस ओलंपिक में चमकने के लिए तैयार है : हरमनप्रीत

### ओलंपिक को सौ दिन बाकी और हमारे लिए अब हरदिन मायने रखता है और हर अभ्यास

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में अब बस सौ दिन बाकी हैं और इसमें इतिहास में सबसे ज्यादा आठ बार स्वर्ण और पिछले टोक्यो ओलंपिक में चार दशक के बाद कांसे के रूप में अपना पहला पदक जीतने वाली एफआईएच रैंकिंग में दुनिया मे फिलहाल चौथे नंबर काबिज भारतीय पुरुष हॉकी टीम की निगाहें इसका रंग बेहतर कर इस बार स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं।

■ हम ओलंपिक के लिए पूरी तरह फोकस और इसमें अपनी चमक दिखाने को बेताब

भारत की पुरुष हॉकी टीम अभी हाल ही में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से पांच टेस्ट मैचों की हॉकी सीरीज 0-5 से हार कर स्वदेश लौटी है। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम अभी हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के बेहद संघर्षपूर्ण दौरे से लौटे हैं और छोटी ब्रेक के बाद फिर अपनी ट्रेनिंग में जुट जाएंगे। पेरिस ओलंपिक के शुरू में अब महज सौ दिन बाकी हें और हमारी भारतीय टीम में इसमें शिरकत करने को ले रोमांच बढ़ रहा है। ओलंपिक में इसमें स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के मकसद को पाने के लिए हमारी टीम कदमताल कर आगे बढ़ रही है।हमारे चीफ कोच क्रेग फुल्टन हमारे साप्ताहिक कार्यक्रम में ओलंपिक खेलों के लिए उलटी गिनती के साथ ट्रैक पर रखते हैं। ओलंपिक को सौ दिन बाकी हैं और अब हमारे लिए हर दिन मायने रखता है और हर अभ्यास। कुल मिलाकर हम ओलंपिक के लिए पूरी तरह फोकस और इसमें अपनी चमक दिखाने को बेताब हैं।' भारत के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की हॉकी सीरीज से हमे यह मालूम पड़ गया कि हमें कहां क्या सुधार की जरूरत है। अब हम शिविर में लौटने पर पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले अपनी बाकी खामियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। अब हम ओलंपिक से बाकी बचे सौ दिन में अपना सर्वश्रेष्ठ दे हमारा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रयास सफल हो।' ओलंपिक में अपनी स्वर्ण जीतने की हसरत को हकीकत में बदलने के लिए भारत को सबसे पहले अपने पूल बी में पेरिस में इस बार मौजूदा चैंपियन और एफआईएच रैंकिंग में दुनिया की दूसरे की टीम बेल्जियम, दुनिया की तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया, दुनिया की सातवें नंबर की टीम अर्जेंटीना, दुनिया की दसवें नंबर की टीम न्यूजीलैंड और दुनिया की 12 वें आयरलैंड की चुनौती से पार शीर्ष दो स्थान क्वॉर्टर फाइनल में स्थान पाना होगा।





## भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी ने मोंटे-कार्लो मास्टर्स चैंपियन को हराया

**म्यूनिख,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। युकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी साथी अल्बानो ओलिवेटी ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट सैंडर गिले और जोरान व्लिगेन को बीएमडब्ल्यू ओपन के शुरुआती दौर में बुधवार को यहां 4-6, 7-6, 10-6 से हरा दिया। पहला सेट हारने के बाद, इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने अगले दो सेटों में वापसी की और पिछले हफ्ते मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतने वाले गिले और व्लिगेन को हराया। भांबरी-ओलिवेट्टी माराकेच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां वे दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर और अलेक्जेंडर एर्लर से हार गए। वर्तमान में एटीपी रैंकिंग में 59वें स्थान पर हैं। भांबरी ने युगल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जनवरी में पुरुष एकल छोड़ दिया। इस बीच, रुतुजा भोसले चीनी महिला एकल डब्लू50 शेनझेन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, जो एक हार्ड-कोर्ट इवेंट हैं।



बीएमडब्ल्यू ओपन

### सुडोकू 6528 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 7 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 2 | 1 | 8 |

# [अर्थ जगत]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 1.24 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.22 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.16 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| विप्रो | 2.70 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.09 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## 2024 में आर्थिक व व्यापार में गिरावट से विकास होगा प्रभावित : अंकटाड

### इस वर्ष वैश्विक विकास 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

**जिनेवा**, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड) ने गिरते निवेश और कमजोर वैश्विक व्यापार का हवाला देते हुए 2024 में विकास में और गिरावट आने की चेतावनी देते हुए कहा है कि इस वर्ष वैश्विक विकास 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वर्ष 2023 में यह 2.7 प्रतिशत रहा है।

अंकटाड ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि ब्याज दरों में कटौती की संभावना से सरकारों और व्यवसायों के लिए राजकोषीय दृष्टिकोण में सुधार हो सकता है, लेकिन मौद्रिक नीति अकेले सभी गंभीर वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकती है। निवेश और व्यापार को पुनर्जीवित करने, पूर्ण रोजगार का समर्थन करने और उचित आय वितरण की रणनीतियां मजबूत विकास और एसडीजी को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुए वैश्विक विकास को गति देने के लिए सशक्त बहुपक्षीय पहल और एक संतुलित नीति का मिश्रण बनाने की अपील की और कहा कि वैश्विक नीति समन्वय वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। बदलते व्यापार पैटर्न, बढ़ता कर्ज और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती लागत, ये सभी विकासशील देशों को असंगत




■ अकेले मौद्रिक नीति वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती

ब्याज दरों में कटौती की संभावना से सरकारों व व्यवसायों के लिए राजकोषीय दृष्टिकोण में सुधार हो सकता है : अंकटाड

रूप से प्रभावित करते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में कम ब्याज दरों के लिए बाजार की उम्मीदें दुनिया भर में निजी और सार्वजनिक बजट पर दबाव को कम करने की उम्मीद जगाती हैं। हालांकि, अकेले मौद्रिक नीति प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती है। रिपोर्ट में वित्तीय स्थिरता हासिल करने, नौकरियां पैदा करने और आय वितरण में सुधार के लिए राजकोषीय, मौद्रिक, मांग-पक्ष और निवेश बढ़ाने के उपायों के संतुलित नीति मिश्रण के साथ-साथ ठोस बहुपक्षीय पहल की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार और बाजार एकाग्रता की विषमताओं को दूर करने के लिए समन्वित बहुपक्षीय प्रयासों का आह्वान करते हैं। उधार लेने वाले देशों को सतत विकास लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए अधिक वित्तीय लचीलेपन की आवश्यकता है। इसे केवल वैश्विक वित्तीय सुरक्षा जाल के समावेशी और वैश्विक सुधार के माध्यम से ही हासिल किया जा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वास्तविक मज़दूरी अभी भी महामारी पूर्व के स्तर से नीचे है। अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति से निपटने के लिए 2022 की शुरुआत से आक्रामक रूप से ब्याज दरें बढ़ा दी।

### *चालू वर्ष में भारत की विकास दर रहेगी 6.5 प्रतिशत : अंकटाड*

***नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (अंकटाड) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि चालू वर्ष में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वर्ष 2023 में विकास दर 6.7 प्रतिशत रही है। अंकटाड ने जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि मजबूत सार्वजनिक निवेश से वर्ष 2023 में भारत में विकास को बल मिला और सेवा क्षेत्र में मजबूत स्थानीय मांग के साथ ही उपभोक्ता सेवाएं और ठोस बाहरी मांग से भी विकास को गति मिली। उसने कहा कि वर्ष 2024 में भी इनको जारी रहने की उम्मीद है और इससे विकास को गति मिलेगी। उसने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विस्तार की प्रवृत्ति बढ़ रही है। भारत में उनकी विनिर्माण प्रक्रियाएं अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के प्रयास से भी भारतीयों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।*

## मस्क के स्टारलिंक को जल्द मिल सकती है भारत सरकार की मंजूरी




**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। एलन मस्क की भारत यात्रा से पहले टेक अरबपति की उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को कथित तौर पर संचार मंत्रालय से अस्थायी मंजूरी मिल गई है। रिपोर्टों के मुताबिक, अनुमोदन प्रक्रिया इस समय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव के डेस्क पर है और कुछ सुरक्षा मुद्दों पर गृह मंत्रालय से अंतिम मंजूरी का इंतजार है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि विदेशी निवेश और निवल मूल्य (नेट वर्थ) जैसे मुद्दों पर कॉमर्शियल पार्ट की जांच की गई है और लाइसेंसिंग शर्तों के अनुसार तकनीकी जरूरतों की जांच की गई है। स्टारलिंक को वैष्णव से मंजूरी मिल जाने पर उसे सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) सेवाओं द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन लाइसेंस जारी किया जाएगा, जो देश में सैटेलाइट संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए जरूरी है।

मस्क ने पहले भी भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने का प्रयास किया था। नवीनतम प्रयास नवंबर 2022 में किया गया था, जब स्टारलिंक ने जीएमपीसीएस लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। हालांकि, उचित लाइसेंस के बिना पूर्व-आदेशों पर सरकार के साथ असहमति के कारण देश में नियोजित उपग्रह संचार सेवा परीक्षणों को रद्द कर दिया गया। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में दूरसंचार विधेयक 2023 पारित किया था।

## रिलायंस फाउंडेशन का 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' पर सम्मेलन आयोजित

**मुंबई,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। रिलायंस फाउंडेशन ने मुंबई में 'बिल्डिंग फ्लोरिशिंग फ्यूचर्स' नाम से आयजित दो दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के 200 से अधिक विशेषज्ञों ने 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' क्षेत्र से जुड़े, देश-विदेश के इन विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने 'खेल-आधारित शिक्षा' पर अपने अनुभव साझा किए। रिलायंस फाउंडेशन ने बुधवार को यह विज्ञप्ति जारी की। यह सम्मेलन मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल (डीएआईएस) में आयोजित किया गया था। इस दो दिवसीय सम्मेलन में माता-पिता, शिक्षकों और समुदायों के विकास के लिए नई कार्यशैलियों



■ सम्मेलन में माता-पिता, शिक्षकों व समुदायों के विकास के लिए की चर्चा

और दृष्टिकोणों पर विस्तृत चर्चा की गई। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' को लोकप्रिय बनाने और जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी दिशा में वक्ताओं और प्रतिभागियों के लिए 10 मास्टरक्लास, 15 इंटरैक्टिव लर्निंग स्टेशन और 30 स्पीकर सत्रों का आयोजन किया गया।

## सैमसंग का भारत में एआई टीवी कारोबार से 10 हजार करोड़ रुपए का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। सैमसंग ने बुधवार को कहा कि उसने भारत में अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य रखा है।

कंपनी ने कहा कि सैमसंग ने साल 2023 को 21 फीसदी वॉल्यूम मार्केट शेयर के साथ समाप्त किया और इस साल वह एआई टीवी के लॉन्च के साथ अपनी मौजूदगी और मजबूत करना चाहता है। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा कि टेलीविज़न आधुनिक जीवन के केंद्र बिंदु के रूप में उभरे हैं। ये टेक्नोलॉजी और जीवनशैली को सहजता से एक दूसरे के साथ जोड़ रहे हैं। भारत में बड़ी




■ भारत में धीमा रहा है टेलीविजन का बाजार

■ सैमसंग 2024 में टीवी व्यवसाय को लेकर आशावादी

स्क्रीन साइज की बढ़ती मांग उपभोक्ताओं की प्रीमियम टीवी के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाती है। हम ऐसे एआई टीवी लॉन्च कर रहे हैं जिन्हें ऑडियो और विजुअल के नए मानक स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई के पावर से चलने वाले 8 के नियो क्यूएलईडी, 4के नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी टीवी की हमारी नई रेंज के लॉन्च के साथ हमें विश्वास है कि भारत के बाजार में हमारी लीडरशिप पोजीशन और मजबूत होगी।'' भारत में टेलीविज़न बाज़ार धीमा रहा है, काउंटरप्वाइंट रिसर्च ने पिछले साल शिपमेंट में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। हालांकि, सैमसंग एमजेड उपभोक्ताओं की ओर से प्रीमियम टीवी की बढ़ती मांग को देखते हुए 2024 में टीवी व्यवसाय को लेकर आशावादी है। विश्लेषकों के अनुसार, देश में किसी भी टीवी ब्रांड ने पहले 10,000 करोड़ रुपए के राजस्व का आंकड़ा हासिल नहीं किया है।

### सार संक्षेप

#### आईआईएफएल फाइनेंस का शेयर निर्गम 30 से

**नई दिल्ली।** आईआईएफएल फाइनेंस ने वर्तमान शेयरधारकों के लिए करीब 1272 करोड़ रुपए का राइट्स शेयर निर्गम लाने की बुधवार को घोषणा की। यह निर्गम 30 अप्रैल से 15 मई तक खुला रहेगा। कंपनी ने मुंबई शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की आज हुई बैठक में यह निर्णय किया गया। इस सूचना के अनुसार इस निर्गम में कंपनी वर्तमान शेयरधारकों को दो रुपए अंकित मूल्य के कुल 4,23,94,270 इक्विटी शेयर प्रस्तुत करेगी। पूरी तरह से भुगतान के आधार पर ये शेयर 300 रुपए प्रति शेयर की दर से (298 रुपए प्रीमियम पर) जारी किए जाएंगे। इस निर्गम से कंपनी को कुल 1271.83 करोड़ रुपए की पूंजी मिलने की उम्मीद है। इस निर्गम के लिए रिकार्ड की तिथि 23 अप्रैल, 2024 रखी गई है। इस निर्गम से पहले कंपनी के पूरी तरह से चुकता मूल्य के 38,15,48,435 शेयर हैं। राइट्स शेयरों के पूरी तरह बिक जाने पर ऐसे कुल शेयरों की संख्या 42,39,42,705 हो जाएगी। कंपनी का शेयर मंगलवार को 1.9 प्रतिशत गिरकर 423 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ था।

#### रामनवमी पर शेयर व मुद्रा बाजार बंद

**मुंबई।** रामनवमी के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब गुरुवार से सामान्य कामकाज होगा।



#### रॉब वालेस बने ईईटी हाइड्रोजन पावर के सीईओ

**लंदन।** ईईटी फ्यूल्स ने यूके के स्टैनलो में अपनी रिफाइनरी में प्रस्तावित हाइड्रोजन-रेडी संयुक्त ताप एवं बिजली संयंत्र (सीएचपी), ईईटी हाइड्रोजन पावर, के सीईओ के रूप में रॉब वालेस की नियुक्ति की घोषणा की है। वालेस ने शेल और सेंट्रिका जैसी कंपनियों के साथ महत्वपूर्ण अनुभव के साथ, ऊर्जा और उपयोगिता उद्योग में 25 साल काम किया है। वह इससे पहले आयरिश बिजली कंपनी ईएसबी में थे। वह उसके कैरिंगटन पावर स्टेशन में संपत्ति और संयंत्र कमीशनिंग, व्यावसायीकरण और सभी स्तरों पर प्रक्रियाओं की स्थापना की देखरेख कर रहे थे। बाद में, उन्होंने ईएसबी की नेट जीरो 2040 रणनीति के लिए ईएसबी की एसेट डेवलपमेंट टीम में हाइड्रोजन मैनेजर के रूप में एक नव-निर्मित भूमिका की जिम्मेदारी उठाई। ईईटी हाइड्रोजन पावर के सीईओ के रूप में, वालेस ईईटी के सीएचपी प्लांट के निर्माण और प्रबंधन की देखरेख करेंगे - जो उत्तर पश्चिम ब्रिटेन में एक ऊर्जा संक्रमण केंद्र बनाने की ईईटी की समग्र महत्वाकांक्षा का अभिन्न अंग है।

## डीएस ग्रुप का कैच स्पाइसेस 1000 करोड़ रुपए क्लब में शामिल

**नई दिल्ली**, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाला प्रमुख एफएमसीजी समूह धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) का एक मुख्य ब्रांड कैच स्पाइसेस ने पैकेज्ड मसाला उद्योग में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए 1000 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल होने की घोषणा की है।

**गुणवत्ता व विश्वसनीयता का पर्याय बन गया है कैच स्पाइसेज**

कंपनी ने आज यहां कहा कि पिछले 2 सालों में 24 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर हासिल करने के बाद, कैच स्पाइसेस अपनी विकास संभावनाओं के बारे में आशावादी बना हुआ है। एक रणनीतिक दृष्टि के साथ, इसका लक्ष्य आगामी पांच वर्षों में 30 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) का लक्ष्य रखते हुए अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। अपनी आक्रामक विस्तार योजनाओं को गति देते हुए, मॉडर्न-फॉर्मेट स्टोरों और क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म सहित ई-कॉमर्स के माध्यम से, कैच स्पाइसेज ने कई नए उत्पादों के साथ पेस्ट, गोरमेट ग्रेवी, ग्राइंडर, जड़ी-बूटियों और पिंक रॉक साल्ट में एंटरप्राइज करके अपने पोर्टफोलियो में विविध बनाया है और कई पर कार्य जारी है। इसमें डिजिटल-फर्स्ट उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करके उत्पादों की पहुंच और वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ उत्पादों की प्रस्तुतियों और स्थानीय स्वाद को ध्यान में रखते हुए उनका क्षेत्रीयकरण का काम भी शामिल है। कैच स्पाइसेज विभिन्न उत्पादों के साथ भारतीय रसोई क्षेत्र पर हावी होने के लिए महत्वाकांक्षी रूप से रणनीति बना रहा है।



स्वाद की समझ ने हमारे उत्पादों को परिष्कृत करने और निरंतर सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है : राजीव कुमार

डीएस ग्रुप के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमारी उत्कृष्टता की अविरत प्रतिष्ठा और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण ने कैच स्पाइसेज को 1000 करोड़ रुपये का ब्रांड बनने का महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल करने में सक्षम बनाया। आज, कैच स्पाइसेज गुणवत्ता और विश्वसनीयता का पर्याय बन गया है। उपभोक्ताओं के विविध और विकसित होते स्वाद की हमारी सहज समझ ने हमारे उत्पादों को परिष्कृत करने और निरंतर सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि कैच ब्रांड को डीएस ग्रुप द्वारा 1987 में एक क्रांतिकारी टेबल-टॉप साल्ट स्प्रिंकलर के लॉन्च के साथ पेश किया गया था और तब से यह ब्रांड खाना पकाने के सार को समाहित करने के लिए विकसित हुआ है, जिसमें खड़े मसालों से लेकर असंख्य मिश्रण और पेस्ट शामिल हैं। कैच अब नौ वर्गों में अधिकतम विविधता वाले उत्पादों को शामिल करते हुए बढ़ गया है, जिसमें 125 से अधिक वैरिएंट्स और 300 एसक्यू शामिल हैं। आज, कैच उत्पादों को देशभर में 1500 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटरों के माध्यम से 7 लाख से अधिक रिटेल स्टोर में उपलब्ध है। कैच नमक और मसाले भारत में 2 करोड़ घरों तक पहुंचते हैं। बदलती उपभोक्ता खरीदारी व्यवहार के साथ, कैच स्पाइसेज ने आधुनिक व्यापार, ई-कॉमर्स सहित त्वरित वाणिज्य में बदलते प्रवृत्तियों पर गहरा अध्ययन किया और इसका लाभ उठाया है। इन प्लेटफॉर्मों का उपयोग करके, कंपनी ने उद्योग मानकों को पार करते हुए अपेक्षाकृत वृद्धि और असाधारण प्रदर्शन किया है।

कुमार ने कहा कि कैच स्पाइसेस ने हमेशा उपभोक्ता व्यवहार और बाजार के रुझानों की जानकारी हासिल करने के लिए प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है। क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा और कमोडिटी दर में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, ब्रांड लचीला और चुस्त बना हुआ है।

नवीनतम उद्योग अनुमानों के अनुसार, भारत में पैकेज्ड मसाला उद्योग पहले स्थान पर था। 2023 में 18 प्रतिशत की वृद्धि और 4 प्रतिशत की आंशिक वृद्धि के साथ लगभग 34,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जबकि कैच स्पाइसेस ने इसी अवधि में 23 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ इस प्रवृत्ति से बेहतर प्रदर्शन किया और आंशिक वृद्धि उद्योग की तुलना में दोगुनी से अधिक थी।

## महिला उद्यमियों पर ब्रिक्स सीसीआई वी की रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली**, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई वी ने न्यू एरा ऑफ ब्रिक्स-होरिजन्स इन टेक एंड बिजनेस फॉर वुमेन एंपावरमेंट शीर्षक से एक विशेष रिपोर्ट जारी की है जिसमें मौजूदा लिंग भेद और बाधाओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत पर बल दिया गया है। रिपोर्ट में महिला उद्यमियों के लिए लक्षित सहयोग जैसी पहल की वकालत भी की गई है साथ ही यह विविधता एवं समावेशिता को बढ़ावा देने और महिलाओं के बीच स्टेम शिक्षा को प्रोत्साहन देने पर भी जोर दिया गया है। सामूहिक प्रयासों और लक्षित पहल के जरिए ब्रिक्स देशों ने लिंग समानता बढ़ाने और समावेशी आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहन देने का लक्ष्य रखा है।

**रिपोर्ट में लिंग भेद व बाधाओं से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल**

यह रिपोर्ट शीएटवर्क और नॉलेज पार्टनर के तौर पर टेकआर्क के सहयोग से तैयार की गई है। इस मौके पर रूबी सिन्हा ने कहा कि जैसा कि सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं द्वारा टेक्नोलॉजी एवं उद्यमशीलता में की गई प्रगति का जश्न हम मना रहे हैं, यह रिपोर्ट प्रगति का एक प्रमाण होने के साथ ही कार्रवाई का आह्वान भी करती है। ब्रिक्स गठबंधन में नए सदस्यों के शामिल होने और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व होने के साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि हम टेक्नोलॉजी और कारोबार के क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल को प्राथमिकता दें।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 56 रिंगिट गिरकर 4158 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.13 सेंट की की गिरावट के साथ 44.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन



बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## अंबुजा में अडानी की हिस्सेदारी हुई 70.3 प्रतिशत

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। अडानी समूह की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड में अडानी परिवार ने 8,339 करोड़ रुपए का निवेश करके अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर 70.3 प्रतिशत करने की आज घोषणा की।

कंपनी ने कहा कि कुल 20,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। अडानी परिवार ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ाकर 70.3 प्रतिशत कर ली है। उसने कहा कि यह रणनीतिक कदम पोर्टफोलियो कंपनियों के लिए मजबूत पूंजी प्रबंधन दर्शन की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और नवीनतम निवेश भविष्य की संभावनाओं और सीमेंट वर्टिकल की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए अडानी परिवार की प्रतिबद्धता की गवाही देता है। अतिरिक्त निवेश कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा, जिससे उसे अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और बाजार में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए उन्नत क्षमताएं मिलेंगी।

सीमेंट वर्टिकल द्वारा 2028 तक 14 करोड़ टन प्रति वर्ष की क्षमता को पूरा करने के लिए धनराशि




■ कंपनी ने कहा कि कुल 20,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया

महत्वपूर्ण होगी। यह परिचालन प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए पूंजीगत व्यय को कम करने के साथ-साथ संसाधनों, आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता लाने सहित विभिन्न रणनीतिक पहलों को भी सक्षम करेगा। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास से प्रेरित क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से नवाचार और उत्पाद वृद्धि को भी बढ़ावा देगा। अजय कपूर ने कहा कि हम अंबुजा में अडानी परिवार के 20,000 करोड़ रुपए के निवेश के पूरा होने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।

### *ओला एस1एक्स की शुरूआती कीमत 69999 रुपए*

***नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने भारतीय ईलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में आम आदमी तक पहुंचने के उद्देश्य से एस1एक्स पोर्टफोलियो (2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा, और 4 किलोवॉट घंटा) के लिए नई कीमतों की घोषणा की, जो 69,999 रुपए (2 किलोवॉट घंटा के लिए आमंत्रण मूल्य) से शुरू होंगी। कंपनी ने कहा कि एस1एक्स की डिलिवरी पूरे भारत में अगले सप्ताह से शुरू होंगी। एस1प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स प्लस क्रमश: 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये, और 84,999 रुपये में उपलब्ध होंगे। एस1 की संपूर्ण श्रृंखला पर 8 साल या 80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के मिलेगी। ओला ने ढाई सालों से कम समय में ही 500,000 से ज्यादा वाहनों का रजिस्ट्रेशन होने की उपलब्धि हासिल कर ली।*

# बाबा साहेब के 133वीं जयंती पर शोभायात्रा व खेलकूद स्पर्धा का आयोजन

**महासमुंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत रत्न बोधिसत्व डॉण् बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर जी की 133वीं जयंती समारोह का आयोजन भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाई बुद्ध विहार में भारतीय बौद्ध महासभा सौ कां रमाबाई आम्बेडकर बौद्ध महिला मंडलए भीम युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में गरिमामयी रुप से आयोजित किया गया। जिला स्तरीय आम्बेडकर जयंती समारोह के मुख्य अतिथि आदित्य बोधी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समता सैनिक दल, अध्यक्षता शंकर नंदेश्वर जिलाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, विशेष अतिथि पीजी बंसोड़ संरक्षक संजय वासनिक संरक्षक, तुलेन्द्र सागर अजाक्स जिला सचिव, डॉण् एन केण् मंडपे , प्रमुख सलाहकारए बीआर घोड़ेसवार, सतीश उके, दिलीप मोटघरे, श्रीमती रीना वासनिक महिला सौ कां रमाबाई आम्बेडकर बौद्ध महिला मंडल जिलाध्यक्ष एवं आम्बेडकर अनुयायी गण की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया । प्रातरू 8 बजे आम्बेडकर चौक पर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात



नयापारा में स्थित आम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। बाद भदंत आर्य नागुर्जन सुरई ससाई बुद्ध विहार में विधिवत बुद्ध वंदना किया गया ।शाम 5 बजे नयापारा आम्बेडकर प्रतिमा के पास से भव्य शोभायात्रा भीम गीतों के साथ निकला। विभिन्न चौक चौराहों से होकर बुद्ध विहार के पास स्थित बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर चौक पर समापन हुआ ।जिसमें बड़ी संख्या में आम्बेडकर उपस्थित रहे । शाम 7 बजे अतिथि गणों की उपस्थिति में जिला स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया । अतिथियों ने बाबा साहब अंबेडकर के किए कार्यों का बखान करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के लिए अनेक महत्वपूर्ण योगदान देते हुए संविधान में आरक्षण का प्रधान रख दलितों के लिए उन्नति का मार्ग प्रशस्त किया। पश्चात सौण्काण् रमा बाई आम्बेडकर बौद्ध महिला मंडल द्वारा आयोजित विभिन्न खेलकूद 200 मीटर दौड़ वर्ग की 11 से 15 से 6 से 11 आलू दौड़ बालक बालिका कुर्सी दौड़ए फुगड़ीए रंगोली प्रतियोगिता महापुरुषों पर आधारित पेंटिंग कुर्सी दौड़ महिला के प्रतिभागियों को अतिथि गणों के द्वारा सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया ।साथ ही सेवानिवृत्त अरविंद गलपांडे और सफल उद्यमी सुखश्याम बंसोड को सम्मानित किया गया । समाज में उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने के लिये सम्मानित बीपी मेश्राम, भाऊलाल बेलेकर, बीआर घोड़ेसवार, राजेश आर भालेराव, दिलीप मोटघरे, सुजाता रामटेके, संजय रामटेके, अमित उके, कुणाल रंगारी,रतन कामड़े, सतीश उके, रीना वासनिक देवेन्द्र मेश्राम,आकाश डोंगरे, गुणवतंता नागदेवे, राजेश रामा भालेराव, अनिल सहारे आदि को किया गया । बास्केट बाल में गोल्ड मेडल प्राप्त दिव्या विनोद रंगारी,योजना विनोद रंगारी बास्कटे बाल नेशनल खिलाड़ी को सम्मानित किया गया ।

# भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा : अमरजीत

**महासमुंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री एमहासमुंद लोकसभा के प्रभारी और पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत चावला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 2024 के 76 पेज के संकल्प पत्र में ना देश में बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की कोई बात कही गयी, ना ही 45 साल के रिकॉर्ड तोड़ विकराल बेरोजगारी से निपटने की कोई बात की और ना ही सड़कों में



आंदोलन कर रहे अन्नदाता किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी की बात और ना ही किसानों के कर्जमाफी की बात की गयी और ना ही देश की 50 प्रतिशत आबादी महिला के हितों की कोई बात कही गयी और ना ही शोषित और वंचित वर्ग को उनके अधिकार देने की बात कही गयी है। अमरजीत चावला ने कहा कि 30 मार्च को भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र समिति का गठन किया गया और मात्र 13 दिनों में आनन.फानन में मेनिफेस्टो घोषित कर दिया गया। भाजपा के इस पूरे संकल्प पत्र में आम जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं। भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र का पिटारा पूरी तरह खाली है, जबकि कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत न्याय यात्रा के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों, हर समुदाय और हर वर्ग से चर्चा के बाद उनकी समस्याओं, जरूरतों और उनकी मांगों के अनुसार कांग्रेस का न्याय पत्र बनाया गया। जिसमें किसान, युवा, महिला, श्रमिक एवं शोषण व वंचित वर्ग के हितों और न्याय का पूरा ध्यान रखा गया है। लोकसभा प्रभारी और पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत चावला ने कहा कि भाजपा का यह मोदी गारंटी पत्र सिर्फ और सिर्फ छल झूठ का पुलिंदा और जुमलेबाजी से बढ़कर कुछ नहीं पहले भी दो बार भारतीय जनता पार्टी ने 2014 और 2019 में अपने घोषणा पत्र के नाम पर बड़े.बड़े वादे और दावे किये, परन्तु 75 प्रतिशत से भी ज्यादा वादों को केंद्र की मोदी सरकार इन 10 सालों में पूरा नहीं कर पाई। श्री चावला ने कहा कि काठ की हांडी बार.बार नहीं चढ़ती, 2047 तक विकसित भारत का दावा और जुमलेबाजी करके देश की आम जनता को फिर से ठगने वाली केंद्र की मोदी सरकार को आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में 4 जून को देश की आम जनता पूरी तरह विदा करके संविधान और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में अपनी अहम् भूमिका निभायेगी।

# भाजपा के घोषणा पत्र में जनता के लिए कुछ नहीं, केवल जुमलेबाजी : विनोद

**महासमुंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी होने पर पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि बीजेपी 10 सालों से सत्ता में है, पहले वो अपने पिछले घोषणा पत्र की समीक्षा करके जनता को यह बताएं कि कितने वादों को पूरा किया है। उसके बाद नए घोषणा पत्र पर बात करें। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र में सिर्फ



जुमलेबाजी है, इसमें आम जनता के लिए कुछ भी नहीं। उन्होंने कहा कि पिछले घोषणा पत्र में भाजपा ने 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने की बात कही थी, किसानों की आय दुगनी करने की बात कही थी, भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का वायदा किया था जो सिर्फजुमलेबाजी साबित हुआ। देश के विभिन्न कोनों में बेरोजगार युवाओं ने प्रदर्शन और आंदोलन किया। लेकिन, इन सब की आवाज को दबा दिया गया। आज जिसकी भी आवाज को दबाया जा रहा है, कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में उन सब की आवाज को उठाया है। कांग्रेस की सरकार आने पर सबको लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने का अधिकार दिया जाएगा। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र पूरी तरीके से झूठ पर आधारित है। इसमें कहीं भी महिलाओं को ना सम्मान दिया गया है और ना ही किसी प्रकार की आर्थिक सहायता दी जा रही है। घोषणा पत्र में किसानों की मांग को पूरी तरह नजर अंदाज किया गया है। जिससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार को किसानों से कोई वास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में महिलाओं को एक लाख प्रति वर्ष देने का वादा किया गया है। 30 लाख युवाओं को रोज़गार दिया जाएगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है। सबको विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है।

# भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है : देवलाल ठाकुर

**बालोद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 के इस विषय में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता देवलाल ठाकुर व बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने भाजपा कार्यालय बालोद मे प्रेस वार्ता ली। भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह संकल्प पत्र 76 पन्नों का है घोषणा पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले है इसमे नमो एप के माध्यम से चार लाख और वीडी वीडियो से 10 लाख सुझाव प्राप्त हुए है। इसमे 10 सोशल ग्रुप में गरीब, युवा, मध्यम वर्ग, मछुवारे, वंचित वर्ग, सीनियर सटीजन, पिछड़े एवं कमजोर तमके लोग शामिल है। उन्होंने कहा कि समृद्ध भारत और समग्र भारत बनाने का जो संकल्प मोदी जी ने लिया है उसे हम जनमानस के पास ले जाएंगे

उन्होंने इसकी विशेषताओं के संबंध में कहा कि मोदी की गाँरटी यानी गारंटी के पूरे होने की गारंटी है भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे



पेश किए जाने वाला यह संकल्प पत्र विकसीत भारत की ओर लंबी छलांग लगाने वाला है। उनके द्वारा जनता को किए गए वादे पर जनता को पूरा विश्वास है कि ये वादे पूरे होंगें। मोदी जी का यह संकल्प पत्र गरीब, किसान, मजदूर, युवा सभी वर्गों की भलाई के लिए है। गरीबो को मुफ्त राशन, युवा को रोजगार, महिलाओ के लिए लखपती दीदी योजना जैसे उनके स्वास्थ की सुविधा को बेहतर बनाने चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देशहित मे बड़े और कड़े निर्णय लेने से कभी पीछे नहीं हटती है। हमारे दल से बड़ा देश है। हमारी सरकार ने धारा 370 हटाया और हम सी ए ए लेकर आए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी को सख्ती से पालन करेंगे वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेंगे।

स्वतंत्र भारत विकसीत भारत बनाने का जो संकल्प मोदी जी लिए है उसे वे पूरा करने में जुटे हुए है उन्होने आम जनमानस से अपील की है कि मोदी की गारंटी को पूर्ण करने मे भाजपा को पूर्ण बहुमत से विजयी दिलाने मे हमारे लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग को अपना बहुमूल्य वोट दे। जिला भाजनपा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि मोदी के नेतृत्व मे जो विकास हुआ है और लोगो को लाभ मिला है उसको देखते हुए जनता में उत्साह देखा जा रहा है। पूरे प्रदेश की 11 सीटों को भाजना प्रत्याशी को जिताने के लिए जनता उत्साहित है। और अब की बार चार सौ पार का नारा पूरा होने वाला है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय से किसाने को 3100 रूपये में धान की खरीदी कर 900 रूपये अतिरिक्त बोनस की राशि दी है जिससे किसानों को फायदा हुआ है।

# तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं आदर्श विवाह 20 व 21 अप्रैल को हीरापुर में

**बालोद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव एवं आदर्श विवाह 20 एवं 21 अप्रैल को ग्राम हीरापुर में आयाजित है। जंहा बालोद तहसील साहू संघ के तत्वाधान में 11 जोडे वर वधू का शादी विवाह का कार्यक्रम संपन्न होना है जिसके लिए तहसील साहू संघ बालोद के समस्त पदाधिकारियों द्वारा वृहद रूप से कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बालोद तहसील साहू संघ के अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने एक भेंट में बताया कि बालोद जिले के 11 वर वधुओं का शादी विवाह संपन्न होना है जिसमें वर विजय कुमार साहू, ग्राम ढाबाडीह के संघ वधू कुलेश्वरी साहू ग्राम बेलमांड, वर दीनदयाल साहू ग्राम चिचबोड के संग वधू रेवती साहू पोटियाकला दुर्ग, वर युगल कुमार साहू ग्राम राहुद के संघ वधू चंचल साहू, ग्राम खुरसुली, वर शंकर लाल साहू ग्राम अंगारी के संग वधू दिनेश्वरी साहू ग्राम सोंहतरा, वर तिलक राम विश्वकर्मा ग्राम कुसुमकसा के संग वधू ज्योति विश्वकर्मा पुराना बाजार दल्लीराजहरा, वर अनिल कुमार विश्वकर्मा ग्राम बेलमांड के संग वधू सावित्री विश्वकर्मा ग्राम धनेली, वर दुलार सिंह साहू ग्राम नलपानी के संग वधू नंदनी साहू ग्राम नेवारी, वर धमेन्द्र कुमार साहू ग्राम आमदी के संग वधू नंदनी साहू ग्राम कुम्हली, वर हेमराज साहू ग्राम अमलीडीह के संग वधू जयंती साहू ग्राम भानपुरी, वर मेघराज साहू ग्राम कसहीकला के संग वधू हेमिन साहू ग्राम तरौद, वर जागेश कौशल ग्राम शिवनी के संग वधू मोनाली ग्राम दल्लीराजहरा इन सभी 11 जोडे वर वधू का बालोद तहसील साहू संघ के तत्वाधान में निशुल्क आदर्श विवाह संपन्न होगा। शादी विवाह का कार्यक्रम पूरे सामाजिक रिती रिवाज के साथ एवं गायत्री मंत्रोच्चार के साथ संपन्न होगा।

अध्यक्ष मदन सोनबरसा ने आगे बताया कि 20 अप्रैल शनिवार को 4 बजे भक्त माता कर्मा की आरती के साथ शादी का कार्यक्रम शुभारंभ होगा एवं अतिथियों द्वारा मां कर्मा का ध्वजारोहण मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। जिसके पश्चात मांगलिक कार्यक्रम तेलमाटी चुलमाटी एवं तेल मायन का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसी प्रकार दिनांक 21 अप्रैल 2024 रविवार को ग्राम हीरापुर में भव्य कलश यात्रा सुबह 9 बजे से निकाली जाएगी। इसी प्रकार 20 अप्रैल शनिवार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोमन साहू, अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद अध्यक्षता मदन लाल साहू अध्यक्ष परिक्षेत्री साहू समाज झलमला, अति विशिष्ट अतिथि कृतिका साहू, जिला पंचायत



सदस्य जिला बालोद, प्रेमलता साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद, कल्याण साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बालोद, प्रोफेसर केआर साहू जिला संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ बालोद, रोहित अठनागर संयोजक न्याय प्रकोष्ठ बालोद, हेमंत कुमार साहू प्रमुख सलाहकार बालोद, बेनु राम साहू संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश साहू संघ रायपुर, संतराम साहू, ग्राम पटेल हीरापुर, फूलसिंह साहू झलमला, सहदेव साहू हीरापुर, एवं तहसील संघ बालोद के समस्त पदाधिकारी होंगे। इसी प्रकार निशुल्क आदर्श विवाह एवं कर्मा महोत्सव एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि टहल सिंह साहू अध्यक्ष छग प्रदेश साहू संघ रायपुर अध्यक्षता मदन सोनबरसा अध्यक्ष तहसील साहू संघ बालोद, अति विशिष्ट अतिथि पवन साहू प्रमुख सलाहकार छग प्रदेश साहू संघ रायपुर, हलधर साहू महामंत्री छग प्रदेश साहू संघ रायपुर, प्रीतम साहू पूर्व विधायक संजारी बालोद, जितेन्द्र कुमार साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद, कृष्णा राम साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद, मीना सत्येन्द्र साहू जिला पंचायत सदस्य बालोद, अंजनी साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ जिला साहू संघ बालोद, कुलेश्वरी ठाकुर, संरपंच ग्राम हीरापुर, एवं तहसील साहू संघ बालोद समस्त पदाधिकारी परिक्षेत्री अध्यक्षगण, ग्रामीण पदाधिकारीगण एवं समस्त ग्रामवासी हीरापुर उपस्थित रहेंगे।

# जिले में ऑनलाईन सट्टे का दौर जारी, युवा पीढ़ी को दिन-ब-दिन लगती जा रही इसकी लत

**बालोद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में काफी लंबे समय से सट्टा का कार्य जारी है समय के दौर से धीरे.धीरे इसका स्वरूप भी बदलता गया । एक दशक पहले कभी नागपुर का मटका के नाम से प्रसिद्ध होता था तो कभी डब्बा के नाम से अब ऑनलाइन सट्टा व मोबाइल में सट्टा खेलने का कार्य तीव्र गति से जारी है। ज्यादातर लोग एक दूसरे से मोबाइल में संपर्क कर क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टे खेलने का क्रमबद्ध दौर जारी है। सट्टेबाजी के इस खेल में स्कूली बच्चों सहित बड़े बुजुर्ग व प्रभावशाली नागरिक भी इस खेल में दिलचस्पी लगाकर रोजाना लाखों रुपए का सट्टा दांव पर लगा रहे हैं। पुलिस को इसकी खबर होने के बावजूद भी वे कार्यवाही करने से बच रहे हैं कहा जाता है कि मोबाइल में सट्टा होने के कारण अब खेलने वालों को पकड़ पाना मुश्किल हो गया है। प्रतिवर्ष आईपीएल क्रिकेट में कई करोड़ का सट्टा निरंतर लगाया जा रहा है इस कार्य में छोटे.छोटे परिवारों के साथ शहर के गणमान्य सभ्रांत परिवार के शहजादे इसमें ज्यादा लिप्त है प्रभावशाली परिवार के होने के कारण धनवान नागरिक भी चुप्पी साध रहे हैं। क्रिकेट में सट्टेबाजी का काम जोरों पर चल रहा हैं प्रमुख सट्टेबाज द्वारा इस खेल में खेलने वालों के साथ पासवर्ड मुहैया करा दिया जाता है जिसके बाद वहां अनलिमिटेड सट्टा क्रिकेट पर लगा सकता है दोनों की सहमति से लाखों रुपए का सट्टा का हिसाब किताब चलता रहता है बालोद के प्रमुख स्थान मधु चौक, दल्ली चौक, गंजपारा जैसे प्रमुख स्थान में कुछ चिन्हाकित खिलाड़ियों द्वारा यह खेल खिलाया जा रहा है। इन खेलों में ज्यादातर युवा पीढ़ी की लत दिन.ब.दिन बढ़ती चली जा रही है।

Matex
Mystem of Trust
NMDC LIMITED KIRANDUL, CG
Online Auction & Services
Provided by: MatexNet Pvt Ltd. Hyd.
Mob No. 9176477236
Sale of Various Scrap items on
"AS IS WHERE IS BASIS"
Only Online Auction : 25.4.24
Inspection: 18.4.24 to 22.4.24
Pre-Bid EMD Closing : 23.4.24
Visit: www.matexnet.com
Note: Changes if any shall be uploaded as Corrigendum only through our website.

**किराये पर देना है**

टाटीबंध चौक पर 20,000 स्क्वेयर फिट जगह किराये पर उपलब्ध है। सुपरबाजार, गोडाऊन आदि के लिए उपयुक्त। पार्किंग सुविधा उपलब्ध।

संपर्क-9399068400

**किराए पर देना है**

ग्राम अकोली (खुड़मुड़ा), ब्लाक बेरला, जिला बेमेतरा में 12000 मुर्गियों की क्षमता वाले सभी सुविधाओं से युक्त पोल्ट्री फार्म किराए पर देना है।

संपर्क
मो. 9826130034
9425281428

**// नाम परिवर्तन //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Utsau Agrawal S/O Anil Agrawal निवासी Anupam nagar TV tower, Shankar Nagar Raipur (C.G.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना ये पुराना नाम को त्याग कर नया नाम Utsav Agrawal S/O Anil Agrawal रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्थ शासकीय , अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो मे मेरे नये नाम Utsav Agrawal S/O Anil Agrawal से ही जाना पहचाना जावे ।

**UTSAV AGRAWAL**
ANUPAM NAGAR
TV TOWER
SHANKAR NAGAR
RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, ISHU KHETPAL W/O NIRMAL KHETPAL resident of indra pushp reshidency INDRA PUSHP RESHIDENCY V.I.P ROAD HOTEL V.W. CANYON ROAD NEAR GAURAV GARDEN FUNDHAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name ISHU KHETPAL W/O NIRMAL KHETPAL so in future I should be recognized by my new name that is ISHWARI KHETPAL W/O NIRMAL KHETPAL in all Government and other documents.

**ISHWARI KHETPAL**
INDRA PUSHP RESHIDENCY
V.I.P ROAD HOTEL V.W.
CANYON ROAD NEAR
GAURAV GARDEN FUNDHAR
RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MO AHMAD RAZA S/O MOHD USMAN resident of 16/1148, HANDIPARA, SHIV NAGAR, WARD 38, TATYAPARA, RAIPUR (C.G.) have changed my old name MO AHMAD RAZA S/O MOHD USMAN so in future I should be recognized by my new name that is AHMAD RAZA S/O MOHD USMAN in all Government and other documents.

**AHMAD RAZA**
ADD: 16/1148,
HANDIPARA, SHIV
NAGAR, WARD 38,
TATYAPARA,
RAIPUR (C.G.)

**Form no URC - 2**

[Advertisement giving notice about registration under Part I of Chapter XXI]
Pursuant to section 374(b) of the Companies Act, 2013 & rule 4(1) of the companies (Authorized to Registered) Rules, 2014

1. Notice is hereby given that in pursuance of sub-section (2) of section 366 of the Companies Act, 2013, an application is proposed to be made after fifteen days hereof but before the expiry of thirty days hereinafter to the Registrar at CRC, Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6, 7, 8, Sector 5, IMT Manesar, District Gurgaon (Haryana), Pin Code- 122050, that Protech Shine & Care LLP, A Limited liability Partnership Firm registered under the Limited Liability Partnership Act, 2008, may be registered under Part I of Chapter XXI of the Companies Act, 2013 as a company limited by shares.
2. The principal objects of the company are as follows: "To carry on the business of manufacturing, producing processing, selling, purchasing, importing, exporting, marketing and dealers in all kinds of Wall care products such as wall care putty, white cement, Plaster of Paris writing, synthetic clear varnish, printing and inks paints, distempers, pigments, interior/exterior emulsion, synthetic-wooden and PS grey, of all other kinds, and its varieties and all other related activities for the production of the aforementioned objects."
3. A copy of the draft Memorandum & Articles of Association of the proposed company may be inspected at the registered office of the LLP at Plot No 37-43, Vill: Bartori, CSIDC Industrial Area, Raipur, Tilda, Chhattisgarh, India, 493114.
4. Notice is hereby given that any person objecting to this application may communicate their objection in writing to the Registrar at CRC, Indian Institute of Corporate Affairs (IICA), Plot No. 6, 7, 8, Sector 5, IMT Manesar, District Gurgaon (Haryana), Pin Code- 122050. within 21 days from the date of publication of this notice along with a copy to the company at its registered office.

M/s Protech Shine & Care LLP
Dated: 18-04-2024 Sandeep Agrawal, Designated Partner

**न्यायालय तहसीलदार खरोरा
जिला रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार**

**रा.प्र.क्रं. ब/121/2023-24
ग्राम आलेसुर, प.ह.नं. 27**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक होशियार बंजारे पिता स्व. समेदास बंजारे ग्राम आलेसुर पोस्ट जारा तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा अपने बडे पापा मंगलू पिता ननकू के हक व स्वामित्व की कृषि भूमि जो ग्राम आलेसुर प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोहरेंगा तहसील खरोरा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 683/1 रकबा 0.187 हे. भूमि जिसमें आवेदक दाखिल व काबिज है। उक्त आवेदित भूमि राजस्व अभिलेख में ख.नं. 683/1 का सम्पूर्ण रकबा 0.494 हे. भूमि में आवेदक के बडे पापा एवं अन्य सहखातेदार जिनका नाम क्रमश: मंगलू, धानबाई, पार्वती, समेदार सभी पिता ननके का नाम दर्ज दिखा रहा है। परन्तु उक्त भूमि को सभी खातेदारों के द्वारा वर्ष 2004-05 में फर्द बंटवारानुसार बंटवारा किया जा चुका था तथा समस्त खातेदार एवं उनके वारिसान अपने भूमि पर काबिज है। परन्तु उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में एवं ऑनलाईन रिकार्ड में समस्त खातेदारों का नाम उक्त खसरे के सम्पूर्ण रकबे में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि आवेदक के बडे पिताजी की दिनांक 22.10.2008 को मृत्यु हो जाने के उपरांत हक व स्वामित्व की भूमि में अन्य खातेदारों का दर्ज नाम को विलोपित किया जाकर आवेदक के नाम राजस्व अभिलेख में ऑनलाईन रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तिल्दा-नेवरा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है।

तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो वे पेशी दिनांक 22.04.2024 को न्यायालयीन समय में मेरे समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

सील **तहसीलदार खरोरा
जिला रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार**

संदर्भ:-जिला-रायपुर तहसील-आरंग प.ह.नं. 00020 खपरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2023244 40209400004

तहसील आरंग के प.ह.नं. 00020 के अंतर्गत ग्राम खपरी के वर्तमान भूमिस्वामी अलका पिता/पति परमानन्द पता सा. बडगांव भूमि के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 135 0.0900, 139 0.1100, 138 0.2200, 133 0.1500, 137 0.0800, 134 0.0800 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनुप अग्रवाल पिता/पति रामकुमार अग्रवाल पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 06.05.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.04.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार
आरंग**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया
जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)
ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.......ब/121 वर्ष 2021-22
ग्राम का नाम सिंगारपुर**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामस्वरूप यदु पिता श्री पंचूराम यदु जाति ठेठवार निकधी ग्राम सिंगारपुर प0ह0नं0 21 रा0नि080 निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने माता श्रीमती भूखनबाई यदु पति श्री पंचूराम यदु माता का नाम श्रीमती महतईनवाई यदु की मृत्यु दिनांक 18.04.2021 (स्थान) ग्राम सिंगारपुर का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत सिंगारपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 23/04/24 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 23-04-2024 तक स्वयं या अपने अभिभा-नक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01-04-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी
निपनिया (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-धमतरी (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना, हटकेशर, जिला-धमतरी में निर्मित भवन क्रमांक जुनि.एम.आई.जी.-163 कुं. संध्या साहू पिता श्री सुन्दर लाल साहू को तत्कालीन कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-02, रायपुर के आबंटन आदेश क्रं. 248 दिनांक 10.12.2004 के माध्यम से स्ववित्तीय योजना आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का उपपंजीयक कार्यालय धमतरी में दिनांक 25.09.2006 को पट्टा विलेख (रजिस्ट्री) निष्पादित कर नियमानुसार इस कार्यालय के पत्र क्रं. 1336-37, दिनांक 01.04.2008 के माध्यम से अधिपत्य आदेश प्राप्त किया जा चुका हैं। वर्तमान में भवन आबंटी कुं. संध्या साहू पिता श्री सुन्दर लाल साहू द्वारा उक्त भवन को चुकता राशि रू. 20,00,000/- (अक्षरी बीस लाख रूपये मात्र) में नवीन क्रेता श्री कामदेव गुप्ता पिता श्री राजकुमार गुप्ता, पता- ग्राम-बोड़ा (स) तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए विक्रय अनापत्ति / अनुमति पत्र (NOC) प्रदान करने हेतु दिनांक 28.03.2024 को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-धमतरी कार्यालय में बिक्री इकरारनामा की छायाप्रति, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तदानुसार उक्त भवन का विक्रय अनापत्ति / अनुमति पत्र (NOC) जारी किया जाना हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति या शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय अनापत्ति / अनुमति पत्र (NOC) के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र कार्यालय धमतरी, पता-परिजात् हाईट्स, हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हटकेशर, जिला-धमतरी में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात दावा-आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-धमतरी (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक अमलेश्वर
तहसील पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
सूचना**

जारी दिनांक 15.04.2024
प्रति,
1. बईया बाई पिता सुखनंद पता अमलेश्वर स्व. सोलाह भु-स्वामी 2. रविप्रकाश गांधी पिता योगेन्द सिंह गांधी पता पामगढ़ 3. धनमोहन पांडे पिता रामनारायण पांडे पता रायपुर 4.श्रीमती तुलिका तिवारी पता रायपुर 5. जगतराम पिता फूलसिंग पता अमलेश्वर एवं तीन भू-स्वामी 6. नरेश यादव पिता स्व. तुलसीराम यादव पता रायपुर 7. पवन कुमार पिता धनीराम पता अमलेश्वर एवं छह भु-स्वामी।
विषय- आवेदक श्री/आवेदिका श्रीमती ज्ञान प्रसाद पिता/पति श्री मंगलू निवासी रायपुर द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं., रा.नि.मं. अमलेश्वर स्थित आवेदित भूमि खसरानंबर 819/2 रकबा 0.4200 हे. के स्थल निरीक्षण के संबंध में।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अ.वि.अ. राजस्व पाटन/नायब तहसीलदार, तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 04.04.2024 के परिपालन में आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 22.04.2024 को समय 2.30 बजे किया जाना नियत है। आप उक्त आवेदित भूमि के बटांकनधारी भूमिस्वामी हैं। आपकी भूमि आवेदक की भूमि से लगी हुई भूमि है। अतएव आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को स्थल पर अपनी भूमि के बैनामा/दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और बैनामा/दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में उक्त स्थल निरीक्षण कार्य किया जा सकता है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक
अमलेश्वर, तहसील पाटन**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD DILAWAR S/O GULAM MUSTAFA resident of H. No. 11/ch vaishno devi mandir Ram nagar kanker (c.g) have changed my old name MOHAMMAD DILAWAR S/O GULAM MUSTAFA, so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD DILAWAR MEMON S/O GULAM MUSTAFA in all Government and other documents.

**MOHAMMAD DILAWAR MEMON**
H. NO. 11/CH VAISHNO
DEVI MANDIR RAM
NAGAR KANKER (C.G)

**न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार**

**202404211900002
रा.प्र.क.अ-27 वर्ष 2023-24
ग्राम रामपुर प.ह.न. 27 रा.नि.मं निपनिया तह. भाटापारा**

क्योंकि मौजा ग्राम रामपुर प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. करहीबाजार तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के सह भूमि-स्वामी बिकेश पिता समेलाल ध्रुव, ने निम्नांकित अनुसूची में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है, क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है, एवं सुनवाई दिनांक 29/04/24 स्थौन तहसील कार्यालय निपनिया पर 11 बजे नियत किया गया है, 29 उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वत: अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हो, एवं अपनी आक्षेपों, यदि कोई हो, तो पेश करें ।

उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नही कर पाने की स्थिति में किसी आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा ।

खाते का विवरण

| सर्वेक्षण संख्यांक/भू-खंडाक (ख.नं.) | क्षेत्रफल भू-राजस्व |
|---|---|
| 27/2 | 0.0810 |
| 35/2 | 3.3840 |
| 50 | 0.6030 |
| 96/4 | 0.1620 |
| 161/2 | 0.5100 |
| 274/4 | 0.0320 |

कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 4.7720 15.00 रूपये

आज दिनांक 8/4/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर जारी किया गया ।

सील **नायब तहसीलदार
निपनिया**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार**

**ऑनलाईन क्रमांक 202403210200027
अ-20(3) वर्ष 2023-24**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकुमार कन्नौजे पिता जगदीश जाति धोबी निवासी पुरानी बस्ती ठाकुर देव चौंक बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रंमांक 17 डी भूखण्ड क्रमांक 129/2, 130 क्षेत्रफल क्रमश: 56, 470 कुल 526 वर्गफीट भू-भाटक 2.64 मकान जो भू-धारक जगदीश पिता इतवारी, गणेशराम पिता इतवारी साकिन बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भू-धारक जगदीश पिता इतवारी की मृत्यु दिनांक 22.06.2013 एवं सह धारक गणेशराम पिता इतवारी की मृत्यु हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 22.04.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **नजूल अधिकारी
बलौदाबाजार**

# मुठभेड़ स्थल से बरामद 29 नक्सलियों के शव लाए गए जिला मुख्यालय

■ शंकर राव, ललिता सहित 9 नक्सलियों की हुई शिनाख्त



**कांकेर,** 17 अप्रेल (देशबन्धु)। 16 अप्रैल को जिला कांकेर अंतर्गत थाना छोटेबेठिया अंतर्गत हापाटोला, कलपर, बिनागुण्डा एवं कोरोनार के सरहदी जंगलों में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के पश्चात बरामद किये गये 29 नक्सलियो के शव को शिनाख्तगी एवं अन्य विधिसंगत कार्यवाही हेतु जिला मुख्यालय कांकेर लाया गया है।

डीआरजी कांकेर एवं बीएसएफ 94वीं वाहिनी की संयुक्त बल द्वारा संचालित इस अभियान के दौरान 15 महिला नक्सली सहित कुल 29 वर्दीधारी नक्सली कैडर के शव बरामद किये गये।

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी., महानिरीक्षक बीएसएफ भिलाई आनंद प्रताप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज के.एल. ध्रुव, उप महानिरीक्षक बीएसएफ सेक्टर कन्हारगांव (भानुप्रतापपुर) विपुल मोहन बाला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला कांकेर इंदिरा कल्याण ऐलेसेला, सेनानी 94वीं वाहिनी बीएसएफ राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अभियान में शामिल डीआरजी एवं बीएसएफ के कमाण्डरों, बल सदस्यों से मिलकर कार्यवाही के तहत मुठभेड़ के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुये मुठभेड़ में बरामद आर्म्स एम्युनेशन, अन्य नक्सल सामग्री का भी अवलोकन किया गया।

घटनास्थल से सर्चिंग करने पर नक्सल हथियार एके 47 - 1 नग, इंसास रायफल- 2 नग, एसएलआर रायफल- 1 नग, कार्बाइन-1 नग, .303 रायफल- 3 नग, 315 बोर रायफल- 2 नग, 9 पिस्टल- 2 नग, देशी लॉचर- 2 नग, भरमार बन्दूक- 8 नग, देशी हेण्ड ग्रेनेड- 1 नग, सहित भारी मात्रा में एम्युनेशन, नक्सल पिट्ठु, नक्सल साहित्य, विस्फोटक पदार्थ, दैनिक उपयोग की सामग्री आदि बरामद किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर इंदिरा कल्याण ऐलेसेला द्वारा अवगत कराया गया कि मुठभेड़ में बरामद किये गये 29 नक्सलियो के शव में से अब तक प्राथमिक तौर पर कुल 9 नक्सलियोके शव की शिनाख्तगी हुई है। जिसमें शंकर राव- डीव्हीसी सदस्य उत्तर बस्तर डिवीजन मास प्रभारी, ललिता डीव्हीसी- सदस्य/परतापुर एरिया कमेटी प्रभारी/जनताना सरकार समन्वयक प्रभारी, माधवी- उत्तर बस्तर डिवीजन, जुगनी उर्फ मालती- परतापुर एरिया कमेटी, परतापुर एरिया कमेटी, श्रीकांत- परतापुर एरिया कमेटी, रूपी- मेढ़की एलओएस कमाण्डर, उत्तर बस्तर डिवीजन, रंजीता पति शंकर राव- उत्तर बस्तर डिवीजन शामिल है।

शेष नक्सलियोके शव की शिनाख्तगी की कार्यवाही तथा उनका नक्सल प्रोफाईल, आपराधिक प्रकरणों में संलिप्तता संबंधित जानकारी एकत्र की जा रही है।

पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज के.एल.ध्रुव, उप महानिरीक्षक बीएसएफ सेक्टर कन्हारगांव (भानुप्रतापपुर) विपुल मोहन बाला द्वारा कार्यवाही के दौरान पुलिस महानिदेशक छत्तीसगढ़, महानिदेशक बीएसएफ, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल अभियान, अतिरिक्त महानिदेशक बीएसएफ तथा महानिरीक्षक बीएसएफ की ओर से डीआरजी तथा बीएसएफ बल सदस्यों को उत्कृष्ट अभियान की सराहना करते हुये आगामी अभियानों के संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देशों के संबंध में अवगत कराया गया।

## पुलिस मुखबिरी के शक में भाजपा नेता व उपसरपंच की हत्या

### नक्सलियों ने पोस्टर लगाएं

**नारायणपुर,** । छत्तीसगढ़ के इतिहास में नक्सलियों के खिलाफ जवानों को अब तक की सबसे बड़ी सफलता हाथ लगी है, मंगलवार को कांकेर जिले के थाना छोटेबेटिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को ढेर किया हैं। वहीं मुठभेड़ में 3 जवान भी घायल हुए है, उन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया, जहां निजी अस्पताल में उनका इलाज जारी है। वहीं आज बुधवार को घटना से बौखलाए नक्सलियों ने नारायणपुर जिले के दण्डवन के भाजपा नेता व उपसरपंच की पुलिस मुखबिर के शक में हत्या कर दी है। घटना फरसगांव थाना क्षेत्र की है। इसके साथ ही नक्सलियों ने दहशत फैलाने के लिए पोस्टर भी लगाए हैं। जिसमे उन्होंने कई बार चेतावनी देने की बात लिखी है।



## पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कांकेर के नक्सल एनकाउंटर को बताया फर्जी




**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलवाद पर अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन चलाकर 29 नक्सलियों को मार गिराया। इस घटना में तीन जवान भी घायल हुए हैं। मारे गए नक्सलियों में नक्सल कमांडर शंकर राव सहित कई बड़े नक्सली नेता भी शामिल है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद यह पहली बार है जब किसी मुठभेड़ में इतनी बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग भी है, ने मुठभेड़ को एक बड़ी सफलता बताया और कहा कि इसका श्रेय बहादुर सुरक्षाकर्मियों को जाता है। इस ऑपरेशन की सराहना गृह मंत्री अमित शाह ने भी की है।

■ डिप्टी सीएम शर्मा ने किया पलटवार, कहा - मैं चैलेंज करता हूं आप साबित करके दिखाइए, नहीं तो जवानों से माफी मांगिए

वहीं घटना को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने फर्जी बताया है, जिसपर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश बघेल कांकेर के एनकाउंटर को फर्जी बता रहे है, मैं चैलेंज करता हूं आप साबित करके दिखाइए और नहीं साबित कर सकते तो माफी मांगिए छ्त्रक्क्न, क्र्स्त्र, छ्त्रन्न के जवानों से, बस्तर फाइटर्स से और नहीं तो जनता माफ नहीं करेगी आपको, हर विषय में राजनीति ठीक नहीं।

## टीआई लक्ष्मण केवट अब तक 42 नक्सलियों को कर चुके है ढेर

### प्रदेश के इलाकौते ऐसे अफसर हैं जिन्हें 6 बार राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया



**कांकेर**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को अब तक कि सबसे बड़ी सफलता. कांकेर में हुए सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 29 हार्डकोर नक्सली मारे गए. मुठभेड़ में छग पुलिस के कई ऐसे कमांडर और जवान भी शामिल थे, जो कई मुठभेड़ को सफलता पूर्वक दे चुके हैं अंजाम। इस मुठभेड़ में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट लक्ष्मण केवट भी शामिल थे. टीआई लक्ष्मण केवट अब तक 42 नक्सलियों को ढेर कर चुके हैं. प्रदेश के इलाकौते ऐसे अफसर हैं जिन्हें सर्वाधिक 6 बार राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## सती की धरा पर शिव का तांडव, रामनवमीं पर निकली शोभा यात्रा

- बनारस के अघोरियों का शानदार प्रदर्शन
- शिव-पार्वती विवाह का सुंदर प्रस्तुतिकरण
- सर्व हिन्दू समाज के आयोजन में जुटे हजारों

**दंतेवाड़ा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री राम नवमी के अवसर पर सर्व हिन्दू समाज ने दंतेवाड़ा में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली। इसमें बनारस आए अघोरियों का शिव तांडव प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहा। शिव की बारात और शिव-पार्वती विवाह का प्रस्तुति करण भी हुआ।

शोभा यात्रा की शुरूआत आंवराभाटा स्थित मांई दंतेश्वरी डोली विश्राम स्थली से हुई। बारिश की वजह से शोभा यात्रा में थोड़ा व्यवधान आया, लेकिन इसके बाद शोभा यात्रा जारी रही। गायत्री मंदिर तिराहे पर बनारस से आए अघोरियों ने शिव तांडव और शमशान में शिव गणों के नृत्य का प्रदर्शन किया। दंतेवाड़ा में यह पहला आयोजन था, जिसमें शिव स्तुति की प्रस्तुति हुई। हजारों की संख्या में लोगों ने इसका आनंद उठाया। शिव पार्वती का विवाह का दृश्य भी प्रस्तुत हुआ। इसे अपने कैमरे में कैद करने लोगों में होड़ सी लगी रही। बनारस से आए ये कलाकार पूरी शोभा यात्रा में साथ रहे और भगवान शिव के विभिन्न कथा का प्रस्तुति करण करते रहे।



शोभा यात्रा में आरंग से आए हनुमान जी भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभा यात्रा में भगवान राम की विशाल प्रतिमा भी साथ थी। डीजे की धुन पर राम भक्त थिरक रहे थे। इसके साथ ही बस्तरिया लोक नर्तकों का दल भी शोभा यात्रा की अगुवानी में रहा। महिला कांग्रेस की ओर से बस स्टैण्ड में राम भक्तों के लिए शर्बत का इंतजाम किया गया था। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हर जन प्रतिनिधि भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में शामिल रहे और भगवान शिव के कथा प्रसंगों के साक्षी भी बने। चुनाव आचार संहिता की वजह से शोभा यात्रा में कुछ चीजों को कम किया गया था, इसके बावजूद हजारों की संख्या में लोग श्रीराम नवमी की इस पवित्र और भव्य शोभा यात्रा में शामिल होकर सौभाग्यशाली बने। शोभा यात्रा स्टेट बैंक चौक पहुंची और बस स्टैण्ड वापस आकर संपन्न हुई। यहां श्रीराम की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार की राम नवमी की शोभा यात्रा भव्य रही।

## डेढ़ लाख के गांजा के साथ एमपी के युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बागबाहरा,** 17 अप्रैल (देशबंधु)। मुखबीर की सूचना पर कोमाखान पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मध्यप्रदेश के एक युवक को डेढ़ लाख रुपए के गांजे के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार कर उसे व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में पेश किया गया। जहाँ से आरोपी युवक को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर कोमाखान पुलिस को अपने थाने क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान पतासाजी एवं देहात भ्रमण पर ग्राम घोयनाबाहरा, सुवरमाल, चन्दरपुर, टेमरी की ओर अधिग्रहित स्कार्पियो वाहन क्रमांक ष्ट्र 04 क्क्न 3515 से रवाना हुआ था। जैसे ही उक्त वाहन ग्राम सुवरमाल के पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो अपने साथ एक काले रंग के बैग में अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिये उड़ीसा राज्य की ओर से पैदल आ रहा है। इसकी सूचना पर मौके के गवाहन बाद टेमरी नाका पहुंच कर टेमरी नाका ड्यूटी में उपस्थित स्स्ञ्ज जांच टीम के प्रभारी अविनाश चंद्राकर, हमराह कृपाराम पारकर, प्र.आर. 07 रामकुमार ध्रुव को साथ लेकर घेराबंदी किए। कुछ देर में देखे कि एक व्यक्ति एक काले रंग का बैग लेकर पैदल खरियाररोड उड़ीसा की ओर से आते दिखा। जिसे संदेह के आधार पर रोकने की कोशिश किया गया, तब वो भागने लगा। जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। उक्त संदेही व्यक्ति से नाम व पता पुछने पर अपना नाम जीवन ठाकुर (लोधी) पिता स्व0 रघुनाथ सिंह ठाकुर उम्र 28 साल निवासी धमनी तहसील थाना पाटन जिला जबलपुर (म0प्र0) का रहने वाला बताया। इसके बाद समक्ष गवाहन की उपस्थिति में संदेही और उसके कब्जे के एक काले रंग का बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग के अंदर 02 पैकेट छोटा बड़ा खाकी रंग की प्लास्टिक झिल्ली में पैक किया हुआ अवैध मादक पदार्थ वनस्पति गांजा कुल वजन 08 किलो जिसकी कीमत एक लाख साठ हजार रुपए बताया गया। इस आरोपी का यह कृत्य अपराध की धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाये जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अप0क. 51/24 धारा 20 (ख) नार. एक्ट पंजीबद्ध किया गया। पकड़े गए आरोपी युवक को व्यवहार न्यायालय बागबाहरा में प्रस्तुत किया गया। जहाँ से कोर्ट ने उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।



## देवपुर वन परिक्षेत्र में चीतल का शिकार

■ चीतल के मांस व शिकार में प्रयुक्त औजार सहित आरोपी गिरफ्तार



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य वनसंरक्षक रायपुर वृत्त, रायपुर राजू अगासिमनी के मार्गदर्शन, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार, मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं उप वनमण्डलाधिकारी कसडोल अक्षय दिनकर भोसले के नेतृत्व में वनों में अवैध शिकार करने वालों पर लगाम कसने हेतु वनों में सतत् गश्त किया जा रहा है। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र देवपुर अन्तर्गत धमलपुरा बीट के कक्ष क्रमांक 292 के मुंशी तालाब में 16 अप्रैल को अपरान्ह 4:10 बजे गश्त के दौरान वन्यप्राणी चीतल का मांस काटते हुए समारू बिसी वल्द उसत बिसी जाति सवरा उम्र 69 वर्ष निवासी ग्राम धमलपुरा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) को रंगे हाथों पकड़ा गया। सर्च वारंट जारी किया जाकर उक्त अपराधी के निवास पर स्निफर डॉग की विशेष दल द्वारा तलाशी लेने पर 1 नग साही पोटा बरामद किया गया। उक्त अपराधी के विरूद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 13231/23 16 अप्रैल को जारी किया जाकर माननीय न्यायालय बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर अपराधी को उपजेल बलौदाबाजार भेज दिया गया है। वन्यप्राणी चीतल वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की अनुसूची प्प् भाग के सरल क्रमांक 11 के रूप में शामिल है। उक्त प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में उप वनमण्डलाधिकारी कसडोल, वन परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर (सा.), वन परिक्षेत्र अधिकारी सोनाखान (सा.) तथा देवपुर एवं सोनाखान वन परिक्षेत्र के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं सुरक्षा श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सड़क किनारे तपती धूप में पेट के लिए जंगली फल बेच रही 84 वर्षीय वृद्धा

**राजिम,** 17 अप्रैल (देशबंधु)। पूरा गरियाबंद जिला जंगली क्षेत्र के रूप में प्रसिद्ध है राजिम से होकर पांडुका के बाद पोंड पार करते ही पेड़ पौधों की झुरमुट और जंगलों तथा पहाड़ों का दृश्य लोगों को रोमांचित कर देता है। भीषण गर्मी के मौसम में पतझड़ और 84 वर्षीय एक बुढ़ी काकी अपने रोजमर्रा के सामानों की जुगाड़ के लिए मंगलवार को सड़क पर बैठ गई थी वह पसरा लगाकर चार रखे हुए थे। बेचने के लिए आने जाने वाले राहगीरों को आवाज भी दे रही थी। आजकल शहर में रहने वाले या फिर नई पीढ़ी के लोग चार फल के बारे में ज्यादा नहीं जानते हैं। चार चिरौंजी,महुंआ,अमली,आमा,तेंदू जंगल में बड़ी मात्रा में प्राप्त होते हैं। यहां रहने वाले लोग इन्हें बेचकर जीवकोपार्जन करते हैं। इस काकी से उनका नाम पूछा। आवाज समझ में नहीं आई लेकिन उनके मुंह से चार शब्द स्पष्ट उच्चरित हो रहे थे। देखते ही देखते रायपुर से गरियाबंद पहुंच वापसी कर रहे कार यात्री रुक गए। किलो पूछा गया तो ?400 बताया। लेकिन यह काकी पसरा लगाकर ?20 का भाग बनाई हुई थी। इससे जो आमदनी होती है उन्हीं से वह अपना जीवन चलाती है। जब इनसे कहा गया कि सरकार आपको चावल दे रही है तथा महतारी वंदन पेंशन भी दे रही है। बावजूद इसके इस उम्र में आप मेहनत कर रही है। तब इन्होंने बताया कि किराना सामान की कीमत बढ़ी हुई है। हम पैसा निकालने के लिए हर बार बैंक नहीं जा सकते हैं। इसलिए इन्हें बेचकर खर्च चला लेती हूं। बताना होगा कि छुरा क्षेत्र, गरियाबंद पांडुका मैनपुर देवभोग का पूरा इलाका जंगल से प्राप्त होने वाले फल बीज पत्ते इत्यादि का उपयोग करते हैं और इससे जो राशि मिल जाती है उसे परिवार का पालन पोषण में लगाते हैं।



## प्रमोशन में आरक्षण के पूर्ववर्ती सरकार के आदेश को हाईकोर्ट ने किया पूर्णतः निरस्त

**रायपुर,** 17 अप्रेल (देशबन्धु)। प्रमोशन में आरक्षण मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 के राज्य सरकार के आदेश को पूर्णत: निरस्त कर दिया है।इससे पहले अदालत ने इस पर रोक लगाई थी।चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने पूरे केस की सुनवाई करने के बाद अपना फैसला सुनाते हुए याचिका निराकृत कर दी है।5 मार्च को सुनवाई पूरी होने के बाद हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।

राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था।इस नोटिफिकेशन तहत प्रथम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई थी। इसमें अनुसूचित जाति को 13 फीसदी, जबकि अनुसूचित जन जाति के लिए 32 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया था कि यह आरक्षण प्रथम श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के उच्च वेतनमान के पदों पर पदोन्नति होने, द्वितीय श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति और तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नत होने पर दिया जाएगा। लेकिन राज्य सरकार के इस अधिसूचना के खिलाफ रायपुर के एस. संतोष कुमार ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी, साथ ही अन्य याचिकाएं लगाई गई थीं। जिसमें कहा गया कि पदोन्नति में आरक्षण सुप्रीम कोर्ट के दिशा- निर्देशों और आरक्षण नियमों के खिलाफ है, इसलिए राज्य शासन द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन को निरस्त करने की मांग की गई।



2 दिसंबर 2019 को राज्य शासन की तरफ से स्वीकार किया गया कि अधिसूचना तैयार करने में गलती हुई है। कोर्ट ने इस गलती को सुधारने के लिए एक हफ्ते का समय दिया, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।इसके बाद हाईकोर्ट ने अधिसूचना पर रोक लगाते हुए और सरकार को नियमों के अनुसार दो महीने के भीतर फिर से नियम बनाने को कहा। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने चांटीफायेबल डेटा जुटाए बगैर अधिसूचना जारी कर दी थी। संविधान की धारा 14 एवं 16(4ए) एवं (4बी) के साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के खिलाफ है।पदोन्नति में आरक्षण निर्धारित करने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जरनैल सिंह के मामले में निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। साथ ही 2 दिसंबर 2019 को राज्य सरकार ने माना था कि अधिसूचना जारी करने में गलती हुई है, इसे ठीक किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

NECC

| 18.04.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 420 | 65 | 200 |
| चिल्हर | 5.50 | 80 | 225 |

डिलीवरी 435 सैकड़ा
दर्जन अंडा 60 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

एक आदमी की मौत के बाद उसका दोस्त उसकी पत्नी के पास आया। और बोला- क्या मैं उसकी जगह ले सकता हूं?
पत्नी- मुझे कोई ऐतराज नहीं है कब्रिस्तान वालों से पूछ लो।

संपादकीय

## पर्याप्त संख्या में लगें ईवी चार्जिंग स्टेशन

इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) यानी बैटरी से चलने वाले वाहनों की संख्या में तो निरंतर इज़ाफ़ा हो रहा है लेकिन इसकी सबसे बड़ी समस्या है पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशनों का न होना। इससे लोगों को लम्बी यात्राएं करने में दिक्कत होती है। प्रदेश में ईवी की सर्वाधिक संख्या राजधानी रायपुर में है। यहां जिन लोगों के पास ऐसे वाहन हैं वे घरों से उनकी चार्जिंग कर निकलते हैं पर जैसे-जैसे समय गुजरता जाता है और ज्यादा दूरी तय कर ली जाती है तो इन वाहन मालिकों को इस बात का भय रहता है कि कहीं बैटरी डिस्चार्ज न हो जाये। अब जिला प्रशासन तथा रायपुर नगरपालिका निगम ने एक ऐसी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है जिसके अंतर्गत न्यूनतम दूरी में ऐसे वाहनों के चार्जिंग स्टेशन खुल जायें। इस समस्या का हल होने से लोगों का रूझान ईवी की ओर और बढ़ेगा।

मंगलवार को रायपुर कलेक्टर एवं नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्टेशन हेतु सम्भावित स्थानों को देखा और इस योजना को तीन माह के भीतर अंजाम देने का तय किया। उम्मीद है कि अब पर्याप्त संख्या में ऐसे स्टेशन खुल जायेंगे लोगों को नज़दीक ही चार्जिंग की सुविधा मिल सके। फिलहाल शहर में केवल 7 स्टेशन हैं। जाहिर है कि यह तादाद अपर्याप्त है। इसके कारण लोगों को चार्जिंग कराने में काफी समय लगता है। चार्जिंग स्टेशनों में व्यवस्था होगी कि 10 मिनट के भीतर ही दोपहिया चार्ज हो जाये। इससे चार्जिंग सुरक्षित तरीके से भी होगी। घरों में चार्जिंग के चलते कई हादसे हो चुके हैं। विश्रामपुर में एक युवती पिछले महीने स्कूटी रिचार्ज करने के दौरान हुए ब्लास्ट से झुलस गई थी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। कुछ अरसा पहले रायपुर के टिकरापारा की राधाविहार कॉलोनी के एक मकान में स्कूटी रिचार्ज करते हुए धमाका हो गया था। इससे कई वाहन और सामग्रियां जल गई थीं। दो बुजुर्ग भी झुलसे थे।

केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से ईवी खरीदी में छूट व प्रोत्साहन मिल रहे हैं क्योंकि इनसे धुंवा व शोर नहीं होता। रजिस्ट्रेशन, टैक्स आदि सम्बन्धी छूटों के कारण लोग इन्हें खरीद रहे हैं। इससे प्रदूषण में कमी आयेगी तथा पेट्रोल व डीज़ल पर होने वाला खर्चा बचेगा। व्यवहारिक समस्या यही है कि इसके लिये रिचार्ज स्टेशन रायपुर में तो क्या कहीं भी पर्याप्त नहीं हैं। इसके चलते लोगों को इन वाहनों से लम्बी यात्राएं करनी मुश्किल होती है। कई बार तो ग्रामीण क्षेत्रों में रिचार्ज करने के लिये बिजली नहीं भी मिल पाती। रायपुर में जो शुरुआत की जा रही है वह प्रदेश के सभी शहरों व कस्बों में भी होनी चाहिये। शहरी इलाके हों या कस्बाई अथवा ग्रामीण, छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों में पर्याप्त संख्या में ऐसे स्टेशन खुलने चाहिये।

# जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गुलाब फूल भेंटकर पी-2 के 64 मतदान दलों को किया रवाना

## शांतिपूर्ण ढंग से शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदान कर्मियों को दी शुभकामनाएं



**जगदलपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा 85-बस्तर, 86-जगदलपुर, 87 चित्रकोट और आंशिक 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पी-2 के 64 मतदान दलों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर में बुधवार को मतदान सामग्री का वितरण कर सम्बन्धित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया। मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा मतदान दलों के सदस्यों को गुलाब फूल भेंट कर शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदान कर्मियों को दी शुभकामनाएं देते रवाना किया गया। कलेक्टर ने सभी वितरण केंद्रों के स्टाल में जाकर निरीक्षण करते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मतदान दलों के सदस्यों से रूबरू होकर उन्हें सभी मतदान सामग्री का मिलान कर मतदान केन्द्रों हेतु प्रस्थान करने की समझाइश दी। मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रात: 7 बजे से वितरण किया गया। सामग्री मिलने के बाद मतदान कर्मचारी मौका मिलान कर अपने दलों के सदस्यों और सेक्टर अधिकारियों के साथ वाहनों में रवाना हुए। तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर्स ने सामग्री वितरण व्यवस्था को निर्बाध करवाते हुए मतदान दलों को वाहनों से रवानगी करवाई गई। पी-2 के तहत विधानसभा नारायणपुर के 07, बस्तर के 04, जगदलपुर के 13 और चित्रकोट विधानसभा के 40 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। वाहनों में मतदान दलों की रवानगी के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय ने मतदान दलों को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न शत-प्रतिशत मतदान करवाने और सकुशल वापस आने की शुभकामनाएं दी। स्ट्राँग रूम से चित्रकोट और बस्तर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सामग्री के साथ परिवहन व्यवस्था तक लाने के लिए ई रिक्शा की सुविधा प्रशासन द्वारा दी गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, उप निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, एआर राणा, सुब्रत प्रधान, संयुक्त कलेक्टर वाहन प्रभारी ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**मतदान दलों को स्ट्राँग रूम से परिवहन व्यवस्था तक ई-रिक्शा की सुविधा**

**6 विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को प्रात: 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में समाहित अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक समय नियत किया गया है। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रात: 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

## मतदान के उपरांत सेल्फी विथ फैमिली थीम पर सेल्फी प्रतियोगिता




**जगदलपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला प्रशासन बस्तर द्वारा सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए सपरिवार वोट देकर मतदान केंद्र के समीप सपरिवार सेल्फी लें। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सपरिवार वोट देकर च्सेल्फी विथ फैमिलीज्एक साथ फोटो लेकर 92440-79533 मोबाइल नंबर में व्हाट्सअप कर दें। सबसे अच्छी फोटो भेजने वाले व्यक्ति को प्रशासन द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

## एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों द्वारा मतदाता कर सकेंगे मतदान

**जगदलपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया। फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया। शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक नि:शक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा निर्वाचन में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने निकाला फ्लैग मार्च



**कोण्डागांव,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोक सभा निर्वाचन के प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल को बस्तर संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान के लिए प्रचार-प्रसार की अवधि समाप्त होने के उपरांत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के नेतृत्व में कोण्डागांव जिला मुख्यालय में फ्लैग मार्च निकाली गई। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निकाली गई फ्लैग मार्च कोण्डागांव थाना परिसर से प्रारंभ होकर पुराना विश्राम गृह, बस स्टैण्ड, गांधी चौक, जय स्तम्भ चौक एवं शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस थाना परिसर पर पहुंच कर खत्म हुई।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत ने बताया कि लोक सभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए कोण्डागांव नगर में आज फ्लैग मार्च निकाली गई है, साथ ही लोगों को जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने सभी मतदाताओं को भी आगे आ कर मतदान करने के लिए भी प्रेरित किया।

## संवेदनशील क्षेत्रों के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुआ दो मतदान दल



**कलेक्टर व एसपी ने मतदान दलों को शांतिपूर्ण मतदान हेतु शुभकामनाएं देते किया रवाना**

**कोण्डागांव,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए प्रथम चरण के मतदान के तहत 19 अप्रैल को होने वाले बस्तर संसदीय क्षेत्र मतदान के लिए कोण्डागांव के संवेदनशील क्षेत्रों में मतदान हेतु मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से बुधवार 17 अप्रैल को रवाना किया गया। इसके लिए सुबह से मतदान दल शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केंद्र में पहुंचे थे। जहां दोनों मतदान केंद्रों के मतदान दलों को मतदान हेतु सामग्री प्रदान करके अधिकारियों द्वारा आवश्यक निर्देश देते हुए दलों को आईटीबीपी के कैंप में स्थित हेलीपैड में ले जाया गया। जहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा मतदान दलों से मुलाकात कर उन्हें शांतिपूर्ण मतदान हेतु शुभकामनाएं देते हुए मतदान के दिन सतर्कतापूर्वक कार्य करने की हिदायत दी गयी और अपने स्वास्थ्य का अवश्य ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी मतदान दल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रवानगी के पूर्व पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा आवश्यक निर्देश देते हुए सभी को शुभकामनाएं दी गयी।

ज्ञात हो कि जिले के अति संवेदनशील ग्रामों के दो मतदान केंद्रों में मतदान हेतु मतदान दलों को दो दिवस पूर्व ही हेलीकॉप्टर के माध्यम से मतदान स्थलों तक पहुंचाया गया है। इस दल में 14 अधिकारियों को निर्वाचन हेतु ग्रामों तक पहुंचाया गया है, जो 19 अप्रैल को होने वाले निर्वाचनों में मतदान कराने का कार्य करेंगे।

दोनों मतदान दलों के सेक्टर अधिकारी ने मतदान के प्रति उत्साह जताते हुए बताया कि वे पूर्व में भी संवेदनशील इलाकों में मतदान करा चुके हैं, यह पहला अवसर है जब उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा मतदान स्थल तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे वे बहुत उत्साहित हैं। मतदान दल के पीठासीन अधिकारी ने बताया कि पिछली बार भी उन्होंने संवेदनशील क्षेत्र में निर्वाचन का कार्य किया था, इस बार हेलीकॉप्टर द्वारा जाना उनके लिए नया अनुभव है, जिससे वे उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि वे इस लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर संवेदनशील क्षेत्रों के लोगों को भी उनके मताधिकार दिलाने में सहभागी हो रहे हैं, जिसकी उन्हें बहुत प्रसन्नता हो रही है।

## गायत्री शक्ति पीठ सत्संग भवन का भूमिपूजन



**जगदलपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्ति पीठ में प्रस्तावित नए सत्संग भवन का भूमि पूजन बुधवार दोपहर को किया गया। नवरात्र के अंतिम दिन और रामनवमी के शुभ मुहूर्त में भूमि पूजन हुआ। इस अवसर पर अतिथि श्याम सोमानी, प्रमुख ट्रस्टी जयश्री श्रीवास्तव, सुप्रिया श्रीवास्तव, रेणु शर्मा, आनंद राम साहू, विकास श्रीवास्तव, इंद्र मोहन शर्मा, इंजी बी बासुराव, निलेश ठाकुर, राजीव निगम, राजू महावर, भरत गंगादित्य सहित निर्माण समिति सदस्य और परिजन उपस्थित रहे।

**बहुमंजिला होगा भवन:** ट्रस्ट मण्डल ने बताया की गायत्री शक्ति पीठ के नए गर्भग्रह के पीछे पुराने भवन तो समतल कर वहाँ तीन हजार वर्ग फीट में बहु मंजिला व आधुनिक ऑडियो वीडियो सुविधा युक्त सत्संग भवन बनाना प्रस्तावित है। इस भवन में यज्ञ कुंड की भी व्यवस्था रहेगी।

**सुबह से शाम तक यज्ञ और संस्कार महोत्सव :** नवरात्र की अष्टमी पर शक्ति पीठ में सुबह से शाम तक सामूहिक मंत्र जाप, 5 कुण्डीय हवन और विविध संस्कार करवाये जाते रहे। पूर्णाहुति के बाद आरती और प्रसाद वितरण हुआ इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गठबंधन के लायक नहीं है कांग्रेस, अपने सिद्धांतों पर लड़ रही है सीपीआई : फुलसिंग कचलाम



**कोण्डागांव,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्र की सत्ता में बहुमत के साथ कई साल तक सत्ता पर आसीन रही कांग्रेस को केंद्र की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने एवं केंद्र की सत्ता पर आसीन होने के उद्देष्य से भारतीय जनता पार्टी ने भी पुर्व में एनड़ीए गठबंधन बनाया और केंद्र की सत्ता में काबिज होने में सफल रही। आज भाजपा पूर्ण बहुमत में होने के बाद भी एनड़ीए गठबंधन कायम है। ऐसे ही अल्प मत में आने के बाद कांग्रेस एवं अन्य राजनीतिक दलों के द्वारा भी यूपीए गठबंधन बनाया गया था, जो वर्तमान में इंडिया गठबंधन के नाम से चल रहा है। कांग्रेस एवं अन्य राजनीतिक दलों के द्वारा इंडिया गठबंधन बना तो लिया गया है, लेकिन इस गठबंधन में विधान सभा हो या लोक सभा, किसी भी सीट को लेकर सर्व सहमति कहीं भी नजर नहीं आ रही है, जिससे इंडिया गठबंधन के औचित्य पर ही प्रष्नचिन्ह खड़ा हो गया है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर लोक सभा क्षेत्र क्रमांक 10 में कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपना प्रत्यासी तो वहीं कम्युनिश्ट पार्टी ऑफ इंड़िया छ.ग.के द्वारा अपने प्रत्यासी को चुनाव मैदान में उतारा गया है। प्रेस विज्ञप्ति के जरीए बस्तर लोक सभा क्षेत्र >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## जुआ खेलते 2 आरोपियों को फरसगांव पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोण्डागांव,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। ताष के 52 पत्ते से रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलते 02 आरोपियों के कब्जे से ताष के 52 पत्ते, एक प्लास्टिक बोरी, 01 नग अधजली मोमबत्ती जुमला रकम 4600 रूपये बरामद करने के साथ फरसगांव पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देषन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेष कुमार डाण्डे (ऑप्स) के मार्गदर्षन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विष्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा लोक सभा चुनाव वर्ष 2024 के मद्देनजर लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते 16 अप्रैल 2024 को जुर्म जरायम पता साजी के दौरान जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि वन बोरगांव के मोतीराम नेताम के खेत कोसम झाड़ के नीचे मोमबत्ती की रोषनी से कुछ व्यक्ति ताष के 52 पत्ते से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना मिलने पर गवाहों को साथ लेकर मुखबीर के बताये स्थान में पहुंच कर हमराह स्टाफ के घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया, जो ताष के 52 पत्तों से जुआ खेल रहे 02 व्यक्तियों को पकड़े जिनका >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## रामनवमी पर निकली भव्य एवं विशाल शोभायात्रा



**सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब, लाखों की संख्या में शामिल हुए लोग**

**जगदलपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। रामनवमी के अवसर पर शहर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा में काफी संख्या में शामिल हुए। शोभायात्रा में राम दरबार, सियाराम, श्री राम की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभायात्रा में शामिल लोग ध्वनि विस्तारक यंत्र डीजे के साथ श्री राम की भजनों पर झूमते नाचते चल रहे थे। विभिन्न चौक चौराहा में अनेक सामाजिक संस्थाओं एवं समाजों के द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया शोभायात्रा में शामिल लोगों को शरबत और जल पिलाया गया। विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में बस्तर की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी के प्रांगण से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए पुन: दंतेश्वरी मंदिर के सामने पहुंची। श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जगदलपुर शहर से लेकर ग्रामो तक एक उत्साह का माहौल नजर आया। चौक चौराहों पर श्री राम की मूर्ति स्थापित कर लोगों ने 9 दिनों तक पूजा अर्चना की। इसके पश्चात सभी सामूहिक रूप से रामनवमी के अवसर पर आयोजित भाव एवं विशाल शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते बना। जगह-जगह चौक चौराहों पर जमकर आतिशबाजी भी की गई। देर रात तक जय श्री राम के नारों से वातावरण गूंजायमान हुआ। सारा शहर एवं आसपास का ग्रामीण क्षेत्र श्री राम की भक्ति में शराब और नजर आया।

# नशे के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला व्दारा आगामी लोकसभा निवार्चन को दृष्टिगत रखते हुये अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध निगाह रखने एवं ठोस कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों का विक्रय करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस हेतु मुखबीर लगाये गये एवं संदिग्ध लोगों पर लगातार नजर रखी गयी। इसी कम में सूचना प्राप्त हुई कि देना बैंक के पीछे सडक नंबर 8 पीपल पेड के नीचे एवं बैकुण्ठ धाम मैदान मंच के पास छावनी में मो. अरमान नामक व्यक्ति द्वारा नशीली दवाई बेचने के लिये बैठा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेरा बंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लिये जाने पर आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित सैमफेक्स प्लस टेबलेट 328 नग कीमती 9840 रूपया एवं मोटर सायकल डिस्कवर कीमती 8000 रूपया कुल कीमती 17840 रूपया बरामद की गई। आरोपी के विरूद्ध थाना छावनी में नारकोटिक्स एक्ट की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में एसीसीयू एवं थाना छावनी स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

**सट्टा के आरोप में महिला गिरफ्तार**

इसी तरह मुखबीर से पुलिस को सूचना मिली कि थाना छावनी क्षेत्रान्तर्गत रीता नामक महिला सट्टा पट्टी के माध्यम से सट्टा अंक व रूपया पैसा लेकर सट्टा नामक जुआं खिलाने की सूचना पर मौके पर दबिश दिया गया। महिला रीता के कब्जे से 9 नग मोबाईल, नगदी रकम 10090 रूपया, सट्टा.पट्टी आदि जप्त किया गया। महिला के विरूद्ध थाना छावनी में जुआं एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की गई।

**गांजा के साथ महिलाएं हिरासत में**

पुलिस की ताबडतोड़ कार्यवाही के तहत मादक पदार्थों का विक्रय करने वालों की मुखबीर से मिली सूचना पर वैशाली नगर क्षेत्र के वृंदा नगर सार्वजनिक शौचालय के बगल में एक महिला मनमीत अपने घर के पास में अवैध रूप से गांजा रखकर बिकी कर रही है कि सूचना पर तत्काल थाना वैशाली नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी पर आरोपी महिला के कब्जे से एक बैगनी कलर के थैला के अंदर 152 कागज की पुड़िया में बाधकर रखे कुल वनज 1.400 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं बिकी रकम 65000 कुल कीमती 73500 रूपये को नियमानुसार जप्त किया गया। इसी प्रकार तीन महिलायें मिलकर बालाजीनगर राम मंदिर खुर्सीपार के पास अवैध रूप से गांजा बेचने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचकर संदिग्ध महिलाओं को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर अपना नाम पी. दुर्गा, सुशीला, रत्ना अम्मा बताया।

थाना छावनी अन्तर्गत चौरसिया होटल के पीछे डी. सुनिता नामक महिला व्दारा गांजा बिकी करने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया । तलाशी पर महिला के कब्जे से 1050 ग्राम गांजा कीमती 10500६. रूपये जप्त किया गया। महिला के विरूद्ध थाना छावनी में नारकोटिक्स एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। सभी महिला आरोपियों के विरूद्ध थाना वैशाली नगर, छावनी एवं खुर्सीपार में नारकोटिक्स एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। गांजा के मुख्य स्त्रोत के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है एवं अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

# स्टेशन तक पहुंच मार्ग को ठीक करने की मांग



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने जारी बयान में कहा कि लगभग दो माह पूर्व भिलाई पावर हाउस चौक से भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन मुख्य पहुंच मार्ग पर रेलवे के ठेकेदार द्वारा बोल्डर एवं मलमा डलवा कर रोड को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है जिसके कारण इस मार्ग से वाहन चालक रेलवे स्टेशन नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिसके कारण आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोर, विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी एवं प्रभाकर राव जनबंध, नागेंद्र तिवारी,युवा नेता शिवराज ताम्रकार आदि ने भी उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर एवं स्थानीय प्रभारी रेलवे स्टेशन भिलाई पावर हाउस को भी पत्र लिखकर तत्काल स्टेशन आने जाने वाले मार्ग पर आम नागरिकों को परेशान करवाने के लिए रखवाये गए बोल्डर एवं मलमा को हटवाने की मांग की है जिससे आम यात्रियों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके। राजेंद्र ताम्रकार ने कहा कि रेल्वे स्टेशन के विस्तारीकरण का वे स्वागत करते है, किन्तु लोगों को परेशानी हो इसका भी निराकरण किया जाना चाहिए। श्री ताम्राकर ने कहा कि रेल्वे स्टेशन तक पहुंच मार्ग में मलवा होने के कारण कई यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। रात्रि के समय यात्रियों को काफी परेशानी होती है।

# शहीद विनोद चौबे खेल सम्मान का आयोजन



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। आज बुधवार को जिला मास्टर एथेलेटिक संघ के द्वारा शहीद विनोद चौबे खेल सम्मान का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में बी.आर.साहू एवं टी.आर.साहू का सम्मानित किया गया। सिविक सेन्टर के जयंति स्टेडियम भिलाई में किया गये इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से अध्यक्ष रमेश सिंह सचिव, टी आर साहू, लेखराम आडिल, देवधर ठाकुर, ओमकार अग्रवाल, गणवीर सिंह, घनाराम साहू, सकील इरानी, मुकेश साहू, श्री चन्द्राकर, ओमप्रकाश वर्मा, होरीलाल, श्री चौरसिया, प्रियंका साहू सहित मास्टर एथेलेटिक संघ के सदस्य उपस्थित रहें। छत्तीसगढ़ मास्टर एथेलेटिक संघ के सचिव एनआईएस एथेलेटिक कोच ताजुद्दीन उपस्थिति विशेष रुप से उपस्थित थे। एथेलेटिक संघ के सचिव एनआईएस एथेलेटिक कोच ताजुद्दीन शहीद ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाता है। जिससे अन्य खिलाड़ियों को खेल के प्रति और अधिक रुचि हो तथा वे अपने प्रेदश व देश का नाम रौशन कर सके।

# छात्रों के जीवन में अध्ययन सर्वाधिक महत्वपूर्ण : डॉ. बेहरा

**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मी धर बेहरा ने बी.टेक तथा एम.टेक, पी.एच.डी. के शोधार्थी छात्र.छात्राओं एवं प्राध्यापक को संबोधित किया। प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मी धर बेहरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी छात्र-छात्राओं के जीवन में उनका अध्ययन काल सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। इस काल में उनके द्वारा की गई मेहनत ही उनके भविष्य का निर्धारण करती है। इस काल में छात्र-छात्राओं कोअपना ध्यान केवल एवं केवल ज्ञान अर्जन एवं नवीन कौशल के विकास हेतु लगाना चाहिए तथा अपना कुछ नवीन शोध एवं सोच का विकास करने में ध्यान लगाना चाहिए। प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मी धर बेहरा ने छात्र-छात्राओं को यह भी बताया कि उत्कृष्ट अध्ययन के लिए उन्हें एक नियमित दिनचर्या का पालन करना चाहिए। जैसा प्राचीन काल में गुरुकुल में छात्र-छात्राओं के द्वारा किया जाता था। इससे छात्र अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बना सकेंगे। जिससे उन्हें छात्र की जीवन में सफलता प्राप्त होगी। आईआईटी मंडी के निदेशक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें एकेडमिक उत्कृष्टता एवं कौशल के लिए प्रयत्न करना चाहिए, ना कि धन एवं उत्तम अंक के लिए भागना चाहिए। क्योंकि अकादमिक उत्कृष्ट के पीछे ही उत्तम धन और अंक आता है। प्राप्त जानकारी अनुसार डॉक्टर बेहरा ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय व आईआईटी मंडी के मध्य एमओयू किया गया है। जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक आईआईटी मंडी में स्थित विश्व स्तरीय लाभ एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा आईआईटी मंडी छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्रों को 6 माह इंटर्नशिप प्रदान करेगा जिससे छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध एवं तकनीक का ज्ञान प्राप्त होगा। डॉक्टर लक्ष्मी धर बेहरा ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के.एच.डी शोधार्थियों एवं शिक्षकों को आई.आई.टी मंडी के शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से पी.एच.डी शोध करने के लिए भी आमंत्रित किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर एम के वर्मा समकुलपति डॉक्टर संजय अग्रवाल यूटीडी के निदेशक डॉक्टर पी के घोष एवं सीएसवीटीयू फोरटे के निदेशक डॉक्टर आर एन पटेल तथा एम.टेक, पी.एच.डी के शोधार्थी उपस्थित थे।



# विश्व लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में विश्व लैब टेक्नीशियन दिवस पर मुख्य अतिथि सीनियर मेडिकल आफिसर डा भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि लैब की जरूरत रोगी विभिन्न जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिससे रोग पहचान कर निदान आसान होता है। अध्यक्षता संघ के महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि जकरिया जानसन ने माइक्रो स्कोप की अविष्कारक के बाद रोगी के माइक्रो बायोलॉजी व केमिस्ट्री से संबंधित जीवाणु और कीटाणुओं की जांच करना विश्व में सरल हुआ। चिकित्सा विज्ञान में उनके जन्म दिवस पर विश्व लैब टेक्निशियन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम दा फ्यूचर इज़ लैब है। डॉ आशीष शर्मा ने कहा कि प्रयोगशाला तकनीशियन की जिम्मेदारी कोविड काल में विश्व के पटल पर सभी ने महसूस किया कि है। इस अवसर पर लैब टैक्नोलाजिस्ट कु आलिया खातून प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 व भास्कर कोटराने को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा, डा.अर्चना पांडेय, श्रीमती आर गजभिए, तृप्ति चंद्राकर, विनय कुमार निर्मलकर सरस्वती ठाकुर, समीर रात्रेए मीरा साहू, संतोष नायक, जय सिंह कौठारी, पुष्प लता साहू, सुनीति वर्मा, मेनका, दिव्या कोटनि, चम्पा कली सोनी, के वेंकट राव, हिमांशु सूर्यवंशी,एकांश उपस्थित रहे।

# पुनः सार्थक हुई एचएमएस यूनियन की पहल

**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रमिक यूनियन हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) की पहल फिर एक बार सार्थक हुई है। इस बार फैक्ट्री में काम के दौरान करंट लगने से मृत छात्र के परिजनों को यूनियन की पहल पर जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में फैक्ट्री संचालक से 5 लाख रुपए का मुआवजा मिला है। इस दौरान एचएमएस यूनियन के छत्तीसगढ़ राज्य कार्यवाहक अध्यक्ष एच.एस. मिश्रा ने फैक्ट्रियों में नियम कानून के पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र भिलाई स्थित साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में 13 अप्रैल की दोपहर को पार्ट टाइम जॉब करने वाले एक कॉलेज के छात्र लक्ष्मण नगर निवासी विकास 19 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। करंट लगने के बाद छात्र को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। शव को मरच्यूरी में लाने के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। इस बात की जानकारी देते हुए हिंद मजदूर सभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ श्रमिक नेता एच.एस.मिश्रा को मौके पर बुलाया गया। जिस पर श्री मिश्रा यूनियन के पांच अन्य पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में श्रमिक नेता एच. एस. मिश्रा ने पीड़ित परिवार से बातचीत के बाद फैक्ट्री संचालक के समक्ष समझौते की रुपरेखा को सामने रखा। इस दौरान भाजपा नेता मनीष पाण्डेय और जेपी यादव भी मौजूद थे। जिसके बाद फैक्ट्री संचालक ने मात्र 4 दिन ही फैक्ट्री में काम करने के बाद करंट लगने से मृत छात्र के अंतिम क्रिया कर्म के लिए तत्काल 50 हजार रुपए नकद और साढ़े 4 लाख रुपए का चेक पीड़ित परिवार को मुआवजा स्वरुप सौंपा। इस दौरान तहसीलदार ने दुर्घटना बीमा तथा श्रम विभाग के प्रावधान के तहत और भी सहायता राशि दिलाने का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया है। यह सहायता राशि 2 से 12 लाख रुपए तक रहने की संभावना है। इस अवसर पर एच. एस. मिश्रा ने औद्योगिक क्षेत्र में कुछ फैक्ट्री संचालकों के द्वारा नियम कानून का पालन नहीं करने की ओर मौके पर मौजूद जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया। उन्होंने बताया कि लगभग 20 प्रतिशत फैक्ट्रियों में ही नियमों का पालन किया जा रहा हैं। बहुत से फैक्ट्रियों के बाहर कंपनी का नाम और वेतन तालिका नहीं लगाया गया है। जबकि श्रम कानून के तहत फैक्ट्री के बाहर उसका नाम, प्लाट नं, पता और वेतन तालिका लिखा होना चाहिए। फैक्ट्री संचालकों की इस लापरवाही पर शासन प्रशासन को गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने की जरूरत है।



# मोंगरा का मृत शरीर मानवता को समर्पित

**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मरने के बाद समाज की भलाई के लिए मृत शरीर दान देने का एक और संकल्प पूरा हुआ। रिसाली के मकान नंबर 254 एफ निवासी बीएसपी सेवा निवृत टीभन लाल साहू ने अपनी पत्नी मोंगरा साहू के साथ 18 अक्टूबर 2021 को प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की थी। 15 अप्रैल को मोंगरा साहू का अकस्मात निधन की सूचना पर संस्था प्रनाम के द्वारा वाहन आदि उपलब्ध करवाई गई उसके पश्चात अन्य वैधानिक औपचारिकताएं बाद स्व. मोंगरा साहू का पार्थिव शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु राजीव लोचन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, चंदखुरी को मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन हेतु समर्पित की गई। इस दौरान देहदानी टिभन लाल साहू, उनके पुत्र राजेंद्र साहू के अलावा पवन केसवानी, पुनाराम साहू, गंगाधर पटेल, हेमशंकर साहू, ओजस, देवेंद्र लहरी, टी एल साहू, डीपी साहू, दिलीप कुमार साहू, एन.एस, हिरवानी, लक्ष्मी नारायण साहू, एमआर साहू, के अलावा अनेक गणमान्य प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। सस्था ने विगत 16 सालों में अभी तक 2000 से ज्यादा लोगों को देहदान की वसीयत छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध करवाया गया है। जिनमें 203 लोगों के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया चिकित्सा अध्ययन हेतु उपलब्ध करवाई जा चुकी है। प्रनाम की देहदान, अंगदान एवं नेत्रदान की पहल से जुड़ने के लिए मोबाइल नंबर 9479 273 500 में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी राकेश साह प्रचार प्रभारी प्रनाम ने दी है।

# वरिष्ठ कर्मी हमारी सोसाइटी के आधार : मिश्र



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। इस्पात कर्मचारी को.ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह मार्च 2024 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों को सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल,श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमारी सोसाइटी के आधार स्तंभ रहे हैं और इनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सदस्यों में प्लेट मिल से देवलाल, नागेंद्र पांडेय, रामपाल, देबू राम ठाकु, रवि वाड, ओम हरि साहू, अवध कुमार साहू, एल चंद्रशेखर, रविचंद्रन, अरुण कुमार साह, मूलनारायण सोनी, फाल्गुराम वर्मा, विजय कुमार नायक, अशोक कुमार, मंगू प्रसाद, मोहन प्रसाद, जी एस ठाकुर, सुब्रा मुखर्जी, नारायण पाटिल, सतीश वाय पेठकर, सुजय कुमार सिराजुद्दीन, राधेश्याम महानंद, के पदमा और टाउनशिप से विपिन बिहारी मिश्रा को उनकी जमा राशि का चेक तथा शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। रिटायर कर्मियों में से सुबरा मुखोपाध्याय, नारायण पाटिल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सोसायटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों को साझा किया। इस अवसर पर बोर्ड मेंबर पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। संचालन एम मुरलीधर प्रबंधक व आभार वरिष्ठ सहायक बाबूलाल टंडन ने व्यक्त किया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गठबंधन के लायक नहीं है...

क्रमांक 10 के कम्युनिश्ट पार्टी ऑफ इंड़िया के प्रत्यासी फुलसिंग कचलाम ने उपरोक्त बातों को कहने के साथ ही आगे कहा है कि कांग्रेस पार्टी गठबंधन के लायक ही नहीं है, इसलिए सीपीआई अपने सिद्वांतों एवं बलबुते पर बस्तर लोक सभा क्षेत्र क्रमांक 10 का चुनाव सीमित संसाधनों के साथ लड़ रही है। लोक सभा चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं का रुझान सीपीआई को मिल रहा है। आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग की बहुसंख्य आदिवासी जन कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राजनीतिक दलों की सरकारों को लंबे समय से देखते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य की सत्ता पर बारी-बारी से आसीन रहने वाली कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों को बस्तर की जनता अच्छी तरह देख चुकी है। दोनों ही दलों के सत्ता में होने के दौरान निर्दोश आदिवासी भाई बहनों को बहुत अधिक संख्या में जेल जाना पड़ा है, अपने घरों और गांवों को छोड़कर बे घर बार होकर खानाबदोष सा जीवनयापन करना पड़ा है। कईयों को अपनी जानें गवानी पड़ी है। आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग के बहुसंख्य आदिवासी सहित अन्य सभी जाति वर्ग के षोशित प्रताड़ित आम जनों को उनका हक दिलाने के लिए ही बस्तर लोक सभा क्षेत्र में सीपीआई अपने बलबुते पर अपने मुल सिद्धांत के साथ चुनावी रण में उतरी है और जीत हासिल करने का पुरा-पुरा प्रयास कर भी रही है।

### जुआ खेलते 2 आरोपियों...

नाम पता पूछने पर अपना नाम महेष पिता लच्छुराम नेताम 28 वर्ष निवासी वन बोरगांव एवं मनीराम पिता मेघनाथ मण्डावी 34 वर्ष निवासी वन बोरगांव थाना फरसगांव जिला कोण्डागांव होना बताए जिनके कब्जे से व फड़ से जुमला रकम 4600 रूपये, ताष के 52 पत्ते, 01 नग सफेद प्लास्टिक बोरी, अधजली मोमबत्ती पाये जाने से मुताबिक जसीपत्रक गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3 के अन्तर्गत पाये जाने से मौके पर 16 अप्रैल 2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक नरेष साहू थाना प्रभारी, प्र.आर.सियाराम मरापी, प्र.आर.सलीम तिग्गा, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी, आरक्षक धनीराम सलाम, आरक्षक अजय मरकाम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# विधायक ने सर्व समाज प्रमुखों की ली बैठक



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और दुर्ग लोकसभा अंतर्गत वैशाली नगर से विजय बघेल को एक लाख मतों से लीड दिलाने वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन संगठनात्मक टीम और भाजपा की टोली के साथ हर रोज निगम के अलग अलग वार्डों में घर-घर जनसंपर्क कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने पार्टी के निर्देश पर आज विभिन्न क्षेत्रीय समाज के प्रमुखों के साथ विधायक ने लंबी चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनवाईं। श्री सेन ने सर्व समाज प्रमुखों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा समाज कर्म प्रधान जरूर है लेकिन अपने धर्म और आस्था का भी हम सभी बराबर सम्मान करते हैं। जो कांग्रेस भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताती थी वही आज वोट मांगने हमारे पास आ रही है। पिछली बार आपने एक वोट विजय बघेल को दिया तो टैंट में विराजमान भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना। अमूमन एक वर्ष में हम घर नहीं बना पाते मगर श्री मोदी की सरकार ने रामलला का विशाल मंदिर बनवाया। विपक्ष के लोग फैलाते रहे कि भारतीय जनता पार्टी मुस्लिम विरोधी है जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू से कहा कि सबका साथ सबका विकस। तीन तलाक पर कानूनी का प्रवाधान लाया। रिकेश सेन ने धारा 370 सहित अनेक कल्याण कारी योजना लाई। प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनोपयोगी योजनाओं का जिक्र करते हुए सर्व समाज प्रमुखों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी भय और लालच से अपने आंकलन अनुरूप करें, क्योंकि आपके समाज के और देश के विकास के लिए आप सभी का एक एक वोट बहुमूल्य है। उन्होंने कहा कि इस बार हम फिर भाजपा को चुनें और श्री मोदी को देश का तीसरी बार अवश्य प्रधानमंत्री बनाने के लिए दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को सबसे बड़ी विजय अवश्य दिलावें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अनेक नेता उपस्थित थे।

# नगर सेवा विभाग ने राजस्व एकत्र में रचा कीर्तिमान

**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने विगत वित्त 2023-24 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करके सफलता अर्जित की है। विगत वित्त वर्ष में नगर सेवा विभाग ने 100.55 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्र कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। आलोच्य वर्ष में नगर सेवा विभाग को 97 करोड़ राजस्व एकत्र करने का लक्ष्य था। इसकी तुलना में 100.55 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्र किया है। वित्त वर्ष की श्रेष्ठ निष्पादन के साथ समाप्ति पर संयंत्र बिरादरी को बधाई देने के लिये संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के नेतृत्व में संयंत्र प्रबंधन की टीम ने प्रत्येक विभाग में जाकर संयंत्र बिरादरी के सदस्यों को सफल विगत वर्ष की पूर्णता के लिये बधाई दी और श्रेष्ठ निष्पादन के लिये सभी सदस्यों की व्यक्तिगत तौर पर सराहना की। नगर सेवा विभाग ने विगत वित्त वर्ष 2022-23 में 91.75 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की थी। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में 100.55 करोड़ का राजस्व एकत्र कर लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2021-22 में 86.26 करोड़ए वित्त वर्ष 2020-21 में 80 करोड़ रूपये और वित्त वर्ष 2019-20 में 66.49 करोड़ रूपये राजस्व एकत्र किया था। वर्ष 21 एवं 22 में करोना महामारी के बावजूद नगर सेवा विभाग ने राजस्व एकत्र करने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की थी। राजस्व वसूली के लिये विशेष रूप से प्रयास कर 31 मार्च 2024 के पूर्व अपने लक्ष्य को पार करने में सफल रहा। इसके लिये नगर सेवा विभाग ने इनफोर्समेंट विभाग के मदद से लम्बित प्रकरणों पर भी कार्यवाही की।

# 14 साल की बच्ची से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

## नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर करता था शारीरिक शोषण

**कोण्डागांव** 17 अप्रैल (देषबन्धु)। जिले के थाना विश्रामपुरी क्षेत्र में एक 14 साल की नाबालिक बच्ची को बहला फुसलाकर उसके साथ बलात्कार करने वाले शादीशुदा आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।



मामले की मिली जानकारी के अनुसार थाना विश्रामपुरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक ग्राम के निवासी नाबालिक बच्ची के पिता द्वारा 15 अप्रैल 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 14 अप्रैल 2024 की सुबह लगभग 11 बजे आरोपी अघनसिंह मरकाम 26 वर्ष साकिन सोनपुर थाना विश्रामपुरी जिला कोंडागांव द्वारा उसकी नाबालिक बच्ची 14 वर्ष को बहला फुसलाकर कर बलात्कार करने की नियत से अपहरण कर अपने मोटर सायकल में बिठाकर दिनभर घुमाता रहा एवं रात्रि में अपने खेत लाडी में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया और दूसरे दिन 15 अप्रैल 2024 को पीड़िता को ले जाकर विश्रामपुरी में छोड़ दिया। परिजनों को पता लगने पर पीड़ित बच्ची से पूछताछ किया, तो बच्ची ने परिजनों को पूरी घटना बताया कि आरोपी अघन सिंह मरकाम पिछले 01 वर्ष से अब तक कई बार नाबालिक बच्ची का शारीरिक शोषण किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना विश्रामपुरी में अप.क्र.22/2024 धारा-363, 366, 376 (2)ढ, 376(3), भादंवि व धारा-06 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले कि गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय.अक्षय कुमार (आईपीएस) के द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ, जिसपर अति. पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार दान्डे के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी केशकाल भूपत सिंह धनेश्री के पर्यवेक्षण में तत्काल आरोपी की पतासाजी किया गया एवं आरोपी अघनसिंह मरकाम 26 वर्ष साकिन सोनपुर थाना विश्रामपुरी जिला कोंडागांव की पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया एवं न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी संजय वट्टी व थाना स्टॉफ की अहम भूमिका रही।

## आज नामांकन रैली में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जांजगीर जाएंगे

**लवन**, 17 अप्रैल। जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर शिवकुमार डहरिया का नामांकन रैली व आमसभा का आयोजन 18 अप्रैल को पुराना कचहरी चौक जांजगीर चांपा में होगा जहां क्षेत्र के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जांजगीर जाएंगे।नामांकन रैली व आम सभा में शामिल होने के लिए जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कसडोल बिलाईगढ़ पामगढ़ अकलतरा जैजैपुर जांजगीर चांपा शक्ति व चंद्रपुर विधानसभा से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि डॉक्टर डहरिया का आम सभा में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार है विभिन्न वाहनों से दोपहर 12ः00 बजे जांजगीर चांपा पहुंचेंगे।

# लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने जिले के युवा मतदाता हो रहे उत्साहित

**धमतरी**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र धमतरी, कुरूद और कांकेर लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र सिहावा के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले के महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार मतदान करने जा रहे धमतरी निवासी लोकेश कुमार नेताम ने कहा कि मैने हाल ही में अपनी बारहवीं कक्षा की पढ़ाई पूरी की है और अग्निवीर सेना की भर्ती के लिए तैयारी कर रहा हूं। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मुझे लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का अवसर मिल रहा है। मतदान के दिन मैं स्वयं वोट डालने जाउंगा और आसपास के दोस्त, पड़ोसी और परिवार के लोगों को भी मतदान के लिए लेकर जाउंगा। वहीं ग्राम मुजगहन की चेष्टा ध्रुव बतातीं हैं कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में आगामी 26 अप्रैल को मैं पहली बार मतदान करूंगी। मुझे काफी खुशी महसूस हो रही है कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाउंगी। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके अपनी सहेलियों और सहपाठियों सहित आसपास के लोगों को भी अपने बहुमूल्य वोट का उपयोग करने की बात कही।



**लोकेश कुमार नेताम और चेष्टा ध्रुव नेताम ने कहा मतदान कर देश के प्रति जिम्मेदारी को निभाउंगा**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। इसका प्रभाव जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं में दिखाई देने लगा है। मतदाताओं को जागरूक करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मनरेगा और अन्य मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र, रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलिंटियर्स, दिव्यांग स्कूलों के विद्यार्थी, महाविद्यालयीन विद्यार्थी सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों के जरिए स्वीप सायकल रैली, रंगोली, कलश यात्रा, दिवार लेखन, मेहंदी सजावट, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, शपथ, विभिन्न पर्वों में मिलन के दौरान मतदान की शपथ इत्यादि कार्यक्रम किये जा रहे हैं।

# दिव्यांग व बुजुर्गों के लिए निःशुल्क वाहन

## वोट डालने दिव्यांग रथ की सुविधा



**दंतेवाड़ा**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान करने दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक आयु वर्ग के मतदाताओं को निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। दिव्यांग रथ के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हाकंन कर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके निवास स्थल तक छोड़ने हेतु निःशुल्क दिव्यांग रथ की व्यवस्था की गयी है। ज्ञात हो कि दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र-88 अन्तर्गत दंतेवाड़ा में चिन्हित वरिष्ठ मतदाता 15, दिव्यांग मतदाता 7, गीदम में वरिष्ठ मतदाता 4, दिव्यांग मतदाता 8, कुआकोण्डा में वरिष्ठ मतदाता 2, दिव्यांग मतदाता 2 तथा कटेकल्याण में वरिष्ठ मतदाता 2, दिव्यांग मतदाता 1 मतदाता है। इस प्रकार पूरे जिले में 41 वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाता चिन्हित किए गए है।

# कासोली में जुटे दिग्गज भाजपाई, मांगा आशीर्वाद



**दंतेवाड़ा**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दिग्गज भाजपा नेताओ ने कासोली पहुंचकर आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। भाजपा की रीति-नीति व मोदी सरकार की महत्वकांक्षी व जनकल्याणकारी योजनाओ से प्रभावित होकर मुस्तलनार ग्रामपंचायत सरपंच मनोज कोरीम ने 30 समर्थको के साथ कांग्रेस छोड़ भाजपा प्रवेश किया। भाजपा नेताओ ने भाजपा का गमछा पहनाकर सभी का स्वागत किया।

- महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी भी पहुंची
- मुस्तलनार सरपंच मनोज 30 समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी एवं महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालनी राजपूत भी दंतेवाड़ा विधानसभा के ग्राम पंचायत कासोली पहुंची। सभी ने लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नुक्कड़ सभा को संबोधित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, अनिल जार्ज, जिला उपाध्यक्ष व जनपद अध्यक्ष दंतेवाड़ा सुनीता भास्कर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता, जनपद अध्यक्ष गीदम अंती वेक, नगर पालिका दंतेवाड़ा अध्यक्ष पायल गुप्ता, गीदम मण्डल महामंत्री शैलेश अटामी, जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम, जग्गू अटामी, हारम सरपंच प्रमिला सुराना, समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महानवमी पर दंतेश्वरी मंदिर में नव कन्या पूजन

## पूर्णाहूति में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु



**दंतेवाड़ा**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन महानवमी पर आज दंतेश्वरी मंदिर में पूर्णाहूति हुई। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही नव कन्या पूजन भी कराया गया। नव कन्या पूजन के बाद भण्डारा में प्रसाद का वितरण हुआ। इसके साथ ही ज्योति कलश के विसर्जन के बाद नवरात्र पर्व का समापन हुआ। आज भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मांई दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। गर्मी की वजह से इस बार नवरात्र में भीड़ कम रही। फिर भी पूरे 9 दिन श्रद्धालुओं का आना लगा रहा।

## मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मदिरा दुकानें व होटल-बार रहेंगी बंद

**कोण्डागांव** 17 अप्रैल (देषबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 यथा संशोधित 1996 के प्रावधानों एवं आयोग की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु प्रथम चरण के नियत मतदान तिथि 19 अप्रैल 2024 को बस्तर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केन्द्रों में मतदान होने के कारण 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से मतदान की समाप्ति तक कोण्डगांव में संचालित देशी मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान तथा सैनिक कैंटिन बंद रहेंगी। इसी तरह द्वितीय चरण में के नियत मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को कांकेर लोक सभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान होने के कारण 24 अप्रैल 2024 से मतदान की समाप्ति तक फरसगांव और केशकाल में संचालित देशी और विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखा जाएगा। उक्त अवधि को शुष्क दिवस घोषित करते हुए संबंधित क्षेत्रों में समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफएल 1 (घघ) एवं देशी मदिरा दुकानें सीएस 2 (घघ), सीएस 2 (घघ-कम्पोजिट), एफएल 3 होटल-बार, एफएल 7 सैनिक कैंटीन एवं मद्य भण्डागार, भांग-भांगघोटा में विक्रय, परोसना, परिवहन एवं धारण करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## 296 मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण होगा आज

**कोण्डागांव** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोक सभा निर्वाचन 2024 प्रथम चरण के लिए बस्तर लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत कोंडागांव जिले के कोंडागांव और नारायणपुर विधान सभा क्षेत्र के 296 मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण गुरुवार 18 अप्रैल को किया जाएगा। मतदान सामग्री का वितरण शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण स्थल में सुबह 6 बजे से किया जाएगा।

# निर्वाचन दायित्व से जुड़े कुल 2375 अधिकारी कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान



**धमतरी**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा प्रदाय की गई है। इसके तहत अब तक कुल 2375 अधिकारी- कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गौरतलब है कि आज सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित सुविधा केन्द्र में कुल 912 अधिकारी, कर्मचारियों ने मतदान किया। इनमें सिहावा विधानसभा के 132 अधिकारी, कर्मचारियों ने वोट डाला, वहीं कुरूद विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के 411 और धमतरी विधानसभा के 369 अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। बता दें कि 15 अप्रैल को 1463 और आज 912 इस तरह अब तक कुल 2375 अधिकारी, कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित

**कोण्डागांव**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत बस्तर लोक सभा क्षेत्र में समाहित अलग-अलग विधान सभा क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक समय नियत किया गया है। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। वहीं बस्तर विधान सभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधान सभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

# प्याऊ केन्द्र में दहिकोंगा स्काउट्स एवं गाइड्स दल ने किया सेवा कार्य

**कोण्डागांव**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागांव द्वारा संचालित प्याऊ केन्द्र में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दहिकोंगा के स्काउट्स एवं गाइड्स दल द्वारा पेयजल वितरण कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार प्रत्येक जिला मुख्यालय में बढ़ती गर्मी के कारण पेयजल आपूर्ति हेतु प्याऊ केन्द्र संचालित करने निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में जिला संघ कोण्डागांव द्वारा जिला मुख्यालय में जिला कार्यालय एवं अनुविभागीय कार्यालय के पार्किंग शेड में प्याऊ केन्द्र 9 अप्रैल 2024 को जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला संगठन आयुक्त के उपस्थित में खोला गया है। इस प्याऊ केन्द्र में प्रतिदिन अलग अलग संस्था के छात्र छात्राओं द्वारा सेवा कार्य किया जा रहा है। इस सेवा कार्य में सेजस दहिकोंगा, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव, सेक्स महात्मा गांधी वार्ड एवं जामकोटपारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरोला, लंजोड़ा के स्काउट्स एवं गाइड्स दल भाग ले रहे हैं। रामनवमी के दिन सेजस दहिकोंगा स्काउट मास्टर ऋषिदेव सिंह सहित स्काउट्स युवराज मानिकपुरी, सतेन्द्र पवार, नागेन्द्र पोयम, दिनेश्वर बघेल, गाइड्स नेत्रियां दीवान, कविता मौर्य, प्रमिला दीवान, पंती मौर्य ने सेवा कार्य किया।




# पीएम मोदी ने निभाया भाई होने का धर्म अब बहनों की बारी है : रंजना साहू

**धमतरी**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। गरियाबंद जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा नगर पंचायत राजिम में नारी शक्ति सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुई।



श्रीमती रंजना साहू ने सभा में सम्बोधन कर भारतीय जनता पार्टी से महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती रुपकुमारी चौधरी जी को भारी मतों से विजई बनाकर केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की पुनः मोदी सरकार बनाने का आवाहन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होकर मातृशक्ति के स्वाभिमान को जगा कर मोदी जी ने नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाया हैं, नारी शक्ति के स्वाभिमान के लिए मोदी सरकार ने लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण, उज्जवला गैस कनेक्शन, नल जल योजना, प्रधानमंत्री आवास, स्व सहायता समूहों को प्रोत्साहन, राज्य सरकार के द्वारा महतारी वंदन योजना जैसे अनगिनत योजनाएं लाई जिससे मातृशक्ति आत्मनिर्भर बने हैं, देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भाई होने का धर्म निभाया है और अब हम बहनों की बारी है कि बहन का धर्म निभाते हुए लोकसभा चुनाव में कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूप कुमारी चौधरी को विजय श्री बनाकर लोकसभा में भेजें जोकि एक नारी शक्ति है। श्रीमती साहू ने उपस्थित नारी शक्ति को नमन किए एवं आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को अमूल्य योगदान देने की बात कही। नारी शक्ति सम्मेलन में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्वेता शर्मा, गरियाबंद जिला के महिला मोर्चा प्रमुख पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।

# हार के डर से बौखलाई भाजपा लोगों को गुमराह करने कर रही निरर्थक प्रयास : झूमूकलाल दीवान

**कोण्डागांव**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि मीडिया के माध्यम से मिली जानकारी अनुसार कोंडागांव भाजपा द्वारा कांग्रेसियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए जनता को गुमराह करने का निरर्थक प्रयास किया जा रहा है, जबकि हकीकत यह है कि भाजपा के नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र, गारंटी कार्ड और कार्यकर्ताओं की मेहनत को देखकर डर गए हैं और कॉंग्रेसी नेताओं के नाम से फर्जी लेटर जारी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि जिस लेटर को आधार बनाकर बात कर रहे हैं, उसका खंडन किया जा चुका है, वीडियो भी जारी किया जा चुका है। कांग्रेस पार्टी का गारंटी कार्ड पूर्ण रूप से सत्य है। हमारे नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गाँधी के दस्तखत के साथ जारी किया गया है। हमारे कार्यकर्ताओं के द्वारा जन-जन तक इसे पहुंचाया जा रहा है। हमारी घोषणाओं को जन-जन तक पहुंचाने कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसीलिए भाजपा गुमराह करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी वह पार्टी है, जो भारत देश की गुलामी के दौरान अंग्रेजों से नहीं डरी, तो इन भाजपाइयों चंदा खोरों से क्या खाक डरेगी ? कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता बब्बर शेर है, डटकर मुकाबला करेंगे, माफीवीरों में से हम नहीं हैं। हिंदुत्व का ढोंग कर गौमांस व्यापारियों/बीफ कम्पनियों से ढाई सौ करोड़ रुपए चंदा लेकर गांव-गांव में जाकर खाता नंबर मांग रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता। यही भाजपा की हकीकत है। चंदा लेने के समय हिंदुत्व याद नहीं आती, सिर्फ वोट मांगने के लिए हिंदुत्व का सहारा लेती है, भाजपा। सत्ता हथियाने के लिए धर्म का सहारा लेती है, भाजपा। गौमांस व्यापारियों बीफ कम्पनियों से चंदा लेने वालों को इस चुनाव में करारा जवाब देगी जनता। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए कांग्रेस पार्टी के प्रचार-प्रसार में नुक्स निकाल रही है। भाजपा सरकार ने कुछ काम किया होता, तो उसे बताती। जुमला के अलावा तो इनके पास कुछ है नहीं। किस मुंह से जनता के बिच जायेंगे, इसलिए ऐसे हथकन्डे अपना रही है। जनता जनार्दन समझदार है, सब समझती है, भाजपाइयों के इन करतूतों का जवाब जरूर देगी जनता।



# बस्तर महाराजा भंजदेव ने मांगा महेश के लिए समर्थन

## समलूर में नुक्कड़ सभा को किया संबोधित



**दंतेवाड़ा**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव ने शिवानंद आश्रम गुमरगुंडा मे स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती से मुलाकात कर समलूर पहुंच शक्ति केंद्र मे नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया एवं भाजपा लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के लिए समर्थन मांगा। साथ ही सभी से अनुरोध किया कि मतदान करने अवश्य जायें। ग्रामीणों ने पारम्परिक वाद्य यंत्रो से कमलचंद भंजदेव का भव्य स्वागत किया तत्पश्चात श्री भंजदेव ने माँ तपेश्वरी के दर्शन के साथ पूजा अर्चना कर शांति,समृद्धि व खुशहाली का आशीर्वाद माँगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी, समलूर शक्तिकेंद्र प्रभारी ओम सोनी, पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, पूरन सोनी, विष्णु शिवहरे, गरीबदास, संतराम समेत संयोजक, सह संयोजक, पांचो बूथों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओ, माताओ एवं बहनो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

**उल्टा पुल्टा**

एक आदमी की मौत के बाद उसका दोस्त उसकी पत्नी के पास आया। और बोला- क्या मैं उसकी जगह ले सकता हूं?
पत्नी- मुझे कोई ऐतराज नहीं है कब्रिस्तान वालों से पूछ लो।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान राम का जन्मोत्सव







## विभिन्न स्थानों पर किए गए आयोजन

**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में आज रामनवमीं के अवसर पर भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाय गया। इस अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंकार किया गया। जिसे देखने के लिए प्रमुख राम मंदिरों में भक्तों की भीड़ सुबह से उमड़ी रही भगवान राम के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन मंदिरों में पहुंचने नजर आए इसके साथ ही शोभायात्रा एवं भोग भंडारे का आयोजन भी भक्तों के द्वारा किया गया था। आपको बता दे कि शहर के प्रमुख राम मंदिर वीआईपी रोड एवं दूधाधारी मठ में बड़े आयोजन किए गए थे जहां सुबह से भक्तों की भीड़ उमड़ती नजर आई भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया इसके साथ ही शहर में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा भी निकल गई थी जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल होते नजर आए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में राम भक्तों द्वारा भोग भंडारे का आयोजन भी किया गया था जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। हिंदू धर्म में रामनवमी के दिन भगवान श्री राम की पूजा आराधना करने का बड़ा महत्व माना गया है. हर साल चैत्र नवरात्रि में शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस तिथि को भगवान श्री राम का जन्म हुआ था. यह चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है. इस दिन से ही चैत्र नवरात्रि का समापन होता है. इस दिन भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी की पूजा करने का विधान है. ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन के सभी कष्ट और दुखों से मुक्ति मिलती है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रामनवमी हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। राजधानी के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु भगवान श्रीराम, माता सीता और बजरंग बली के दर्शन करने पहुंचे। सभी मंदिरों में जय श्रीराम... श्रीराम के नारे लगे। जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। इस क्रम में रायपुर के प्राचीन दूधाधारी मठ में विशेष पूजा-अर्चना की गई। यहां दोपहर 12 बजे रामलला का जन्म हुआ। इस दौरान राम, लक्ष्मण और मां सीता का विशेष श्रृंगार किया गया है। इस मठ में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न एक ही गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठित हैं।

## माता की भक्ति में डूबे बृजमोहन रामनवमी की भी दी बधाई



**रायपुर** राजधानी में बुधवार को नवमी का पर्व उत्साह और श्रद्धा के मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा रायपुर लोकसभा प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। अपने आवास पर उन्होंने में सपरिवार विधि.विधान से कन्या पूजन किया। उसके बाद राजधानी में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल कंकाली तालाब और छुइयां तालाब में जोत जवारा दर्शन एवं विसर्जन यात्रा में शामिल हुए और जवारा दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी प्रदेशवासियों को नवरात्रि और रामनवमी की बधाई देते हुए कहा किए यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारा जन्म प्रभु श्री राम के ननिहालए छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर हुआ है और आज का अवसर इसलिए भी खास है क्योंकि करीब 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु अपने घर वापस आए है। इसलिए इस साल रामनवमी का पर्व अपने आप में अनूठा है। भगवान से कामना है कि छत्तीसगढ़ की जनता के जीवन में खुशहाली लाएं।

*कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा में शामिल हुई नेत्रियों का खुलासा*

# कांग्रेस की घोषणाएं महिलाओं के साथ भद्दा मजाक

## हमें केवल वोट बैंक के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल

**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के एकात्म परिसर स्थित कार्यालय में बुधवार को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं नेत्रियों ने प्रेस वार्ता कर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. इस पत्रकार वार्ता में कांग्रेस का दमन छोड़ भाजपा में शामिल होने वाली बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, नगरपालिका अध्यक्ष महासमुंद अनिता रावटे, जगदलपुर महापौर सफीरा साहू और महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं.

पत्रकार वार्ता में नेत्रियों ने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गम्भीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी और वादा किया था कि प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित किया जाएगा जिसमें महिला अपराधों से सम्बन्धित स्वतंत्र जांच की जाएगी. लेकिन कांग्रेस के पूरे पांच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आंखे मूंदे बैठी रही, कांग्रेस के नेता जुमलेबाजी और अवांछनीय बयानबाजी करते रहे. कांग्रेस की सरकार ने है हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर मुफ्त देने की बात कही थी कुल 20 सिलेंडर दिए जाने थे लेकिन किसी को कुछ नही मिला.



बस्तर प्रवास पर आई बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का काम किया है. राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया था. कांग्रेस में महिलाएं घुटन महसूस कर रही हैं. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार में कई योजनाएं महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संचालित की जा रही हैं. कि कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है. भाजपा नेत्रियों ने कहा कि कदम-कदम पर महिलाओं के साथ छल और विश्वासघात कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है. महिलाओं के लिए जितने भी वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया और जो 500 रु महिलाओ को नहीं दे पाए आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर रहे है कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है.

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी

- **निगम आयुक्त ने किया गांधी उद्यान के पास बने सीटिंग जोन का निरीक्षण**

# नक्सलियों के खिलाफ जारी रहेगी हमारी लड़ाई : साय



नक्सली अलोकतांत्रिक कार्यों से समाज में पहुंचा रहे हानि

**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। सुरक्षा बल लगातार नक्सलियों का सफाया कर रहे हैं। वहीं लगातार कार्रवाई से घबराए नक्सली अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं. बीती रात नक्सलियों ने नारायणपुर के ग्राम दण्डवन में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी। मृतक बीजेपी कार्यकर्ता पंचमदास मानिकपुरी दण्डवन गांव के उपसरपंच के पद में कार्यरत था हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने क्षेत्र में पोस्टर पॉम्पलेट भी फेंके। जिसमें बीजेपी कार्यकर्ता पर पुलिस को मुखबीरी करने का आरोप है। वहीं नक्सलियों की इस कायराना हरकत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दु:ख जताया है और कहा कि नक्सली अलोकतांत्रिक कार्यों से समाज में हानि पहुंचा रहे हैं, हमारी लड़ाई इनसे जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है, नक्सलियों की कायराना हरकत से नारायणपुर के दंडवन गांव के उपसरपंच एवं भाजपा कार्यकर्ता श्री पंचम दास मानिकपुरी जी की हत्या का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकसंतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने की कामना करता हूं। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं. माओवादी अलोकतांत्रिक कार्यों से समाज में हानि पहुंचा रहे हैं. हमारी लड़ाई इनसे

# रामनवमी के दिन तो झूठ नहीं बोलना था : राधिका खेड़ा

**कांग्रेस नेत्रियों का पलटवार**



रायपुर, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई नेत्रियों के प्रेस वार्ता में पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं. इस पर कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि रामनवमी जैसे पवित्र दिन को तो छोड़ ही देना था, आज भी झूठ नहीं बोलना चाहिए. भाजपा की चाइनीज़ गारंटी पर कांग्रेस छोड़कर गई हैं. पार्टी ने पहचान दी, पहचान देने वाली मां होती है, और मां को धोखा देता है, उसे भगवान भी माफ़ नहीं करते हैं. इसे भी पढ़ें -कांग्रेस का दामन छोड़ ꣩꣩में शामिल हुई नेत्रियों ने की प्रेस वार्ता, कहा- कांग्रेस की घोषणाएं महिलाओं के साथ भद्दा मजाक, हमें केवल वोट बैंक के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा कि जो महिलायें अपमान और दुर्व्यवहार की बात कर रही है, उन्हें ज़िला पंचायत अध्यक्ष, नगरनिगम अध्यक्ष , महापौर जैसे पद किसने दिए. अपमान करते हुए किसी को ऐसे पद पर पहुँचने के लिये ना मदद की जाती है, ना टिकट दी जाती है. जिस पार्टी में ये महिलाएं शामिल हुई, उनकी सरकार में छत्तीसगढ़ क्राइम के मामले में टॉप फाइव में था. हमारी सरकार क्राइम के मामलों में राज्य को बीसवें से भी नीचे लाई. खेड़ा ने कहा कि इन महिलाओं को ये नहीं बोलना चाहिए क्योंकि जिस पार्टी में ये गई, उस पार्टी ने भानुप्रतापुर के उप चुनाव में पॉक्सो एक्यूस्ड को टिकट दिया. कांकेर के प्रत्याशी के ऊपर आदिवासी महिला उत्पीड़न का मामला है, वो महिला भी कहां है ये किसी को नहीं पता. जो पार्टी खुद शोषण करने, अभद्रता करने और ऐसे लोगों को टिकट देने में लिप्त है, ये महिलाएं ऐसे पार्टी में जाकर सेफ महसूस कर रही हैं.

*मुठभेड़ पर सियासत*

# नक्सली मुठभेड़ को फर्जी बताकर ,अपने ही बयान से पलटे पूर्व सीएम भूपेश बघेल



एनकांउटर पर उठाए थे सवाल

**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलवाद पर अब तक की सबसे बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन चलाकर 29 नक्सलियों को मार गिराया। इस घटना में तीन जवान भी घायल हुए हैं।

बता दें कि पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांकेर नक्सली मुठभेड़ पर सवाल उठाए थे। पूर्व सीएम बघेल ने इस मुठभेड़ को फर्जी बताया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा शासनकाल में नक्सलियों का फर्जी एनकाउंटर होता है। अभी चार महीनों में ऐसे मामलों में वृद्धि हुई है।

पुलिस द्वारा बस्तर में भोले भाले आदिवासियों को डराया जाता है। उन्होंने कहा कि कवर्धा जिले में पुलिस द्वारा आदिवासियों को डराया धमकाया जा रहा है और गिरफ्तार करने की धमकी दी जा रही है।

# सुप्रिया श्रीनेत ने मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को बताया शहीद

## कांग्रेस का ये सबसे घटिया बयान : उप मुख्यमंत्री साव



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों को शहीद बताया है। जिसके बाद से सियासत गरमा गई है। सुप्रिया के बयान पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का ये निकृष्ट बयान लोकतंत्र पर प्रहार है, सुरक्षा बलों के मनोबल और पराक्रम पर प्रहार है, छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता पर प्रहार है। नक्सलियों को शहीद मानने वाली कांग्रेस ने 5 साल बस्तर में इसी मानसिकता से कार्य किया है। मंगलवार को कांकेर में पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने मुठभेड़ में 29 नक ?सलियों को ढेर किया। इस मुठभेड़ पर कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने विवादित बयान दिया। सुप्रिया श्रीनेत से नक ?सली मुठभेड़ और भूपेश बघेल के बयान के संदर्भ में सवाल किया गया। जिसपर उन्होंने कहा कि इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए मुझे लगता है कि इसकी गहन जांच होनी चाहिए और उन सब लोग जो शहीद हुए, हमारे कुछ सुरक्षा कर्मी भी घायल हुए हैं, उन सबको हमारी संवेदना है। इसमें कोई राजनीति का सवाल ही नहीं है।

# निगम अधिकारियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह और रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में प्रतिदिन निरन्तरता से चलाया जा रहा है. आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 के तहत पण्डित जवाहरलाल नेहरू वार्ड नम्बर 2 के अंतर्गत कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र क्षेत्र स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण चौक ( गोल चौक ) एवं आसपास के रहवासी क्षेत्र में एआईजी ( ट्रेफिक ) श्री संजय शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के स्वयंसेवकों सहित नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र के मतदाता रहवासियों को दिनांक 7 मई 2024 को रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने की सामूहिक शपथ दिलवाई गयी. शत - प्रतिशत मतदान की सामूहिक शपथ सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के स्वयंसेवकों, नगर निगम जोन क्रमांक 8 के सहायक अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन, उप अभियंता श्री अक्षय भारद्वाज सहित जोन अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित लोकनायक कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र में जयप्रकाश नारायण चौक ( गोल चौक) एवं आसपास के क्षेत्र के रहवासी मतदाताओं को एआईजी ( ट्रेफिक) श्री संजय शर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत दिलवाई गयी. इसके साथ ही सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के कार्यकर्त्ताओं, नगर निगम जोन नम्बर 8 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मतदाता रहवासियों के साथ लोकनायक जयप्रकाश नारायण चौक ( गोल चौक ) कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी क्षेत्र में शत - प्रतिशत मतदान के सम्बन्ध में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर जागरूक बनाया गया.



# पीसीसी चीफ दीपक बैज ने 29 नक्सलियों के मारे जाने के दावे पर जताया संदेह

## कहा- सच में नक्सली हैं!



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नक्सलियों के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान के बाद अब पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने पर सवाल खड़ा किया है. उन्होंने कहा कि सरकार का दावा अगर सच है तो बड़ी उपलब्धि है, यदि निर्दोष ग्रामीण हैं, तो सरकार पर प्रश्न चिन्ह है. सत्य सामने आना चाहिए. सच में नक्सली हैं, कही निर्दोष ग्रामीण तो नहीं. इसे भी पढ़ें ⁼हार्डकोर नक्सलियों को ढेर करने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी जवानों को बधाई, अति उत्साह से परहेज बरतने को कहाज

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बस्तर में नक्सली मुठभेड़ में बाहरी ताक़तों का हाथ होने पर कहा कि बाहरी ताक़त है, तो ये सरकार का फेलियर है. सरकार की नीयत साफ़ नहीं है. साय सरकार पूरी तरह से कंफ्यूज है. सरकार अलग बात करती है, और अधिकारी अलग.

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर दीपक बैज ने कहा कि वे जो कहते है सोच समझ कर कहते हैं. कोई जानकारी होगी, इस बात पर इनकार नहीं किया जा सकता. पिछले कुछ महीने में फर्जी मुठभेड़ कर ग्रामीणों को मारा गया है, जिस पर सरकार का कोई बयान सामने नहीं आया है. सरकार को स्पष्ट करना चाहिए ये पूरे 29 नक्सली है. चुनाव के ठीक पहले इतनी बड़ी मुठभेड़ के संयोग पर अगर पूर्व मुख्यमंत्री ने संदेह जताया है तो सरकार को जवाब देना चाहिए. समय आने पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी.

प्रियंका गांधी के दौरे पर दीपक बैज ने कहा कि 21 को राजनांदगाँव और कांकेर में 2 सभा होनी है. आज बैठक में रवाना होंगे. आदिवासियों को लगातार ये सरकार मारने की कोशिश कर रही है. आदिवासियों का आक्रोश दिखेगा. वहीं बस्तर में मतदान को लेकर कहा कि आदिवासियों से अपील है सभी घर से निकल ज़्यादा से ज़्यादा मतदान करें. सरकार बदलने के बाद से मोमेंट बढ़ गया है. बस्तर में माता-बहनें अब असुरक्षित महसूस कर रही हैं. फर्जी मुठभेड़ बढ़ गई है।

# मतदान के लिए जागरूक करने बोट पर वोट का संदेश

## नगर निगम और कैनोइंग क्लब की पहल



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में ज़िला प्रशासन द्वारा आम मतदाताओं को 7 मई को मतदान का संदेश देने संचालित अभियान के तहत नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जोन -4 की टीम ने कैनोइंग क्लब के साथ बूढ़ातालाब विवेकानंद सरोवर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। तैराकों ने अपने साथ बोट में मतदान संदेश के प्ले कार्ड्स के साथ अपने करतब भी दिखाए। इस दौरान जोन कमिश्नर राकेश शर्मा,सहायक अभियंता पद्माकर श्रीवास ने मॉर्निंग वॉक पर निकले नागरिकों को मतदान शपथ दिलाई। अद्भुत प्रदर्शन को देखने इस दौरान कई नागरिक उपस्थित थे।

## जैन व्यापार मेला

# कुकिंग प्रतिस्पर्धा में महिलाओं ने बनाए लजीज पारंपरिक व्यंजन

## रंगारंग कार्यक्रम जैन टेलेंट शो में बच्चो ने दिखाई अपनी कला



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के 3 दिवसीय जैन व्यापार मेले के दूसरे दिन 16 अप्रैल को भीड़ उमड़ पड़ी। व्यापार मेले की संयोजिका समर्पण सखी महिला मंडल एवं महिला मंडल रायपुर के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन प्रदर्शित तरह तरह से हस्त निर्मित सामग्री को देखने स्टॉल में काफी भीड़ रही। महिला मंडल की मंजू सेठिया ने बताया की इस जैन व्यापार मेले में 100 स्टॉल मेले हेतु एवं 10 स्टॉल फूड कोर्ट हेतु बनाए गए है। मेले में उपस्थित सखी महिला मंडल की अध्यक्ष मंजू टाटिया एवं समर्पण महिला मंडल की अध्यक्ष प्रियंका लुंकड़ ने बताया की यह जैन व्यापार मेला पिछले 7 वर्षो से लगातार लगाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जैन समाज की वो महिलाए जो घर पर बैठे बैठे या बाहर जाकर कार्य कर रही है। इनको उनकी द्वारा बेची या बनाई जा रही वस्तुओ के लिए उचित बाजार एवं मूल्य प्राप्त हो सके एक ही छत के नीचे सभी की जरूरत का समान उपलब्ध हो सके। मेले में स्टाल हेतु बहुत की काम दाम में स्टाल उपलब्ध करवाए गए है।इस मेले में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा पूरे भारत वर्ष से जैन समुदाय के लोग आकर स्टॉल लगाते है। इस वर्ष राजधानी रायपुर के अलावा टाटानगर जयपुर राजस्थान धमतरी राजिम दुर्ग भिलाई राजनांदगांव बालोद के महिलाओं द्वारा स्टाल लगाए गए है।

# अनुकंपा नियुक्ति निर्देश तत्काल वापस हो-नियुक्ति विभाग में ही हो : विजय झा

**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अनुकंपा नियुक्ति आदेश से दिवंगत शासकीय सेवक के परिजन कलेक्टर,कमिश्नर कार्यालय में भटकने के लिए मजबूर होंगे। जारी आदेश पूर्ववर्ती सरकार के आदेश के समतुल्य है, इसलिए इसे तत्काल वापस लिया जावे। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मांग की है कि कांग्रेस शासन में तृतीय श्रेणी के पदों पर 10त्न सीमा बंधन के कारण दिवंगत शासकीय सेवक के परिजन अनुकंपा नियुक्ति से वंचित रहे हैं। वर्तमान में भी 10 प्रतिशत का निर्देश जारी किया गया। उसके बाद उसे बढ़ाकर 25त्न किया गया। इससे विभागों में जो दिवंगत शासकीय सेवक के परिजन के प्रति सद्भावना, स्नेह प्रेम है, उससे वंचित हो जाएंगे ?, तथा कलेक्टर कमिश्नर या शासन स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति होने पर अन्य जिले, अन्य विभागों में पदस्थापना होगी। साथ ही इन कार्यालयों का चक्कर लगाने मजबूर होना पड़ेगा। जब विभाग में तृतीय श्रेणी के पद रिक्त हैं, तो तृतीय श्रेणी में सीमा बंधन कर आश्रित परिवार को नियुक्ति से वंचित क्यों किया जा रहा है। श्री झा ने मुख्यमंत्री से मांग की है, कि तत्काल इस निर्देश को वापस लिया जाकर विभागों में ही रिक्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जावे। इससे पूर्व अनुकंपा नियुक्ति शिक्षक पंचायत कल्याण संघ जिन्होंने 9 माह तक बुढ़ा तालाब में अनुकंपा नियुक्ति हेतु आंदोलन किया था।

# विकास उपाध्याय ने शहीद भगत सिंह ब्लॉक में किया जनसंपर्क



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने मंगलवार को पश्चिम विधानसभा के भगत सिंह ब्लॉक का दौरा किया। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले माधव राव सप्रे वार्ड दीनदयाल उपाध्याय वार्ड ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड शहीद भगत सिंह वार्ड संत रवि दास वार्ड में जाकर जनसंपर्क किया इस दौरान उन्होंने वार्डों में घर-घर जाकर कांग्रेस का प्रचार किया। रायपुरा सरोना दीनदयाल के बाजारों में जाकर लोगों से वोट अपील की बस्तियों में पैदल-पैदल घूम कर कांग्रेस के लिए वोट मांगा, जगह-जगह सभाएं कर लोगों को संबोधित किया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कांग्रेस की गारंटीयों के बारे में आम जनता को बताया साथ ही भाजपा सरकार के नाकामियों के कारण बढ़ती महंगाई से भी आम जनता को रूबरू कराया। वार्डों में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली एवं घर-घर कांग्रेस की गारंटीयों को पहुंचने की बात कही आम जनता से चर्चा के दौरान लोगों ने विकास उपाध्याय की कड़ी मेहनत की सराहना भी की और कहा कि पहली बार हमने ऐसा लोकसभा प्रत्याशी देखा है जो घर-घर जाकर हर महिलाओं बुजुर्ग युवाओं से मुलाकात कर उनका समर्थन मांग रहे हैं, लोगो ने कहा की विधायक रहते जो उनके द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य किए गए थे जैसे कि सामाजिक भवन स्कूल तालाबों का सौंदर्यीकरण उद्यानों का विकास रोड नाली बिजली पानी सामुदायिक भवन जैसे किए गए विकास कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विकास उपाध्याय ने कहा कि जनसंपर्क के माध्यम से रायपुर लोकसभा के 23 लाख लोगों से प्रत्यक्ष रूप से मिलने का लक्ष्य है कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कांग्रेस की गारंटीयों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक अध्यक्ष अशोक ठाकुर पार्षद वीरेंद्र देवांगन रवि थॉमस करण शर्मा शरद अग्रवाल गौरी शंकर दुबे मन्नू बाजपेई बबीता नात्थानी संगीता दुबे सोहन शर्मा प्रगति वाजपेयी आरती उपाध्याय डेमेन्द्र यदु राजेश स्वामी योगेश दीक्षित कृष्णा नायक विनोद कश्यप संपत ठाकुर अजय निषाद सीतेंद्र ठाकुर सोम चक्रधारी आजाद वर्मा विष्णु साहू हार्मेश मानिक पम्मी चोपड़ा भूपेंद्र शेरगिल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।ज्ज



**रायपुर,** 17 अप्रैल। मैगनेटो मॉल में आयोजित टेलेंट हंट शो के विजेता मनमीर ग्रेवाल रहे। मनमीर ग्रेवाल को बेस्ट स्माईल और बेस्ट मॉडल ऑफ रायपुर से पुरूस्कृत किया गया।

## आज नामांकन रैली में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जांजगीर जाएंगे

**लवन,** 17 अप्रैल। जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर शिवकुमार डहरिया का नामांकन रैली व आमसभा का आयोजन 18 अप्रैल को पुराना कचहरी चौक जांजगीर चांपा में होगा जहां क्षेत्र के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जांजगीर जाएंगे ।नामांकन रैली व आम सभा में शामिल होने के लिए जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कसडोल बिलाईगढ़ पामगढ़ अकलतरा जैजैपुर जांजगीर चांपा शक्ति व चंद्रपुर विधानसभा से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि डॉक्टर डहरिया का आम सभा में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार है विभिन्न वाहनों से दोपहर 12 बजे जांजगीर चांपा पहुंचेंगे।

# एक उम्मीद फाउंडेशन द्वारा सभी लैब टेस्ट में भारी छूट



**रायपुर,** 17 अप्रैल। शॉप नंबर-210, प्रथम तल, श्याम स्कवेयर, एलआईसी के बाजू, पण्डरी स्थित एस.जी.पैथ लैब का शुभारम्भ डॉ जगदीश उरईया (एमएस- ऑर्थो) व पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा (अध्यक्ष- थोक कपड़ा व्यापारी संघ) मुख्य अतिथि थे. च्एक उम्मीदज् - सोशल वेलफेयर डेवलपमेन्ट फाउंडेशन द्वारा जनकल्याण विशेष में सभी तरह के रक्त, मल-मूत्र, बलगम की जांच बाज़ार भाव से आधे मूल्य पर की जाती है तथा एक्स-रे, सोनोग्राफी, एमआरआई, सिटी स्कैन द्वारा जांच रियायती दरों पर उपलब्ध है। उपरोक्त जानकारी च्एक उम्मीदज् फाउंडेशन के संस्थापक शंकर गणेश नायडू ने दी. उन्होंने बताया कि वर्तमान में अस्पताल में इलाज के अलावा विभिन्न लैब टेस्ट के मद मे बहुत से पैसे खर्च हो जाते हैं, जिसे देखते हुए च्एक उम्मीदज् की स्थापना की गई. इसके तहत ज़रूरतमंदों को एस.जी.पैथ लैब में कम खर्च में ही अत्याधुनिक मशीनों से सटीक रिपोर्ट दी जा रही है।

## दीप प्रज्वलित कर शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया गया संदेश

**गरियाबंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। राम नवमी के अवसर पर जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शहर से लेक गांव गांव तक चौक चौराहों में दीप प्रज्वलित कर मतदान करने का संकल्प दिलाया। जिसमें हजारों की संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, महिला समूह सहित आमजनों ने बढ़चढ़कर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस दौरान महिलाओं ने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित कर एक-दूसरे को मतदाता संकल्प बेंड भी पहनाई एवं मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला मुख्यालय गरियाबंद में भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा आम जनों के उपस्थिति में दीप प्रज्वलित किया और मतदान की शपथ दिलाई।। लोकसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार शहर से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं।

# बेहतर स्वास्थ्य ही सर्वोच्च प्राथमिकता संकल्प के साथ वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की आठवीं वर्षगांठ



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मेडिकल क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में गिने जाने वाले तेलीबांधा रिंग रोड नंबर 1 में स्थित वी केयर सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने सफलतापूर्वक आठ वर्ष पूर्ण कर नौवे वर्ष में प्रवेश किया। वी केयर हॉस्पिटल के प्रमुख डायरेक्टर डॉक्टर विवेक पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके हॉस्पिटल ने छत्तीसगढ़ वासियों के असीम सहयोग व विश्वास से तथा हॉस्पिटल के सभी साथी डॉक्टर्स, नर्स व कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक 8 वर्ष पूर्ण कर नौवें वर्ष में प्रवेश किया है। इस अपार स्नेह के लिए उन्होंने समस्त छत्तीसगढ़ वासियों का आभार व्यक्त किया। वी केयर हॉस्पिटल को कोविड के दौरान किए गए बेहतरीन कार्यों हेतु छ.ग.शासन से अच्छी रेटिंग प्रदान की गई, जो मरीजो के प्रति हमारे समर्पण और संकल्प का उदाहरण है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि विगत 8 वर्षों में वी केयर हॉस्पिटल ने लोगों का विश्वास हासिल किया है, जो अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि है। उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि विगत के वर्षों में 40 हजार से अधिक ओपीडी, 15 हजार से अधिक सर्जरी, 20 हजार से अधिक आईपीडी एवं अन्य जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूर्ण की गई ।100 बिस्तरों का अस्पताल पूर्णत: आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है जिसमें एडवांस ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा विभाग, घुटने एवं कंधे की ऑर्थोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर, न्यूरो सर्जरी, क्रिटिकल केयर यूनिट, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल सर्जरी, मिनिमल एक्सेस सर्जरी विभाग, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एवं एंडोस्कोपी यूनिट, मेडिसिन एवं डायलिसिस यूनिट, श्वास एवं छाती रोग, थोरेसिक एवं वास्कुलर सर्जरी, पीडियाट्रिक विभाग, यूरोलॉजी विभाग, कान नाक एवं गला रोग विभाग, कैंसर केयर यूनिट, मनोरोग विभाग, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, आदि विभागो की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा यहां 24 घंटे आपात सुविधा मॉडयुलर आईसीयू ,16 स्लाइस सीटी स्कैन, डिजिटल एक्सरे, प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन सुविधा एवं सोनोग्राफी, ईसीजी एवं इकोकार्डियोग्राफी, हाईटेक पैथोलॉजी लैब, 24 घंटे एंबुलेंस, मेडिकल शॉप एवं कैंटीन सुविधाएं उपलब्ध है ।

## निधन

### चमन लाल शर्मा



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व इंटक यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष चमन लाल शर्मा का निधन 6 अप्रैल को हो गया। वे पिछले कुछ वर्षो से अस्वस्थ थे। खुर्सीपार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे मनोज शर्मा, संजीव शर्मा के पिता थे।

### शंकर लाल चंद्राकर



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के पिता दाऊ शंकर लाल चंद्राकर का निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। चंदूलाल चन्द्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल भिलाई में आज बुधवार की सुबह 4 बजे अंतिम सांस ली। वे 94 वर्ष के थे। परिवार में उनके 3 बेटे और 3 बेटी के अलावा नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार है। उनका पार्थिव शरीर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके गृह ग्राम औरी, दुर्ग से बेलहारी रोड पर जामगांव आर से 2 किमी पर में रखा जाएगा। 17 अप्रैल को उनका अंतिम संस्कार आज 3 बजे उनके गृह ग्राम औरी में किया गया।

### चुरावन देवांगन



**खरोरा,** 17 अप्रैल। ग्राम केसला निवासी चुरावन लाल देवांगन उम्र 70 वर्ष का 16 अप्रैल को दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वे हेमलाल (राजू) देवांगन, पुरुषोत्तम (पप्पू) देवांगन, कृष्ण कुमार (बल्ला) देवांगन के पिता थे। जिनका अन्तिम संस्कार ग्राम केशला के मुक्ति धाम में किया गया जहां पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा आस पास से आए हुए लोगों ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।

# निर्वाचन कार्य में लगा वाहन नाला में गिरा, निर्वाचन दल सुरक्षित



**बिलाईगढ़,** 16 अप्रैल(देशबंधु)। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में कार्यरत निर्वाचन दल का वाहन मंगलवार की शाम को पुटका नाला में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निर्वाचन कार्यालय में अधिग्रहित था। वाहन दुर्घटना होने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन के अधिकारी स्थल पर पहुंचे। गाड़ी में सवार किसी को चोट नहीं आया। सभी स्वस्थ हैं। दल अपनी ड्यूटी के दौरान दानसरा बैरियर चेक करने के लिए सारंगढ़ से जा रहा थे, जो अशोका पब्लिक स्कूल के पास नाला के उस पार सामने से आ रहे हैं ट्रक को देखते हुए रोकने की कोशिश की गई लेकिन गाड़ी अनियंत्रित होकर नाला में गिर गया। माइनिंग विभाग के श्री नंद के द्वारा गिरे हुए गाड़ी को उठाने के लिए जेसीबी की व्यवस्था किया गया। दुर्घटनाग्रस्त कार का नंबर सीजी 12 बी एल 5661 है। वाहन चालक का नाम विशाल निराला है। निर्वाचन दल में एफएसटी टीम के अशोक दासन, वीएसटी टीम से मनधर प्रसाद सिदार एवं अनुबंधित कैमरामैन इस वाहन में सवार थे।

# राम के राज्याभिषेक के साथ रामकथा पर विराम



**पिथौरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। सत्य , प्रेम और धर्म को हमेशा से ही परीक्षाओं की दौर से गुजरना पड़ा परीक्षाएं सदा धर्म सम्मत लोगों का परीक्षण करती हैं । रावण या उसके जैसे किसी अन्य राक्षस को कभी कोई परीक्षा नही देनी पड़ी। उपरोक्त बातें अयोध्या से पधारी कथावाचिका साध्वी राधिका किशोरी ने पिथौरा के लहरौद के अंजली विहार कर्मचारी कॉलोनी में आयोजित श्रीराम कथा के समापन अवसर पर कही।

उन्होंने कहा कि रामचरित मानस में तीन वाटिकाओं का वर्णन है जिनमें जनकपुरी की पुष्प वाटिका , रावण की अशोक वाटिका और महाराज बाली की मधुवन वाटिका का चित्रण किया गया। इसी तरह मानस में अयोध्यापुरी, लंका और मिथिला तीन नगरों का उल्लेख है। किंतु तुलसी ने मिथिला नगरी का गुणगान किया क्योंकि अयोध्या में सभी राम को स्नेह करने वाले थे लेकिन एक मंथरा भी थी जो इससे अलहदा थी इसी प्रकार लंकापुरी का जन जन रावण की आज्ञा का पालन करने वाला था । किंतु वहां एक विभीषण थे जो रावण की राज्य शक्ति से पृथक थे किंतु मिथिला नगरी की खासियत यह थी कि वह माता सीता रूपी भक्ति की नगरी थी जहां सारे नगर वासियों को राम से स्नेह था । उन्होंने विविध कथा प्रसंगों से बोलते हुये कहा कि शरीर की दसों इंद्रियों को नियंत्रित करने वाला दशरथ हो गया और दसों मुखों से विलास करने वाला दशानन हो गया । उन्होंने माता कौशल्या को ज्ञान, माता कैकई को कर्म और सुमित्रा को उपासना का प्रतीक बताते हुये कहा कि ज्ञान कर्म उपासना का मिलन हो जाये तो वह परिवार श्रेष्ठ संस्कारों का संवाहक बन जाता है। शिक्षा उच्च कोटि की हो ताकि संस्कृति और सभ्यता का श्रेष्ठ स्वरूप समाज अंगीकृत कर सके। संस्कार बताता है व्यक्ति की शिक्षा कैसी है शिक्षा का दूसरा रूप ही संस्कार है । समाज मे कितना बड़ा भी पद और प्रतिष्ठा मिल जाये लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति सहेज कर रखना चाहिये जिनसे सुख , दुख बांटा जा सके ।अंतिम दिवस में सुंदर कांड तथा रामराज्याभिषेक की कथा कहते हुये कहा कि करुणा निधान भगवान राम के नाम मे रमने से सहस्त्र विष्णु नाम का पुण्य लाभ प्राप्त होता है। साध्वी जी के कथा प्रवचन में उनकी संगीत मंडली का भी अहम योगदान रहा। संगीतकारों में वीरेंद्र तिवारी ने पेड , मुकेश मिश्रा ने तबला , जयसिंग यादव ने हारमोनियम , अरविंद दुबे ने बैंजों में संगत दिया। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित कथा प्रवचन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी । प्रतिदिन आयोजन समिति द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया । समापन अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बोधीराम चौधरी व संरक्षक पुनीत सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

# टिकरापारा बेटी बचाओ मंच ने धूमधाम से मनाया रामनवमी



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। टिकरापारा बेटी बचाओ मंच ने रामनवमी अवसर पर टिकरापारा में राम जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया । भगवान राम की पूजाअर्चना, आरती तथा सुमधुर संगीतमय भजन व नृत्य के साथ हर्ष व उल्लासमय वातावरण मे संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने रामनवमी पर विस्तार से बताया। भगवान श्री राम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप को प्रतिपादित किया । उक्त अवसर पर ललित मिश्रा, अंजली यदु, लता चंद्राकर, आशा धीवर, सुप्रिया धूवारे, किरण कर्स , सरिता यदु, रुपा यदु, नीतू साहू, उषा श्रीवास ,प्रतिमा यदु, रीना ठाकुर, संगीता यदु, स्मिता अवधिया, उषा यादव, सुलोचनी ठाकुर, बसंती यादव, कमला कौशिक, पूजा सिन्हा, राजकुमारी सोनी, हनु यादव, शिव कौशिक , रीता सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे।

# चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन जंवारा विसर्जन करने तेज धूप में कलश थामकर नंगे पैर निकली महिलाएं



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन जोत जंवारा विसर्जन में श्रद्धा भक्ति के साथ उत्साह से महिलाएं शामिल हुईं। सिर पर जोत जवारा कलश थामकर महिलाएं निकली। तेज धूप में कलश थामकर नंगे पैर चल रही महिलाओं के पैरों को जलन से बचाने सेवादार पानी का छिड़काव करते चल रहे थे। अनेक यात्राओं के पीछे टैंकर की व्यवस्था की गई थी। कुछ मार्गों पर कई लोगों ने अपने घर से पाइप के माध्यम से जल का छिड़काव करके राहत देने का कार्य किया। जोत जवारा विसर्जन यात्रा का नजारा बढ़ई पारा तात्यापारा सत्ती बाजारए पुरानी बस्ती इलाके में दिखाई दिया। जोत का विसर्जन कंकाली तालाब में किया गया। घर.घर में स्थापित घट कलश जोत.जंवारा का विसर्जन करने की परंपरा निभाई गई। अनेक मोहल्लों से जंवारा विसर्जन यात्रा में श्रद्धालुओं ने सांग.बाणा धारण किया। दोनों गाल, छाती, हाथ, होंठ, जीभ को नुकीले तीरों से बेधकर श्रद्धा भक्ति के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। कंकाली मंदिर के सामने स्थित कंकाली तालाब में जोत जंवारा का विसर्जन सुबह से शाम तक चलेगा।

**नवमी पर कन्याओं का पूजन:** देवी मंदिरों में कन्याओं का पूजन करके भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। विविध मंदिरों में सुबह 10 बजे कन्या पूजन हुआ। इसके पश्चात कन्याओं को भोजन कराया गया। कन्या भोज के बाद महाभंडारा में प्रसाद वितरण किया गया।

### मंदिरों में अष्टमी–नवमी की युति में दी पूर्णाहुति

इससे पहले देवी मंदिरों में चैत्र शुक्ल अष्टमी तिथि पर मंगलवार को सुबह नौ बजे से हवन की तैयारियां शुरू हो गई थी। विद्वान आचार्यों के सान्निध्य में 10.30 बजे हवन प्रारंभ हुआ। तीन घंटे तक दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार से मुख्य यजमानों के साथ श्रद्धालु हवन में आहुति देते रहे। दोपहर को 1.30 बजे अष्टमी तिथि के समापन और नवमी तिथि के शुभारंभ यानी अष्टमी.नवमी की युति में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति दी। इसके पश्चात ष्जय अंबे गौरीष् की महाआरती से मंदिर परिसर गूंज उठा।

### गली–मोहल्लों में भंडारा प्रसादी

अष्टमी हवन के पश्चात विविध गली.मोहल्लों में सेवाभावियों ने भंडारा प्रसादी का आयोजन किया। शाम तक भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

# रेलवे स्टेशन में यात्री के बैग से मिला 10 लाख नगद



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। आरपीएफकी टीम को गाड़ी संख्या 12069 जनशताब्दी एक्स्प्रेस से उतरे यात्रियों की जांच के दौरान कोच संख्या सी.03 से उतर कर बाहर जाते हुए एक व्यक्ति को सीढ़ी के पास रोका गया नाम पता पूछने पर जितेंद्र बोरकर पिता अशोक बोरकर उम्र 40 वर्ष निवासी चंदन आवास 4.50 राजकिशोर नगर बिलासपुर थाना सरकंडा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने उसके पास रखे नीले रंग बैग के बारे में पूछने पर बैग में कैश होना बताया और कैश 10,000,00 होना बताया उक्त कैश ले जाने के संबंध में कागजात की मांग करने पर मौके पर कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका उक्त जानकारी अविलंब वरिष्ठ अधिकारियों को देते हुए उक्त व्यक्ति को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया जहां उडन दस्ता विधानसभा रायपुर उत्तर क्षेत्र के उडनदस्ता के कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी को जानकारी दिया गया उक्त सूचना पाकर उडनदस्ता टीम रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर में पहुंचकर उक्त कैश 10,000,00 को उपस्थित गवाहों के समक्ष गिनती कर मौके पर उडनदस्ता कार्यपालक मजिस्ट्रेट दीप्ति तिवारी मेम द्वारा जप्ती की कार्यवाही कर अपने कब्जे में लिया गया ये कार्रवाई पोस्ट प्रभारी रायपुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक केबी गुप्ता सहायक उप निरीक्षक डी.के वर्मा प्रधान आरक्षक पी.के मेश्राम प्रधान आरक्षक जे एल कौशल द्वारा की गई

# सूने मकानों से वायर एवं पम्प की चोरी, 3 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करने आरोपी को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं इसी तारतम्य में थाना पुरानी बस्ती रायपुर पुलिस के कार्य से चोरों को पकड़ने में सफ्लता प्राप्त हुई प्रार्थी जय प्रकाश प्रधान पिता त्रिलोक प्रधान उम्र 50 साल निवासी विनायक सिटी भाटा गांव थाना पुरानी बस्ती रायपुर 4 अप्रैल को इस आशय की प्रथम सूचना लेकर आया गया कि 3 अप्रैल की रात के मध्य उसके मकान में लगे ऐसी केवल मोटर पंप केवल वायर चोरी हो गया था बाद में पता चला की भास्कर चंद्राकर के मकान ए . 182 में भी लगे केवल वायर व अन्य सामान तथा मनीष चंद्राकर के मकान नंबर ए .181 में भी एक केवल मोटर पंप का केवल वायर की चोरी हुई है प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 457 380 भादवि का प्रकरण पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान मुखबीर के माध्यम से ऐसी सूचना मिला कि भाटा गांव चौक में दो लड़के मोटर पंप बेचने के फ्रिाक में ग्राहक की तलाश कर रहे हैं सूचना की तस्दीक हेतु हमरह स्टाफ मुखबिर के बताएं स्थान पर पहुंचकर संदेहियों की तलाश किया गया पुलिस को आता देखकर भागने का प्रयास किया पकड़ कर नाम पूछने पर गौरव कुर्वे चांगोरा भाटा का रहने वाला बताया उसने अपने साथियों के साथ घटना कार्य करना स्वीकार किया आरोपियों गौरव कर्वे से एक पुराना टुल्लू पंप कीमती 3000 आरोपी टिकेश्वर से 2 किलो वायर का टुकड़ा कीमती 1500 तथा आरोपी केशव निर्मलकर से एक पाना एवं वायर कीमती 800 जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपियों को गिरफ्तार क्र रिमांड में लिया गया है ।

# 30 किलो गांजा के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। निजात अभियान के तहत नशे के खिलाफरायपुर पुलिस का अभियान जारी है। इस अभियान के तहत पुलिस ने 30 किलो गांजा के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को मंदिर हसौद के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई को मंदिरहसौद थाना पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने अंजाम दिया है। दोनों आरोपी ओडिशा के रहने वाले हैं और गांजा लेकर गुजरात जाने वाले थे। आरोपियों के खिलाफमंदिर हसौद थाना में नारकोटिक एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल को थाना मंदिर हसौद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति उडीसा से रायपुर की ओर आने वाली ट्रेन से गांजा तस्करी करते हुए मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन में उतरकर बस स्टैण्ड की ओर जा रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक माना लम्बोदर पटेल द्वारा थाना प्रभारी मंदिर हसौद निरीक्षक सचिन सिंह को आरोपियों को गांजा के साथ पकड़ने निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस तथा मंदिर हसौद आर.पी.एफचौकी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए व्यक्तियों को मंदिर हसौद के बस स्टैण्ड पास चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम संतोष बेहरा एवं सागर जेना निवासी ओडिशा बताया। उनके पास रखे ट्रॉली बैग को चेक करने पर उसमे गांजा बरामद हुआ। दोनों से गांजा के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा गांजा को ओडिशा से लाकर सूरत गुजरात तस्करी करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 किलो 909 ग्राम गांजा एवं 02 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 4,83,635 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

## कार में बरामद हुआ 7 लाख का गांजा




**अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार**

रायपुर पुलिस ने एक कार से 7 लाख का गांजा बरामद कर एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर आ रहा था। नारकोटिक्स सेल और सरस्वती नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को कबीर चौक स्थित शनि मंदिर पास घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ सरस्वती नगर थाना में नारकोटिक एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कबीर चौक स्थित शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने चार पहिया वाहन में गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर वाहन की पतासाजी करते हुए वाहन को चिन्हांकित किया गया। वाहन में एक व्यक्ति सवार था जिसने पूछताछ में अपना नाम नरेश निहाल होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा बरामद हुआ। जिस पर आरोपी नरेश निहाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 किलोग्राम गांजा गांजा परिवहन में प्रयुक्त हुण्डई एवन कार क्रमांक सी जी04एल पी 4515 तथा 01 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 7,00,000६. रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपी ने गांजा को ओडिशा से लाना बताया। आरोपी पूर्व में भी थाना सरस्वती नगर रायपुर एवं बलौदा बाजार से आबकारी एक्ट के प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है।

# ई-रिक्शा में घूम-घूमकर मोबाइल फोन की लूट व चोरी, 3 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लूट चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर आरोपियों को पकड़ने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। इसी तारतम्य में प्रार्थी देवेन्द्र कुमार साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कल के शाम करीबन 7.00 बजे से 7.30 बजे के मध्य अपने भांजा सुनील कुमार साहू के साथ काली मंदिर सिविल लाईन में पूजा करने आया था। पूजा करने के पश्चात नीचे आकर अपने मोबाइल फोन से बात कर रहा था तभी ई रिक्शा में सवार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा इसके मोबाइल फोन को झपट्टा मारकर लूट कर फरार हो गये। घटना के कुछ देर बाद इसे पता चला कि उसी स्थान में शशिप्रकाश साहू नामक व्यक्ति के साथ भी इस प्रकार की घटना हुआ है। जिस पर प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में धारा 392 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा अनिकेत बेहरा, मन हरपाल एवं 01 अपचारी बालक को घटना में प्रयुक्त वाहन ई रिक्शा क्रमांक सीजी 04 पी.एफ5986 के साथ पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी अपचारी बालक द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर शहर के विभिन्न स्थानों से अपने अन्य साथी विक्की बेहरा के साथ ई रिक्शा वाहन मे घुम घुमकर भीड़. भाड़ वाले अलग.अलग स्थानों से कुल 04 नग मोबाईल फोन लूट.चोरी करना बताया गया।

जिस पर आरोपीयों अपचारी बालक के कब्जे से 04 नग मोबाइल फोन कीमती करीबन 40,000६. रूपये जप्त कर आरोपियो अपचारी बालक के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही किया गया है। आरोपी विक्की बेहरा घटना के बाद से लगातार फरार है जिसकी पता तलाश विवेचना जारी है।

# 2 नग मोबाइल व सट्टा-पट्टी के साथ 2 सटोरिया गिरफ्तार



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया हैं इसी तारतम्य में पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढियारी क्षेत्रान्तर्गत सट्टा पट्टी नामक जुआ खिलाने की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में थाना प्रभारी गुढियारी को सूचना की तस्दीक पर आरोपीयों को सट्टा पट्टी पर्ची नगदी रकम रंगे हाथ पकडने निर्देशित किया गया जिस पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन पर थाना गुढियारी एवं एन्टी क्राईम एंड साईबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर के बताये गये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर रंगे हांथों सट्टा पट्टी पर्ची एवं मोबाइल से आन लाईन सट्टा नामक जुआ खेलाते 02 सटोरियों को पकडकर धारा 6, 7 छ,ग,जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गयी।

# रेलवे ट्रैक पर युवक की सिर कटी लाश मिलने से सनसनी

**हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस**

**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के मोवा रेलवे क्रासिंग से कुछ दूर एक सिर कटी लाश मिलने का मामला सामने आया है। मोवा रेलवे ट्रैक पर सिर कटी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना का जायजा लिया। हालांकि युवक की हत्या हुई है आत्महत्या इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है। दरअसल यह मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है। मोवा रेलवे क्रासिंग से कुछ दूर पर रेलवे ट्रैक पर एक सिर कटी लाश मिली। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पंडरी थाना की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। मृतक की पहचान गांधी नगर निवासी गोलू सोरठे के रूप में हुई है। मृतक बिजली फिटिंग का काम करता था। मामले की जांच कर रहे पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि मोवा रेलवे क्रासिंग के पास पटरी पर एक सिर कटा शव पड़ा है। वे मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच के दौरान पीड़ित का सिर धड़ से कटा हुआ मिला। फिलहाल युवक की हत्या हुई है या आत्महत्या है इसे जांच की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग का आयोजन 24 अप्रैल से

**ऑक्शन में खिलाड़ियों की हुई नीलामी**



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस संघ की ओर से प्रदेश में पहली बार छत्तीसगढ़ टेनिस प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए खिलाड़ियों के ऑक्शन मोतिबाग यूनियन क्लब में रखा गया था। बता दें कि इस ऑक्शन में 8 टीमों ने हिस्सा लिया है। टेनिस प्रीमियर लीग टूर्नामेंट 24] 25 और 26 अप्रैल को यूनियन क्लब और छत्तीसगढ़ क्लब में खेला जाएगा। जिसमें अंडर.16 जूनियर बॉयज और गर्ल्स अपनी टीम के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते नज़र आएंगे। छग प्रदेश टेनिस के सहयोग से आयोजित इस प्लेयर्स ऑक्शन में समारोह में सभी टीम ने बड़ी से बड़ी बोली लगाकर अपने पसंदीदा जूनियर खिलाड़ियों को अपने टीम में शामिल किया है। खेलें प्रतिस्पर्धी टेनिस की रोमांचक जंगए जिसमें अपने पसंदीदा जूनियर खिलाड़ियों को अपने टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करते देखेंगे। टेनिस प्रीमियर लीग टूर्नामेंट 24 25 और 26 अप्रैल को यूनियन क्लब और छत्तीसगढ़ क्लब में खेला जाएगा। जिसमें सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। विष्णु खेल एकेडमी एवं टेनिस फेमिलिया के संयुक्त प्रयास से अपने किस्म की राज्य की यह पहली प्रतियोगिता होगी। आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा इस अवसर पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए उपस्थित रहेंगे वही छग टेनिस संघ के सहसचिव रूपेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में यह समारोह किया जाएगा।

# अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया



**रायपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। नशे के कारोबारी पर अंकुश लगाने हेतु निजात अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रूप से शराब रखे को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त हुई पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि आच्छी तालाब के सामने भाटागांव के पास एक लड़का जो अपने हाथ में एक सफेद रंग की प्लास्टिक की चूमड़ी में अवैध रूप से मदिरा रखा है वाहन का इंतजार कर रहा है सूचना पर तत्काल घटनास्थल पहुंचकर आरोपी को पकड़ कर उनके कब्जे से अवैध रूप से 35 पावा देसी मदिरा मसाला रखा मिला नाम पूछने पर अपना नाम सैयद साहिल पिता सैयद फारूक उम्र 29 साल निवासी गरियाबंद डाक बंगला बस स्टैंड के सामने थाना गरियाबंद जिला गरियाबंद हाल कोटा ओम किराना स्टोर थाना सरस्वती नगर रायपुर का रहने वाला बताया आरोपी के विरुद्ध धारा 34;2 द्धआबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर विवेचना में लिया गया

उल्टा पुल्टा

एक आदमी की मौत के बाद उसका दोस्त उसकी पत्नी के पास आया। और बोला- क्या मैं उसकी जगह ले सकता हूं?
पत्नी- मुझे कोई ऐतराज नहीं है कब्रिस्तान वालों से पूछ लो।

संपादकीय

## पर्याप्त संख्या में लगें ईवी चार्जिंग स्टेशन

इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) यानी बैटरी से चलने वाले वाहनों की संख्या में तो निरंतर इज़ाफ़ा हो रहा है लेकिन इसकी सबसे बड़ी समस्या है पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशनों का न होना। इससे लोगों को लम्बी यात्राएं करने में दिक्कत होती है। प्रदेश में ईवी की सर्वाधिक संख्या राजधानी रायपुर में है। यहां जिन लोगों के पास ऐसे वाहन हैं वे घरों से उनकी चार्जिंग कर निकलते हैं पर जैसे-जैसे समय गुजरता जाता है और ज्यादा दूरी तय कर ली जाती है तो इन वाहन मालिकों को इस बात का भय रहता है कि कहीं बैटरी डिस्चार्ज न हो जाये। अब जिला प्रशासन तथा रायपुर नगरपालिका निगम ने एक ऐसी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है जिसके अंतर्गत न्यूनतम दूरी में ऐसे वाहनों के चार्जिंग स्टेशन खुल जायें। इस समस्या का हल होने से लोगों का रूझान ईवी की ओर और बढ़ेगा।

मंगलवार को रायपुर कलेक्टर एवं नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्टेशन हेतु सम्भावित स्थानों को देखा और इस योजना को तीन माह के भीतर अंजाम देने का तय किया। उम्मीद है कि अब पर्याप्त संख्या में ऐसे स्टेशन खुल जायेंगे लोगों को नज़दीक ही चार्जिंग की सुविधा मिल सके। फिलहाल शहर में केवल 7 स्टेशन हैं। जाहिर है कि यह तादाद अपर्याप्त है। इसके कारण लोगों को चार्जिंग कराने में काफी समय लगता है। चार्जिंग स्टेशनों में व्यवस्था होगी कि 10 मिनट के भीतर ही दोपहिया चार्ज हो जाये। इससे चार्जिंग सुरक्षित तरीके से भी होगी। घरों में चार्जिंग के चलते कई हादसे हो चुके हैं। विश्रामपुर में एक युवती पिछले महीने स्कूटी रिचार्ज करने के दौरान हुए ब्लास्ट से झुलस गई थी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। कुछ अरसा पहले रायपुर के टिकरापारा की राधाविहार कॉलोनी के एक मकान में स्कूटी रिचार्ज करते हुए धमाका हो गया था। इससे कई वाहन और सामग्रियां जल गई थीं। दो बुजुर्ग भी झुलसे थे।

केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से ईवी खरीदी में छूट व प्रोत्साहन मिल रहे हैं क्योंकि इनसे धुंवा व शोर नहीं होता। रजिस्ट्रेशन, टैक्स आदि सम्बन्धी छूटों के कारण लोग इन्हें खरीद रहे हैं। इससे प्रदूषण में कमी आयेगी तथा पेट्रोल व डीज़ल पर होने वाला खर्चा बचेगा। व्यवहारिक समस्या यही है कि इसके लिये रिचार्ज स्टेशन रायपुर में तो क्या कहीं भी पर्याप्त नहीं हैं। इसके चलते लोगों को इन वाहनों से लम्बी यात्राएं करनी मुश्किल होती है। कई बार तो ग्रामीण क्षेत्रों में रिचार्ज करने के लिये बिजली नहीं भी मिल पाती। रायपुर में जो शुरुआत की जा रही है वह प्रदेश के सभी शहरों व कस्बों में भी होनी चाहिये। शहरी इलाके हों या कस्बाई अथवा ग्रामीण, छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों में पर्याप्त संख्या में ऐसे स्टेशन खुलने चाहिये।

# जंवारा विसर्जन, भोग भंडारा, पूजन-अर्चना, अनुष्ठानों के साथ रामनवमीं धूमधाम से मनाई गई



**दुर्ग,** 17 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर में आज रामनवमी धूमधाम से मनाई गई। राम मंदिरों के साथ ही विभिन्न मंदिरों में भगवान श्री राम जानकी हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। देवी मंदिरों में आज सुबह पूजा अर्चना के साथ ही भोग भंडारा, कन्या भोज, ज्योति कलश, एवं जवारा विसर्जन के कार्यक्रम किये गये। जगह जगह आज स्टाल लगाकर रामनवमी का प्रसाद वितरण किया गया। इन सभी आयोजनों को सफल बनाने के लिये पूरा शहर उमड़ पड़ा था। आज ही श्री सत्ती चौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा के 14 वें वार्षिकोत्सव का समापन भी धूमधाम से किया गया।

आज रामनवमी पर जवाहर चौक स्थित श्री राम जानकी पंचायती मंदिर में सुबह से ही पूजा पाठ के कार्य कार्यक्रम होते रहे। समिति के अध्यक्ष श्याम शर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न अनुष्ठान किये गये। इसके अतिरिक्त आमदी मंदिर स्थित राम मंदिर, मोतीपारा, कसारीडीह, शिवनाथ नदी तट स्थित राम मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भी राम नवमी मनाई गई। ज्योतिकलश की विसर्जन शोभायात्रा बाजे गाजे लोकनर्तकों की टोलियों के साथ विभिन्न जलाशयों में जाकर विसर्जित की गई।

मां चंडी मंदिर चंडी चौक, मां शीतला मंदिर ठेठवार पारा, माता काली मंदिर सिद्धार्थ नगर, मां सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन कसारीडीह, मां दुर्गा मंदिर ब्राम्हण पारा, लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार, संतोष मंदिर गिरधारी नगर, कात्यानी मंदिर कैलाश नगर मार्ग, शहर के सभी शनि मंदिर गंजपारा, शंकर नगर, स्टेशन रोड सभी गायत्री मंदिर, स्टेशन रोड, गायत्री मंदिर, कादम्बरी नगर, कसारीडीह सहित सभी मंदिरों में दिनभर शोभायात्रा निकलकर विभिन्न जलाशयों में विसर्जित की जाती रहीं।

**सत्ती चौरा मां दुर्गा मंदिर :** श्री सत्ती चौरा मां दुर्गा मंदिर गंजपारा में चैत्र नवरात्रि पर्व के साथ ही मंदिर के स्थापना के 14 वीं वर्षगांठ भी नौ दिन तक विभिन्न अनुष्ठानों व विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। नवरात्रि के 9 दिनों में यहां पर 81 कन्याओं को भोजन कराया गया।

आज सुबह मंदिर जी ज्योतिकलश विसर्जन किया गया। दोपहर में रामनवमी पर्व पर रामजी का अभिषेक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। गत दिवस अष्टमी पर्व पर माताजी को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। इससे पूर्व 56 भोग की आकर्षक झांकी सजाई गई। रात्रि में हवन पूजन पूर्णाहूति, आरती व प्रसाद वितरण किये गये। नौ दिनों का संपूर्ण अनुष्ठान वैदिक नीतियों आचार्य पं. विक्रांत दुबे, आचार्य पं. आकाश दुबे द्वारा कराई गई। मुख्य यजमान सुमन नरेन्द्र शर्मा रहें। मुख्य पुजारी पं. सुनील पाण्डेय ने पूजन कराया।

संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के योगेन्द्र शर्मा बंटी, अशोक राठी, महेश टावरी, दीपक चावड़ा, मनोज भूतड़ा, राजेश शर्मा, सुरेश गुप्ता, बसन्त शर्मा, सरिता शर्मा, अनिता अग्रवाल, सरोज जोशी, प्रभा शर्मा, संगीता शर्मा, नीलू पंडा, चंचल शर्मा, अर्चला शर्मा, प्रेमलता शर्मा, अनिता शर्मा, मनोरमा शर्मा, ईशान्त शर्मा, आशीष मेश्राम, ऋषि गुप्ता, सुजल शर्मा, महेश गुप्ता, प्रशांत कश्यप, व अन्य लोगों को विशिष्ट योगदान रहा। यह संपूर्ण जानकारी कुलेश्वर साहू एवं निर्मल शर्मा ने दी।

## श्री सांई सेवा समिति ने पुराने बस स्टैंड में प्याऊ किया शुरू



**दुर्ग,** 17 अप्रेल (देशबन्धु)। श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा पुराने बस स्टैंड में स्थापित प्याऊ सेवा का उद्घाटन महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सत्य साई सेवा संगठन छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष डी.रामाराव ने की। विशेष अतिथि समिति के जिला संयोजक संदीप नायडू नगर निगम के एमआईसी सदस्य दीपक साहू, भोला महोबिया थे।

इस अवसर पर समिति के शंकर चंद्राकर, आर.के. तिवारी, हरिशचंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, श्रीनिवास राव, गौरव ठाकुर, रंगदमन, राजेन्द्र मरकाम, इंद्राणी मिश्रा, मंजू तिवारी, गायत्री ठाकुर, मीरा राजपूत, सुहासिनी राव, पदम निषाद, के.आर.मुदलियार, प्रशांत डोंगांवकर, राजकुमार सोनी उपस्थित थे।

## गुरूदेव रतन मुनि जन्मोत्सव पर अनेक कार्यक्रम आयोजित



**दुर्ग,** 17 अप्रेल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रवर्तक गुरुदेव रतन मुनि महाराज का 92 वां जन्म महोत्सव जीवदया के आयोजन से किया गया इसी क्रम में आज कृष्ण गौशाला जीव रक्षा केंद्र मोहलाई पहुंचकर गायों को गुड और सब्जी खिलाने का कार्य किया गया। कल सुबह जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में गुणानुवाद सभा में आयोजित होगी जिसमें जैन समाज के लोग सामायिक साधना नवकार महामंत्र जप अनुष्ठान तथा जप तप के साथ मनाया जा रहा है।

श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सदस्य इस आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहें वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ महिला मंडल के सदस्य कार्यक्रम की तैयारी में लगें हैं आज श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल के सदस्य सोरभ रतन बोहरा ने जिला चिकित्सालय दुर्ग पहुंच कर रक्त दान किया।

## 4 करोड़ पीएम आवास बनाने का भाजपाई दावा झूठा : कांग्रेस



**मोदी सरकार ने बनाये मात्र 2 करोड़ 55 लाख 17 हजार 812 आवास**

**राजनांदगांव,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं दुर्ग संभाग मीडिया प्रभारी धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा मोदी की फोटो लगाकर पोस्टर और विज्ञापन में 4 करोड़ आवास देने का जो दावा कर रही है, वह सरासर झूठा है। केंद्र सरकार के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2 करोड़ 95 लाख के करीब आवास बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उसमें से 2 करोड़ 94 लाख 68 हजार 272 आवास की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें से मात्र 2 करोड़ 55 लाख 17 हजार 812 आवास ही पूर्ण हो पाये हैं। आज भी 39 लाख 50 हजार 460 आवास नहीं बन पाए हैं। फिर भाजपा बताएं कि 4 करोड़ आवास मोदी सरकार ने कहां बनाया है? भाजपा के 4 करोड़ मकान बनाने के विज्ञापन से प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी गड़बड़ी और घोटाला की आशंका सामने आ रही है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को 18 लाख आवास बनाकर देने का वादा किया था, अपनी केबिनेट की पहली बैठक का निर्णय पर अमल नहीं कर सकी है। छग सरकार क्योंकि 18 लाख आवास को मोदी सरकार ने स्वीकृति प्रदान नहीं की। 2011 के जनगणना के अनुसार प्रदेश के 18 लाख से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलना था, लेकिन मात्र 11 लाख 76 लाख 142 स्वीकृत किये। जिसमें कांग्रेस की सरकार ने 9 लाख 63 हजार 936 आवास बनाकर हितग्राहियों को दे दिए हैं और शेष आवास का काम निर्माणाधीन है।

केंद्र सरकार के द्वारा जारी राज्यवार प्रधानमंत्री आवास की आंकड़े जारी करके भाजपा को आईना दिखाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का गृह राज्य गुजरात में प्रधानमंत्री आवास के 603922 स्वीकृत आवास में से 92167 से अधिक आवासों का निर्माण नहीं हुआ हैं एवं अरूणाचल प्रदेश पूर्ण आवास 28420, असम पूर्ण आवास 17,73,299, बिहार पूर्ण आवास 36,45,255, छत्तीसगढ़ पूर्ण आवास 9,63,936, गोवा पूर्ण आवास 226, गुजरात पूर्ण आवास 5,11,547, हरियाणा पूर्ण आवास 28278, हिमाचल प्रदेश पूर्ण आवास 15,021, जम्मू और कश्मीर पूर्ण आवास 2,03,640, झारखंड पूर्ण आवास 15,58,228, केरल पूर्ण आवास 32,830, मध्यप्रदेश पूर्ण आवास 36,39,617, महाराष्ट्र पूर्ण आवास 12,12,732, मणिपुर पूर्ण आवास 30,486, मेघालय पूर्ण आवास 46,121, मिजोरम पूर्ण आवास 9,267, नागालैंड पूर्ण आवास 9,518, ओडिशा पूर्ण आवास 20,23,355, पंजाब पूर्ण आवास 35,986, राजस्थान पूर्ण आवास 16,82,177, सिक्किम पूर्ण आवास 1,275, तमिलनाडु पूर्ण आवास 5,94,787, त्रिपुरा पूर्ण आवास 3,27,647, उत्तर प्रदेश पूर्ण आवास 34,87,645, उत्तराखंड पूर्ण आवास 48,179, पश्चिम बंगाल पूर्ण आवास 34,10,965, अंडमान निकोबार पूर्ण आवास 1,225 दादरा और नगर हवेली दमन और दीव पूर्ण आवास 3,823 लक्षद्वीप पूर्ण आवास 45, आंध्र प्रदेश पूर्ण आवास 67,479, कर्नाटक पूर्ण आवास 1,21,940, लद्दाख पूर्ण आवास 2,863 ही बना है, जिसका कुल योग 2,55,17,812 है। ऐसे में 4 करोड़ आवास बनाने का दावा जनता को धोखा देना है।

## हल्दी-पीले चांवल देकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए आमंत्रण : पाणिग्रही



**दुर्ग,** 17 अप्रेल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लक्ष्य बनाकर शासन प्रशासन के साथ ही विभिन्न संस्थाओं तथा सेवाभावी नागरिकों द्वारा भी अभिनव अभियान चलाये जा रहे है। इसी क्रम में प्रतिष्ठित नागरिक सेवाभावी डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही ने जिला प्रशासन से लेकर शिक्षा संस्थाओं एवं अन्य स्थानों पर पहुंचकर विवाह की लगन पत्रिका की तरह हल्दी व पीले चांवल देकर लोगों से मतदान का नेवता दे रहे है।

श्री पाणिग्रही ने अपने अभियान की शुरूआत जिला निर्वाचन अधिकारी, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को हल्दी पीले चांवल देकर की। इसी तरह उन्होंने संभागायुक्त एस.ए.राठौड़, आईडी रामगोपाल गर्ग एवं जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी हल्दी पीले चांवल सौंपकर मतदान के लिये न्यौता दी।

श्री पाणिग्रही ने इसी कड़ी में खालसा कालेज में प्राचार्य सुनीता बोकड़े के मार्गदर्शन में कालेज स्टाफ के सहयोग से बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को भी नेवता दिया। डॉ. पाणिग्रही ने इस मौके पर छात्र छात्राओं के मतदान के अधिकार, कर्तव्य एवं अपनी इस अवधारणा को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मजबूत लोकतंत्र के लिये शत प्रतिशत मतदान की अपील की। छात्र-छात्राओं कालेज स्टाफ ने भी उन्हें शत प्रतिशत मतदान को लेकर आश्वस्त किया। इस पूरे कार्यक्रम में कालेज के सौ छात्र-छात्राओं सहित सहायक प्राध्यापक आभा शर्मा, मनीषा गर्ग, डॉ. देउती बंछोर, ललिता परमार, दिव्या सिंह, ऋषिका सोनी, योगेश देवांगन, अफसाना खान ने भी अपनी सहभागिया दी।

## आज डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सांसद मधुसूदन करेंगे जनसंपर्क



**डोंगरगांव क्षेत्र में आयोजित महतारी वंदन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे पूर्व सांसद**

**राजनांदगांव,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव आज डोंगरगॉव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम तुमड़ीबोड़, मारगॉव एवं आसरा में आयोजित महतारी वंदन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और भाजपा के पक्ष में जनसंपर्क करेंगे। लोक सभा आम निर्माचन 2024 में भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने के अभियान में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों सें आज इस क्षेत्र में पहॅुचकर मधुसूदन यादव संपर्क करेंगे और महतारी वंदन कार्यक्रम के माध्यम से जुड़कर भाजपा के पक्ष में मतदाताओं को रिझाने और मतदान करने के लिये अपील करेंगे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष के साथ डोंगरगॉव क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गांधी, डोंगरगॉव मंडल अध्यक्ष >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता : संतोष पांडे



**उतिष्ठ राघवम् कहकर आज अयोध्या में जगाये गए रामलला**

**राजनांदगांव,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे पिछले दो दिनों से कबीरधाम जिले के सुदूर अंचलों का व्यापक दौरा करने के पश्चात आज फिर जिले में आकर डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में गाँव-गाँव गली-गली घूमकर एक बार फिर ङ्क मोदी सरकार बनाने की अपील की।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के अवसर पर संसदीय क्षेत्र की जनता को रामनवमी राम जन्मोंत्सव की बधाई देते हुए कहा कि पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता में हैं। आज अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद वह शुभ दिन आया हैं जब भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में पहला जन्मोंत्सव मनाया गया। श्री पांडे ने कहा कि सदियों बाद आज रामनवमी को अभिजीत मुहूर्त में श्री रामलला का राजोपचार पूजन हुआ, आज तड़के ही उतिष्ठ राघवम् कहकर रामलला को जगाया गया, चांदी सोने के रथ, हाथी, घोड़े, अस्त्र-शस्त्र उन्हे समर्पित किया गया। वाध्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच नृत्य व गीत हुआ, वेदों पुराणों का पाठ हुआ, भगवान के जन्मोंत्सव के पश्चात चार वेदों की सभी शाखाओं का पाठ सुनाया गया। सोने-चांदी के बर्तनों में 106 प्रकार के भोग अर्पित हुए, सबसे खास अवससर श्री रामलला के सूर्याभिषेक का हुआ, ठीक 12 बजकर 16 मिनट पर श्री रामलला के माथे पर सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक सूर्य तिलक किया। ऐसा नयनाभिराम दृश्य पूरे संसार ने देखा जिससे करोड़ों राम भक्तों का सीना गर्व से चौड़ा हो रहा हैं।

श्री पांडे ने आगे कहा की सनातन के इस वैभव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम था जो विवाद पिछले 500 वर्षों से अनसुलझा हुआ था तमाम प्रयासों के बावजूद हल नहीं हो रहा था। जिसे मोदी जी ने सहजता से हल करके देश का गौरव बढ़ाया। आज अयोध्या के विकास के लिए करोड़ों-करोड़ की परियोजनाए चल रही हैं, पूरे विश्व भर से लाखों दर्शनार्थी श्री रामलला का दर्शन प्रतिदिन कर रहे हैं। केवल अयोध्या ही नहीं बल्कि मोदी सरकार ने देश के कई धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करके देश की सनातन संस्कृति का वैभव बढ़ाया हैं। काशी विश्वनाथ कारीडोर आज भारत का दूसरा सबसे बड़ा कारीडोर बन गया हैं। सन 1735 में इंदौर की महारानी देवी अहिल्या बाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया हैं। इतना ही नहीं देवभूमि उत्तराखंड के लिए चारधाम परियोजन शुरु की गई हैं इस परियोजना के तहत गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम को जोड़ने वाली विशेष सड़कों का निर्माण किया जा रहा हैं जो हर मौसम मे आवागमन के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक होंगे केदारनाथ धाम में श्री आदि गुरु शंकराचार्य जी की भव्य मूर्ति का अनावरण किए गया हैं। इसके अलावा ऋषिकेश को भी रेल मार्ग से जोड़ने का कार्य हो रहा हैं सोमनाथ मंदिर के भी पुनर्निर्माण के लिए विभिन्न योजनाए चल रही हैं।

श्री पांडे आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के विस्तारित क्षेत्र में महाकाल लोक का निर्माण कराया जो आकर्षक एवं दर्शनीय हैं। इसी तरह हैदराबाद में ग्यारहावी सदी के हिन्दू संत रामनुजाचार्य की 216 फिट ऊंची स्टैचु ऑफ इचे लिटी राष्ट को समर्पित की गई हैं। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अंबेडकर की फोटो डस्टबिन में फेंके जाने से गुस्साए अनुयायियों ने रेलवे स्टेशन में किया प्रदर्शन



**दुर्ग,** 17 अप्रेल (देशबन्धु)। भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो डस्टबिन में मिलने से नाराज अंबेडकर अनुयायियों ने बुधवार को रेल्वे स्टेशन के जीआरपी कार्यालय के समक्ष जमकर हंगामा मचाया। अंबेडकर अनुयायियों का आरोप था कि यह फोटो रेल्वे स्टेशन की मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा डस्टबिन में फेंकी गई है। जिसके खिलाफ एफआईआर व गिरफ्तारी की मांग को लेकर अंबेडकर अनुयायी बड़ी संख्या में रेल्वे स्टेशन में जुटे थे।

इस दौरान अंबेडकर अनुयायियों ने धरना देकर जोरदार नारेबाजी की। जिससे रेल्वे स्टेशन में गहमागहमी का माहौल रहा। अंबेडकर अनुयायियों के प्रदर्शन के चलते रेल्वे स्टेशन के प्रबंधक, जीआरपी प्रभारी व रेल्वे स्टेशन के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। उन्होने प्रदर्शनकारियों को समझाईश दी, लेकिन वे अपनी मांगों पर अड़े रहे। जिससे दोपहर तक अंबेडकर अनुयायियों का प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारी अंबेडकर अनुयायियों ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की फोटो को डस्टबिन में फेंके जाने की घटना 14 अप्रैल की रात की है। उन्होने आरोप लगाया कि यह फोटो मुख्य टिकट निरीक्षक के कार्यालय में लगी हुई थी। जिसे मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा डस्टबिन में फेंका गया है।

बताया गया है कि फोटो को डस्टबिन में फेंकने की घटना की जानकारी रेल्वे स्टेशन के कुछ कर्मचारियों ने ही अंबेडकर अनुयायियों के संगठन को दी थी। जिसकी अंबेडकर अनुयायियों द्वारा पहले मोहन नगर पुलिस थाना में शिकायत की गई, लेकिन घटनास्थल का थाना क्षेत्र जीआरपी आने से आज सुबह अंबेडकर अनुयायी संगठन के अभिषेक बोरकर, डॉ.अरविंद चौधरी के साथ रेल्वे स्टेशन पहुंचे और घटना को लेकर जोरदार विरोध दर्ज करवाया गया।

# नशे के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला व्दारा आगामी लोकसभा निवार्चन को दृष्टिगत रखते हुये अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध निगाह रखने एवं ठोस कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। जिस पर सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर के मार्गदर्शन में मादक पदार्थों का विक्रय करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस हेतु मुखबीर लगाये गये एवं संदिग्ध लोगों पर लगातार नजर रखी गयी। इसी कम में सूचना प्राप्त हुई कि देना बैंक के पीछे सडक नंबर 8 पीपल पेड के नीचे एवं बैकुण्ठ धाम मैदान मंच के पास छावनी में मो. अरमान नामक व्यक्ति द्वारा नशीली दवाई बेचने के लिये बैठा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेरा बंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लिये जाने पर आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित सैमफेक्स प्लस टेबलेट 328 नग कीमती 9840 रूपया एवं मोटर सायकल डिस्कवर कीमती 8000 रूपया कुल कीमती 17840 रूपया बरामद की गई। आरोपी के विरूद्ध थाना छावनी में नारकोटिक्स एक्ट की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में एसीसीयू एवं थाना छावनी स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

**सट्टा के आरोप में महिला गिरफ्तार**

इसी तरह मुखबीर से पुलिस को सूचना मिली कि थाना छावनी क्षेत्रान्तर्गत रीता नामक महिला सट्टा पट्टी के माध्यम से सट्टा अंक व रूपया पैसा लेकर सट्टा नामक जुआं खिलाने की सूचना पर मौके पर दबिश दिया गया। महिला रीता के कब्जे से 9 नग मोबाईल, नगदी रकम 10090 रूपया, सट्टा.पट्टी आदि जप्त किया गया। महिला के विरूद्ध थाना छावनी में जुआं एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की गई।

गांजा के साथ महिलाएं हिरासत में

पुलिस की ताबडतोड़ कार्यवाही के तहत मादक पदार्थों का विक्रय करने वालों की मुखबीर से मिली सूचना पर वैशाली नगर क्षेत्र के वृंदा नगर सार्वजनिक शौचालय के बगल में एक महिला मनमीत अपने घर के पास में अवैध रूप से गांजा रखकर बिकी कर रही है कि सूचना पर तत्काल थाना वैशाली नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी पर आरोपी महिला के कब्जे से एक बैगनी कलर के थैला के अंदर 152 कागज की पुड़िया में बाधकर रखे कुल वनज 1.400 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं बिकी रकम 65000 कुल कीमती 73500 रूपये को नियमानुसार जप्त किया गया। इसी प्रकार तीन महिलायें मिलकर बालाजीनगर राम मंदिर खुर्सीपार के पास अवैध रूप से गांजा बेचने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस पार्टी मौके पर पहुंचकर संदिग्ध महिलाओं को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर अपना नाम पी. दुर्गा, सुशीला, रत्ना अम्मा बताया।

थाना छावनी अन्तर्गत चौरसिया होटल के पीछे डी. सुनिता नामक महिला व्दारा गांजा बिकी करने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया । तलाशी पर महिला के कब्जे से 1050 ग्राम गांजा कीमती 10500६. रूपये जप्त किया गया। महिला के विरूद्ध थाना छावनी में नारकोटिक्स एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। सभी महिला आरोपियों के विरूद्ध थाना वैशाली नगर, छावनी एवं खुर्सीपार में नारकोटिक्स एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही कर रिमाण्ड पर भेजा गया है। गांजा के मुख्य स्त्रोत के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही है एवं अवैध कारोबार करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

# स्टेशन तक पहुंच मार्ग को ठीक करने की मांग



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने जारी बयान में कहा कि लगभग दो माह पूर्व भिलाई पावर हाउस चौक से भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन मुख्य पहुंच मार्ग पर रेलवे के ठेकेदार द्वारा बोल्डर एवं मलमा डलवा कर रोड को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है जिसके कारण इस मार्ग से वाहन चालक रेलवे स्टेशन नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिसके कारण आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि अमीरचंद अरोर, विशेष आमंत्रित सदस्य लल्लन तिवारी एवं प्रभाकर राव जनबंध, नागेंद्र तिवारी,युवा नेता शिवराज ताम्रकार आदि ने भी उक्त समस्या को गंभीरता से लेते हुए महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर एवं स्थानीय प्रभारी रेलवे स्टेशन भिलाई पावर हाउस को भी पत्र लिखकर तत्काल स्टेशन आने जाने वाले मार्ग पर आम नागरिकों को परेशान करवाने के लिए रखवाये गए बोल्डर एवं मलमा को हटवाने की मांग की है जिससे आम यात्रियों को हो रही परेशानियों से राहत मिल सके। राजेंद्र ताम्राकर ने कहा कि रेल्वे स्टेशन के विस्तारीकरण का वे स्वागत करते है, किन्तु लोगों को परेशानी हो इसका भी निराकरण किया जाना चाहिए। श्री ताम्राकर ने कहा कि रेल्वे स्टेशन तक पहुंच मार्ग में मलवा होने के कारण कई यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। रात्रि के समय यात्रियों को काफी परेशानी होती है।

# शहीद विनोद चौबे खेल सम्मान का आयोजन



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। आज बुधवार को जिला मास्टर एथेलेटिक संघ के द्वारा शहीद विनोद चौबे खेल सम्मान का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में बी.आर.साहू एवं टी.आर.साहू का सम्मानित किया गया। सिविक सेन्टर के जयंति स्टेडियम भिलाई में किया गये इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से अध्यक्ष रमेश सिंह सचिव, टी आर साहू, लेखराम आडिल, देवधर ठाकुर, ओमकार अग्रवाल, गणवीर सिंह, घनाराम साहू, सकील इरानी, मुकेश साहू, श्री चन्द्राकर, ओमप्रकाश वर्मा, होरीलाल, श्री चौरसिया, प्रियंका साहू सहित मास्टर एथेलेटिक संघ के सदस्य उपस्थित रहें। छत्तीसगढ़ मास्टर एथेलेटिक संघ के सचिव एनआईएस एथेलेटिक कोच ताजुद्दीन उपस्थिति विशेष रुप से उपस्थित थे। एथेलेटिक संघ के सचिव एनआईएस एथेलेटिक कोच ताजुद्दीन शहीद ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाता है। जिससे अन्य खिलाड़ियों को खेल के प्रति और अधिक रुचि हो तथा वे अपने प्रेदश व देश का नाम रौशन कर सके।

# छात्रों के जीवन में अध्ययन सर्वाधिक महत्वपूर्ण : डॉ. बेहरा

**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मी धर बेहरा ने बी.टेक तथा एम.टेक, पी.एच.डी. के शोधार्थी छात्र.छात्राओं एवं प्राध्यापक को संबोधित किया। प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मी धर बेहरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी छात्र-छात्राओं के जीवन में उनका अध्ययन काल सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। इस काल में उनके द्वारा की गई मेहनत ही उनके भविष्य का निर्धारण करती है। इस काल में छात्र-छात्राओं कोअपना ध्यान केवल एवं केवल ज्ञान अर्जन एवं नवीन कौशल के विकास हेतु लगाना चाहिए तथा अपना कुछ नवीन शोध एवं सोच का विकास करने में ध्यान लगाना चाहिए। प्रोफेसर डॉक्टर लक्ष्मी धर बेहरा ने छात्र-छात्राओं को यह भी बताया कि उत्कृष्ट अध्ययन के लिए उन्हें एक नियमित दिनचर्या का पालन करना चाहिए। जैसा प्राचीन काल में गुरुकुल में छात्र-छात्राओं के द्वारा किया जाता था। इससे छात्र अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बना सकेंगे। जिससे उन्हें छात्र की जीवन में सफलता प्राप्त होगी। आईआईटी मंडी के निदेशक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें एकेडमिक उत्कृष्टता एवं कौशल के लिए प्रयत्न करना चाहिए, ना कि धन एवं उत्तम अंक के लिए भागना चाहिए। क्योंकि अकादमिक उत्कृष्ट के पीछे ही उत्तम धन और अंक आता है। प्राप्त जानकारी अनुसार डॉक्टर बेहरा ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय व आईआईटी मंडी के मध्य एमओयू किया गया है। जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक आईआईटी मंडी में स्थित विश्व स्तरीय लाभ एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा आईआईटी मंडी छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के छात्रों को 6 माह इंटर्नशिप प्रदान करेगा जिससे छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध एवं तकनीक का ज्ञान प्राप्त होगा। डॉक्टर लक्ष्मी धर बेहरा ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के.एच.डी शोधार्थियों एवं शिक्षकों को आई.आई.टी मंडी के शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से पी.एच.डी शोध करने के लिए भी आमंत्रित किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर एम के वर्मा समकुलपति डॉक्टर संजय अग्रवाल यूटीडी के निदेशक डॉक्टर पी के घोष एवं सीएसवीटीयू फोरटे के निदेशक डॉक्टर आर एन पटेल तथा एम.टेक, पी.एच.डी के शोधार्थी उपस्थित थे।



# विश्व लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया गया



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में विश्व लैब टेक्नीशियन दिवस पर मुख्य अतिथि सीनियर मेडिकल आफिसर डा भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि लैब की जरूरत रोगी विभिन्न जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिससे रोग पहचान कर निदान आसान होता है। अध्यक्षता संघ के महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि जकरिया जानसन ने माइक्रो स्कोप की अविष्कारक के बाद रोगी के माइक्रो बायोलॉजी व केमिस्ट्री से संबंधित जीवाणु और कीटाणुओं की जांच करना विश्व में सरल हुआ। चिकित्सा विज्ञान में उनके जन्म दिवस पर विश्व लैब टेक्निशियन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम दा फ्यूचर इज़ लैब है। डॉ आशीष शर्मा ने कहा कि प्रयोगशाला तकनीशियन की जिम्मेदारी कोविड काल में विश्व के पटल पर सभी ने महसूस किया कि है। इस अवसर पर लैब टैक्नोलाजिस्ट कु आलिया खातून प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 व भास्कर कोटराने को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में श्रीमती आर विश्वास, श्रीमती प्रज्ञा कुशवाहा, डा.अर्चना पांडेय, श्रीमती आर गजभिए, तृप्ति चंद्राकर, विनय कुमार निर्मलकर सरस्वती ठाकुर, समीर रात्रेए मीरा साहू, संतोष नायक, जय सिंह कौठारी, पुष्प लता साहू, सुनीति वर्मा, मेनका, दिव्या कोर्टाने, चम्पा कली सोनी, के वेंकट राव, हिमांशु सूर्यवंशी,एकांश उपस्थित रहे।

# पुनः सार्थक हुई एचएमएस यूनियन की पहल

**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। श्रमिक यूनियन हिंद मजदूर सभा (एचएमएस) की पहल फिर एक बार सार्थक हुई है। इस बार फैक्ट्री में काम के दौरान करंट लगने से मृत छात्र के परिजनों को यूनियन की पहल पर जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में फैक्ट्री संचालक से 5 लाख रुपए का मुआवजा मिला है। इस दौरान एचएमएस यूनियन के छत्तीसगढ़ राज्य कार्यवाहक अध्यक्ष एच.एस. मिश्रा ने फैक्ट्रियों में नियम कानून के पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक क्षेत्र भिलाई स्थित साउथ इंडिया इंडस्ट्रीज में 13 अप्रैल की दोपहर को पार्ट टाइम जॉब करने वाले एक कॉलेज के छात्र लक्ष्मण नगर निवासी विकास 19 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। करंट लगने के बाद छात्र को आनन फानन में अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। शव को मरच्यूरी में लाने के बाद परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। इस बात की जानकारी देते हुए हिंद मजदूर सभा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष एवं वरिष्ठ श्रमिक नेता एच.एस.मिश्रा को मौके पर बुलाया गया। जिस पर श्री मिश्रा यूनियन के पांच अन्य पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। जिला व पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में श्रमिक नेता एच. एस. मिश्रा ने पीड़ित परिवार से बातचीत के बाद फैक्ट्री संचालक के समक्ष समझौते की रुपरेखा को सामने रखा। इस दौरान भाजपा नेता मनीष पाण्डेय और जेपी यादव भी मौजूद थे। जिसके बाद फैक्ट्री संचालक ने मात्र 4 दिन ही फैक्ट्री में काम करने के बाद करंट लगने से मृत छात्र के अंतिम क्रिया कर्म के लिए तत्काल 50 हजार रुपए नकद और साढ़े 4 लाख रुपए का चेक पीड़ित परिवार को मुआवजा स्वरुप सौंपा। इस दौरान तहसीलदार ने दुर्घटना बीमा तथा श्रम विभाग के प्रावधान के तहत और भी सहायता राशि दिलाने का आश्वासन पीड़ित परिवार को दिया है। यह सहायता राशि 2 से 12 लाख रुपए तक रहने की संभावना है। इस अवसर पर एच. एस. मिश्रा ने औद्योगिक क्षेत्र में कुछ फैक्ट्री संचालकों के द्वारा नियम कानून का पालन नहीं करने की ओर मौके पर मौजूद जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराया। उन्होंने बताया कि लगभग 20 प्रतिशत फैक्ट्रियों में ही नियमों का पालन किया जा रहा हैं। बहुत से फैक्ट्रियों के बाहर कंपनी का नाम और वेतन तालिका नहीं लगाया गया है। जबकि श्रम कानून के तहत फैक्ट्री के बाहर उसका नाम, प्लाट नं, पता और वेतन तालिका लिखा होना चाहिए। फैक्ट्री संचालकों की इस लापरवाही पर शासन प्रशासन को गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने की जरूरत है।



# मोंगरा का मृत शरीर मानवता को समर्पित

**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मरने के बाद समाज की भलाई के लिए मृत शरीर दान देने का एक और संकल्प पूरा हुआ। रिसाली के मकान नंबर 254 एफ निवासी बीएसपी सेवा निवृत टीभन लाल साहू ने अपनी पत्नी मोंगरा साहू के साथ 18 अक्टूबर 2021 को प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी के माध्यम से देहदान की वसीयत जारी की थी। 15 अप्रैल को मोंगरा साहू का अकस्मात निधन की सूचना पर संस्था प्रनाम के द्वारा वाहन आदि उपलब्ध करवाई गई उसके पश्चात अन्य वैधानिक औपचारिकताएं बाद स्व. मोंगरा साहू का पार्थिव शरीर चिकित्सा अध्ययन हेतु राजीव लोचन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, चंदखुरी को मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन हेतु समर्पित की गई। इस दौरान देहदानी टिभन लाल साहू, उनके पुत्र राजेंद्र साहू के अलावा पवन केसवानी, पुनाराम साहू, गंगाधर पटेल, हेमशंकर साहू, ओजस, देवेंद्र लहरी, टी एल साहू, डीपी साहू, दिलीप कुमार साहू, एन.एस, हिरवानी, लक्ष्मी नारायण साहू, एमआर साहू, के अलावा अनेक गणमान्य प्रबुद्ध जन उपस्थित थे। सस्था ने विगत 16 सालों में अभी तक 2000 से ज्यादा लोगों को देहदान की वसीयत छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध करवाया गया है। जिनमें 203 लोगों के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया चिकित्सा अध्ययन हेतु उपलब्ध करवाई जा चुकी है। प्रनाम की देहदान, अंगदान एवं नेत्रदान की पहल से जुड़ने के लिए मोबाइल नंबर 9479 273 500 में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी राकेश साह प्रचार प्रभारी प्रनाम ने दी है।

# वरिष्ठ कर्मी हमारी सोसाइटी के आधार : मिश्र



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। इस्पात कर्मचारी को.ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह मार्च 2024 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों को सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल,श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमारी सोसाइटी के आधार स्तंभ रहे हैं और इनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सदस्यों में प्लेट मिल से देवलाल, नागेंद्र पांडेय, रामपाल, देबू राम ठाकु, रवि वाड, ओम हरि साहू, अवध कुमार साहू, एल चंद्रशेखर, रविचंद्रन, अरुण कुमार साह, मूलनारायण सोनी, फाल्गुराम वर्मा, विजय कुमार नायक, अशोक कुमार, मंगू प्रसाद, मोहन प्रसाद, जी एस ठाकुर, सुब्रा मुखर्जी, नारायण पाटिल, सतीश वाय पेठकर, सुजय कुमार सिराजुद्दीन, राधेश्याम महानंद, के पदमा और टाउनशिप से विपिन बिहारी मिश्रा को उनकी जमा राशि का चेक तथा शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। रिटायर कर्मियों में से सुबरा मुखोपाध्याय, नारायण पाटिल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सोसायटी के साथ अपने वर्षों पुराने संबंधों को साझा किया। इस अवसर पर बोर्ड मेंबर पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। संचालन एम मुरलीधर प्रबंधक व आभार वरिष्ठ सहायक बाबूलाल टंडन ने व्यक्त किया।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मैच का आयोजन



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत फ्लड लाइट फुटबाल मैच का आयोजन 18 अप्रेल को संध्या समय 6 से 8 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में मतदान अवश्य करने नागरिको को जागरूक किया जा सके। कलेक्टर, निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत राजेश पटेल स्पोट्र काम्पलेक्स सेक्टर 2 में फ्लड लाइट फुटबाल मैच का आयोजन 18 अप्रेल को संध्या समय 6 से 8 बजे तक किया जा रहा है। पहला मैच नगर पालिक निगम भिलाई एवं नागरिक इलेबन के बीच खेली जावेगी तथा दुसरा मैच जिला प्रशासन इलेबन व बी.एम.वाय चरोदा इलेबन के बीच खेली जावेगी। मैच में 4 टीम बनायी जावेगी, जिसमें खिलाड़ी खिलाड़ियों के परिवार एवं आम नागरिक प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी के उपस्थिति में भाग लेगे मैच स्थल पर मतदान जागरूकता का बैनर पोस्टर, झंडा सेल्फी पाइंट लगाया जायेगा।

# विधायक ने सर्व समाज प्रमुखों की ली बैठक



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार मोदी सरकार बनाने और दुर्ग लोकसभा अंतर्गत वैशाली नगर से विजय बघेल को एक लाख मतों से लीड दिलाने वैशाली नगर विधानसभा के विधायक रिकेश सेन संगठनात्मक टीम और भाजपा की टोली के साथ हर रोज निगम के अलग अलग वार्डों में घर-घर जनसंपर्क कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने पार्टी के निर्देश पर आज विभिन्न क्षेत्रीय समाज के प्रमुखों के साथ विधायक ने लंबी चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनवाई। श्री सेन ने सर्व समाज प्रमुखों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा समाज कर्म प्रधान जरूर है लेकिन अपने धर्म और आस्था का भी हम सभी बराबर सम्मान करते हैं। जो कांग्रेस भगवान श्रीराम को काल्पनिक बताती थी वही आज वोट मांगने हमारे पास आ रही है। पिछली बार आपने एक वोट विजय बघेल को दिया तो टैंट में विराजमान भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बना। अमूमन एक वर्ष में हम घर नहीं बना पाते मगर श्री मोदी की सरकार ने रामलला का विशाल मंदिर बनवाया। विपक्ष के लोग फैलाते रहे कि भारतीय जनता पार्टी मुस्लिम विरोधी है जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू से कहा कि सबका साथ सबका विकस। तीन तलाक पर कानूनी का प्रवाधान लाया। रिकेश सेन ने धारा 370 सहित अनेक कल्याण कारी योजना लाई। प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनोपयोगी योजनाओं का जिक्र करते हुए सर्व समाज प्रमुखों से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी भय और लालच से अपने आंकलन अनुरूप करें, क्योंकि आपके समाज के और देश के विकास के लिए आप सभी का एक एक वोट बहुमूल्य है। उन्होंने कहा कि इस बार हम फिर भाजपा को चुनें और श्री मोदी को देश का तीसरी बार अवश्य प्रधानमंत्री बनाने के लिए दुर्ग लोकसभा से विजय बघेल को सबसे बड़ी विजय अवश्य दिलावें। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अनेक नेता उपस्थित थे।

# नगर सेवा विभाग ने राजस्व एकत्र में रचा कीर्तिमान

**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने विगत वित्त 2023-24 में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करके सफलता अर्जित की है। विगत वित्त वर्ष में नगर सेवा विभाग ने 100.55 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्र कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। आलोच्य वर्ष में नगर सेवा विभाग को 97 करोड़ राजस्व एकत्र करने का लक्ष्य था। इसकी तुलना में 100.55 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्र किया है। वित्त वर्ष की श्रेष्ठ निष्पादन के साथ समाप्ति पर संयंत्र बिरादरी को बधाई देने के लिये संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के नेतृत्व में संयंत्र प्रबंधन की टीम ने प्रत्येक विभाग में जाकर संयंत्र बिरादरी के सदस्यों को सफल विगत वर्ष की पूर्णता के लिये बधाई दी और श्रेष्ठ निष्पादन के लिये सभी सदस्यों की व्यक्तिगत तौर पर सराहना की। नगर सेवा विभाग ने विगत वित्त वर्ष 2022-23 में 91.75 करोड़ राजस्व की प्राप्ति की थी। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में 100.55 करोड़ का राजस्व एकत्र कर लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 2021-22 में 86.26 करोड़ए वित्त वर्ष 2020-21 में 80 करोड़ रूपये और वित्त वर्ष 2019-20 में 66.49 करोड़ रूपये राजस्व एकत्र किया था। वर्ष 21 एवं 22 में करोना महामारी के बावजूद नगर सेवा विभाग ने राजस्व एकत्र करने में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की थी। राजस्व वसूली के लिये विशेष रूप से प्रयास कर 31 मार्च 2024 के पूर्व अपने लक्ष्य को पार करने में सफल रहा। इसके लिये नगर सेवा विभाग ने इनफोर्समेंट विभाग के मदद से लम्बित प्रकरणों पर भी कार्यवाही की।

# विधायक दीपेश साहू सिद्धि माता एवं नेवनारा चंडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि के लिए की कामना



**बेमेतरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। विधायक दीपेश साहू चैत्र नवरात्रि के अष्ट्मी तिथि के पावन पर्व पर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गावों सहित क्षेत्र व अंचल के देवी मंदिरों में जाकर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक दीपेश साहू विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नेवनारा के चंडी मंदिर, संडी मे सिद्धि माता मंदिर, मांवली माता मंदिर, बैजलपुर के चंडी माता मंदिर सहित क्षेत्र व अंचल के अनेको मंदिर मे मातारानी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवाशियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना किया द्य और समस्त क्षेत्र व अंचल वाशियो को चैत्र नवरात्र पर्व की बधाई एवं शुभकामनायें दिया ।

इस अवसर पर परमेश्वर साहू, रेवा राम निषाद, राजू देवांगन,दीना नाथ साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, साकेत साहू,ईश्वर साहू, वीरेंद्र साहू,मंदिर समिति के सदस्य गण एवं ग्राम सरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवाशी जनप्रतिनिधिगण व भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध शराब बिक्री सट्टा चलाने वाले आरोपियों को दल्लीराजहरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ अवैध शराब बिक्री सट्टा चलाने वाले आरोपियों को दल्लीराजहरा पुलिस की गिरफ्तार

■ अपराधों पर अंकुश लगाने जिले के समस्त थाना प्रभारी को दिये निर्देश:पुलिस अधीक्षक



**दल्लीराजहरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक एस. आर. भगत के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी व नगर पुलिस अधीक्षक डॉ0 चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में अवैध जुआ सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना राजहरा मे 16 अप्रेल को थाना राजहरा के द्वारा टाउन में अवैध शराब बिक्री एवं सट्टा पट्टी लिखने 4 आरोपियों के विरूध्द कार्यवाही किया गया।आरोपी कदमदास कुर्रे पिता स्वं दुखुराम कुर्रे उम्र 60 वर्ष साकिन गुरूघासीदास वार्ड वार्ड क्रमांक 27 घटना स्थल वार्ड क्रमांक 22 सतनाम भवन के पीछे राजहरा के पास में अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक सफेद कोरे कागज में लिखा सट्टा पट्टी पर्ची, नगदी रकम 1220 रूपये एवं एक नग डाट पेन जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 4 (क) जुआ एक्ट एवं छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया।

वही दुसरा आरोपी दिनबंधु तारम उर्फ दिनु पिता संतराम तारम उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बिटाल के पास राजहरा थाना राजहरा को घटना स्थल ग्राम बिटाल रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 25 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 4500 एमएल कीमती 2250 रूपये एवं शराब बिकी की नगदी रकम 200 रूपये कीमती 2450 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34 ( 1 ) क, ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इसके साथ आरोपी राजेन्द यादव पिता राम लाल यादव उम्र 42 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 12 कैम्प 1 को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 12 कैम्प-1 रेल्वे कासिग पुलिया के पास राजहरा में आरोपी राजेन्द्र यादव को अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने परिवहन करते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक पीला रंग के थैला में जिसमें 37 नग देशी प्लेन शराब 6,660 बल्क लीटर कीमती 3330 रूपये एवं शराब बिक्री की नगदी रकम 400 रूपये कीमती 3730 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34 ( 2 ) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।4 आरोपी रकमलेश कुमार यादव पिता नजरू राम उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड क्र. 15 पुराना बाजार राजहरा के द्वारा घटना स्थल वीर नारायण चौक के पास में स्थित चबुतरा में अवैध रूप से आम जगह पर शराब सेवन करते पकड़े जाने पर आरोपी के विरूध्द धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एस आर भगत जिले के समस्त थाना चौकियों में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत से चोरियां अवैध शराब सट्टा एवं अपराधों पर अंकुश लगाने गस्त पेट्रोलिंग काम्बिग गस्त सुदृढ़ करने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिये है।

# शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई, बाल विवाह होने से बचा

**बेमेतरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। विगत दिनों विकासखण्ड बेमेतरा के ग्राम-मोहलाई, तह-बेमेतरा के एक युवक का विवाह सहसपुर लोहारा के एक युवती सें बाल विवाह किये जाने की सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाईन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह रुकवाया। शिकायत प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सह जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के निर्देश पर एंव परियोजना अधिकारी एंव जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन पर टीम गठित किया जाकर ग्राम मोहलाई में मांडले परिवार के एक बालक का बाल विवाह रुकवाया गया। उक्त युवक की बारात सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम प्रस्थान हो गयी थी। सूचना के पश्चात टीम द्वारा युवक के घर वालों के माध्यम से बारात वापस ग्राम-मोहलाई जिला बेमेतरा बुलवाकर कार्यवाही किया गया।



■ परिजनों ने बालिक होने पर शादी करने दी सहमति

वधु पक्ष को भी दूरभाष के माध्यम से समझाईस दी गई एवं चाइल्ड हेल्पलाईन, जिला बाल संरक्षण इकाई कबीरधाम से समन्वय स्थापित कर उक्ताशय के संबंध में जानकारी दी गई। युवक के परिजनों के द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत ही विवाह किये जाने हेतु अपनी सहमति प्रदान की गई तथा विवाह स्थगित करने की बात कही गई, युवक के परिजनों के कथन अनुसार हमें यह ज्ञात नहीं था कि वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह गैर कानूनी है।

टीम द्वारा समझाईस दिये जाने पर वर पक्ष द्वारा उक्त बालिका का विवाह वर्तमान में मौजूदा कानून के तहत् विवाह किये जाने की शपथपूर्वक कथन किया। तथा उन्हे बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 में उल्लेखित प्रावधानों के बारे में बताया गया कि निर्धारित आयु पूर्ण होने के पूर्व विवाह करवाना अपराध है, जो भी व्यक्ति यथा:- बाल विवाह कराने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती, विवाह कराने वाले पुरोहित, बैंड बाजा, हलवाई एवं टैट वालों पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। जो व्यक्ति ऐसा करता या कराता है या विवाह में सहयोग प्रदान करता है, तो उसे भी 02 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रू. तक हो सकता है अथवा दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

# बौद्ध अनुयायियों ने मनाया 134 वा आंबेडकर जयंती

■ भीम के गीतों पर झूमते रहे अनुयाई

**खैरागढ़,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। खैरागढ़ महाबोधी बुद्ध विहार कल्याण समिति के तत्वाधान में बौद्ध समाज के द्वारा दाऊचौरा स्थित बुद्ध विहार से शाम 6 बजे पैदल रैली निकाली गई जो नगर के ईतवारी बाजार, बक्शी मार्ग, जय स्तंभ चौक, बस स्टैण्ड से होते हुए आंबेडकर चौक तक रैली पहुंची संविधान निर्माता परम पूज्य बोधिसत्व डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया सभी बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने एकत्रित होकर सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना पंचशील त्रिशरण का पाठ किया वही जय भीम का नारा नगर में गूंजता रहा सभी बौद्ध अनुयाई एकत्रित होकर आदमकाद प्रतिमा डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब की जन्म जयंती को समारोह पूर्वक मनाया गया भीम के गीतों में खूब थिरकते रहे बौद्ध अनुयाई सभी पदाधिकारीगण व अन्य सदस्य भी श्वेत वस्त्र धारण किए हुए थे। पंचशील का झंडा व जय भीम का नारा दिनभर नगर में गूंजता रहा वही रैली आंबेडकर चौक से बौद्ध समाज को मिली नवीन स्थल तक पहुंची उसके बाद समाज के द्वारा एक मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में शक्ति खैरे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कामड़े विशेष अतिथि के रूप में मंसाराम सीमकर जिला पंचायत सदस्य समाजिक कार्यकर्ता विप्लव साहू सलाहकार अनुराग तुरे समाज के अध्यक्ष उत्तम बागड़े मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम



की अध्यक्षता कर रहे शक्ति खैरे ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर एक महामानव था जिसने सभी समाज का उत्थान किया मजदूरों से पहले 12 घंटा काम लिया जाता था जिसे उन्होंने 8 घंटा किया नौकरी पेशा करने वाली महिलाओ के उन्होंने मातृत्व अवकाश के तहत 6 माह का छुट्टी प्रदान किया उन्होंने सभी समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया। मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा जिला केसीजी के जिलाध्यक्ष संतोष कामड़े ने सभी को भीम जयंती की बधाई दी वही उन्होंने कहा कि बौद्ध समाज में भी लोग शिक्षित होते जा रहे और समाज को एक नई दिशा प्रदान कर रहे हमे बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने के तत्पर होकर कार्य करना होगा वही खैरागढ़ के नया बुद्ध विहार भवन का निर्माण दुर्ग भिलाई में मौजूद बुद्ध विहार जैसा बनाना है। उन्होंने बुद्ध विहार भवन निर्माण के 31 हजार रूपए की राशि की घोषणा की है।जिला पंचायत सदस्य विप्लव साहू ने कहा बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की सविधान को अच्छे से पड़ने की आवश्यकता है। आप जब पढ़ोगे तब जानोगे इसलिए आप सभी को सविधान की पुस्तक को पढ़ना होगा समाज को और शिक्षित करना होगा बाबा साहेब की तरह आपको भी तप करना होगा। मंसाराम सिमकर ने कहा बाबा साहेब जयंती की आप सभी को बधाई जिस तरह से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारत देश को सविधान बनाकर दिया अमेरिका के लोगो ने कहा यदि बाबा साहेब अमेरिका में जन्म देते तो हम उन्हे सूर्य कहकर पुकारते अनुराग तुरे ने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने पीड़ा यातना सहकर सभी समाज के लिए उत्थान का कार्य किया है। हमे उनके अधूरे मिशन को मिलकर पूरा करना होगा सामाजिक गतिविधियों में बदलाव लाने की भी जरूरत है। इसके बाद मंच पर बच्चो का मंचीय कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई है। जिसमे बुद्धि भाग्य श्री बोरकर ने बाबा साहेब के ऊपर गीत गाई वही शिवम मेश्राम ने बाबा साहेब के ऊपर गीत गया अवि बसोड़ ने भीम का गीत गाकर सभी का मन मोह लिया बच्चो के उत्साहवर्धन के लिए तालिया बजाते रहे। निवेदिता बोमले ने बाबा साहेब के ऊपर भाषण प्रस्तुत की इस दौरान समाज के बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के उपासक उपाशिकाए उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन समाज के सचिव विमल बोरकर ने किया वही आभार प्रदर्शन समाज के संरक्षक मधुकर चोखान्द्रे ने किया इस अवसर पर दिवालचंद भालेकर, नरेंद्र मेश्राम, देवेंद्र नागेदेवे, भरत वानखेड़े, अनिल सहारे, भारत सिरसाठ, सचिन मेश्राम, गौरव मेश्राम, सुरेश चौरे, भोजराज ऊके, शशि रामटेके, कमलेश बोमले, राजकुमार बोरकर, प्रणय चोखान्द्रे,आशीष प्रियांशु नागदेवे, मेश्राम महिला अध्यक्ष कविता नागेदेव, छाया चौरे, शिकी मेश्राम, नम्रता डोगरे, नंदा नागेदेवे, निवेदिता बोमले, नीतू रामटेके, सहित समाज के बड़ी संख्या में उपासक उपाशिकाएं उपस्थित रहे।

# निलंबित शिक्षक की संदिग्ध हालत में मौत

**परपोड़ी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। बीते दिनों ग्राम पंचायत भटगांव में पदस्थ प्रधानपाठक के पद पर अनुज बघेल पिता खिलावन बघेल निवासी तिरियाभाट का पिछले दिन 16/04/2024 को नगर पंचायत परपोड़ी के मदिरा केंद्र से लगभग 100 मीटर भटगांव रोड पर सड़क किनारे करीब साम 6 बाजे थाना परपोड़ी को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच किया गया और अनुज बघेल को मृत अवस्था में पाया गया और मार्ग कायम करते धारा 174 व 6/24 करते हुए शव को पोस्ट मार्टम के लिए साजा हॉस्पिटल के लिए रवाना किया गया , आस पास के सूत्रों से जानकारी के अनुसार बीते दिनों भटगांव स्कूल में प्रधान पाठक अनुज बघेल को नशे के हालत में पाया गया और विभाग को जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर बेमेतरा द्वारा उनको तुरंत पद से निलंबित कर दिया गया , दुसरे दिन से वह घर ही नहीं गया और कहा था किसके साथ इस बात की भी जानकारी नहीं हो पा रही है अभी तक । जब जानकारी हुई तो लोग उसे नसे की अवस्था मे समझकर उस तरफ ध्यान नहीं दिया गया , कुछ लोगो के द्वारा उसके शरीर में किसी भी प्रकार की हल चल नहीं होने की पुष्टि होने पर पुलिस को जानकारी दी गई , तत्काल थाना परपोड़ी के दल ने आकर मौके पर जच किया और उसे मृत पाया गया।

# श्रीराम सेवा समिति बेमेतरा द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित



**बेमेतरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। रामनवमी के पावन अवसर पर राम मंदिर प्रांगण बेमेतरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है । जिसमें 23 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, यह रक्तदान शिविर सीएमएचओ सह सिविल सर्जन डॉ एस. आर. चुरेंद्र के निर्देश में रखा गया । राम सेवा समिति के सदस्य अनुज अग्रवाल, रवि अग्रवाल, रितेश तापड़िया,संगम दुबे आदि समिति के सभी सदस्य सम्मानित उपस्थित रहें, इस रक्तदान शिविर में जिला चिकित्सालय बेमेतरा से चिकित्सा अधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश नोडल अधिकारी रक्तकोष बेमेतरा,विजय कुमार दौरे एम. एल. टी., संजय कुमार तिवारी एम. एल. टी आईसीटीसी., पुराणिक नायक काउंसलर, भूपेंद्र कुर्रे एम. एल. टी धनु वर्मा एम. एल. टी , विष्णु पटेल एम .एल .टी. , गुलाब यदु एम. एल. टी, श्रीमती कुलेश्वरी साहू ब्लड बैंक काउंसलर, विनेश्वर जायसवाल काउंसलर, ऋषि जांगड़े वार्ड बॉय , कृष्ण कुमार वर्मा वाहन चालक, द्वारा सेवा देने उपस्थित रहे,रक्तदाताओं के नाम सुनील वर्मा, राहुल वर्मा, रितेश कुमार तापड़िया, रवि कुमार अग्रवाल, श्याम सलूजा, श्रीमती अमन अग्रवाल, भानु प्रताप गिरी गोस्वामी, संजय दास वैष्णव, राहुल अग्रवाल,चंद्रभान गुप्ता, विजेंद्र वर्मा, देवचरण साहू, संजय बांधे, राकेश मोहन शर्मा, प्रकाश सोनी, अंकित शर्मा, गौरव साहू, अखिलेश साहू, योगी राम साहू, श्रीमती विनीता रोहरा, श्रीमती रश्मि मिश्रा, शुभम साहू, गौरव शर्मा इन सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र,नोडल अधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश और समिति सदस्य द्वारा प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया ।

# कलेक्टर एवं एसपी ने नाका/चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**बेमेतरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लगने के बाद बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए लगातार बाहर से आने-वाले बलों की रुकने की व्यवस्था व चेक पोस्ट एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। जिसके तहत दिनांक 16.04.2024 को आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अचानक आधी रात को निकले जिले के कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, पुलिस चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत स्थित स्थैतिक निगरानी टीम (स्स्ञ) नाका/चेक पोस्ट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहां पर तैनात पुलिस जवानों एवं अन्य अधिकारियों को जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये एवं आदर्श आचार संहिता का कडाई से पालन सुनिश्चित करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप पटेल, ग्रामीण कृषि विस्तारक अधिकारी साजा निलेश साहू, आरक्षक मनीष वर्मा, राजू धीवर सहित अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।



# भटगांव में ज्योत जवारा विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु



**परपोड़ी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भटगांव में चैत नवरात्रि के नवमें दिन बुधवार को ज्योत जवारा का विसर्जन किया गया।नौ दिनों तक मातारानी के आस्था व विश्वास के प्रतीक ज्योत जवारा की विसर्जन यात्रा बाजे गाजे के साथ स्थानीय शीतला तालाब के लिए निकली ।पारम्परिक सेवा जसगीत की धुन पर माता भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे ।गांव के राधा कृष्ण मंदिर बीच बस्ती से अनेको घर के ज्योत जवारा विसर्जन के लिए शीतल तालाब पहुचे जिसके चलते माता के भक्तों की भारी भीड़ लंबी कतार बनी हुई थी भक्त नम आंखों से माता रानी के आस्था के प्रतीक ज्योत जवारा को अंतिम विदाई दिए।

# भाजपा, संकल्प पत्र नहीं माफीनामा जारी करे: मनराखन देवांगन

■ भाजपा का संकल्प पत्र नहीं जुमला पत्र है

**खैरागढ़,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस के ऊर्जावान विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भाजपा के संकल्प पत्र को जुमला पत्र बताया है। श्री देवांगन ने कहा कि पिछले दो बार के चुनावों में भाजपा ने अपने वादों को क्या भूल जाने वाले किस नैतिकता से भाजपा ने नया संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा को जनता से नया वादा करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा के लिए 1 घोषणा पत्र जिसे वे संकल्प पत्र कहते है, केवल जनता को ठगने का एक हथियार है। यह दल चुनाव में वोट लेने के बाद अपने संकल्प पत्र के वादों को खुद चुनावी जुमला बता देते है। वॉल लाल हैं जनता में भाजपा और मोदी दोनों की ही विश्वसनीयता समाप्त हो चुकी है। भाजपा का संकल्प पत्र नहीं माफीनामा जारी करें 2014 और 2019 के संकल्प पत्र के वादों के बारे में बात करने की हिम्मत भाजपाइयों में नहीं है। भाजपा बताए युवाओं के लिए सालाना 2 करोड़ नौकरियों देने का क्या हुआ किसानों की आय दोगुनी करने का क्या हुआ। एमएसपी की कानूनी गारंटी का क्या हुआ। किसानों को लागत पर 50 प्रतिशत जोड़कर समर्थन मूल्य देने के वायदे का क्या हुआ। हर बैंक अकाउंट में 15-15 लाख देने का क्या हुआ भाजपा बताए एससी, एसटी, के अधिकारों को सुरक्षित करने के वादे का क्या हुआ एससी व एसटी पर 46 प्रतिशत व 48 प्रतिशत अपराध क्यों बढ़ा महिला आरक्षण लागू करने व महिला अत्याचार रोकने का क्या हुआ 100 स्मार्ट सिटी का क्या हुआ भाजपा के सांसदों द्वारा गोद लिए गांवो का क्या हुआ 2020 तक गंगा साई का क्या हुआ 2022 तक हर परिवार के सर पर छत का क्या हुआ 2022 तक सबको चौबीस घंटे बिजली देने का क्या हुआ? 2022 तक भारत को 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने का क्या हुआ लाल आँख व मैं देश को नहीं झुकने दूँगा का क्या हुआ हमारी जमीन पर चीन ने 2000 किलोमीटर तक कब्जा कैसे कर लिया 2022 तक 40 करोड़ युवाओं को स्किल ट्रेनिंग का क्या हुआ केन्द्रीय विभागों में लाखों पद रिक्त होने के बावजूद भर्तीया क्यों बंद हुई सेना में नियमित भर्ती बंद करके ठेके पर 4 साल के लिए अग्निवीर योजना का क्या औचित्य है। पहली बुलेट ट्रेन का क्या हुआ मोदी और भाजपा के इन वादों का हिसाब जनता मांग रही है इस लोकसभा चुनाव में पूरा भारत जुमलेबाजों को हरायेगा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 10 सालों में वादाखिलाफी का रिकॉर्ड बना चुकी भाजपा में साहस नहीं कि वह कोई नया वादा जनता से कर पाए इसलिए भाजपा का घोषणा पत्र पूरी तरह से सतही और चुनावी औपचारिकता दिख रहा है। भाजपा के घोषणा पत्र में हार की झलक साफ दिख रही है। इसलिए भाजपाई नया वादा करने की हिम्मत नहीं कर पा रहे है। ट्रेनों को बंद करने वाले वर्ल्ड क्लास स्टेशन बुलेट ट्रेन बनाने के लिये झूठे वादे कर रहे है। कांग्रेस के घोषणा पत्र से चुराकर गिगवर्कस के बारे में भी वादा कर रहे है। जबकि 10 सालों के मोदी राज में सबसे ज्यादा शोषण गिगवर्कर और असंगठित क्षेत्र का हुआ है। भाजपा के घोषणा पत्र में सक्षम और स्वावलंबी भारत बनाने की दिशा में कुछ भी नहीं है।



## गैस पाइप लाइन के नाम पर किसानों पर अत्याचार फिर भी सांसद मौन

मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद धारी को संविधान से राजनीतिक पत्र का तुलना करना उनकी संविधान के प्रति नकारात्मक सोच का जीवंत उदाहरण है। भारतीय संविधान से देश चलने के साथ मौलिक अधिकार आम जनता को प्रदान किए हैं जो अकक्षुण है वही संकल्प पत्र वर्ष 2004, 2009,14 19 अब 2024 के संकल्प पत्रों से भाजपा का बदलता चेहरा साफ नजर आता है। वर्तमान में गैस पाइप लाईन के गैस से प्रदान करने की बात की जा रही है सांसद संतोष पांडे के संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में पाइप लाईन बिछाने वाले गेल लिमिटेड ने किसानों के खड़ी फसल व सिंचाई के लिए बिछाए गए ड्रिप इरिगेशन को जिस प्रकार से तहस - नहस कर उन्हें आर्थिक मार दी है यहां तक की किसानों को मुआवजा भी प्रदान न कर सीधे उनको जहां फसल से वंचित किया वहीं दोहरा आर्थिक मार दी ऐसी स्थिति में भाजपा और संसद में थोड़ी भी नैतिकता है तो गेल लिमिटेड पर अपराध दर्ज कराकर किसानों को उनकी भूमि और उनकी संपत्ति के नुकसान का मुआवजा प्रदान करावे शौचालय की राशि का हेराफेरी भी लोकसभा क्षेत्र में जगजाहिर है। पीएम उज्जवला गैस योजना के नाम पर महिलाओं को मुक्त गैस देने का सब्जबाग दिखाकर रिफिलिंग के बोझ तले दबाने का काम भी बीजेपी ने किया है। उज्जवला गैस कनेक्शन की रिफिलिंग का प्रतिशत आंकड़ों के अनुसार उजागर हुआ है जो गरीब परिवारों के साथ जुमलेबाजी और अन्याय का साफ उदाहरण है।

उल्टा पुल्टा

एक आदमी की मौत के बाद उसका दोस्त उसकी पत्नी के पास आया। और बोला- क्या मैं उसकी जगह ले सकता हूं?
पत्नी- मुझे कोई ऐतराज नहीं है कब्रिस्तान वालों से पूछ लो।

संपादकीय

## पर्याप्त संख्या में लगें ईवी चार्जिंग स्टेशन

इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) यानी बैटरी से चलने वाले वाहनों की संख्या में तो निरंतर इज़ाफ़ा हो रहा है लेकिन इसकी सबसे बड़ी समस्या है पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशनों का न होना। इससे लोगों को लम्बी यात्राएं करने में दिक्कत होती है। प्रदेश में ईवी की सर्वाधिक संख्या राजधानी रायपुर में है। यहां जिन लोगों के पास ऐसे वाहन हैं वे घरों से उनकी चार्जिंग कर निकलते हैं पर जैसे-जैसे समय गुजरता जाता है और ज्यादा दूरी तय कर ली जाती है तो इन वाहन मालिकों को इस बात का भय रहता है कि कहीं बैटरी डिस्चार्ज न हो जाये। अब जिला प्रशासन तथा रायपुर नगरपालिका निगम ने एक ऐसी योजना पर काम करना शुरू कर दिया है जिसके अंतर्गत न्यूनतम दूरी में ऐसे वाहनों के चार्जिंग स्टेशन खुल जायें। इस समस्या का हल होने से लोगों का रूझान ईवी की ओर और बढ़ेगा।

मंगलवार को रायपुर कलेक्टर एवं नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्टेशन हेतु सम्भावित स्थानों को देखा और इस योजना को तीन माह के भीतर अंजाम देने का तय किया। उम्मीद है कि अब पर्याप्त संख्या में ऐसे स्टेशन खुल जायेंगे लोगों को नज़दीक ही चार्जिंग की सुविधा मिल सके। फिलहाल शहर में केवल 7 स्टेशन हैं। जाहिर है कि यह तादाद अपर्याप्त है। इसके कारण लोगों को चार्जिंग कराने में काफी समय लगता है। चार्जिंग स्टेशनों में व्यवस्था होगी कि 10 मिनट के भीतर ही दोपहिया चार्ज हो जाये। इससे चार्जिंग सुरक्षित तरीके से भी होगी। घरों में चार्जिंग के चलते कई हादसे हो चुके हैं। विश्रामपुर में एक युवती पिछले महीने स्कूटी रिचार्ज करने के दौरान हुए ब्लास्ट से झुलस गई थी जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। कुछ अरसा पहले रायपुर के टिकरापारा की राधाविहार कॉलोनी के एक मकान में स्कूटी रिचार्ज करते हुए धमाका हो गया था। इससे कई वाहन और सामग्रियां जल गई थीं। दो बुजुर्ग भी झुलसे थे।

केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से ईवी खरीदी में छूट व प्रोत्साहन मिल रहे हैं क्योंकि इनसे धुंवा व शोर नहीं होता। रजिस्ट्रेशन, टैक्स आदि सम्बन्धी छूटों के कारण लोग इन्हें खरीद रहे हैं। इससे प्रदूषण में कमी आयेगी तथा पेट्रोल व डीज़ल पर होने वाला खर्चा बचेगा। व्यवहारिक समस्या यही है कि इसके लिये रिचार्ज स्टेशन रायपुर में तो क्या कहीं भी पर्याप्त नहीं हैं। इसके चलते लोगों को इन वाहनों से लम्बी यात्राएं करनी मुश्किल होती है। कई बार तो ग्रामीण क्षेत्रों में रिचार्ज करने के लिये बिजली नहीं भी मिल पाती। रायपुर में जो शुरुआत की जा रही है वह प्रदेश के सभी शहरों व कस्बों में भी होनी चाहिये। शहरी इलाके हों या कस्बाई अथवा ग्रामीण, छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों में पर्याप्त संख्या में ऐसे स्टेशन खुलने चाहिये।

## मरार पटेल समाज का ज्योतिबा फूले जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन मनाया गया



**बलौदाबाजार,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मरार (पटेल) समाज सिरपुर महासमिति के तत्वाधान में 11 अप्रैल को बलौदाबाजार जिले के शिवनाथ और महानदी संगम में स्थित चंगोरीपुरीधाम (लवन) आश्रम में महान समाज सुधारक, शिक्षाविद्, विचार वत्सलय, समाज के संस्थापक क्रांति ज्योति महात्मा ज्योतिबा फुले की 194वीं जयंती मनाई गयी। इस अवसर पर मरार समाज सिरपुर महासमिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ शांकभरी माता एवं ज्योतिबा फुले की छायाचित्र पर चंदन गुलाल एवं पुष्पमाला पहनाकर की गई। इस अवसर पर सामाजिक नियमावली कार्याशाला का आयोजन किया गया जिसमें पटेल (मरार) समाज को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से प्रभावी बनाने के उद्धेश्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। समाज में व्यापत कुरीतियों, आडंबरों तथा नकारात्मक रीतियों को खत्म करने एवं किसी भी स्थिति में ऐसी बातो का प्रोत्साहन नहीं करने का संकल्प लिया गया ताकि समाज देश-दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वय शोभाराम पटेल अध्यक्ष सिरपुर महासमिति एव बी.आर. पटेल प्रदेशाध्यक्ष मरार महासंघ के द्वारा की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिरपुर महासमिति के महासचिव खेमराज पटेल, संचालक मनोज पटेल, सिरियाडी परिक्षेत्र अध्यक्ष चंदराम पटेल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पतिराम पटेल एवं सभी परिक्षेत्र से सामाजिक अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी चंद्रविकास पटेल बलौदाबाजार के द्वारा दी गई।



## 21 हजार दीप जलाकर दिया गया मतदान का संदेश

**कलेक्टर ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए दिलाई शपथ**

**बलौदाबाजार,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल. चौहान के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप अन्तर्गत बुधवार को नगर भवन बलौदाबाजार में स्वीप दीप का आयोजन किया गया। कलेक्टर के.एल. चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानन्द कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्वीप दीप का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में 21 हजार दीप जलाकर मतदान का संदेश दिया गया। दीपों के जगमग से बलौदाबाजार स्वीप लिखा आकृति रोशन होकर चमकने लगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चौहान ने शतप्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में कलेक्टर ने उपस्थित लोगों को आगामी निर्वाचन में लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखते हुए किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का शत प्रतिशत उपयोग करने की शपथ दिलाई। उन्होंने 7 मई को सभी मतदाओं को अवश्य मतदान करने की अपील भी की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, एसडीएम अमित गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर डूबे एसडीओपी निधि नाग सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, समूह की महिलायें एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

## अरंड में ज्योति जंवारा विसर्जन



**राजिम,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। रामनवमी के पावन पर्व पर ग्राम अरंड के लोगों द्वारा राम जन्म उत्सव के साथ ज्योति जंवारा विसर्जन छटवां तालाब में जहाँ शीतला माता मंदिर है विधिपूर्वक किया गया, समस्त अरंड वासियों के द्वारा गाँव के शीतला में और महामाया में चैत्र नवरात्रि में श्रद्धा पूर्वक ज्योति जंवारा उत्सव हुआ, नौ दिनों के सेवा करने पंडा के रुप में लोगों की नियुक्ति किया गया था, सभी ज्योति जंवारा को इकट्ठा करके एक साथ बाजा मांदर झांझ के साथ सेवा करते हुए विसर्जन के लिए तालाब ले जाया गया जहाँ विसर्जन किया गया, गाँव के समस्त माता भाई बहनों ने विसर्जन कार्यक्रम में सम्मिलित होके भाईचारा क़ायम करते हुए माता को बिदाई किया।

## मां महामाया मंदिर का जंवारा मौराहा तालाब में विसर्जित



**राजिम,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। बुधवार की सुबह 10ः00 बजे कमलक्षेत्र के आराध्य देवी आदिशक्ति मां महामाया मंदिर में का जवारा विसर्जन किया गया। बाजे गाजे के साथ जस सेवा गीत गाते हुए सेवक मंडली के साथ ही श्रद्धालु गण आगे बढ़ रहे थे। मुख्य ज्योति कलश को मंदिर के पुजारी बलदाऊ सिंह ठाकुर अपने सिर पर रखे हुए थे। माता जी की जयकारा हो रही थी और लोग बस देवी माता की भक्ति में ही खो गए थे मौराहा तालाब पहुंचने तक भक्ति भाव का अलग सदस्य देखने को मिला। बताना होगा कि 9 अप्रैल से ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए थे। 13 अप्रैल को पंचमी मनाया गया तथा 17 अप्रैल धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। लीलेश्वर यदु, फागु राम निषाद, आशीष साहू, रामकुमार साहू, साधु निषाद, राकेश गुप्ता, मयंक सोनी, महेश यादव, सुनील तिवारी, नारायण धीवर, पवन सोनी, वाल्मीकि धीवर, नारायण मिश्रा, बलदेव सिंह ठाकुर, मनीष शर्मा, पुरोहित विजय शर्मा इत्यादि बड़ी संख्या में लोग थे।

## लोस चुनाव को लेकर भाजपा युवा मोर्चा की बैठक



**महासमुंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थानीय भाजपा कार्यालय में युवा मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर मोर्चा के सभी सदस्यों से चर्चा किया गया। बैठक में विधानसभा संयोजक चन्द्रहास चन्द्राकर एवं विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा के द्वारा युवाओं का महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। युवा मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नंदु जलक्षत्री द्वारा बुथ स्तर पर युवाओं के करणीय कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में भाजपा शहर मंडल महामंत्री एम आर विश्वनाथन, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य कारणी सदस्य विकास चन्द्राकर, सहकारिता प्रकोष्ठ से देवेन्द्र चन्द्राकर, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ से हिमांशु चन्द्राकर, अजय चोपड़ा, अमित साहू, जतिन रूपरेला, आकाश पांडेय, रोशन बग्गा, सात्विक समेत युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्रिकेट में बम्हनी की टीम विजेता, कौवाझर उप विजेता



**महासमुंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग बतौर मुख्यातिथि ग्राम बम्हनी में आयोजित बम्हनी प्रिमियर लिंग 2024 के फाइनल मैच में शामिल हुई। फाइनल मैच बम्हनी और ग्राम कौवाझर टीम के बीच खेला गया। बम्हनी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीमकौवाझर को 86 रन लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विपक्षी कौवाझर की टीम 55 रन ही बना पाई और बम्हनी की टीम विजयी रही।

मुख्यातिथि की आसंदी से खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों खेल के अहम पहलू है। एक टीम को जहां जीत मिलती है तो वहीं दूसरी टीम को हार का सामना करना पड़ता है। हार से टीम और खिलाड़ियों को कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि हार से सीख लेकर खेल के दौरान हुई गलतियों को अगली बार के खेल में सुधार करना चाहिए ताकि अगली बार वे जीत सके। उन्होंने विजयी टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी। इससे पूर्व बम्हनी टीम के कप्तान भगवती सोनवानी, उपकप्तान पोखन सोनवानी ने उनका स्वागत किया। फाइनल मैच को देखने के लिए बम्हनी के अलावा आसपास के गांव के युवा और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मैच में प्रमुख रूप से कामता सोनी, लक्ष्मण रात्रे, गैंदराम, गोकुल, जितेन्द्र, बालाराम, जीवराखन, मोहन, लल्लू, राजू मौजूद रहे। श्रीमती महिलांग ने विजयी टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10001, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अश्विनी सचिन गायकवाड़ ने उपविजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5001 रुपए और तृतीय पुरस्कार 3001 लल्लू पाल ने दिया।

## पुत्री परिणय संस्कार के तहत तीन कन्याओं को श्री सीमेंट ने उपहार प्रदान किया



**बलौदाबाजार,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट खपराडीह द्वारा संयंत्र के आस-पास ग्रामों में निवासरत बी.पी.एल. परिवार की कन्याओं के लिए पुत्री परिणय संस्कारोत्सव के तहत् विगत् 6 वर्षो से विवाह होने वाली कन्याओं को 25 हजार रूपये तक का घरेलु सामान उपहार स्वरूप दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में 17 अप्रैल को पुत्री परिणय संस्कारोत्सव के तहत् तीन कन्याओं को घरेलु सामान दे कर विदा किया।

योजना के तहत् मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक अनिल कुमार पाठक ने ग्राम भरूवाडीह की दामिनी पिता शत्रुहन लाल साहू, ग्राम सेम्हराडीह की फुलेश्वरी पिता खिलावन साहु, और ग्राम खपराडीह की धनेश्वरी पिता मेहीलाल धृतलहरें को पुत्री परिणय संस्कारोत्सव के तहत् पंचायत के संरपचों व उनके माता-पिता की उपस्थिति में घरेलु सामान शुभकामनाओं सहित प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भरूवाडीह के सरपंच आनंद बंदे और सेम्हराडीह के सरपंच प्रतिनिधी चेतन वर्मा ने कहा कि श्री सीमेंट संयंत्र प्रबंधन द्वारा पुत्री परिणय संस्कारोत्सव के तहत् विशेष कर गरीब वर्ग के ग्रामीणों के लिए एक सराहणीय पहल है। इस कार्यक्रम में सी.एस.आर. विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक अशोक वर्मा व विरेन्द्र बघेल इस अवसर पर शामिल हुए।

## मोदी महंगाई और रोजगार की बात नहीं करते



**भाजपा का मकसद संविधान बदलकर आरक्षण कम करना है इसलिए 4 सौ का नारा लगा रही: राधिका**

**महासमुंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता व छग की मिडिया प्रभारी राधिका खेड़ा ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस संविधान निर्माता अंबेडकर जी की जयंती पर भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उसके बलबुते 4 सौ सीट पा जाने पर भाजपा इस देश का संविधान बदल देगी। इस देश का संविधान खतरे में आ जाएगा ये हम नही बल्कि प्रधानमंत्री के नगीने अनंतकुमार, ज्योति मिर्घा और राम भगवान की भूमिका अभिनित करने वाले अरूण गोविल का जो विडियों वायरल हुआ है उसमें इन लोगों ने साफ-साफ कहा है कि भाजपा को 4 सौ सीट मिलने पर संविधान बदला चाहते है। संविधान बदलने का मतलब सबसे पहले आरक्षण पर चोंट होगा। भाजपा शुरू से आरक्षण के खिलाफ है इसका सबसे बड़ा उदाहरण छग रहा है। जहां भूपेश सरकार ने आरक्षण विधेयक पास कर हस्ताक्षर के लिए राज्यपाल के पास राज भवन भेजा लेकिन दो-दो राज्यपाल बदल गए वह आरक्षण विधेयक पास नही हो सका। भाजपा आरक्षण का समर्थक रहती तो छग में भाजपा की सरकार बनने के बाद अभी तक आरक्षण बिल पर राज्यपाल का हस्ताक्षर हो गया होता। इस देश की जनता को समझना है कि भाजपा का आखिर मकसद क्या है। मोदी सरकार अपने दोस्तों को देश को बेच देगी। यह संविधान हमें सवाल पूछने का और विरोध प्रदर्शन का अधिकार देती है। जिसे ये संविधान बदलकर खत्म करना चाहते है ताकि यहां की जनता न तो शांतिपूर्वक विरोध कर सके और न ही कोई सवाल सरकार के फैसले पर पूछ सके। बाबा साहेब का संविधाान में शांतिप्रिय आंदोलन का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन बचाने की लड़ाई लड़ी जा रही है लेकिन भाजपा अपने दोस्तों के फायदे के लिए नेचर के साथ खिलवाड़ कर रही है। छग में भाजपा की सरकार बनने के बाद लाखों पेड़ काट दिए गए। प्रकृति से खिलवाड़ करने का खामियाजा आज उत्तराखंड भुगत रहा है। अपने दोस्तों को लाभ पहुंचने के लिए उत्तराखंड में विकास के नाम पर प्रकृति से खिलवाड़ किया गया जिसके कारण वहां प्राकृतिक आपदा काफी बढ़ गई है। भाजपा लगातार आदिवासियों के हित में काम करने की कहते हुए हितैशी होने का ढोंग रचने में कोई कसर नही छोड़ती लेकिन उन्होंने राष्ट्रपति को अपमानित करने का काम किया है। जब लोकसभा के नए भवन लोकार्पण की बात आई तो राष्ट्रपति को इसलिए निमंत्रण नही दिया गया कि उनके आने पर प्रधानमंत्री प्रोटोकाल में पीछे रह जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद जब राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ और रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की बारी आई तो उन्हें आमंत्रित नही किया गया। सिर्फ इसलिए कि राष्ट्रपति के आने पर प्रधानमंत्री जी गौंण हो जाते। प्रोटोकाल कहता है कि जब राष्ट्रपति जी खड़े हो तो उस समय वहां मौजूद सभी लोगों को खड़े होना चाहिए। लेकिन जब आडवानी जी को भारत रत्न दिया गया तो उस मौके पर राष्ट्रपति जी खड़ी रही और प्रधानमंत्री जी बैठे रहे। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा की संकल्प पत्र में महंगाई का कोई जिक्र नही है आज 35 रुपए किलो वाला राहत दाल ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## ज्योत जंवारा का विसर्जन कर भक्तों ने नम आंखों से दी माता को विदाई



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्र में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन नवमी पर ग्रामीण क्षेत्रों में सहित अंचलभर के जोत-जवारा का विसर्जन किया गया। नौ दिन तक तक माता की सेवा में लगे भक्तों ने धूमधाम से पारंपरिक तरीके के साथ नम आंखों से माता को विदाई दी। क्षेत्र में सकरी, कंजी, भरसेला, छेरकापुर, कोनारी, अमेरा, बिनौरी, रसौटा, कोसमंदी, केशला में नम आंखों दी विदाई। जस सेवा गीत गाते सेवा मंडली के साथ भक्त बाना लिए जवारा की शोभा यात्रा निकालकर ग्राम में भ्रमण करते हुए जवारा को बस्ती स्थित तालाब में विसर्जन किया गया। इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। इसके साथ ही साथ बाना लिये थिरकते कदम से भक्त चल रहे थे। जसगीत और मांदर की थाप के साथ जहां कुछ महिलाएं देवी चढ़ने पर झूपते हुए चल रहे थे, वहीं शोभायात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति गीत पर नाचते-गाते विसर्जन के लिए पहुंचे। वहीं नवरात्रि उपवास रहने वाले भक्तों ने महाष्टमी से विसर्जन तक अपने-अपने घरों में नौ कन्या भोज कराकर माता से आशीर्वाद मांगा। इसके अलावा देवी मंदिरों शीतला माता मंदिर, मावली माता, महामाया, दुर्गा मंदिर के भी जोत-जवारा विसर्जन किया गया। रामनवमी के अवसर पर घरों के साथ श्रीराम जानकी मंदिर में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम भगवान की आरती गाकर पुजा अर्चना किया गया।

## मतदाताओं को जागरूक करने अनोखी पहल



**नवापारा-राजिम,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री साईं नगर वेलफेयर सोसायटी अभनपुर स्त्रस्त्रमें आने वाले लोकसभा चुनाव में आमजनों को शतप्रशिसत मतदान करने ,चुनाव का पर्व देश का गर्व नारे के साथ ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसम्मे कालोनी के सैकडो मतदाताओं ने सपरिवार भाग लिया एवं मतदान गरबा के गाने के साथ नृत्य करते हुए जागरूक मतदाता के रूप में आगामी 7 मई को शतप्रतिशत मतदान करने की अपील किए साथ ही जागरूक मतदाता के रूप में सपथ लिए इस अवसर पर कालोनी के समस्त रहवाशियों की उपस्थिति रही ।

# रामनवमी में श्रद्धा से सराबोर रहा शहर, उमड़ी भक्तों की भीड़

**गरियाबंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को रामनवमी पर पूरा शहर श्रद्धा से सराबोर रहा। सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। ज्वारा विसर्जन के साथ ही जगह-जगह हवन-पूजन, कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में देवी भक्त प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। भक्तों ने देवी के जयकारे लगाकर मातारानी की स्तुति की। देर शाम तक यही क्रम चलता रहा। इस अवसर पर नगर के सभी मंदिरों में भीड़ नजर आई। पूरा नगर भक्तिमय नजर आया।



इधर, रामनवमी के पावन पर्व पर शहर सहित पूरे जिले के छोटे-बड़े नगर के मंदिरों में श्रीराम नवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय गरियाबंद के प्राचीन दुर्गा मंदिर में युवा मित्र मंडली समिति के द्वारा महाआरती सहित भंडारा प्रसादी वितरित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब एक हजार से अधिक भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

आयोजन समिति के अध्यक्ष अतुल गुप्ता एवं ऋषि मोहरे ने बताया कि विगत 4 वर्षों से उनके मित्र मंडली द्वारा शिव मंदिर में भंडारे प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं को हलवा, पूरी चावल एवं सब्जी का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सत्य प्रकाश मानिकपुरी सोहन देवांगन विजय साहू सत्रुघन साहू युवा मित्र मंडली के अध्यक्ष अतुल गुप्ता, ऋषि मोहरे, सुब्रत पात्र सुमीत पारख, जितेंद्र सेन, आशीष तिवारी, ललित साहू, पीतेश्वर देवांगन भारत दीवान, संजय कश्यप, बाबू भोंसले, सिनु ठाकुर, वैभव ठक्कर, रुपेश खापड़े अवनीश तिवारी, डागेंद्र चौहान, प्रशांत राठौर, आशीष देवंशी, सुनील सिंगोर, क्षितिज गुप्ता,अनुराग केला सूरज सिन्हा, रवी रोहरा, नरेंद्र पांडे, अनूप गुप्ता, प्रकाश सिन्हा, निरंजन प्रधान, नमन सेन, शालू मोहरे, वर्षा तिवारी, साधना सेन मनीषा गुप्ता, अनीता शांडिल्य सुखबती नेताम मालती नागेश केशरी नेताम दिनेश्वर निर्मकलर बँटी गुप्ता विभा कश्यप सहित अन्य लोगों ने सहभागिता कर अपना योगदान दिया।

## दीप प्रज्वलित कर शत-प्रतिशत मतदान करने का दिया गया संदेश



**गरियाबंद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। राम नवमी के अवसर पर जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शहर से लेक गांव गांव तक चौक चौराहों में दीप प्रज्वलित कर मतदान करने का संकल्प दिलाया। जिसमें हजारों की संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, महिला समूह सहित आमजनों ने बढ़चढ़कर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस दौरान महिलाओं ने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित कर एक-दूसरे को मतदाता संकल्प बेंड भी पहनाई एवं मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला मुख्यालय गरियाबंद में भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा आम जनों के उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित किया और मतदान की शपथ दिलाई।। लोकसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार शहर से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस दौरान आज ग्राम धवलपुर में बारात जाते समय दूल्हे को मतदान करने के लिए संकल्प बैंड पहनाया गया। f

# लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने जिले के युवा मतदाता हो रहे उत्साहित

**धमतरी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र धमतरी, कुरूद और कांकेर लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र सिहावा के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिले के महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित युवा मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार मतदान करने जा रहे धमतरी निवासी लोकेश कुमार नेताम ने कहा कि मैने हाल ही में अपनी बारहवीं कक्षा की पढ़ाई पूरी की है और अग्निवीर सेना की भर्ती के लिए तैयारी कर रहा हूं। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर मुझे लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने का अवसर मिल रहा है। मतदान के दिन मैं स्वयं वोट डालने जाउंगा और आसपास के दोस्त, पड़ोसी और परिवार के लोगों को भी मतदान के लिए लेकर जाउंगा। वहीं ग्राम मुजगहन की चेष्टा ध्रुव बतातीं हैं कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में आगामी 26 अप्रैल को मैं पहली बार मतदान करूंगी। मुझे काफी खुशी महसूस हो रही है कि देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाउंगी। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके अपनी सहेलियों और सहपाठियों सहित आसपास के लोगों को भी अपने बहुमूल्य वोट का उपयोग करने की बात कही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रहीं हैं। इसका प्रभाव जिले के शत-प्रतिशत मतदाताओं में दिखाई देने लगा है। मतदाताओं को जागरूक करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मनरेगा और अन्य मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र, रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलिंटियर्स, दिव्यांग स्कूलों के विद्यार्थी, महाविद्यालयीन विद्यार्थी सहित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों के जरिए स्वीप सायकल रैली, रंगोली, कलश यात्रा, दिवार लेखन, मेहंदी सजावट, नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, शपथ, विभिन्न पर्वों में मिलन के दौरान मतदान की शपथ इत्यादि कार्यक्रम किये जा रहे हैं।





**लोकेश कुमार नेताम और चेष्टा ध्रुव नेताम ने कहा मतदान कर देश के प्रति जिम्मेदारी को निभाउंगा**

# निर्वाचन कार्य में लगा वाहन नाला में गिरा, निर्वाचन दल सुरक्षित



**बिलाईगढ़,** 16 अप्रैल(देशबंधु)। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में कार्यरत निर्वाचन दल का वाहन मंगलवार की शाम को पुटका नाला में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निर्वाचन कार्यालय में अधिग्रहित था। वाहन दुर्घटना होने की सूचना मिलने पर जिला प्रशासन के अधिकारी स्थल पर पहुंचे। गाड़ी में सवार किसी को चोट नहीं आया। सभी स्वस्थ हैं। दल अपनी ड्यूटी के दौरान दानसरा बैरियर चेक करने के लिए सारंगढ़ से जा रहा थे, जो अशोका पब्लिक स्कूल के पास नाला के उस पार सामने से आ रहे हैं ट्रक को देखते हुए रोकने की कोशिश की गई लेकिन गाड़ी अनियंत्रित होकर नाला में गिर गया। माइनिंग विभाग के श्री नंद के द्वारा गिरे हुए गाड़ी को उठाने के लिए जेसीबी की व्यवस्था किया गया। दुर्घटनाग्रस्त कार का नंबर सीजी 12 बी एल 5661 है। वाहन चालक का नाम विशाल निराला है। निर्वाचन दल में एफएसटी टीम के अशोक दासन, वीएसटी टीम से मनधर प्रसाद सिदार एवं अनुबंधित कैमरामैन इस वाहन में सवार थे।

# आरंग में छत्तीसगढ़ी परिधान में स्वीप रैंप वॉक कर दिया जागरूकता का संदेश

**मतदान दीप, रंगोली, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला से दिया जागरूकता का संदेश**



**आरंग,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मतदान जागरूकता गतिविधियों में आरंग विकासखंड सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है, इसी कड़ी में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे के निर्देशन में संगम क्लस्टर आरंग की लगभग 300 महिलाओं ने जागरूकता की दिशा में ठोस पहल करते हुए जहां मानव श्रृंखला, मतदान मेहंदी, रंगोली, सैकड़ो मतदान दीप एवं नुक्कड़ नाटक के द्वारा मतदाताओं को जागरूक किया वहीं छत्तीसगढ़ी परिधान में रैंप वॉक कर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर महिलाओं का उत्साह प्रशंसनीय रहा एवं निर्वाचन की लोकतांत्रिक शपथ लेते हुए कहा की सवाल सजने या सवरने का नहीं है अपितु लोकतंत्र के सम्मान का है। महिलाओ ने छत्तीसगढ़ी जागरूकता नारा च्चुनबे समझबे अउ करबे विचार सही नेता चुन के बनाबे सरकारज्ज लगाकर अभी को प्रेरित किया।इस आयोजन में ग्रामीण मतदाताओं के साथ-साथ, ग्राम सचिव, क्लस्टर पदाधिकारी गण एवं स्वीप जागरूकता टीम आरंग, एनआरएलएम जनपद आरंग टीम की सहभागिता रही।

# देश की समृद्धि व विकास के लिए पुनः मोदी सरकार बनाने भाजपा कार्यकर्ता अडिग : रंजना साहू



**धमतरी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू गांव व शहरी क्षेत्रों में जाकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे हैं, उसके साथ-साथ ग्रामीण अंचल में साप्ताहिक बाजार में जाकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से पुनः भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार बनाने एवं भाजपा प्रत्याशी श्रीमती रूप कुमारी चौधरी जी को भारी मतों से विजई बनाने के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक ले रही है एवं नुक्कड़ सभा के माध्यम से पाम्प्लेट वितरण कर प्रचार प्रसार कर रही है। इस दरमियान श्रीमती रंजना साहू ने बलियारा, बोड़रा, डोड़की, शंकरदाह, सांकरा, भोथली, कंडेल, नवागांव, परेवाडीह लिमतरा सेहराडबरी, अंगारा, डाही, सेनचुवा, देमार,बिरेतरा, बारना, देवरी, झुरानवागांव धमतरी शहर अंतर्गत विंध्यवासिनी वार्ड, मराठा पारा बांसपारा वार्ड, रामपुर वार्ड, दानीटोला वार्ड सहित विभिन्न बूथों पर जाकर भाजपा प्रत्याशी को जीताने के लिए प्रचार प्रसार कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा है कि केंद्र सरकार की योजनाओं से सभी को लाभ मिला है देश की समृद्धि और चहुंमुखी विकास के लिए पुनः मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता कृतसंकल्पित एवं अडिग है। बैठक में मंडल पदाधिकारी, शक्ति केंद्र पदाधिकारी, संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक, बीएलओ सहित भाजपा वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज नामांकन रैली में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जांजगीर जाएंगे

**लवन,** 17 अप्रैल। जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर शिवकुमार डहरिया का नामांकन रैली व आमसभा का आयोजन 18 अप्रैल को पुराना कचहरी चौक जांजगीर चांपा में होगा जहां क्षेत्र के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जांजगीर जाएंगे ।नामांकन रैली व आम सभा में शामिल होने के लिए जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के कसडोल बिलाईगढ़ पामगढ़ अकलतरा जैजैपुर जांजगीर चांपा शक्ति व चंद्रपुर विधानसभा से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने बताया कि डॉक्टर डहरिया का आम सभा में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता तैयार है विभिन्न वाहनों से दोपहर 12 बजे जांजगीर चांपा पहुंचेंगे।

# मोदी के दिग्विजय रथ को रोकने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कसी कमर

**कोमाखान में आयोजित हुई बूथ व सेक्टर प्रभारियों की बैठक**

**बागबाहरा,** 17 अप्रैल (देशबंधु)। इन दिनों छत्तीसगढ़ समेत समूचे देश में लोकसभा चुनाव का माहौल चल रहा है। जिसके चलते राष्ट्रीय सहित क्षेत्रीय पार्टियों ने भी विभिन्न संसदीय सीटों से अपने-अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान पर उतारे हैं। जहां एक ओर क्षेत्रीय पार्टियों ने एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। वहीं राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक दल भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ की सर्वाधिक चर्चित लोकसभा सीट महासमुंद क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को प्रत्याशी बनाया गया है।



इस चुनाव में महासमुंद लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी श्री साहू को विजय श्री दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव कमर कसे हुए नजर आ रहे हैं। और आज उन्होंने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रसिद्ध ग्राम पंचायत कोमाखान में सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों की बैठक कोमाखान स्थित चुनाव कार्यालय में ली गई। जिसमें संपन्न हो रहे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी को विजय श्री दिलाने के लिए रणनीति तैयार की गई। वहीं उपस्थित बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों ने श्री यादव को विश्वास दिलाया कि कोमाखान क्षेत्र में पूर्व की भांति ही मोदी के दिग्विजय रथ को खल्लारी क्षेत्र की जनता रोक देगी। और कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को पंजा छाप में वोट देकर सर्वाधिक मतों से जिताएंगे। इस बैठक में प्रमुख रूप से कॉंग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष मनोहर ठाकुर, संतोष पटेल, प्रदीप यादव, शिवचरण कुर्रे, तूफान दीवान, वाजिद खान, देव सिंह रात्रे, कल्लू राम साहू, अंजोर सिंह ठाकुर, सफी मोहम्मद, ओमकार ठाकुर, राजकुमार ध्रुव, तुलाराम ठाकुर, खेमराज ध्रुव, लालाराम मांझी, विद्याधर मांझी, शशांक श्रीवास, नरेंद्र जैन, उमेश यादव, पवन चंद्राकर, कुमार ढीढी, विनोद चंद्राकर, रमेश साहू, पोखन महानंद, संतोष यादव, रामलाल नायक, समीर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण तथा कोमाखान क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे हुए सेक्टर एवं बूथ प्रभारी गण उपस्थित थे।

# मंदिरहसौद में निर्मित महिला तर्पण घाट का लोकार्पण

**आरंग,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक नगर पालिका मंदिर हसौद द्वारा निर्मित महिला तर्पण घाट का लोकार्पण किया गया, बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2017 में तर्पण घाट का निर्माण किया गया था तथा दूसरा तर्पण घाट का निर्माण बाल सामान्य बाल समाज मंडल द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाल समाज मानस मंडली के संचालक राधेश्याम पटेल, अध्यक्ष धनेश पटेल, सचिव, रामकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजकुमार पटेल, डोमसिंग साहू, मनोहर पटेल, विरेंद्र सिन्हा साथ ही अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से आचार्य ओमकार पांडे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, पूर्व सरपंच गोवर्धन सिन्हा, पूर्व सरपंच धनमत गायकवाड, पूर्व सरपंच नोहर यादव, मनीराम पटेल, विष्णु सेन, नंदकुमार पटेल,गोकुल यादव, नीरू दास मानिकपुरी ,अजय सिन्हा, आदित्य सिन्हा, खोरबहारा सिन्हा, द्वारिका साहू उपस्थित रहे। इस दौरान ओमप्रकाश यादव एवं मनीराम पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में बाल समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि बाल समाज मानस मंडली मंदिर हसौद पूरे क्षेत्र के लिए आदर्श समिति है जो निरंतर 48 साल से भगवान राम जी के रामायण कार्यक्रम करते आ रहे है और मिलने वाले अंशदान से नगर में लगभग 08 लाख रुपए की लागत से दो तर्पण घाट का निर्माण कार्य कर नगर के विकास कार्यों में अपना उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसके लिए पूरा नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक का हृदय से आभार व्यक्त करता है।



## निधन

### चमन लाल शर्मा



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व इंटक यूनियन के पूर्व उपाध्यक्ष चमन लाल शर्मा का निधन 6 अप्रैल को हो गया। वे पिछले कुछ वर्षो से अस्वस्थ थे। खुर्सीपार मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे मनोज शर्मा, संजीव शर्मा के पिता थे।

### शंकर लाल चंद्राकर



**भिलाईनगर,** 17 अप्रैल। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के पिता दाऊ शंकर लाल चंद्राकर का निधन हो गया है। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। चंदूलाल चन्द्राकर मेमोरियल हॉस्पिटल भिलाई में आज बुधवार की सुबह 4 बजे अंतिम सांस ली। वे 94 वर्ष के थे। परिवार में उनके 3 बेटे और 3 बेटी के अलावा नाती-पोतों से भरा पूरा परिवार है। उनका पार्थिव शरीर लोगों के अंतिम दर्शन के लिए उनके गृह ग्राम औरी, दुर्ग से बेलहारी रोड पर जामगांव आर से 2 किमी पर में रखा जाएगा। 17 अप्रैल को उनका अंतिम संस्कार आज 3 बजे उनके गृह ग्राम औरी में किया गया।

### चुरावन देवांगन



**खरोरा,** 17 अप्रैल। ग्राम केसला निवासी चुरावन लाल देवांगन उम्र 70 वर्ष का 16 अप्रैल को दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वे हेमलाल (राजू) देवांगन, पुरुषोत्तम (पप्पू) देवांगन, कृष्ण कुमार (बल्ला) देवांगन के पिता थे। जिनका अन्तिम संस्कार ग्राम केशला के मुक्ति धाम में किया गया जहां पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी तथा आस पास से आए हुए लोगों ने उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की।



**पिथौरा।** रामनवमी के उपलक्ष में बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे, राम दर्शन पब्लिक स्कूल के छात्र रुद्र प्रताप तिवारी राम स्वरूप में सज कर कार्यक्रम में शामिल रहे ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मोदी महंगाई और रोजगार...

250 में बिक रहा है। पिछले घोषणा पत्र में 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने की बात कही थी और वायदे के मुताबिक 20 करोड़ रोजगार बकाया है मोदी जी इस पर चर्चा नही करते। आज अधिकांश पद रिक्त पड़े हुए है। महासमुंद लोकसभा का चर्चा करते हुए कहा कि जब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे तो उन्होंने महासमुंद नगरपालिका को नगर निगम करने की घोषणा की थी। मात्र आदेश निकालकर हस्ताक्षर करना है और यह निगम बन जाएगा। निगम बनने से विकास को गति मिलेगी लेकिन भाजपा नही चाहती कि किसी तरह का विकास हो। मोदी की गारंटी मात्र चायनिज गारंटी है जो कुछ समय में टाय-टाय फिस हो जाती है। विधानसभा चुनाव में महिला वंदन योजना गारंटी का इंजतार आज भी 70 फीसदी महिलांए छग में कर रही है। 5 सौ रुपए सिलेंडर का इंजतार भी हो रहा है। इसी तरह रेल्वे में बड़ा खेल किया जा रहा है। अडानी की कोयले से भरी ट्रेन दौड़ रही है और पब्लिक ट्रेन या तो स्टेशन के बाहर खड़ी कर दी जाती है या फिर मार्ग के नाम पर बहानेबाजी का केंसिल की जा रही है। प्रेसवार्ता के दौरान सुबोध हरितवाल, नीतिन भंसाली, विकास तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, नपाध्यक्ष राशि महिलांग, शहर मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल आदि मौजूद थे।

# राम के राज्याभिषेक के साथ रामकथा पर विराम

**पिथौरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। सत्य , प्रेम और धर्म को हमेशा से ही परीक्षाओं की दौर से गुजरना पड़ा परीक्षाएं सदा धर्म सम्मत लोगों का परीक्षण करती हैं । रावण या उसके जैसे किसी अन्य राक्षस को कभी कोई परीक्षा नही देनी पड़ी। उपरोक्त बातें अयोध्या से पधारी कथावाचिका साध्वी राधिका किशोरी ने पिथौरा के लहरौद के अंजली विहार कर्मचारी कॉलोनी में आयोजित श्रीराम कथा के समापन अवसर पर कही।



उन्होंने कहा कि रामचरित मानस में तीन वाटिकाओं का वर्णन है जिनमें जनकपुरी की पुष्प वाटिका , रावण की अशोक वाटिका और महाराज बाली की मधुवन वाटिका का चित्रण किया गया। इसी तरह मानस में अयोध्यापुरी, लंका और मिथिला तीन नगरों का उल्लेख है। किंतु तुलसी ने मिथिला नगरी का गुणगान किया क्योंकि अयोध्या में सभी राम को स्नेह करने वाले थे लेकिन एक मंथरा भी थी जो इससे अलहदा थी इसी प्रकार लंकापुरी का जन जन रावण की आज्ञा का पालन करने वाला था । किंतु वहां एक विभीषण थे जो रावण की राज्य शक्ति से पृथक थे किंतु मिथिला नगरी की खासियत यह थी कि वह माता सीता रूपी भक्ति की नगरी थी जहां सारे नगर वासियों को राम से स्नेह था ।

उन्होंने विविध कथा प्रसंगों से बोलते हुये कहा कि शरीर की दसों इंद्रियों को नियंत्रित करने वाला दशरथ हो गया और दसों मुखों से विलास करने वाला दशानन हो गया । उन्होंने माता कौशल्या को ज्ञान, माता कैकई को कर्म और सुमित्रा को उपासना का प्रतीक बताते हुये कहा कि ज्ञान कर्म उपासना का मिलन हो जाये तो वह परिवार श्रेष्ठ संस्कारों का संवाहक बन जाता है। शिक्षा उच्च कोटि की हो ताकि संस्कृति और सभ्यता का श्रेष्ठ स्वरूप समाज अंगीकृत कर सके। संस्कार बताता है व्यक्ति की शिक्षा कैसी है शिक्षा का दूसरा रूप ही संस्कार है । समाज मे कितना बड़ा भी पद और प्रतिष्ठा मिल जाये लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति सहेज कर रखना चाहिये जिनसे सुख , दुख बांटा जा सके ।अंतिम दिवस में सुंदर कांड तथा रामराज्याभिषेक की कथा कहते हुये कहा कि करुणा निधान भगवान राम के नाम मे रमने से सहस्त्र विष्णु नाम का पुण्य लाभ प्राप्त होता है। साध्वी जी के कथा प्रवचन में उनकी संगीत मंडली का भी अहम योगदान रहा। संगीतकारों में वीरेंद्र तिवारी ने पेड , मुकेश मिश्रा ने तबला , जयसिंग यादव ने हारमोनियम , अरविंद दुबे ने बैंजों में संगत दिया। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित कथा प्रवचन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी । प्रतिदिन आयोजन समिति द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया । समापन अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष बोधीराम चौधरी व संरक्षक पुनीत सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

# निर्वाचन दायित्व से जुड़े कुल 2375 अधिकारी कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान



**धमतरी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में निर्वाचन दायित्व से जुड़े मतदान दलों, सेक्टर ऑफिसर, एफएसटी, एसएसटी, वीएसटी और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा अन्य जिले में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए डाक मतपत्र के जरिए मतदान की सुविधा प्रदाय की गई है। इसके तहत अब तक कुल 2375 अधिकारी- कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गौरतलब है कि आज सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्थित सुविधा केन्द्र में कुल 912 अधिकारी, कर्मचारियों ने मतदान किया। इनमें सिहावा विधानसभा के 132 अधिकारी, कर्मचारियों ने वोट डाला, वहीं कुरूद विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों के 411 और धमतरी विधानसभा के 369 अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। बता दें कि 15 अप्रैल को 1463 और आज 912 इस तरह अब तक कुल 2375 अधिकारी, कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया।

# भाटापारा रामलीला नन्हे कलाकारों द्वारा हनुमान चालीसा का सौवां पाठ, बच्चों के धर्मकार्य को लोगों ने सराहा

**भाटापारा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भाटापारा की ऐतिहासिक 105 वर्ष प्राचीन आदर्श रामलीला नाटक मंडली स्थापित सन 1920 के नन्हे कलाकारों के द्वारा अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ते हुए ऐतिहासिक रूप से आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति का निर्माण कर प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का 11 पाठ बच्चो के द्वारा किया जा रहा था जिसका आरंभ 6 मई 2023 से हुआ था, समिति ने 16 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को 100 वां पाठ पूर्ण किया। जिसके उपलक्ष्य में रामलीला कार्यालय में पंचमुखी सुंदरकांड पाठ समिति के द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। 100 वां हनुमान चालीसा पाठ एवँ सुंदरकांड पाठ में भाटापारा नगर के युवा, वरिष्ठ एवँ सभी वर्ग के लोग उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने एवं वरिष्ठ जनो की तरफ से देवेंद्र बाबू भृगु ने नन्हे बच्चो को देखकर आश्चर्य माना कि जिनको अपने स्कूल की हिंदी किताबो को पढ़ने में असुविधा होती है वे 8 - 9 वर्ष के उम्र के बच्चे रामलीला के कार्यालय



में हनुमान चालीसा का फर्राटे से पाठ कर रहे है वही इतना लंबा समय तय कर हनुमान चालीसा का 100 पाठ तक छोटे बच्चे जो भाटापारा के इस ऐतिहासिक रामलीला के कलाकार भी है उन्होंने सम्पन्न किया। सभी बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नित्य इसी तरह भगवान के कार्य मे लगे रहने की प्रेरणा दी। वही उपस्थित सभी लोगो से इन नन्हे बच्चो से प्रेरणा लेकर अपने आसपास एवँ परिवारजनों के बच्चो में जागरूकता फैलाते हुये अपने समाज, धर्म, संस्कृति से जुड़कर अपने रामायण, मानस, पुराण में मर्यादा को सुशोभित करने वाले चरित्रों को सार्थक करने एवं परिचित होने व करने की बात कही। वही उपस्थित जनों ने आदर्श रामलीला हनुमान चालीसा पाठ समिति के नन्हे व बड़े सदस्य श्याम मल, लव शर्मा, काव्यांश शर्मा, जय मल, निलेश मल, अभी अग्रवाल, अक्षत जोशी, आदित्य जोशी, धर्मपाल सोनी, आदित्य सोनी, नमन मल, कार्तिकेय पांडे, वैभव तिवारी, प्रहस्त सिंह सेंगर, लक्ष्य चौरसिया, आयुष तिवारी, शौर्य मिश्रा, सुयश शर्मा, मुकुल शर्मा, अभिनव मिश्रा, राघव नथानी, सुयश नथानी, केशव लाहोटी, सागर जयसवाल, हर्ष गुप्ता, अग्रंश शर्मा, अद्यांश मिश्रा (मंगल) सभी को शुभकामनाएं एवँ बधाई देते हुए उनके कार्यो को सराहा। कार्यक्रम में आदर्श रामलीला समिति के बाबू शुक्ला, हेमंत मल, बजरंग चौरसिया, शिव गुप्ता, पूर्णेन्दु त्रिवेदी, प्रकाश शर्मा, देवनारायण शर्मा, रामजी जोशी, मोनू मल, कोमल शर्मा भी उपस्थित रहे।

अंत मे रामलीला के सचिव कोमल शर्मा द्वारा बताया गया कि पढ़ने वाले बच्चो में अपने पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष परीक्षा परिणामो में कुछ प्रतिभाशाली कलाकार छात्रों को नगद पुरुस्कार राशि से पुरुस्कृत एवं सम्मानित किसी गुप्त रामभक्त के द्वारा किया जाएगा।

# उत्कृष्ट कला प्रदर्शन के लिए अंचल के कका-भतीजा नाचा पार्टी के कलाकारों को मिला सम्मान



**बागबाहरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। बागबाहरा अंचल के सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत पार्टी कका-भतीजा सराईपाली (पतेरापाली) के मंजे हुए कलाकारों को बालोद जिले के मंच में अतिथियों ने उन लोगों का सम्मान कर उनका गौरव बढ़ाया है। जिससे कारण वे लोग काफी गदगद एवं खुश हैं। वहीं इनके सम्मान से क्षेत्र के लोग भी जमकर खुशियां मना रहे हैं। तथा क्षेत्र के कलाकार भाई एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं देने में लगे हुए हैं। नाचा गम्मत पार्टी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने देशबंधु के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी को एक विशेष भेंट में बताया कि बालोद जिले के ग्राम झलमला स्थित पावन धाम गंगा मइया में चैत्र नवरात्रि उत्सव 2024 के उपलक्ष्य में भव्य नाचा गम्मत उत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के रंजीत चक्रधारी कृत कका भतीजा नाचा गम्मत पार्टी सराईपाली कोमाखान को छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित सर्वाधिक लोकप्रिय विधा नाचा एवं गम्मत के प्रसंग - करम के फल में संदेश पूर्ण प्रस्तुति में संस्कृति के शाश्वत मूल्यों एवं आदर्शों एवं लोक कल्याणकारी भावनाओं को प्रदर्शित कर जनमानस को जागृत करने एवं सद्भावना हेतु प्रेरित करने का सफल प्रयास करने एवं नाचा गम्मत के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए यह सम्मान उन्हें अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया है। मंच में यह सम्मान मिलने पर नाचा गम्मत के पुरोधा पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर एवं सुप्रसिद्ध नाचा गम्मत मंगल सिंह डाकु के संस्थापक माखन लाल साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। यह नाचा पार्टी के मंजे हुए कलाकार इसके पूर्व भी कईयों बार मंच में सम्मानित एवं पुरस्कृत हो चुके हैं। इस नाचा पार्टी के कलाकार अंचल में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुके हैं। जिसके कारण उन लोगों को सम्मान होने का मौका लगातार मिल रहा है। अपना सम्मान पाकर इस नाचा पार्टी ने क्षेत्र को भी गौरवान्वित किया है।

# देवसुंदरा में जंवारा विसर्जन का मनमोहक झांकियां देखने उमड़े श्रद्धालु



**पलारी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी के ग्राम देवसुंद्रा में चैत्र नवरात्र पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवदिन तक गांव में जसगीत माता सेवा समिति द्वारा जसगान किया गया। इस बार यहां राम साहू बोधन साहू फागू राम साहू बरातु देवांगन के यहां ज्योत जंवारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महामाया मंदिर में 143 श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत जलवाए। नवदिन तक भक्तों ने व्रत उपवास आराधना के साथ आदि शक्ति मां दुर्गा की पूजा अर्चना किए और जंवारा विसर्जन के समय भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी जंवारा विसर्जन झांकी बहुत ही मनमोहक रहा। निरंतर 34वर्षो से हो रहे श्री राम चरित मानस महायज्ञ का भी हवन पूजन के साथ समापन हुआ श्री राम नवमी के पावन पर्व पर यज्ञ समिति द्वारा प्रभु श्री राम चन्द्र जी की झांकी बस्ती भ्रमण के उत्साह पूर्वक निकाली गई। इस सभी कार्यक्रमों में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा। छोटे छोटे बच्चों द्वारा नव दिन तक प्रभातफेरी में रामधुनि के साथ हरि कीर्तन किए।

# जंवारा विसर्जन में उमड़ी भीड़

**पलारी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। समूचे अँचल मे मँगलवार को दुर्गा महाष्टमी पर हवन पूजन के पश्चात अनेको देवालयो के ज्योत जवारा विसर्जन कर दिया गया था जगह जगह प्रसादी और भँडारा का आयोजन किया गया साथ ही कन्या भोज कराया गया इस दौरान कन्याओं को माता रानी का स्वरूप मानकर उनका पैर धोए, पूजा अर्चना की हलवा, पुड़ी, खीर भोजन परोसा और सोलह श्रृँगार सामग्री भी भेट की।

वही बुधवार को नौ दिनो तक सेवा करने के बाद माता के भक्तो ने ज्योत जवारा का विसर्जन किया पलारी मे माहमाया मँदिर और शितला मँदिर सहीत मनोवांछित घरो के ज्योत जवारा का चमरी तालाब मे विसर्जन किया गया इस आस्था मे हजारो की भीड़ मे नगरवासी उमड़ पड़े सेवा गीत और माँदर की धुन पर युवती और महिलाए झुमती रही, ज्योत जवारा वार्ड नं 11 व 12 से होते हुए बस स्टेट, सरस्वती चौक, शितला चौक, गाँधी चौक, ठाकुर देव चौक,



माहमाया चौक से होते हुए बाजार के पास चमरी तालाब में विसर्जित किया गया जहा तपा देने वाली गर्मी में लोग व्याकुल हो जाता है तो वही महिलाओ का माता के प्रति आस्था और अटूट विश्वास देखने लायक था वे नँगे पैर 3 से 4 घँटा सिर पर ज्योत जवारा रखे हुए थे।

वही भीषण गर्मी को देखते हुए जगह जगह शितल पेय, लस्सी और छाँछ के स्टाल लगे हुए थे नगर पँचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने हर साल की तरह स्टाल लगाकर माता के भक्तो को लस्सी और शितल पेय का वितरण किया उन्होंने जवारा विसर्जन और रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र मे सुख समृद्धि की कामना की।

पूर्व नगर पँचायत अध्यक्ष गोपी साहू भी माता रानी के भक्तो के लिए हर साल की तरह स्टाल लगाकर छाँछ और शितल पेय वितरण किया उन्होंने माता रानी से नगर में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उसी तरह से देवाँगन समाज के युवाओं ने भक्तो को रूआबजा शरबत पिलाकर गला तर किया। नगर मेहनती युवा मुरीत वर्मा ने अपने रिक्शे मे मटके से नीबू का सादा पानी और मिठा पानी का वितरण अँत तक किया। इस अवसर पर हितेंद्र ठाकुर, झड़ीराम कनौजे, सुनील कुर्रे, मनीष चन्द्राकर, भूषण ठेठवार, बनर्जी वकील, डा. आर आर जाल, ताजेन्द्र कनौजे, डा. धुरंधर, पिंटू वर्मा, शेर खान, हर्षु ऋषि साहू, शिवा साहू, रसूल बेग, बलेश्वर देवाँगन, देवा देवाँगन, राजेश देवाँगन, साधराम साहू, राधेश्याम यादव सहित नगर नगर पँचायत के कर्मचारी वितरण मे लगे हुए थे।

# जालसाजी धोखाधड़ी से पीड़ित मजदूर चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को न्याय पाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**खरोरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ रायपुर, कबीर नगर थाने का है मामला जहां पीड़ित चंद्रशेखर को न्याय की उम्मीद थी मगर न्याय अभी तक दर दर की ठोकरें खाने के बाद भी नहीं मिला तो सब जगह से हार कर पीड़ित ने प्रदेश मुखिया से अपने साथ हुई जालसाजी धोखाधड़ी संबंधित पीड़ा बताने का प्रयास किया हम आपको बता दें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बीजेपी संकल्प पत्र जारी करने प्रदेश कार्यालय रायपुर पहुंचे थे जहां पीड़ित चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री को अपनी धोखाधड़ी जालसाजी संबंधित समस्या से अवगत कराया साथ ही साथ प्रदेश में चल रहे विजय अग्रवाल सर्वेश पांडे अन्य ठग गैंग माफियाओं से भी अवगत कराया जिसमें प्रवासी भोले भाले मजदूर को किस तरह से फसाया जाता है और इस गिरोह द्वारा उसे कैसे कर्जदार बनाया जाता है जिसे लेकर मुख्यमंत्री को दो पेज का ज्ञापन चंद्रशेखर



ने सौंपा है वही मौजूद कैबनिट मंत्री ब्रजमोहन अग्रवाल को भी ज्ञापन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई जिसमें प्रदेश में चल रहे इस सक्रिय गिरोह की पूरी जानकारी मजदूर चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को दिया और न्याय के लिए गुहार लगाई वही पीड़ित चंद्रशेखर ने मीडिया से कहा कि मामला कबीर नगर थाने का है किन्तु मोवा थाने में मुझे बार बार बुलाते हैं और पुलिस कर्मी दोषियों के साथ मिलकर बात को रफा-दफा करने का दबाव डालते हैं और मुझे बहुत ही ज्यादा परेशान करते हैं किन्तु मुख्यमंत्री प्रदेश को मिला है जो आसानी से आम आदमी से मिलते हैं बड़े ही सरल और सहज भाव से प्रदेश मुखिया ने ज्ञापन लेते हुए पीड़ित को आश्वासन दिया है कि उनकी पीड़ा सुनी और समझी जाएगी साथ ही साथ उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार से न्याय भी मिलेगा जिसकी उम्मीद भी जताई जा रही है पीड़ीत चंद्रशेखर ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि ऐसे मुख्यमंत्री बड़े ही नसीबों से मिलते हैं प्रदेश खुशनसीब है जो ऐसे सरल और सहज मुख्यमंत्री उन्हें मिला है जो आम लोगों से भी बड़े ही सरल भाव से मिलते हैं मुख्यमंत्री ने पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से सुना ओर शिकायत पत्र भी ध्यान से पूरा पढ़ा अब देखना है कि पीड़ित को न्याय कब तक मिलता हैं

# कम मतदान केंद्रों में जागरूकता हेतु स्वीप आइकॉन डॉ. पाणिग्राही ने चलाया विशेष अभियान



**हल्दी पीला चावल युक्त नेवता पत्र देकर शत-प्रतिशत मतदान की अपील की**

**बागबाहरा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। महासमुंद जिले में लोकसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक एवं सीईओ तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में स्वीप कमेटी द्वारा जागरूकता अभियान सतत चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला स्वीप आइकॉन डॉ

विश्वनाथ पाणिग्रही कम मतदान बूथों में एक नवाचारी कार्यक्रम हल्दी पीला चावल युक्त नेवता पत्र लेकर पहुंच रहे हैं। इस कड़ी में वार्ड नंबर 2 शांतिनगर पहुंचकर लोगों को नेवता पत्र दिया। तथा कहा ये मतदान के नेवता हावय। सुरता झन भुलाहु जी मतदान करे बर जाहू जी। पहली बार इस तरह मतदान के लिए हल्दी पीला चावल नेवता पाकर महिलाएं अत्यंत ही प्रसन्न हुई। उन्होंने मतदान जागरूकता के नारे भी लगाए। इसके पश्चात मुख्य नगर पालिका अधिकारी बर्मन सर द्वारा मतदान शपथ दिलाया गया। बीएलओ कुमारी साहू एवं सहायिका का पूर्ण सहयोग मिला।

# धर्मनगरी भाटापारा में संस्कृत प्रेमियों का लगेगा कुंभ

**भाटापारा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के द्वारा धर्म नगरी भाटापारा में स्थान सरस्वती शिशु मंदिर में दिनांक 2 जून2024 से 10 जून 2024 तक संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिला विकासखंड नगर से संस्कृत प्रेमियों का धर्म नगरी भाटापारा में सरस्वती शिशु मंदिर में जमवाड़ा लगेगा इस शिविर में संस्कृत की बारीकियां को सिखाया जाएगा विशेष बात यह है कि इस संस्कृत संभाषण वर्ग में जो व्यक्ति संस्कृत का कुछ भी नहीं जानता है वह भी यहां उपस्थित हो कर संस्कृत में धारा प्रवाह रूप से बोलने में संभाषण करने में दक्षता प्राप्त कर लेंगे संस्कृत भारती एक अखिल भारत सामाजिक संगठन है जो संस्कृत को जन भाषा बनाने के लिए संगठित है संस्कृतभारती का कार्य संपूर्ण भारत एवं 28 देश में फैला हुआ है।

प्रति वर्षसंस्कृत संभाषणसीखने के लिएशिविर का आयोजनकरती हैसाल भरअनेककार्यों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर संस्कृत केंद्रों के माध्यम से संस्कृत सिखाती है। संस्कृतभाषा भारत की आत्मा की भाषा है तमाम दर्शन वेद वेदांग यहां तक के भारत के प्राचीन शिक्षा पद्धति इसी संस्कृत भाषा से ही लिपिबद्ध है संस्कृत में नाट्यशास्त्र वैद्य शास्त्र समाजशास्त्र एवं शास्त्रनक्षत्र विज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान का रहस्य छुपा हुआ है इसरो ने भी इस बात को स्वीकार किया है और वहां के अध्यक्ष कहते हैं की हमने सारी तकनीकी संस्कृत में छुपे हुए विज्ञान से निकले हैं।

भाटापारा में लगने वाले यह प्रशिक्षण वर्गप्रदेश व्यापी होगा यहां प्रशिक्षण प्राप्त करके अपने स्थान पर संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण देंगे

आयोजन के लिए भाटापारा नगर के तमाम कार्यकर्ता शुभचिंतक सहयोग करने में एवं आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है व्यवस्था बनाने में संस्कृत भारती के प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर गोपेशकुमारतिवारी कोषप्रमुख संजय सोनी डॉक्टर नगीता सोनी जनपद मंत्री साधनादेवी जिला अध्यक्ष हरेराम साहू विद्यालयप्रमुख गंगाराम बालकेंद्र प्रमुख राजकुमारी शिक्षण प्रमुख दुर्गेश कुमार तिवारी गीतांशु प्रसन्न देवेंद्र जायसवाल आदि कार्यकर्तालगे हुए हैं

प्रशिक्षक के रूप में डॉक्टर दादूभाई त्रिपाठी डॉक्टर दिव्या देशपांडे चंद्रभूषण शुक्ला लक्ष्मीकांत पंडा डॉ राजकुमार तिवारी दामोदर प्रसाद सोनी मनीराम कौशिक राकेश तिवारी जिलाशिक्षण प्रमुख रामेश्वरी साहू इत्यादि संस्कृत के विद्वानों के द्वारा प्रतिदिन संस्कृत बोलने के लिए सिखाया जाएगा

## फूलझर अंचल में चिल्हर पैसों व नोट की भारी किल्लत कैट ने लिखा पत्र

**सरायपाली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलझर अंचल में इन दिनों 5,10 एवं 20 के नोटों/ चिल्हर की भारी दिक्कत हो रही है कैट इकाई अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल व चेंबर केने छ. ग. चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को पत्र लिखकर समस्या का समाधान करने की अपील की है उन्होंने बताया कि अंचल के किसी भी बैंकों में नोट फुटकर पैसा नहीं मिल रहा है बैंक जाने पर रटा रटाया उत्तर दिया जाता है ऊपर से नहीं आ रहा है अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। छोटे-छोटे व्यापारी एवं सब्जी वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# कांग्रेस डुबता हुआ जहाज है, भाजपा को प्रचंडमतों से जिताकर कांग्रेस को पूरा डूबाना है : मुख्यमंत्री

**सरायपाली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ? का मंगलवार को प्रथम नगर आगमन हुआ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का आभार जताया नई मंडी प्रांगण में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुपकुमारी चौधरी को प्रत्याशी बनाया है सरायपाली विधानसभा की बहू व बसना विधानसभा की बेटी को आशीर्वाद देकर सांसद बनाने की अपील की, प्रदेश की 11 सीट में कांग्रेस की जमानत जप्त करवाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने विश्व में भारत को आर्थिक रूप से तीसरी बड़ी ताकत के रूप में खड़ा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने महासमुंद से बीजेपी सांसद चुनने मतदाताओं से आग्रह किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस डूबता हुआ जहाज है, भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जीताकर कांग्रेस को पूरा डूबाना है, कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों का जमानत जप्त करवाना है, कांग्रेस की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि प्रत्येक कार्यक्रम में सैकड़ो लोग बीजेपी में शामिल हो रहे हैं, उन्होंने कहा कि वह अभी तक 35 विधानसभा में जा चुके हैं, जहां उनका 40 कार्यक्रम हो चुका है, और प्रत्येक कार्यक्रम में 1000 से अधिक कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट को जीता कर भाजपा की झोली में डालने की बात कही, 2018 के विधानसभा चुनाव में 36 वादा पूरा करने गंगाजल लेकर कसम खाए थे और वादा पूर्ण



न कर गंगाजल का अपमान किए हैं। कांग्रेस के 5 साल के कार्यकाल में घोटाला ही घोटाला हुआ है जिसमें से एक बड़ा घोटाला महादेव सट्टा एप में 508 करोड़ रकम लेने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ भी एफआईआर हुआ है। कांग्रेस के पिछले कार्यकाल में कई ऐसे घोटाले हुए हैं जिसमें कोयला घोटाला, बालू घोटाला, दारू घोटाला, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के नाम पर करोड़ों रुपए ? का घोटाला हुआ है यहां तक के गोबर खरीदी में भी घोटाला किया गया हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बने मुश्किल से 4 माह हो रहे इस चार माह में कई चुनावी वादे पूर्ण हो चुके हैं, जिसमें मुख्य रूप से 2 साल की बोनस राशि, 21 चिंटल प्रति एकड़ ?3100 रुपए की दर से धान खरीदी, महतारी वंदन के तहत महिलाओं के खाता में प्रति माह एक-एक हजार अंतरित किए जा रहे हैं, 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने राशि भी स्वीकृत हो चुकी है, रामलला का दर्शन हजारों राम भक्त कर चुके हैं, इस तरह चार माह के कार्यकाल में कई वादे गारंटी के तहत पूर्ण हो चुके है

कार्यक्रम को भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरायपाली विधानसभा की बहू होने के नाते सरायपाली विधानसभा से सबसे अधिक मत मिलने की उम्मीद रखती हूं, आप सब मतदाता बंधुओं का बहु को आशीर्वाद मिले तो निश्चित ही महासमुंद की संसदीय सीट बीजेपी की झोली में जाएगी। संसदीय क्षेत्र महासमुंद अंतर्गत आठ विधानसभा आते हैं जिसमें सरायपाली की बहू, बसना की बेटी होने के नाते बसना विधानसभा से भी बड़ी संख्या में आशीर्वाद मतदाताओं की मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी शक्ति को हराना चाहते हैं, शक्ति को हराने और ललकारने वालों की बुरी दशा होती है, इससे सभी जानते हैं, वे अपने वाणी में संयम नहीं रख पाते कभी भी, कहीं भी कुछ भी बोल देते हैं, कांग्रेस के द्वारा साल में ?1 लाख महिलाओं को दिए जाने फार्म भरवाया जा रहा है इस तरह झूठे वादे कर लोग लुभावना घोषणा पत्र से महिलाओं को ठगने का कांग्रेस वादा कर रही है ना तो कांग्रेस एक लाख रुपया देगी, और ना ही जीतेगी, चाहे जितने भी लोग लुभावना वादा कर ले क्योंकि कांग्रेस के पिछले छत्तीसगढ़ के 5 साल के कार्यकाल व 70 वर्ष के केंद्र के कार्यकाल को सभी देखे व जानते हैं वे केवल ठगने का कार्य किए हैं उसके अलावा कुछ भी नहीं किए हैं।

कार्यक्रम को सांसद चुन्नीलाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि रायपुर से बरगढ़ रेल लाइन की मांग वर्षो पुरानी है, जिसे पूरा किया जाना है, इसमें फुलझर अंचल के लोगों की हस्ताक्षर हो चुकी है मुख्यमंत्री की शेष है, वर्तमान मुख्यमंत्री से उक्त कार्य को पूरा करवाने की मांग की। वहीं किसानों के खेतों में गहरा रहे जल स्तर की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण करवाया और आगामी भविष्य में पानी की आवश्यकता को लेकर समुचित उपाय करने की बात कही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा महिलाओं को दिए गए आरक्षण का साक्षात उदाहरण महासमुंद लोकसभा में देखा जा सकता है, जहां पहली बार महिला को भाजपा से प्रत्याशी बनाया गया है।

कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, रायपुर विधायक मोतीलाल साहू, बसना विधायक संपत अग्रवाल, जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, हरिदास भारद्वाज, देवकी दीवान, विजय प्रधान आदि लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता प्रसाद पटेल जिला उपाध्यक्ष विपीन उपोवेजा ने किया, आभार प्रदर्शन नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल ने किया।

**अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा में प्रवेश किया :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशीला पटेल, धनेश नायक, स्वर्ण सिंह सलूजा, गुंजन अग्रवाल, डॉ प्रकाश पटेल, प्रखर अग्रवाल, डॉ सुधीर भोई, रुक्मणी पटेल, भूपेश सलूजा, प्रखर अग्रवाल, डॉ आशीष दास, गंगाराम पटेल, रविंद्र पंडा, उपेन्द्र चौधरी, संजय ड़डसेना, मुरली नायक, विदित धनानिया आदि उपस्थित थे।